आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 18 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 114, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रह्मांड में मिल गई एक और नई सागर से भरी दुनिया 18

वॉर 2 में खुफिया एजेंट बनेंगी कियारा 17

# सुबह टहलने निकली 108 वर्षीया वृद्धा को कुत्तों ने नोचकर मार डाला

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



- कॉलोनी के पास लहूलुहान अवस्था में पड़ा मिला महिला का शव
- महिला के पैर, हाथ और पेट को बुरी तरह किया जख्मी

**अमृत विचार :** कॉलोनी में टहलने निकली 108 साल की महिला को कुत्तों के झुंड ने नोच कर मार डाला। वृद्धा का शव बुधवार सुबह कॉलोनी के पास लहूलुहान अवस्था में पड़ा मिला।

बुधवार को नगर कोतवाली क्षेत्र की फ्रेंडस कॉलोनी निवासी रामकली पत्नी स्व. लल्लू सिंह अपने परिवार के साथ रहती थीं। सुबह के समय उनका शव कॉलोनी के पास पड़ा था। कुत्तों ने उनके पैर, हाथ और पेट को बुरी तरह जख्मी कर दिया था। बताया जाता है कि गली के कुत्तों के झुंड ने टहलने निकली वृद्धा पर हमला किया तो बचाव में चीख-पुकार मचाई होगी लेकिन किसी ने भी उनकी आवाज को नहीं सुना और कुत्तों ने जान ले ली। वृद्धा के पौत्र शनि कुमार ने बताया कि शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। इस घटना के बाद कॉलोनी के लोगों में दहशत फैल गई। इससे पहले बीती 12 अप्रैल को गजरौला के बहलोलपुर में स्थित ईंट भट्टे पर पांच वर्षीय बच्ची दिव्यांशी को शौच करने के दौरान कुत्तों के झुंड ने नोचकर घायल कर दिया था। परिवार वालों के अनुसार बच्ची की उपचार के दौरान अमरोहा के सरकारी अस्पताल में मौत हो गई थी। नगर पालिका ने आवारा कुत्तों को काबू में करने के लिए कई बार अभियान भी चलाया और पकड़कर उनकी नसबंदी भी कराई, लेकिन इसके बाद भी आवारा कुत्तों पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है जिससे स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है।

# विधानसभा उप चुनाव में जीत के लिए जनता की नब्ज टटोलेंगे मंत्री

## मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को सौंपी जिम्मेदारी, कहा- सप्ताह में दो बार प्रभार क्षेत्र में रात्रि विश्राम करें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के मंत्री विधानसभा की खाली हुई 10 सीटों के होने वाले उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के लिए जनता की नब्ज टटोलेंगे। वे अपने प्रभार वाले क्षेत्र में सप्ताह में दो बार रात्रि विश्राम करेंगे। बूथ स्तर तक पार्टी को और मजबूत करने व पार्टी प्रत्याशियों को जिताने की रणनीति पर काम करेंगे। बुधवार को अपने सरकारी आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रियों के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की और उन्हें जिम्मेदारी सौंपी।



बुधवार को अपने सरकारी आवास पर मंत्रियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

पार्टी सूत्रों के अनुसार बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने सभी मंत्रियों से उनके क्षेत्रों का हाल जाना और लोकसभा चुनावों में हार के कारणों पर चर्चा की। उन्होंने मंत्रियों से कहा कि लोकसभा चुनाव में 'अति आत्मविश्वास' के कारण पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है। इससे सबक लेते हुए कार्य करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप चुनाव की समाप्ति तक प्रभारी मंत्री अपने प्रभार वाले क्षेत्र में रहेंगे। मुख्यमंत्री की ओर से सभी प्रभारी मंत्रियों को कार्यकर्ताओं से बात करने व बूथ मजबूत करने का निर्देश दिया। विधानसभा सीटों के उप चुनाव भाजपा के लिए चुनौतीपूर्ण है। भाजपा को इंडी गठबंधन में शामिल दलों सपा व कांग्रेस के पीडीए यानी पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक फार्मूले से मुकाबला करना है। पार्टी का मानना है कि इसी फार्मूले के कारण भाजपा को लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। पिछले दिनों भाजपा की प्रदेश कार्य समिति की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, मंत्रियों व पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने हार के इन कारणों की ओर ध्यान आकर्षित किया था।

## एक नजर

### सिक्किम के पूर्व मंत्री का शव प.बंगाल में मिला

**गंगटोक।** सिक्किम के पूर्व मंत्री आरसी पौड्याल का शव पश्चिम बंगाल में सिलीगुड़ी के निकट एक नहर से बरामद हुआ है। वह नौ दिन से लापता थे। पुलिस ने बुधवार को बताया कि पौड्याल (80) का शव मंगलवार को फुलबाड़ी में तीस्ता नहर में पाया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि शव तीस्ता नदी से बहकर आया है। शव की पहचान घड़ी और कपड़ों से की गई। पूर्व मंत्री सात जुलाई को पाकयोंग जिले के छोटा सिंगतम से लापता हो गए थे।

### सुप्रीम कोर्ट के वकील ने की आत्महत्या

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा की एक सोसायटी में रहने वाले सुप्रीम कोर्ट के एक अधिवक्ता ने कथित तौर पर मानसिक तनाव की वजह से अपने घर में लगे पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना एक्सप्रेसवे थानाक्षेत्र के सेक्टर 168 स्थित लोटस सोसायटी में हुई। एक्सप्रेसवे थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सत्येंद्र पुत्र गंगाधर राय ने मंगलवार रात अपने फ्लैट में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

# सबका साथ, सबका विकास की अब जरूरत नहीं, बंद करो मोर्चा

## शुभेंदु बोले- हम उनके साथ जो हमारे साथ, अल्पसंख्यक मोर्चा बंद कर देना चाहिए

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने हालिया लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में पार्टी के खराब प्रदर्शन के लिए अल्पसंख्यक समुदाय से कम समर्थन मिलने को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि सबका साथ, सबका विकास की जरूरत नहीं है। इसके बजाय उन्होंने हम उनके साथ जो हमारे साथ का प्रस्ताव दिया। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के विस्तारित सत्र को संबोधित करते हुए अधिकारी ने यह भी कहा कि पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा की जरूरत नहीं है। हालांकि, बाद में उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी टिप्पणियों को संदर्भ से हटाकर पेश किया गया और कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास का पूरा समर्थन करते हैं।



- विवाद बढ़ने पर कहा-उनकी टिप्पणियों को संदर्भ से हटाकर पेश किया गया

### अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक के विभाजन में यकीन नहीं

अपनी टिप्पणियों से विवाद उत्पन्न हो जाने पर अधिकारी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक आधार पर लोगों के बीच विभाजन करने में यकीन नहीं करते। उन्होंने कहा कि मेरे बयान को संदर्भ से हटाकर पेश किया जा रहा है। मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि जो लोग राष्ट्रवादी हैं, वे इस देश और पश्चिम बंगाल के लिए खड़े हैं, हमें उनके साथ होना चाहिए। जो लोग हमारे साथ नहीं खड़े हैं, जो देश और पश्चिम बंगाल के हित के खिलाफ काम करते हैं, हमें उन्हें बेनकाब करने की जरूरत है। अधिकारी ने कहा कि उनकी टिप्पणियां किसी समुदाय के खिलाफ नहीं है।

### तृणमूल कांग्रेस के चलते पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं

अधिकारी ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के दौरान कई इलाकों में तृणमूल कांग्रेस के जिहादी गुंडों ने हिंदुओं को वोट नहीं डालने दिया। अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं है। तृणमूल के जिहादी गुंडे ऐसा नहीं होने देंगे। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव राज्य में अशांत क्षेत्र अधिनियम लागू कर ही संभव है। हम राष्ट्रपति शासन लागू कर पिछले दरवाजे से राज्य में सत्ता हथियाना नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि लोगों के जनादेश से चुनाव जीतने पर ही हम सत्ता में आएंगे। लेकिन उसके लिए, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना होगा।

अधिकारी ने कहा कि मैंने राष्ट्रवादी मुस्लिमों की भी बात की है। हम सभी 'सबका साथ, सबका विकास' की बात किया करते हैं, लेकिन आगे से अब मैं यह नहीं कहूंगा, क्योंकि मेरा मानना है कि इसके बजाय यह 'हम उनके साथ जो हमारे साथ' होना चाहिए... अल्पसंख्यक मोर्चा की कोई जरूरत नहीं है। साल 2014 में भाजपा ने सबका साथ, सबका विकास का नारा दिया था और 2019 में एक कदम आगे बढ़ते हुए इसे सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास कर दिया था। तृणमूल कांग्रेस नेता कुणाल घोष ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव में राज्य में खराब प्रदर्शन करने के बाद अपने कार्यकर्ताओं को शांत करने के बहाने तलाश रही है।

# प्रदेश मंत्रिमंडल और भाजपा संगठन में बदलाव संभव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में भाजपा के निराशाजनक प्रदर्शन की समीक्षा व पार्टी नेताओं के बीच आपसी मतभेद की चर्चा के बीच संकेत मिल रहे हैं कि प्रदेश के मंत्रिमंडल व भाजपा संगठन में बदलाव हो सकता है। इस बीच, बुधवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। वहीं, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दोबारा मुलाकात की। प्रदेश के नेताओं के पार्टी के शीर्ष नेताओं से मुलाकात के बीच कई तरह की चर्चा हो रही है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने उनसे राजनीतिक रूप से राज्य में पार्टी के संगठनात्मक मामलों से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की। इस सिलसिले में चौधरी की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई। मालूम हो कि प्रदेश अध्यक्ष ने बीते दिन पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। बताया जा रहा है कि इस दौरान उन्होंने प्रदेश के घटनाक्रम की चर्चा की। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी बीते दिन जेपी नड्डा से मुलाकात की थी।





- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बाद प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात

### भाजपा नेतृत्व ने दी उपचुनाव में अच्छा प्रदर्शन की सलाह

पार्टी सूत्रों का कहना कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दोनों नेताओं को विधान सभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयारी करने व पार्टी में अनुशासन बनाये रखने की सलाह दी है। नेताओं से कहा गया है कि अभी पार्टी नेतृत्व की शीर्ष प्राथमिकता में प्रदेश में 10 सीटों पर होने वाले विधानसभा उप चुनाव हैं। इसमें पार्टी को अच्छा प्रदर्शन करना ही है।

### केशव प्रसाद मौर्य ने फिर की जेपी नड्डा से मुलाकात

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के अगले ही दिन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को फिर पार्टी अध्यक्ष से मुलाकात की। चर्चा है कि इस दौरान उन्होंने प्रदेश के राजनीतिक हालात व पार्टी संगठन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुलाकात के बाद मौर्य ने 'संगठन सरकार से बड़ा है' वाला बयान दोहराया। मौर्य के कार्यालय की ओर से 'एक्स' पर की गई एक पोस्ट में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संगठन सरकार से बड़ा है, कार्यकर्ताओं का दर्द उनका दर्द है। संगठन से बड़ा कोई नहीं, कार्यकर्ता ही गौरव हैं। लेकिन, कुछ देर बाद ही इस पोस्ट को हटा लिया गया।





# महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर 12 नक्सली मार गिराए

गढ़चिरौली, एजेंसी

- छह घंटे तक चली मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मी भी घायल
- एके-47, इंसास राइफल सहित स्वचालित हथियार मिले

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में छत्तीसगढ़ की सीमा से सटे इलाके में पुलिस और कमांडो की नक्सलियों के साथ बुधवार को हुई मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए जबकि दो सुरक्षा कर्मी भी घायल हुए हैं।

गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि दोपहर सी60 कमांडो और नक्सलियों के बीच वंडोली गांव में भारी गोलीबारी हुई और यह मुठभेड़ करीब छह घंटे तक चली। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ स्थल से पुलिस ने 12 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। इसके अलावा तीन एके47, दो इंसास राइफल सहित सात स्वचालित हथियार, कार्बाइन और एसएलआर जब्त हुए। नीलोत्पल ने बताया कि मारे गए नक्सलियों में से एक की पहचान 'डिवीजनल कमेटी मेंबर' (डीवीसीएम) लक्ष्मण अतराम उर्फ विशाल अतराम के तौर पर की गई है जो प्रतिबंधित संगठन में तिपगाड दलाम का प्रभारी था।

नीलोत्पल ने बताया कि महाराष्ट्र के गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस सफलता के लिए सी60 कमांडो टीम और गढ़चिरौली पुलिस को 51 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

# हरियाणा में सरकारी नौकरी में अग्निवीरों को 10 प्रतिशत आरक्षण, उम्र में भी छूट

चंडीगढ़, एजेंसी

- पुलिस कांस्टेबल, वन रक्षक, जेल वार्डन भर्ती के लिए की घोषणा
- व्यवसाय शुरू करने को मिलेगा 5 लाख रुपये ब्याज मुक्त ऋण

विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले हरियाणा की भाजपा सरकार ने कांस्टेबल, वन रक्षकों और जेल वार्डन की भर्ती के साथ-साथ अन्य पदों पर अग्निवीर के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की बुधवार को घोषणा की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यदि कोई अग्निवीर अपना व्यवसाय शुरू करना चाहता है तो सरकार उसे पांच लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराएगी। सैनी ने यहां कहा कि राज्य सरकार द्वारा कांस्टेबल, खनन रक्षक, वन रक्षक, जेल वार्डन और विशेष पुलिस अधिकारी के पदों पर की जाने वाली सीधी भर्ती में अग्निवीर के लिए 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रुप सी और डी के पदों पर भी आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। सैनी ने कहा कि हालांकि अग्निवीर के पहले बैच के लिए यह छूट पांच वर्ष होगी। उन्होंने अग्निवीर को रोजगार देने वाली औद्योगिक इकाइयों के लिए भी रियायतों की घोषणा की। सैनी ने कहा कि अगर कोई औद्योगिक इकाई अग्निवीर को 30 हजार रुपये प्रति माह से अधिक वेतन पर नियुक्त करती है, तो हमारी सरकार उस इकाई को 60 हजार रुपये की वार्षिक सब्सिडी देगी। अग्निवीर को प्राथमिकता के आधार पर हथियार लाइसेंस दिए जाएंगे।

केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली सरकार द्वारा जून 2022 में सशस्त्र बलों में कर्मियों की अल्पकालिक भर्ती के लिए शुरू की गई अग्निपथ सैन्य भर्ती योजना को विपक्षी दलों सहित कई धड़ों से कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा है। हाल में हुए लोकसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हरियाणा के महेंद्रगढ़ में कहा था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो अग्निवीर योजना को रद कर कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा।

# गौरी लंकेश हत्या मामले में 3 आरोपियों की जमानत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता गौरी लंकेश की हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार तीन आरोपियों को जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति एस. विश्वजीत शेट्टी ने मंगलवार को अमित दिगवेकर, एचएल सुरेश और केटी नवीन कुमार को जमानत दे दी। मुकदमे की सुनवाई में देरी का हवाला देते हुए तीनों ने जमानत देने का अनुरोध किया था। पिछले साल दिसंबर में अदालत ने एक अन्य आरोपी एन. मोहन नायक को जमानत दे दी थी। हिंदुत्व समूहों की कटु आलोचक माने जाने वाली गौरी लंकेश की पांच सितंबर 2017 को बेंगलुरु में उनके आवास के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

# डोडा में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच गोलीबारी

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में डोडा जिले के देसा वन क्षेत्र में मंगलवार की रात सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने कल रात सुरक्षा बलों के तलाश अभियान दल पर गोलीबारी की।

जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने भी गोलियां चलाई जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) ने देसा वन क्षेत्र में चल रहे आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान कलान भाटा क्षेत्र के गांव के बाहर और पंचन भाटा के पास एक संदिग्ध गतिविधि को देखने पर गोलीबारी की थी। उन्होंने बताया कि पुलिस और सेना के सुयंक्त बल ने शहर के बाहरी इलाके नगरोटा इलाके में भी तलाश अभियान शुरू किया है। इससे पहले डोडा में सोमवार की रात आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान एक कैप्टन समेत चार सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे।



- तलाशी अभियान के दौरान देसा वन क्षेत्र में मुठभेड़

# कन्नड़ भाषियों को सौ प्रतिशत आरक्षण देने से पलटे सिद्धरमैया

बेंगलुरु, एजेंसी



- सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी अपनी पोस्ट हटाई
- निजी क्षेत्र में सौ प्रतिशत आरक्षण देने की बात कही थी

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बुधवार को निजी क्षेत्र की नौकरियों में कन्नड़ भाषियों को शत-प्रतिशत आरक्षण देने को लेकर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी अपनी पोस्ट को हटा लिया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच पर एक अन्य पोस्ट कर बताया कि मंत्रिमंडल ने राज्य के निजी उद्योगों और अन्य संस्थानों के प्रशासनिक पदों में 50 प्रतिशत और गैर प्रशासनिक पदों में 75 प्रतिशत आरक्षण कन्नड़ भाषियों को देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सिद्धरमैया ने कहा कि हमारी सरकार की इच्छा है कि कन्नड भाषियों को अपनी मातृभूमि में सुगम जीवन जीने का अवसर दिया जाए। हम कन्नड हितैषी सरकार हैं। हमारी प्राथमिकता कन्नड भाषियों का कल्याण है।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा था कि मंत्रिमंडल की कल हुई बैठक में राज्य के सभी निजी उद्योगों में 'सी' और 'डी' श्रेणी की नौकरियों को शत प्रतिशत कन्नड भाषियों के लिए आरक्षित करने वाले विधेयक को मंजूरी दी गई है। सिद्धरमैया के करीबी सूत्रों ने बताया कि संभवतः उन्होंने अपने संदेश में सुधार किया है। प्रस्तावित विधेयक में कभी शत-प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान नहीं था। इसलिए, उन्होंने पूर्व के संदेश को हटा दिया और नए संदेश में गलती सुधारी।

# केजरीवाल की जमानत पर 29 को निर्णय

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उन याचिकाओं पर बुधवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिनमें आबकारी नीति मामले में सीबीआई द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है और अंतरिम जमानत का अनुरोध किया गया है। केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता ने उन्हें जमानत पर रिहा करने का अनुरोध किया। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। नियमित जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 29 जुलाई को होगी।

## नई व्यवस्था

उत्पादन निगम में अनुकंपा नियुक्ति प्रक्रिया में किया गया बदलाव

# आश्रित कम पढ़ा लिखा तो ऊर्जा निगमों में नौकरी नहीं

रमेश चन्द्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत अन्य ऊर्जा निगमों में कार्मिक की मृत्यु होने पर यदि आश्रित कम पढ़ा लिखा हुआ तो उसे अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति नहीं मिल सकेगी। कारण यह कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने अनुकंपा नियुक्ति नियमावली में आंशिक बदलाव करने की तैयारी शुरू कर दी है। मध्य उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने कम पढ़े लिखे आश्रित को चतुर्थ श्रेणी पर नियुक्ति न देने का फैसला ले लिया है और इस सिलसिले में आदेश भी जारी हो गए हैं।

### नियुक्ति के पहले लेनी होगी निदेशक से अनुमति

उत्पादन निगम की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि मृतक आश्रित का सेवायोजन सक्षम अधिकारी करेंगे, लेकिन उन्हें निदेशक कार्मिक एवं प्रबंधन की पूर्व अनुमति लेनी होगी। इस आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। सूत्रों का कहना है कि इसी तरह पावर कॉरपोरेशन समेत अन्य निगमों में अनुकंपा नियुक्ति के लिए बदलाव की तैयारी चल रही है। इसका प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

इस सिलसिले में उत्पादन निगम के उप महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध देवेश कुमार विश्वकर्मा की ओर से बीती 16 जुलाई को आदेश जारी किया गया। आदेश में निदेशक मंडल की ओर से निर्णय लिये जाने का हवाला दिया गया है। कहा गया है कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद सेवा में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली 1975 यथा संशोधित में मृतक के आश्रित को चतुर्थ श्रेणी, टेक्नीशियन ग्रेड-द्वितीय विद्युत, यांत्रिक व इंस्ट्रूमेंटेशन या कार्यालय सहायक तृतीय और महिला आश्रित को चपरासी पद पर सेवायोजित करने का प्रावधान है।किंतु अब इसमें निदेशक मंडल की ओर से आंशिक परिवर्तन किया गया है। कहा गया है कि अब आश्रित की नियुक्ति केवल टेक्नीशियन ग्रेड-द्वितीय या कार्यालय सहायक तृतीय के पदों पर की जाएगी। यदि मृतक आश्रित इन पदों के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यता नहीं रखता है तो आश्रित को कार्मिक की मृत्यु के पांच वर्ष के अंदर आवश्यक शैक्षिक अर्हता को पूरा करना होगा, तभी नियुक्ति दी जाएगी।

## एक नजर

### हुक्के में रखकर जला दिए नोट, वीडियो वायरल

**संभल, अमृत विचार :** एक व्यक्ति ने हुक्का पीने के लिए हुक्के की चिलम में रखकर दो नोट जला दिए। नोट जलाने का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो हयातनगर थाना क्षेत्र के सरायतरीन कस्बे का है और नोट को आग लगाने वाला व्यक्ति भी सरायतरीन का ही रहने वाला है। हुक्का पीने के लिए उसके साथी चिलम के तंबाकू में आग लगाने के लिए कहते हैं तो वह जेब से दो नोट निकालता है और उन नोट को जलाकर हुक्के की चिलम पर रख देता है।

### शहादत के गम में जारी रहा नियाज का सिलसिला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के कई क्षेत्रों में रातभर लोगों ने इबादत के बाद नजरो नियाज की। बुधवार शाम तक नियाज का सिलसिला जारी रहा। लोग शहादत के गम में डूबे रहे।

# लखनऊ में परिवहन मंत्री को बताई ट्रांसपोर्टरों की समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


परिवहन मंत्री का स्वागत करते हरि किशन सिंह नीटू।

**अमृत विचार:** बस और कार आपरेटर्स कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीओसीआई) की लखनऊ में हुई बैठक में शामिल हुए परिवहन मंत्री के सामने ट्रांसपोर्टरों ने समस्याएं उठाईं

परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने सभी ऑपरेटर्स से कहा कि उत्तर प्रदेश के एक प्रगतिशील प्रदेश है। आप यहां निवेश करें, ताकि लोगों को सुरक्षित परिवहन और आरामदायक सेवा मिल सके। सरकार प्रदेश में सभी को व्यापार करने के लिए एक अच्छा विकल्प देगी। बैठक में देश भर से सदस्य बुलाए गए थे। रामपुर से शामिल हुए बस यूनियन के जनरल सेक्रेटरी हरि किशन सिंह नीटू ने कोरोना काल में माफ हुए चालान की समस्या उठाई। वहां आकर उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने कोरोना काल में वर्ष 2019 से 2021 तक हुए वाहनों के चालान माफ कर दिए थे, लेकिन इन्हें अभी तक विभागीय पोर्टल से हटाया नहीं गया है। परिवहन मंत्री ने इस समस्या को शीघ्र दूर कराने का आश्वासन दिया। इससे पहले उनके द्वारा परिवहन मंत्री का बुके देकर स्वागत भी किया गया। नीटू ने बताया कि बीओसीआई ट्रांसपोर्ट की राष्ट्रव्यापी संस्था है। 20 हजार से अधिक सदस्य हैं।

## बिजली के तार न हटाने पर नहीं निकाले तजिये

**बहजोई, अमृत विचार:** बिजली के तार न काटे जाने को लेकर ताजियेदारों मोहर्रम के ताजिया निकालने से मना कर दिया। देर रात तक कर्बला की ओर ताजिये नहीं निकल पाए। सुरक्षा को लेकर पुलिस मुस्तैद रही।

गांव राजा का मझोला में ताजिये निकाले जा रहे थे। रास्ते में बिजली के तार आ गए तो ताजियेदारों ने बिजली के तार हटाने की मांग उठा दी। कहा कि तार नहीं कटेंगे तो वह ताजिया नहीं निकालेंगे। पुलिस ने तार कटवाने से साफ इंकार कर दिया। तब ताजियेदारों अपने ताजिया निकाल कर ले गए। वहीं मिर्जापुर गांव में भी यही हाल रहा। यहां भी बिजली के तार को लेकर ताजियेदारों ने ताजिया निकालने से इंकार किया। पुलिस से नोकझोंक भी हुई। यहां देर रात तक ताजिया नहीं निकाले गए। सुरक्षा को लेकर पुलिस तैनात रही।

### 10वीं मोहर्रम को मुरादाबाद, अमरोहा, संभल और रामपुर में निकाले गए जुलूस

# ताजियों के जुलूसों में गूंजीं या हुसैन की सदाएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मंडल भर में बुधवार को 10वीं मोहर्रम पर ताजियों के जुलूस निकाले गए। इनमें या हुसैन या हुसैन की सदाएं गूंजीं। शाम तक जुलूसों का सिलसिला जारी रहा। देर शाम क्षेत्रों की कर्बलाओं व इमामबाड़ों में ताजिये पहुंचने पर जुलूस संपन्न हुए। इस दौरान सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन तैनान रहा। हालांकि कुछ जगहों पर ताजियों की ऊंचाई को लेकर ताजियेदारों और पुलिसकर्मियों के बीच कहासुनी हुई। कई जगहों पर पुलिस ने जुलूस के दौरान होने वाले खेलों में शस्त्रों का प्रदर्शन नहीं होने दिया।


अमरोहा के इमामबाड़े में ताजिये तैयार करने के लिए जुटे अजादार। ● अमृत विचार

मुरादाबाद, अमरोहा, संभल और रामपुर समेत अन्य जगहों पर ताजियेदारों ने जूलूस निकाले। अमरोहा, नौगांवा सादात, सैदनगली, मुरादाबाद के कुंदरकी और संभल के सिरसी में शिया समुदायों के लोगों ने इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की याद में जुलूस बरामद किए। युवाओं ने जंजीरों, छुरियों और अंगारों पर मातम किया। इससे युवा लहूलूहान नजर आए। इस बीच मर्सियाख्वानी और नोहे पढ़े गए। लोगों ने ताजियों की निरागी भी की। कई जगहों पर मेले लगे। इनमें महिलाओं व बच्चों ने खरीदारी की। देर शाम जुलूस संपन्न होने पर ताजियों को दफनाया गया और इमामबाड़ों में रख दिया।

# बिजली लाइन से टकराया ताजिया, हंगामा

## ताजियेदारों और ग्राम प्रधान के बीच नोकझोंक, औरंगनगर खेड़ा गांव की घटना

संवाददाता, बिलासपुर (रामपुर)

**अमृत विचार:** खजुरिया थाना क्षेत्र में एक ताजिये में बिजली का तार अटकने पर विवाद हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक घंटे के बाद लोगों को शांत कराकर विवाद निपटाया।

क्षेत्र के गांव औरंगनगर खेड़ा में बुधवार को ताजियों का जुलूस निकाला जा रहा था। इसी बीच एक ताजिया बिजली की लाइन में अटक गया। इसे लेकर विवाद हो गया। ताजियदारों ने जुलूस को रास्ते में ही रोक कर हंगामा किया। ग्राम प्रधान भूपराम गंगवार भी मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि उनकी किसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। ताजियेदारों और प्रधान के बीच नोकझोंक हुई। ताजियेदारों का कहना था कि पिछले साल भी यही समस्या उनके सामने आई थी। तब रास्ते से तार हटवाने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन, इस कहने के बावजूद भी प्रधान ने समस्या का हल नहीं करवाया। वह पूरे प्रकरण को लेकर लापरवाही दिखाते रहे। ताजियों की सुरक्षा का जायजा ले रही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए ताजियेदारों से वार्ता की और आश्वासन देते हुए उन्हें शांत करा दिया। पुलिस के आश्वासन पर लोग मान गए। करीब एक घंटे चले हंगामे के बाद जुलूस कर्बला की ओर बढ़ गया। बाद में किसान नेता बलबीर सिंह गंगवार सहित आदि किसानों ने ताजियेदारों को छबील लगाकर शर्बत पिलाया। ग्राम प्रधान ने बताया कि बिजली के तारों को लेकर कुछ समस्या आई थी। भविष्य में इस समस्या का ध्यान रखा जाएगा।


बिजली के तारों में फंसा ताजिया। ● अमृत विचार


ताजिया फंसने के बाद हंगामा करते लोग। ● अमृत विचार

### लोहा गांव में ताजिये निकालने पर दो पक्षों में नोकझोंक

**मिलक, अमृत विचार :** लोहा गांव में ताजिये निकालने पर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह दोनों पक्षों को समझाया और ताजिये का जुलूस निकलवाना शुरू किया। लोहा पट्टी भोलानाथ गांव में दोपहर बाद ताजियों का जुलूस निकलना शुरू हुआ। इस दौरान गांव के कुछ लोगों ने खेड़े वाले रास्ते से जुलूस निकालने एवं डीजे बजाने पर विरोध जता दिया। विरोध के दौरान दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक हो गई। सूचना पर सीओ आरएस परिहार व कोतवाल धनंजय सिंह मौके पर पहुंच गए। उन्होंने दोनों पक्षों को सुना। ताजिये निकालने का विरोध कर रहे लोगों ने कहा कि खेड़े वाले रास्ते से ताजिये नहीं गुजरते हैं और न डीजे बजाया जाता है। ताजिये निकाल रहे लोगों ने बताया कि मोहर्रम के अवसर पर प्रत्येक वर्ष खेड़े वाले रास्ते से ताजिये मजार के सामने से होकर गुजरते हैं। प्रशासन की अनुमति से वर्षों से वे डीजे के साथ ताजिये निकालते आ रहे हैं। लेकिन कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं। सीओ ने तत्काल डीजे बंद करा दिया। इस पर मुस्लिम समुदाय में आक्रोश फैल गया। उन्होंने बिना डीजे के जुलूस निकालने से मना कर दिया। ताजियों को नीचे जमीन पर रख दिया। इस पर पुलिस प्रशासन के हाथ पैर फूल गए। आनन-फानन में सीओ ने डीजे की हल्की आवाज से जुलूस निकालने को कहा और शहीदे कर्बला हजरत इमाम हुसैन के ताजियों का जुलूस निकालने का विरोध कर रहे लोगों को खूब खरी-खोटी सुनाईं। इसके बाद डीजे के साथ ताजियों का जुलूस गांव में निकाला गया। इस दौरान भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा।

## निर्धारित स्थान पर नहीं पहुंचे कई गांवों के ताजिये

**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** मोहर्रम के मौके पर असमोली और नखासा थाना क्षेत्र के कई गांवों के ताजिये नहीं निकाले गए। इनमें अमरोहा जिले के कुछ गांवों के ताजिये भी रहे। देर रात तक ताजिये अपने निर्धारित स्थान पर नहीं पहुंचे।

नखासा थाना क्षेत्र के गांव सलारपुर कला के दो ताजिये नहीं निकलने की बात सामने आई। ताजियों को संभल में नखासा चौराहा पर पहुंचना था लेकिन रात तक नहीं निकाले गए। गांव हिसामपुर और मिलक के ताजिए भी नहीं निकाले जा सके। वहीं असमोली क्षेत्र के मनोटा में स्थित कर्बला पर कई गांवों के ताजिये देर रात तक नहीं पहुंचे। यहां सिर्फ गांव मातीपुर का ताजिया पहुंचा और वापस हो गया। वहीं गांव असगरीपुर, खरखौदा आजमपुर, कमालपुर गैद, फैजगंज, सैदपुर इम्मा, मनोटा, रचैटा, दूल्हापुर बंद उर्फ दारापुर, नहरौली, दबोई खुर्द, अकबरपुर गहरा आदि के ताजिये देर शाम तक नहीं आए। बताया गया कि कई गांव में ज्यादा ऊंचाई के ताजिये बना लिए गए थे। इसके चलते लोगों ने इस साल ताजिया न निकालने का फैसला कर लिया।

# जिला अस्पताल से लेकर सीएचसी पीएचसी तक 1183 एंटी स्नेक वेनम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बारिश के दिन चल रहे हैं। इन दिनों जमीन के अंदर रहने वाले जीव-जंतु भी बाहर निकल आए हैं। ऐसे में सर्पदंश के मामले बढ़ गए हैं। सर्पदंश का इलाज झाड़-फूंक नहीं, बल्कि एंटी स्नेक वेनम है। अंधविश्वास के चक्कर में पड़कर लोग जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। अगर समय से लोग अस्पताल पहुंचकर एंटी स्नेक वेनम लगवा लें, तो जान बच सकती है।

जिला अस्पताल में जून से अब तक 21 सर्पदंश के मरीज पहुंचे हैं। इनका समय से इलाज शुरू होने से जान बच गई। इन सभी पीड़ितों को एंटी स्नेक वेनम लगाई गई है। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह कहते हैं कि सर्पदंश की घटना होने पर व्यक्ति को तुरंत अस्पताल लाना चाहिए, ताकि जान बचाई जा सके। लोगों को अंधविश्वास में नहीं पड़ना चाहिए, अभी भी गांव में लोग झाड़-फूंक कराने के चक्कर में पड़ जाते हैं और सर्पदंश से पीड़ित अंधविश्वास के कारण ही जान खो देता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के शरीर के अंदर यदि सर्प का जहर फैल गया है तो वह दवा से ही ठीक होगा, न कि झाड़-फूंक से। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रवीन कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जिले की सभी सीएचसी-पीएचसी पर एंटी स्नेक वेनम की कुल उपलब्धता 1022 है। मगर, लोग झाड़-फूंक के चक्कर में सही इलाज नहीं कराते हैं। आराम नहीं होने पर अस्पताल ले जाते हैं, तब तक बहुत देर हो जाती है।

### जिला अस्पताल के स्टॉक में 161 वॉयल

जिला अस्पताल की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि अस्पताल के स्टॉक में 161 वॉयल हैं, जो जुलाई महीने के लिए पर्याप्त हैं। सर्पदंश के जून में 12 केस आए थे। इन सर्पदंश पीड़ितों को कुल 86 वॉयल दिए गए थे। इस महीने में 13 जुलाई तक सर्पदंश के कुल 9 केस आए हैं, इन्हें कुल 76 वॉयल दी गई है। उन्होंने बताया कि सर्पदंश वाले किसी-किसी रोगी को 8 से 10 वॉयल लगाने पड़ते हैं। पीड़ित को कम से कम दो से तीन दिन तक भर्ती रखते हैं। एंटी स्नेक वेनम की वॉयल रोगी को ड्रिप के माध्यम से दी जाती है।

# सेना में नौकरी के नाम पर हड़पे 8 लाख

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- दोनों सगे भाइयों और उनके पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** सेना में नौकरी के नाम पर पिता व दो बेटों ने युवक को झांसे में लेकर उससे आठ लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने पीड़ित युवक को फर्जी नियुक्ति की सूची देकर फर्जीवाड़ा किया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर उन्हें शिकायती पत्र सौंपा। जिस पर पुलिस ने दोनों सगे भाइयों व उनके पिता पर रिपोर्ट दर्ज की है।

संभल जिले के एचौड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव भावलपुर बांसली में दिवेश कुमार का परिवार रहता है। उनका बेटा सनी सेना में नौकरी के लिए कोचिंग कर रहा था। आरोप है कि अप्रैल 2023 में एक कार्यक्रम के दौरान दिवेश की मुलाकात अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव कैलसा निवासी सगे भाइयों अनुज व तरुण से हुई थी। दोनों ने बंगलुरु के रहने वाले सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी से अच्छी पहचान होने की बात कही। उन्होंने सनी बंगा की नौकरी सेना की अकाउंट शाखा में बाबू के पद पर लगवाने का दावा किया। अनुज व तरुण के पिता सुनील ने भी नौकरी लगवाने की गारंटी दी। बदले में उपहार स्वरूप एक अधिकारी को आठ लाख रुपये देने देने के लिए कहा। इस पर विश्वास करते हुए दिवेश कुमार ने तरुण कुमार को दो लाख रुपये दे दिए। इसके बाद उसने मई के महीने में नियुक्ति पत्र मिलने का दावा किया। इसके बाद दिवेश कुमार ने अपने दूसरे बेटे कनिक बंगा के खाते से बीते साल 17 मई 2023 को 60 हजार रुपये तथा 19 मई को 5.40 लाख रुपये अनुज कुमार के खाते में ट्रांसफर किए। इसके बाद अनुज व तरुण के पिता सुनील कुमार ने क्लर्क पद ग्रेड ए की एक फोटो कॉपी दिखाई। मांगने पर देने से इनकार कर दिया। इस दौरान कुछ और औपचारिकताएं पूरी करने की बात कह कर एक लाख रुपये की मांग की। दिवेश कुमार ने 50 हजार रुपये अनुज कुमार के खाते पर फोन पे कर दिए। दिवेश को मिले लिफाफे में घर जाकर देखा तो उसमें तीन कागजों की फोटो कॉपी थी। जिसमें 10 लोगों की नियुक्ति की सूची थी। मूल कॉपी मांगने पर अनुज व तरुण ने देने से इनकार कर दिया।

पीड़ित ने मामले में पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह को शिकायती पत्र दिया। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने मामले में अनुज, तरुण व उनके पिता सुनील कुमार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# ताजियों की जियारत करने गई महिला की गिरने से हुई मौत

संवाददाता, दढ़ियाल

- मोहल्ला बाहर वाला में उमस भरी गर्मी में चक्कर आने से गिरी
- उत्तराखंड के चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित किया

**अमृत विचार:** 10वीं मोहर्रम को नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला जुलूस में ताजियों की जियारत करने गई थी। जुलूस के दौरान गर्मी में चक्कर आने से महिला गिर गई। लोग महिला को निजी चिकित्सक के पास लेकर गए। हालत गंभीर होने पर निजी चिकित्सक ने उत्तराखंड के काशीपुर के लिए रेफर कर दिया। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया।



नगर के मोहल्ला तकिया में अनवर अली का परिवार रहता है। उनकी पत्नी बेबी (45) ताजियों की जियारत करने के लिए जुलूस में गई थी। ताजियों का जुलूस देखने के दौरान मोहल्ला बाहर वाला में वह बेहोश होकर गिर गई। महिला को गिरता देख मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना के बाद परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने महिला को निजी चिकित्सक को दिखाया, लेकिन यहां महिला का उपचार करने से मना कर दिया। परिजन बेहतर उपचार के लिए महिला को उत्तराखंड के काशीपुर लेकर गए, जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि महिला के तीन बेटी और दो बेटे हैं।

# दो ओयो होटलों में आठ प्रेमी जोड़े पकड़े

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर कलां में प्रशासन ने दो ओयो होटल पर छापेमारी की। इस दौरान एक होटल से आठ जोड़े पकड़े गए। प्रशासन ने एक होटल को सील किया है। इस कार्रवाई से होटल संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

कोतवाली के गांव शाहपुर कलां में दो ओयो होटलों में काफी समय से देह व्यापार का आरोप लग रहा था। इससे ग्रामीणों में रोष था। शाहपुर कलां के ग्रामीणों ने सोमवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ओयो होटलों को बंद करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। इसका संज्ञान लेते हुए एसडीएम सुनीता सिंह, सीओ दीप कुमार पंत के नेतृत्व में कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार ने पुलिस बल के साथ गांव स्थित दोनों ओयो होटलों पर छापेमारी की।


हसनपुर में ओयो होटल के बाहर मौजूद सीओ। ● अमृत विचार

- एसडीएम व सीओ ने की छापेमारी यूनीक गेस्ट हाउस सील

इस दौरान यूनीक गेस्ट हाउस से आठ जोड़े पकड़े गए। जिन्हें पुलिस कोतवाली ले आई।

अधिकारियों ने यूनीक गेस्ट हाउस को सील कर दिया।

एसडीएम सुनीता सिंह ने बताया कि छापेमारी के दौरान होटल से आठ प्रेमी जोड़े पकड़े गए हैं। जिन्हें पुलिस के सुपुर्द किया गया है। फिलहाल होटल को सील कर दिया गया है।

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन** 1,65,98,940 रुपये उपलब्ध कराए गए, 37,29,696 रुपये ऑपरेशन व्यय मद में मिले

# जनपद में 1.66 करोड़ रुपये से सुधरेंगी स्वास्थ्य सुविधाएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत 1.66 करोड़ रुपये मिले हैं। इसी तरह जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के लिए ऑपरेशन व्यय मद में 37.29 लाख रुपये मिले हैं। इससे मिशन से जुड़े किसी अधिकारी को दिक्कत होगी न ही किसी कर्मी को, समय से मानदेय मिलेगा और अन्य खर्च भी पूरे होंगे। ऑपरेशन वाले मामले भी पैसे के चक्कर में नहीं अटकेंगे।

मिशन निदेशक ने जिला स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष/डीएम और सीएमओ को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कार्यरत कर्मियों के मानदेय व अन्य संबंधी दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने चेताया भी है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मानदेय का निर्धारण अनुमोदित मूल मानदेय, वार्षिक वेतनवृद्धि अप्रेजल के आधार पर एवं देय एक्सपीरियंस बोनस (संविदा कर्मियों के लिए) के आधार पर संबंधित जिला स्वास्थ्य समिति के अनुमोदन के बाद भुगतान किया जाएगा।

उनके निर्देश हैं कि धनराशि का आवंटन मात्र आपको व्यय करने के लिए प्राधिकृत नहीं करता है, अपितु वित्तीय नियमों, शासनादेशों एवं कार्यकारी समिति से निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के बाद ही व्यय करना होगा। धनराशि के उपयोग में किसी भी तरह की अनियमितता के लिए सीधे सीएमओ जिम्मेदारी होंगे। जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के लिए ऑपरेशन व्यय के तौर पर 1.50 लाख रुपये प्रति महीने व्यय की दर से 18 लाख रुपये मिले हैं।

इस तरह जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के लिए ऑपरेशन व्यय मद में 37.29 लाख रुपये मिले हैं। एनएचएम के नोडल अधिकारी डॉ. संजीव बेलवाल ने बताया कि बजट प्राप्त होने से स्वास्थ्य सेवाओं में लगे कर्मियों का समय से मानदेय भुगतान हो सकेगा।

### दंत चिकित्सक का पद रिक्त

पैरामेडिकल स्टॉफ लैब व एक्स-रे टेक्नीशियन 23,227 रुपये प्रतिमाह रुपये मानदेय भुगतान होगा। जिले में लैब टेक्नीशियन के 8 पद हैं। इनके मानदेय भुगतान को वर्ष भर के लिए 24,16,992 रुपये स्वीकृत हुआ है। इसी तरह 4 एक्स-रे टेक्नीशियन के मानदेय भुगतान को वर्ष भर के लिए 12,08,496 रुपये स्वीकृत किया गया है। जिला अस्पताल में डाटा इंट्री ऑपरेटर के दो पद हैं। इनके मानदेय भुगतान को वर्ष भर के लिए कुल 6,34,387 रुपये स्वीकृत हुए हैं। संविदा के आधार पर दंत चिकित्सक को 67,372 रुपये प्रति महीने देने धनराशि जारी हुई। जिले में दंत चिकित्सक का एक पद स्वीकृत है। लेकिन, यह पद रिक्त है।

### ब्लाक कार्यक्रम इकाई का बजट भी आया

ब्लाक कार्यक्रम इकाई में कार्यरत संविदा कर्मियों का बजट भी स्वीकृत हो गया है। ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक को प्रति महीने 39,005 रुपये प्रति महीने की दर से स्वीकृत हुआ है। इनके वर्ष भर के 12 महीनों में भुगतान के लिए जिले को 32,76,420 रुपये मिले हैं। जिले में आठ पद के सापेक्ष सात ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक हैं। एक पद रिक्त है। ब्लाक लेखा प्रबंधक को प्रति महीने 29,918 रुपये प्रति महीने की दर से स्वीकृत हुआ है। इनके वर्ष भर के 12 महीनों में भुगतान के लिए जिले को 25,13,112 रुपये मिले हैं। इसके अलावा उन्हें 13 प्रतिशत ईपीएफ कुल 1,63,800 रुपये मिल हैं। जिले में आठ पद के सापेक्ष सात ब्लाक लेखा प्रबंधक हैं। ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधन इकाई में ऑपरेशनल व्यय के लिए 20,101 रुपये प्रति महीने की दर स्वीकृत हुए हैं। वर्ष भर के 12 महीनों में भुगतान के लिए जिले को 19,29,696 रुपये मिले हैं।

## सब्र की पहचान हजरत इमाम हुसैन : मुफ्ती

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर की लाल मस्जिद में मरकजी जमीअत अहले सुन्नत के तत्वावधान में चल रही जिक्र-ए-कर्बला महफिल के आखिरी दिन बुधवार को मुफ्ती दानिश कादरी ने कर्बला का वाक्या बया किया।

मुफ्ती दानिश कादरी ने कहा कि कर्बला में दसवीं मुहर्रम पर इमाम हुसैन और उनके साथियों के साथ यजीद ने बहुत जुल्म और ज्यादती की थी। यह सब सुनकर लोगों की आंखें नम हो गई। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन सब्र की सबसे बड़ी मिसाल थे। इमाम हुसैन ने दीन और अमन के लिए अपने पूरे खानदान को कुर्बान कर दिया। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन की शहादत और आपके खानदान की शहादत पूरी दुनिया को यह पैगाम दे रही है हर जंग सिर्फ जिंदा रह कर ही नहीं जीती जाती है। कभी-कभी सब कुछ कुर्बान करके भी जंग जीती जाती है।

# लूट की झूठी सूचना देने वाले को पकड़ा

संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र में लूट की झूठी सूचना देने व भाभी के साथ विवाद करने में पुलिस ने बुधवार को तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

ऐचोड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के गांव मूंढो की मिलक निवासी कुलवंत ने मंगलवार को असमोली थाना क्षेत्र में गांव शाहपुर डसर के पास तमंचे के बल पर डेढ़ लाख रुपये व पत्नी के जेवर लूटने की सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस को लूट की घटना संदिग्ध लगी। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी तो लूट की घटना फर्जी निकली। जिसके बाद पुलिस ने कुलवंत को हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने पर कुलवंत ने पुलिस के बताया कि जमीन खरीदने के लिए डेढ़ लाख रुपये गांव शाहपुर डसर निवासी चचेरे ससुर छिद्दा से लेकर आ रहा था। जिसमें छिद्दा ने भी डेढ़ लाख रुपये कुलवंत को देने की झूठी बात पुलिस को बताई तो पुलिस ने छिद्दा को भी गिरफ्तार कर लिया। दूसरी ओर थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर जसकोली निवासी ओमप्रकाश घरेलू बातों को लेकर अपनी भाभी के साथ गाली गलौज कर रहा था। पुलिस ने ओमप्रकाश को हिरासत में ले लिया।

श्री बाली जी एण्ड पार्टी
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।
भागवत आचार्यः- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA TM©
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
- Ngo Registration
- Society Registration
- Trust Registration
- Section 8 Company Registration
- Project Report
- Audit Report
- Annual Report
- 12A Registration
- 80G Registration
- Website for Ngo
- Niti Ayog Registration (NGO Darpan)
- E-Anudan, FCRA & MHRD
- One Person Company Registration
- LLP Company Registration
- Private Limited Company Registration
- MSME Registration & CSR
- Service Tax & DSC
- 35AC Registration
- Pan Card for Ngo
- PAN Registration
- Trade Mark Registration
- Copy Right Registration
- Patent Registration
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
Contact: 7500277920 7500223290
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

**आज का मौसम**

उमस भरी गर्मी रहेगी।

33.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:28 | सूर्यास्त 07:14

## एक नजर

### पुलिस ने तमंचा के साथ युवक को गिरफ्तार किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुगलपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी के दौरान तमंचा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से मादक पदार्थ जब्त किया गया है। थाना प्रभारी कुलदीप सिंह के मुताबिक कांवड़ यात्रा और मुहर्रम को लेकर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। मार्गों पर संदिग्ध वाहनों को रोकर उएनकी चेकिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने बुधवार को बरवलान के निकट छापेमारी की थी। कार्रवाई के दौरान थाना क्षेत्र के बगिया वाली गली निवासी समीर पुत्र गुलशन को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक तमंचा और मादक पदार्थ सामग्री जब्त की है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

# तांत्रिक प्रेमी के साथ मिलकर कराई पति की हत्या

## छह माह पूर्व तांत्रिक के संपर्क में आई थी कारोबारी की पत्नी, प्रेम संबंध में रोड़ा बन रहा था अनिल चौधरी

**अनिल हत्याकांड**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** कघटर थाना क्षेत्र में शनिवार आधी रात को हुई पीतल कारोबारी की हत्या का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। पत्नी ने अपने प्रेमी तांत्रिक के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। पत्नी ने अनिल के खाने में नशे का कैप्सूल मिलाया था। जिससे वह गहरी नींद में सो गया था। प्रेमी तांत्रिक के साथियों के साथ मिलकर पत्नी ने कारोबारी पर ताबड़तोड चाकू से हमला किया था। घटना में एक आरोपी की भी मौत हुई है। पुलिस ने बुधवार को पत्नी तन्नू चौधरी और मोहित को गिरफ्तार किया है। घटना का मुख्य साजिशकर्ता तांत्रिक कन्हैया फरार है।

थाना क्षेत्र के गाड़ीखाना निवासी पीतल कारोबारी अनिल चौधरी की 13 जुलाई की रात को पत्नी तन्नू चौधरी ने प्रेमी तांत्रिक कन्हैया, आमोद और मोहित के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। घटना का खुलासा करते हुए एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया है कि अनिल की हत्या उसकी पत्नी तन्नू चौधरी व प्रेमी कन्हैया ने मिलकर योजनाबद्ध तरीके से की थी। कारोबारी अनिल चौधरी की पत्नी पिछले छह माह से बाला जी की पूजा करने वाले तांत्रिक कन्हैया के संपर्क में थी। कारोबारी की दो बेटियां हैं। बेटे की चाहत में तन्नू तांत्रिक कन्हैया के संपर्क में आई थी। हर शनिवार को कन्हैया बालाजी का दरबार लगाता था। बच्चों के साथ अनिल की पत्नी भी वहां जाया करती थी। कई बार दोनों साथ में बालाजी के दर्शन करने के लिए राजस्थान भी गए थे। इसके बाद उसकी कन्हैया से काफी नजदीकियां हो गई थीं।



अनिल हत्याकांड का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक नगर अखिलेश भदौरिया।

### आधी रात हत्यारों ने पीतल कारोबारी को चाकुओं से गोदा था

मृतक की 13 साल की बेटी ने पुलिस को बताया था कि शनिवार रात करीब 1 बजे फर्म का पेमेंट देने के बहाने घर में आए मोहित और आमोद ने उसके पिता की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी। इसके बाद फरार हो गए। पीतल कारोबारी के परिजनों ने इस मामले में मोहित और आमोद को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हालांकि रात में ही पुलिस को मुगलपुरा क्षेत्र में आमोद जख्मी और बेहोशी की हालत में पड़ा मिला था। उसके हाथों पर चाकू से कट के निशान थे। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां रविवार सुबह उसने दम तोड़ दिया था। पुलिस इसके बाद वारदात में शामिल मोहित की तलाश में थी।

> अनिल की पत्नी तन्नू चौधरी ने तांत्रिक प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की थी। अनिल प्रेम संबंध में रोड़ा बन रहा था। बुधवार को पत्नी तन्नू और मोहित को गिरफ्तार किया है। वहीं फरार मुख्य साजिशकर्ता की तलाश की जा रही है।
> **-अखिलेश भदौरिया,** एसपी सिटी

### घटना से एक दिन पहले बनी थी हत्या की योजना

पुलिस पूछताछ में आरोपी मोहित ने बताया है कि दो माह पूर्व वह कन्हैया के पास अपनी बहन को ले गया था। जहां पर उसका संपर्क आमोद, तन्नू से हुआ था। इसके बाद तीनों में घनिष्ठता बढ़ गई। 13 जुलाई को कन्हैया ने दरबार लगाया था। जहां पर तन्नू अपने बच्चों के साथ पहुंची थी। तांत्रिक कन्हैया ने पत्नी समेत तीनों को बंद कमरे में बैठाकर हत्या की साजिश रची थी। जहां पर कन्हैया ने तन्नू को अनिल के खाने में मिलाने के लिए नशे का कैप्सूल दिया था। शनिवार की रात तीनों अनिल के घर पहुंचे। कन्हैया ने निगरानी के लिए बाइक घर से थोड़ी दूरी पर ही रोक ली। योजना के अनुसार पत्नी ने पहले से ही घर का गेट खुला छोड़ दिया था। आमोद और मोहित घर में घुस गए। जहां पर तन्नू बेड पर बैठी थी और अनिल नशे में गहरी नींद में सो रहा था। सोते समय तीनों ने मिलकर अनिल के शरीर पर चाकू से 15 वार किए। अनिल लहूलुहान जमीन पर गिर पड़े। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को पत्नी तन्नू चौधरी व मोहित को गिरफ्तार कर लिया है।

### आमोद को रास्ते में छोड़कर भाग गए थे कन्हैया व मोहित

मोहित ने पूछताछ में बताया है कि घटना के समय अनिल ने बचने का प्रयास किया था। अनिल की चीख सुन उनकी बड़ी बेटी मानवी जाग गई थी। उसने पिता को बचाने का प्रयास किया था। आरोपी चाकू से वार करते रहे। इसी दौरान मानवी ने दोनों के चेहरे पहचान लिए। घटना में आमोद के हाथ में चाकू लग गया, जिससे आमोद के हाथ की नस कट गई। फिर दोनों घटनास्थल से भाग खड़े हुए। एसपी सिटी ने बताया कि आमोद को कन्हैया और मोहित इलाज के लिए अस्पताल लेकर जा रहे थे कि रास्ते में आमोद अचानक बेहोश हो गया। दोनों रास्ते में ही आमोद को छोड़कर भाग गये थे। घटना के बाद आरोपियों ने चाकू रामगंगा घाट पर एक जगह छिपा दिया था।

### वारदात को देनी थी लूट की शक्ल, लेकिन बेटी जाग गई

चाकू से हमला होने पर अनिल चौधरी की चीख निकली तो उनकी 13 साल की बेटी मानवी की आंख खुल गई थी। बेटी की आंख नहीं खुली होती तो तन्नू इसे लूट के विरोध पर हत्या का रूप देने की प्लानिंग बनाए बैठी थी। लेकिन, बेटी के जागने पर उसने कातिलों आमोद और मोहित को पहचान लिया। इसके बाद तन्नू को कहानी बदलनी पड़ी। उसने कहानी बनाई कि फर्म का पेमेंट देने के नाम पर आमोद और मोहित ने गेट खुलवाया और फिर उसके पति पर हमला कर दिया।

# मकान कब्जाने पहुंचे दामाद ने विरोध पर पत्नी को दिया तलाक

- पीड़िता की शिकायत पर पति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट
- मामले की जांच मे जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** कटघर थाना क्षेत्र में ससुराल वालों की गैर मौजूदगी में परिजनों के साथ दामाद ने घर का ताला तोड़कर जबरन कब्जा कर लिया। सूचना पर पहुंचे ससुराल वालों के साथ मारपीट की। विरोध करने पर अपनी पत्नी को तीन तलाक दे दिया। पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के मछली बाजार एकता विहार निवासी जेवा अजीज ने तहरीर में बताया है कि मंगलवार को महिला की गैरमौजूदगी में दामाद ने अपने परिजनों के साथ मिलकर घर का ताला तोड़कर घुस गए। पड़ोस के लोगों ने वीडियो बनाकर महिला को सूचना दी। बेटी फरेहा के साथ महिला मौके पर पहुंची। दामाद ने एकजुट होकर मां-बेटी पर चाकू से हमला कर दिया है। फरेहा के साथ बदसलूकी करने लगे। दामाद के साथ आई रिचा भाटिया मारपीट करने लगी। जिससे वह घायल हो गई। विरोध करने पर पति नूर इलाही ने फरेहा को तीन तलाक दे दिया। आरोप है कि दामाद नूर इलाही और उसके परिवार वाले मकान हड़पना चाहते हैं। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने जान की सुरक्षा के लिए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने सिविल लाइंस के जिगर कॉलोनी निवासी पति नूर इलाही, बहन साफिया रिजवान, मां हुमा बेगम और थाना क्षेत्र के प्रभात मार्केट निवासी रिचा भाटिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पुलिसकर्मी बताने वाली रिचा ने की जमकर पिटाई

पीड़िता ने तहरीर में बताया है कि दामाद नूर इलाही घर पर कब्जा करने के लिए प्रभात मार्केट निवासी रिचा भाटिया को साथ में लाया था। जो खुद को पुलिसकर्मी बता रही थी। उसने पीड़िता की बेटी को घर में बंद करके जमकर पिटाई की। दामाद के साथ आए कलीम ने बेटी को दबोच लिया। उसके साथ बदसलूकी करने लगा। विरोध करने चाकू से हमला करने लगा। आसपास के लोगों को इकट्ठा देख सभी मौके से फरार हो गए।

# हादसे में सफाई कर्मचारी की मौत, परिवार में मचा कोहराम

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचारः** सुबह को ड्यूटी जाते समय सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार पिकअप ने सफाई कर्मचारी को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे राहगीरों ने अस्पताल पहुंचाया। लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



शिवम की फाइल फोटो

मझोला थाना क्षेत्र निवासी शिवम (25) पुत्र रामभरोसे बुधवार को सुबह लगभग साढ़े पांच बजे मझोला थाना क्षेत्र के गांव मंगपुरा स्थित घर से नगर पंचायत पाकबड़ा के वार्ड 9 में ड्यूटी के लिए निकला था। वह एमडीए ऑफिस के सामने सड़क पर खड़े होकर ऑटो का इंतजार कर रहा था। अचानक तेज गति से आ रही पिकअप ने शिवम को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई। हादसे की सूचना लोगों ने मझोला थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिवम को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया 2022 में लाकड़ी फाजलपुर निवासी मधु देवी से उसकी शादी हुई थी। मृतक के दो जुड़वा बेटी व एक माह को बेटा है। पिता राम भरोसे का कहना है कि शिवम उनके जीने का सहारा था। शिवम की तीन बहनें हैं।

# दुष्कर्म व अश्लील फोटो खींचने का आरोपी पकड़ा

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** नागफनी थाना क्षेत्र में युवती के साथ दुष्कर्म व अश्लील फोटो खींचकर ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ब्लैकमेल कर युवती का शोषण कर रहा था। पुलिस आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेजेगी।

थाना क्षेत्र के निवासी युवती के पिता ने तहरीर में बताया था कि पड़ोसी मयंक पिछले एक साल से उनकी बेटी का शोषण कर रहा था। मयंक ने प्रसाद में नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था और अश्लील फोटो खींच लिए थे। ब्लैकमेल कर पीड़िता से सोने के आभूषण और कुछ नकदी भी ली थी। विरोध करने पर फोटो वायरल करने की धमकी देता था। पिता की शिकायत के बाद पुलिस ने बुधवार को आरोपी मयंक गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस कोर्ट में पेश कर आरोपी को जेल भेजेगी।

# अवैध रूप से बने जलाशय में नहाने गए दो बच्चे डूबे

- मालिक के खिलाफ दर्ज हुई रिपोर्ट, जांच में जुटी पुलिस
- मछली पालन के लिए अवैध रूप से बनाया गया है जलाशय

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** मझोला थाना क्षेत्र में मछली पालन के लिए बनाए गए जलाशय में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शवों को निकालकर पोस्टमार्टम कराया। जांच में पता चला कि मछली पालन के लिए जलाशय अवैध रूप से बना हुआ है। पीड़ित की शिकायत पर मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।



मृतक अशद का फाइल फोटो



घटनास्थल पर परिजनों से जानकारी लेते प्रभारी निरीक्षक केके वर्मा। ● अमृत विचार

प्रभारी निरीक्षक केके वर्मा के मुताबकि, थाना क्षेत्र के जयंतीपुर निवासी नईम का बेटा अशद (8) और पड़ोस के ही रहने वाले माजिद की बेटी साबिया (9) दोनों घर से खेलने के लिए निकले थे। इसी दौरान दोनों बच्चे नहाने के लिए पास में बने मछली पालन के जलाशय (तालाब) में पहुंच गए। नहाते वक्त दोनों तालाब के बीचों-बीच डूब गए। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। ये देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों के शवों को तालाब से निकाला और फिर पोस्टमार्टम कराया। सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। कोई बेटे की याद में तो कोई बेटी को पुकारता रहा। पुलिस ने दोनों के परिजनों को शव सौंप दिए। प्रभारी निरीक्षक के अनुसार, माजिद मूल रूप से संभल के रहने वाले हैं। पिछले काफी समय से मुरादाबाद में जयंतीपुर मोहल्ले में किराये पर कमरा लेकर परिवार के साथ रह रहे थे। उन्होंने बताया है मछली पालन का तालाब अवैध रूप से बना है। इसके आसपास दीवार का निर्माण नहीं कराया गया है। जांच की जा रही है। फिलहाल परिजनों की तहरीर पर जलाशय के मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# कुंदरकी सीएचसी पर दंत शल्यक का पद सृजित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कुंदरकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अब जरूरतमंद दंत रोगियों को नियमित सेवाएं मिलेंगी। सीएचसी पर शासन ने दंत शल्यक पद का सृजित कर दिया है। व्यवस्था के मुताबिक, दंत शल्यक के स्वीकृत किए गए सभी पद अस्थायी हैं और 28 फरवरी 2025 तक की अवधि के लिए शासनादेश के जारी होने की तिथि अथवा इन पर नियुक्ति की तिथि, जो भी बाद में हो, से इस प्रतिबंध एवं शर्तों के अधीन स्वीकृत किए गए हैं। दूसरी तरफ, कुंदरकी सीएचसी अधीक्षक डॉ. सौरभ भरतिया ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र पर दंत शल्यक का पद भले ही पूर्व से न सृजत हो लेकिन, उनके यहां दंत चिकित्सक डॉ. नवनीत करीब दो महीने पहले से तैनात हैं। वह अपनी सेवाएं भी दे रहे हैं। इस तरह सीएचसी पर तीन महिला डॉक्टर समेत कुल छह डॉक्टर हैं। तीन महिला डॉक्टरों में इस समय एक मैटरनिटी लीव पर हैं।

**सतर्कता** | सावधानी, सतर्कता व जागरूकता से बचा सकते हैं जीवन, जिलाधिकारी अनुज सिह ने तहसील स्तरीय अधिकारियों को जारी किए निर्देश

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में जनसामान्य की सुरक्षा के लिए एडवाइजरी जारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** बाढ़ प्रभवित क्षेत्रों की स्थिति में राहत व बचाव के साथ डूबने के कारण होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण अनुज सिंह ने गाइडलाइन जारी की है। उन्होंने बताया कि बाढ़ के दौरान नदी, नहर, कुआं, तालाब, गहरे गड्ढे, झील, पोखर आदि जलाशयों में स्नान करने, जानवर नहलाने या कपड़े धोने जैसे दैनिक कार्य में सावधानी बरतनी होगी। क्योंकि कई बार अनजाने में बच्चों, किशोर-किशोरियों तथा वयस्क व्यक्तियों की डूबने से मृत्यु हो जाती है। सावधानी, सतर्कता व जागरूकता से अमूल्य जीवन को बचाया जा सकता है।

### डूबने से होने वाली मौतों की रोकथाम के उपाय

किसी भी खतरे से बचने या उसके प्रभाव को न्यून करने के लिए आवश्यक है कि खतरे की गंभीरता एवं उस खतरे को कम करने के उपायों को जानना, सहयोगियों की पहचान करना तथा आवश्यक ज्ञान व कौशल अर्जित करना है। यदि इसके बावजूद खतरे की गंभीरता ज्यादा है तो उसे टालना या उससे दूर रहना ही एक साधारण उपाय है।

### इसका रखें ध्यान

- प्रभावित व्यक्ति को अविलम्ब नजदीकी चिकित्सालय ले जायें।
- चिकित्सालय ले जाने के लिए जो भी साधन मौके पर उपलब्ध हो उसका प्रयोग करें अन्यथा 108 पर फोन कर एंबुलेंस बुला लें।
- स्नान करने के घाटों पर सुरक्षा उपकरण जैसे-लंबी व मजबूत रस्सी, बांस के लंबे टुकड़े, हवा भरे गाड़ियों के ट्यूब आदि सामग्रियों को रखें, जो आकस्मिक समय पर काम आएंगी।

### डूबने से होने वाली मौतों के प्रमुख कारण

- खतरों की उपेक्षा या खतरों को कमतर आंकना।
- खतरों के बारे में गलतफहमी या गलत जानकारी।
- सही व सटीक जानकारियों के बिना नहर में जाना।
- निगरानी एवं पर्यवेक्षण की कमी
- बचाव के कौशल (तैराकी व अन्य बचाव के तरीके का न आना) का अभाव।
- कम उम्र के बच्चों को अभिभावकों द्वारा नदियों एवं तालाबों में नहाने के लिए नदियों एवं तालाबों के पास अकेले छोड़ देना।

### क्या करें और क्या न करें

- तेज धार या उफनायी हुई नदी, नहर, नाले, तालाब आदि में स्वयं एवं अपने स्वजनों को जाने से रोकें।
- बच्चों को पुल, पुलिया, ऊंचे टीलों से पानी में कूद कर स्नान करने से रोकें।
- नदी या जल निकाय के किनारों पर न जाएं, यदि अति आवश्यक हो तो पानी में उतरते समय गहराई का ध्यान रखें।
- यदि उस स्थान या घाट के आस-पास कोई सलाह या दिशा-निर्देश लिखे हों तो उनका पालन करें।
- भली प्रकार तैरना जानते हों तभी पानी में उतरें/स्नान करें, अन्यथा स्थानीय प्रशासन द्वारा बताये गए स्नान करने के चिह्नित घाटों पर ही स्नान करें।
- एक साथ परिवार के कई लोग नदी या अन्य घाटों पर स्नान न करें।
- बच्चों को यदि स्नान करना हो तो बड़ों की कुशल देखरेख में ही स्नान करने दें।
- कोशिश करें किसी नदी या जल निकाय में सामूहिक रूप से स्नान करने जाते समय साथ में 10-15 मीटर लंबी रस्सी या धोती/साड़ी अवश्य रखें।
- नदियों, नहरों, जलाशयों या अन्य जल निकायों के पास लिखी हुई चेतावनी की अवहेलना न करें।
- छोटे बच्चों को घाटों, जल निकायों के समीप न जाने दें।
- एकदम से अनजान एवं सुनसान नदियों, नहरों, तालाबों के घाटों पर स्नान करने न जायें।
- किसी के उकसाने/बहकावे में आकार पानी में छलांग न लगायें।
- तैरने या पानी में स्नान करते समय स्टंट न करें या सेल्फी आदि न लें, ऐसा करना जानलेवा हो सकता है।

### बाढ़ के पानी से हजारों बीघा फसलें जलमग्न

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पिछले दिनों मैदानी और पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हुई बारिश के कारण जिले में हजारों बीघा फसलें जलमग्न हो गई हैं। खेतों को जाने वाले रास्तों में पानी होने से किसानों को आने जाने में परेशानी हो रही है। खेतों में पानी आने से बाजरा, मक्का आदि की फसलें पूरी तरह से जलमग्न हो गई है। ग्राम रनियाठेर गदईखेड़ा, हरपाल नगर, भइयानगला, चककोहन्कू, लालपुर तीतरी, रजोड़ा, जैतपुर बिसहाट आदि गांवों के खेतों में पानी भर जाने से किसानों को नुकसान की आशंका है। ग्राम गदईखेड़ा, रनियाखेड़ा और चककोहन्कू को जोड़ने वाला मार्ग अभी तक क्षतिग्रस्त पड़ा है। वहीं कोसी मंडौली से अगापुर लगभग छह किलोमीटर मार्ग पर निर्माण कार्य भी अधूरा है। अगापुर से मडौली कोसी बांध पर बने साइफन क्षतिग्रस्त पड़ा है।

# लोन दिलाने का झांसा देकर युवक से 23 हजार की ठगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** इन दिनों साइबर ठगी के मामले बढ़ते जा रहे हैं। दोगुना मुनाफे का झांसा देकर जालसाज आम लोगों के साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं। कटघर थाना क्षेत्र से भी एक ऐसा ही मामला सामने आया। साइबर अपराधियों ने युवक से लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के रहमत नगर निवासी मोहम्मद अमजद ने तहरीर में बताया है कि 15 जनवरी को धनी फाइनेंस कंपनी से चार लाख को लोन दिलाने के लिए फोन आया था। साइबर ठगों के झांसे में आकर युवक ने कई बार में 23 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। आरोप है कि पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने उनका नंबर ब्लॉक कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दोगुना मुनाफे का झांसा देते हैं साइबर ठग

दोगुना मुनाफे का झांसा देकर साइबर अपराधी आम लोगों को जाल में फंसा रहे हैं। हर चौथे दिन पीड़ित शिकायत लेकर थाने पहुंच रहे हैं। जिनमें से अधिकतर मामले गेमिंग एप के हैं। गेमिंग एप के माध्यम से ठग लोगों को दोगुना मुनाफे का झांसा देकर कई बार में पैसे ट्रांसफर करा लेते हैं। इसके बाद वेबसाइट से नंबर ब्लॉक कर देते हैं। पीड़ित न्याय के लिए थानों के चक्कर काटता रहता है।

## शहर में आज



☞ जिला सड़क सुरक्षा समिति मुरादाबाद एवं जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में शाम 4 :00 बजे

☞ कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की ओर से जिलाधिकारी को कलेक्ट्रेट में ज्ञापन दिया जाएगा दोपहर 12 :30 बजे

☞ लालबाग स्थित कालीमंदिर में सायंकालीन आरती 7 :00 बजे

## एक नजर

### कांवड़ पथ के विद्युत खंभे पॉलीथिन से होंगे कवर्ड

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कांवड पथ पर बिजली के खंभे पॉलीथिन से कवर्ड किए जाएंगे। साथ खुले में रखे ट्रांसफार्मरों की फेंसिंग की जाएगी। इसको लेकर जिलाधिकारी की ओर से बिजली विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। 22 से सावन माह की शुरुआत हो रही है, इसमें कांवड़ियों के बेड़े हर साल बृजघाट और हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लाकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करते हैं। दिल्ली और कांठ रोड पर पड़ने वाले बिजली पोल और तारों की गार्डिंग के काम की जिम्मेदारी बिजली विभाग ने ठेकेदारों को दी थी, लेकिन ठेकेदारों की ढिलाई के चलते अभी तक विद्युत पोल पॉलीथिन से कवर्ड नहीं किए गए। ट्रांसफार्मरों की फेंसिंग और तारों की गार्डिंग का काम भी अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। अधिशासी अभियंता प्रथम सुधाकर ने कहा कि एक दो दिन में हर पोल पर पॉलीथिन लगवाने, तारों की गार्डिंग का काम पूरा हो जाएगा।

### विषैले रसायन से हो रही पशु-पक्षियों की मौत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पनीर फैक्ट्री से निकलने वाले कैमिकल युक्त पानी से पशु व पक्षियों की मौत हो रही है। क्षेत्रीय लोगों ने प्रदूषण विभाग में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। जनपद संभल के थाना एचोड़ा कम्बोह स्थित गांव अशरफपुर के अहसान अहमद ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि गांव में एक पनीर की फैक्ट्री संचालित है। इससे निकलने वाला कैमिकल नाली व नालों के जरिये नदी में जाता है। जिससे जानवर व पक्षियों की मौत हो रही है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी आशुतोष चौहान का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है।



कानूनगोयान स्थित भद्रकाली मंदिर में यज्ञ में आहुति देते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुई हनुमान जी की मूर्ति स्थापना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कानून गोयान स्थिति श्री भद्रकाली मंदिर निकट हाथी वाला मंदिर पर बुधवार को श्री हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा धूमधाम से की गई। इस दौरान हवन भी कराया गया। इसके बाद मूर्ति स्थापित की गई। मुख्य यजमान रीना रस्तोगी एवं राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी रहे।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह पंडित आचार्य विनीत कुमार शर्मा और पंडित सुबोध सैमवाल ने विधि-विधान से सम्पन्न कराया। तीन दिन मूर्ति को जल वास, अन्न वास, फल वास, घी वास, मधुर वास, पुष्प वास कराया गया। कार्यक्रम में निर्मल भूषण पांडे, चंद्रभूषण पांडे, गिरजा भूषण पांडे, अनिल रस्तोगी, संतोष गुप्ता, शिवम रस्तोगी, यश रस्तोगी, प्रियांशु, अंकित मौजूद रहे।

## इस सप्ताह और गर्मी बढ़ने का अनुमान जता रहे मौसम वैज्ञानिक

# बारिश न होने से बढ़ा पारा, लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** एक सप्ताह से बारिश न होने से उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है। न दिन में चैन न रात में सुकून मिल रहा है। पंखे कूलर बेमतलब साबित हो रहे हैं। लोग पसीने से तरबतर हो रहे हैं। गृहणियों को और अधिक समस्या हो रही है। सभी की नजर बारिश पर टिकी है।

मानसूनी बारिश से जहां कुछ दिन में ही हर ओर पानी पानी भरने से हाहाकार मच गया। वहीं एक सप्ताह से बारिश का क्रम टूटने से गर्मी और उमस से लोग बेहाल हो गए हैं। बारिश न होने से तापमान बढ़ता जा रहा है। बुधवार को अधिकतम तापमान 34 और न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सुबह से लेकर रात तक उमस और चिपचिपी गर्मी से लोग बेहाल रहे। उमस के आगे पंखा व कूलर बेमतलब साबित हुआ। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड के मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह का कहना है कि अभी इस सप्ताह तेज बारिश होने का अनुमान नहीं है। मानसून ब्रेक होने से बारिश थम गया है। 20-21 जुलाई के बाद ही बारिश हो सकती है। अभी तापमान ऐसे ही रहेगा। उमस बरकरार रहेगी।



धूप से बचने के लिए अपने चेहरे को कपड़े से ढक कर जातीं युवतियां। ● अमृत विचार

● **उमस व गर्मी में बेमतलब साबित हो रहे पंखे और कूलर, बच्चे और बुजुर्ग हो रहे अधिक परेशान**

# श्रावण मास में जलाभिषेक के लिए सजने लगे शिवालय

## 22 को सावन का पहला सोमवार, महानगर से गुजरने लगे कांवड़ियों के जत्थे, चारों ओर बोल बम की गूंज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भोले बाबा के भक्तों के स्वागत की तैयारी व्यापक स्तर पर हो रही है। श्रावण मास में जलाभिषेक के लिए शिवालय सजने लगे हैं। मंदिरों में साफ-सफाई का काम किया जा रहा है। 22 जुलाई को सावन का पहला सोमवार है। इस दिन सावन की शुरुआत भी हो रही है। बाबा भोले के भक्त इस दिन शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे। इसके लिए महानगर से दूरदराज के कांवड़ियों के जत्थे हरिद्वार के लिए रवाना होने लगे हैं। उधर, जिला प्रशासन कांवड़ यात्रा के लिए सभी प्रबंध कराने में जुटा है।

सावन माह में महानगर में झारखंडी मंदिर, चौरासी घंटा मंदिर, गंगा मंदिर, माता मंदिर लाइनपार, दुर्गा मंदिर, महाकालेश्वर धाम, शिवमंदिर, प्राचीन शिव मंदिर, ढाप वाला मंदिर समेत अधिकांश मंदिरों में जलाभिषेक किया जाता है। इसके लिए महानगर के मंदिरों में साफ-सफाई का काम शुरू हो गया है। मंदिरों को सजाया जा रहा है। प्राचीन शिव मंदिर हरथला के पं. मनोज पाठक ने बताया कि सावन माह में मंदिर में जलाभिषेक का बहुत महत्व है। इसके लिए मंदिर में सफाई काम शुरू हो गया है। इस दिन बाबा भोले के भक्त हरिद्वार व बृजघाट से पवित्र गंगा जल लाकर भोले बाबा का जलाभिषेक करते हैं। उधर ग्रामीण अंचल के मंदिरों में भी श्रावण मास को लेकर साफ-सफाई कराई जा रही है।



84 घंटा मंदिर में सफाई करते कर्मचारी। ● अमृत विचार



84 घंटा मंदिर स्थित भगवान शिव की मूर्ति की सफाई करता व्यक्ति।

### महानगर से गुजरने लगे दूरदराज के जत्थे

सावन में महानगर की सड़कें आस्था के सैलाब में डूब जाती है। कांठ रोड व दिल्ली रोड पर कांवड़ियों के जत्थे देखने को मिलते हैं। खासकर आखिरी सोमवार को दिल्ली रोड पर बड़ी संख्या में महानगर के भक्त बृजघाट से गंगाजल लाकर भोले बाबा का जलाभिषेक करते हैं। लेकिन, हरिद्वार जाने वाले भक्तों की संख्या भी कम नहीं होती। इस बार सावन का पहला सोमवार 22 जुलाई को हैं। लेकिन, महानगर की सड़कों से अभी से भोले के भक्त गुजरने लगे हैं। बरेली, रामपुर समेत अन्य दूरदराज के शिव भक्त हरिद्वार के लिए रवाना होने लगे हैं।

### धीरे-धीरे बढ़ने लगेगी भक्तों की संख्या

22 जुलाई को पहला सोमवार है। इसलिए अब महानगर की सड़कों पर रोज धीरे-धीरे भोले बाबा के भक्तों की संख्या बढ़ने लगेगी। रविवार को सबसे अधिक संख्या रहेगी। वहीं आखिरी सोमवार पर सबसे ज्यादा भक्तों की संख्या देखने को मिलेगी।

### जिला प्रशासन की तैयारियां भी पुख्ता

सावन माह में मंदिर से लेकर सड़कों तक भोले के भक्तों को कोई परेशानी न हो इसका खास ध्यान रखना पड़ता है। इसके लिए जिला प्रशासन और पुलिस अपनी तैयारियों में जुट गए हैं। उधर, पुलिस ने जहां रूट डायवर्ट कर दिया है। तो नगर निगम कांठ रोड को बेहतर करने में लगा है। वहीं रोडवेज बस के लिए भी अस्थायी बस स्टेशन बनाए जा रहे हैं।



कांठ रोड पर पुलिया का तो निर्माण हो चुका है। लेकिन, सड़क अभी भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है। जबकि 22 जुलाई को सावन माह का पहला सोमवार है। हरिद्वार से गंगा जल लेने कांठ रोड से कांवड़ियों के जत्थे गुजरना शुरू हो गए हैं। भोले के भक्तों को परेशानी न हो इसलिए कांठ रोड पर सड़क निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। बुधवार को कंकरीट को समतल करती जेसीबी। ● अमृत विचार

## यूपी ट्रेड शो के लिए बचे चुनिंदा स्टॉल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार और एक्सपो मार्ट द्वारा दूसरी बार आयोजित होने जा रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में भाग लेने के इच्छुक उद्यमियों की तरफ से आवेदन करने का सिलसिला लगभग पूरा होने वाला है। लेकिन कुछ स्टॉल अभी बाकी रह गए हैं। जिसके लिए उद्यमी आवेदन कर सकते हैं।

काफी समय से निर्यात कारोबार में लगे निर्यातकों की श्रेणी में अब काफी कम स्टाल ही बचे हैं, जबकि नए निर्यातकों की श्रेणी में शेष रह गए स्टॉलों की संख्या काफी होने से ऐसे निर्यातकों के लिए शो में हिस्सा लेने का अभी अच्छा मौका है। संयुक्त आयुक्त योगेश कुमार ने बताया कि प्रतिभाग के इच्छुक उद्यमियों के लिए निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन करने की पूर्व में घोषित समय सीमा समाप्त हो गई है, लेकिन चुनिंदा स्टॉल बुक होने से बच गए हैं। जिसके लिए उद्यमी अपना आवेदन भेज सकते हैं।

# 22 से दिव्यांगता मापन को ब्लॉकवार लगेंगे शिविर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● **जिलाधिकारी ने अधिकारियों से इसे सफल बनाने के लिए कहा**

**अमृत विचार :** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग से संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत दिव्यांगों को कृत्रिम हाथ पैर/कैलीपर्स, ट्राईसाइकिल, बैसाखी, व्हीलचेयर, कान की मशीन, स्मार्ट केन, एमआर किट एवं लेप्रोसी किट आदि दिया जाता है। दिव्यांगता का मापन करने के लिए 22 जुलाई से ब्लॉकवार शिविर लगाए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने बताया कि 22 व 23 जुलाई को विकास खण्ड मुरादाबाद, 26 व 27 जुलाई को नगर निगम कार्यालय/टाउन हाल, 29 व 30 जुलाई को विकास खण्ड सभागार भगतपुर टांडा में शिविर लगेगा। जबकि 31 जुलाई व 1 अगस्त को विकास खण्ड सभागार डिलारी, 2-3 अगस्त को विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, 5- 6 अगस्त को विकास खण्ड सभागार छजलैट, 7- 8 अगस्त को विकास खण्ड सभागार कुन्दरकी, 12- 13 अगस्त को विकास खण्ड सभागार बिलारी और 16 व 17 अगस्त को विकास खण्ड सभागार मूढापाण्डे में शिविर आयोजित होंगे। इस शिविर में कृत्रिम अंग /सहायक उपकरण का लाभ पाने के लिए दिव्यांग अभिलेख जैसे- आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, दिव्यांग प्रमाण पत्र, चिकित्साधिकारी का उपकरण के लिए संस्तुति प्रमाण पत्र और फोटो सहित अपना पंजीकरण करा सकते हैं। जो दिव्यांगजन शिविर में चिन्हाकंन कराने से वंचित रह जाते हैं ऐसे दिव्यांग वेबसाइट divyangjanup.upsdc.gov.inपर आनॅलाइन आवेदन कर सकते हैं।



सांसद रुचि वीरा को ज्ञापन सौंपते जोनल टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

# जोनल टैक्स बार एसोसिएशन ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** व्यापारियों को जीएसटी से हो रही परेशानियों को लेकर जोनल टैक्स बार एसोसिएशन ने सांसद के माध्यम से सरकार तक आवाज पहुंचाई। सांसद ने टैक्स बार एसोसिएशन को आश्वासन दिया है कि वह उनकी आवाज को संसद में उठाएंगी।

बुधवार को एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सांसद रुचि वीरा को ज्ञापन सौंपा। जिसमें पंजीकरण जारी होने में विलंब, फर्जी इनवाइस के नाम पर कथित उत्पीड़न जैसी परेशानियों से निजात दिलाने की गुहार लाई गई। ज्ञापन देने वालों में विचित्र शर्मा एडवोकेट, गुफरान माजिद, शाहवेज मलिक, शाहिद हुसैन, राजीव बिश्नोई, सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता उर्फ जुगनू जादूगर समेत अन्य लोग शामिल रहे।

**बढ़ी मांग** | सावन में बढ़ जाती है घेवर की मांग, केसर व मावे के घेवर की अधिक डिमांड

# मिठाई की दुकानों पर महकने लगी घेवर की खुशबू

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सावन से पहले ही महानगर में मिठाइयों की दुकानों पर घेवर की खुशबू महकने लगी है। इस दौरान केसर व मावे वाले घेवर की लोगों में अधिक मांग है। वहीं सावन में घेवर की मांग अधिक हो जाती है।

सावन में घेवर की खुशबू ग्राहकों को लुभाएगी। इसके लिए महानगर में मिठाई की दुकानों पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। प्रमुख स्थानों पर हलवाइयों ने इसके लिए तैयारियां भी तेज कर दी हैं। दुकानों पर सादा, केसर व मावे वाला घेवर उपलब्ध है। जो रिफाइंड या देसी घी से तैयार किया जाता है। महानगर के प्रसिद्ध बाबूराम मिष्ठान भंडार पर कई तरह के घेवर तैयार किए जा रहे हैं। दुकान स्वामी बाबूराम ने बताया कि इस समय मावा, केसर घेवर, सादा घेवर व सूखी और मीठी फैनी की मांग अधिक है। इन सब उत्पादों की मांग रक्षाबंधन तक रहेगी। जबकि मैदा और घी से निर्मित अनरसों की मांग सावन के अलावा तीज तक रहती है।

तहसील स्कूल स्थित रामपुर स्वीट हाउस पर भी घेवर की खूब बिक्री हो रही है। दूरदराज से लोग यहां घेवर के साथ ही सूखी फैनी और मीठी फैनी का जायका ले रहे हैं। सावन माह में यहां कारीगरों को भी काम ज्यादा होने की वजह से काम के दोगुने दाम मिलते हैं। क्योंकि सावन के साथ ही रक्षा बंधन पर बिकने वाली मिठाइयों की भी पहले से तैयारी की जाती है।



मिठाई की दुकान पर घेवर खरीदते लोग। ● अमृत विचार

| देसी घी से निर्मित घेवर की वेरायटी | दाम (रुपये प्रति किलो) |
|---|---|
| मावे वाला घेवर | 640 |
| मीठी वाली फैनी | 640 |
| फीकी वाली फैनी | 700 |
| केसर वाला घेवर | 700 |
| सादा वाला घेवर | 700 |
| केसर मावा घेवर | 700 |
| अनरसे | 700 |



## एक नजर

### मोहर्रम में कई स्थानों पर गुल रही बिजली

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मोहर्रम के दिन एक तरफ जहां लोग गम में डूबे थे तो वहीं दूसरी ओर बिजली ने लोगों को खूब परेशान किया। कई मोहल्लों में सुबह से शाम तक बिजली गुल रही। महानगर में बुधवार को एक ओर मोहर्रम की तैयारियां थी। वहीं दूसरी ओर कई मोहल्लों में बिजली बाधित रहने से लोग परेशान रहे। असालतपुरा निवासी इमरान ने बताया कि यहां सुबह से दोपहर तक बिजली गुल रही। वहीं तंबाकू वालान निवासी मोहम्मद बिलाल ने बताया कि मोहर्रम वाले दिन बिजली गुल रहने से काफी परेशानी हुई। सुबह से ही बिजली बाधित रही। वहीं अधिशासी अभियंता नरेंद्र सिंह ने कहा कि पूरे क्षेत्र में 24 घंटे बिजली देने का लक्ष्य है। अगर किसी वजह से कोई परेशानी हुई है। तो उसपर ध्यान रखा जाएगा।

### एडीएम व एसपी सिटी ने संभाली जुलूस की कमान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुहर्रम पर महानगर में निकले जुलूस के लिए सुबह से लेकर देर रात तक प्रशासनिक अमला पूरी तरह मुस्तैद रहा। जुलूस के लिए अलग-अलग सेक्टरों में मजिस्ट्रेट को तैनात किया गया था। एडीएम सिटी ज्योति सिंह ने कुछ दिन पहले ही कह दिया था कि हादसों से बचाव के लिए कोई भी ताजिया 12 फिट से ज्यादा ऊंचा न बनाया जाए। जिसके चलते किसी भी ताजियेदार ने ज्यादा ऊंचा ताजिया नहीं बनाया। जुलूस के दौरान एडीएम सिटी ज्योति सिंह ने ओवर ऑल मुरादाबाद नगरीय क्षेत्र की व्यवस्था संभाली। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया और एडीएम सिटी ज्योति सिंह की अगुवाई में नगरीय क्षेत्र में ताजिया जुलूस निकालने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। वहीं दूसरी ओर सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव ने कोतवाली और नागफनी क्षेत्र में सीओ के साथ भ्रमण कर ताजिया रूटों पर व्यवस्थाएं देखीं।

### समिति ने किया सहयोग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नागरिक एकता समिति द्वारा बुधवार को दसवीं मोहर्रम पर निकलने वाले जुलूस की व्यवस्था की गई। अध्यक्ष नईम रजा ने बताया कि समिति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने महानगर में निकले मोहर्रम के जुलूस में सिविल व यातायात पुलिस का सहयोग किया। जिसमें पहली टीम तहसील स्कूल चौराहा, दूसरी टीम जामा मस्जिद चौराहा, तीसरी टीम दस सराय चौकी और चौथी टीम मंडी चौक चौराहे पर लगाई गई। इस दौरान शारिक सिद्दीकी, मुस्ताक इदरीसी व अनवर हुसैन शामिल रहे।



ताजियों के सरदार कंबल के ताजिये को सलामी देती हूरें व शामिल भीड़। ● अमृत विचार



अलम के जुलूस में शामिल शिया समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

# कर्बला तक गूंजीं हक हुसैन, हाय हुसैन व मौला हुसैन की सदाएं

## महानगर में निकला दसवीं मुहर्रम का जुलूस, कर्बला में दफन हुए ताजिये, पुरानी परंपरा के साथ निकला जुलूस, पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बुधवार को दसवीं मुहर्रम पर महानगर में जुलूस निकाला गया। इसके अलावा हर अलग-अलग जगह आयोजित जलसों में जिक्र-ए-शहादत होती रही। महानगर की गलियों से लेकर मुख्य सड़क, हाईवे व डबल फाटक पुल होते हुए कर्बला तक हक हुसैन, मौला हुसैन की सदाएं बुलंद की गई। इस दौरान हर किसी की आंखें नम थीं और हर चेहरे पर इमाम हुसैन का गम था। देर रात तक कर्बला में ताजियेदारों ने ताजियों को दफन किया।

मुहर्रम का महीना मुस्लिम समाज के लिये बहुत खास होता है। इस महीने में मुसलमान अल्लाह के नबी के नवासे इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत का गम मनाते है। दसवीं मोहर्रम को शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में ताजियों का जुलूस निकाला जाता है। बुधवार की शाम सबसे पहले कंबल का ताजिया रवाना किया गया। जिसके बाद महानगर की गली-मोहल्लों से जुलूस में छोटे-बेड़े लगभग 400 ताजिये शामिल हुए। पुरानी परंपरा के अनुसार ताजियों का जुलूस तहसील स्कूल, रेती स्ट्रीट, चौमुखापुल, टाउन हाल, बुध बाजार का चौराहा आदि होते हुए कर्बला पहुंचा। इस दौरान लोगों ने हक हुसैन, मौला हुसैन और हुसैन जिंदाबाद की सदाएं बुलंद की। जुलूस में झब्बू का नाले पर साजिद वारसी द्वारा बनाया गया सरसों का ताजिया व हूरों का ताजिया अहम रहा। महानगर अलग-अलग इलाकों में सामाजिक संगठनों द्वारा लगाए गए कैंप द्वारा जुलूस का स्वागत भी किया गया। दसवीं मोहर्रम का जुलूस अकीदत और एहतराम के साथ दससराय चौकी के पीछे कर्बला में पहुंचा। जहां इमाम हुसैन के चाहने वालों ने नम आंखों के साथ गमगीन माहौल में ताजियों को दफन किया।

### डीएम व एसएसपी ने रवाना किया ताजियों का सरदार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बुधवार शाम महानगर में दसवीं मुहर्रम के जुलूस में ताजियों का सरदार कंबल का ताजिया सबसे पहले रवाना किया गया। पुरानी परम्परा के तहत शहर इमाम सैय्यद मासूम अली आजाद, जिलाधिकारी अनुज सिंह व एसएसपी सतपाल अंतिल ने कांधा देकर कंबल का ताजिया रवाना किया। इससे पहले पीरगैब मोहल्ले से निकली हूरों की जोड़ी ने कंबल के ताजिये को सलामी दी। इस दौरान सांसद रूचि वीरा, देहात विधायक हाजी नासिर कुरैशी समेत अन्य लोग शामिल रहे।

### फज्र की नमाज के बाद शुरू हुआ हुसैनी लंगर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दसवीं मुहर्रम पर हर साल पूरे महानगर में हुसैन लंगर का एहतेमाम किया जाता है। इस बार भी महानगर चौकी हसन खां, दीवान का बाजार, चक्कर की मिलक, गलशहीद, मोहल्ला ठठेरा, मोहल्ला तबाखियान, सीधी सराय, ईदगाह, करूला, रहमत नगर, इंदिरा चौक, मकबरा व गुइयांबाग में हुसैन लंगर का आयोजन किया गया। हुसैन लंगर सुबह फज्र की नमाज के बाद शुरू होकर रात तक जारी रहा। जिसमें सबसे बड़ा हुसैन लंगर चौकी हसन खां में किया गया।

### गमें हुसैन में शिया समुदाय ने किया मातम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दसवीं मुहर्रम पर शिया समुदाय ने लाकड़ीवालान से जुलूस निकाला। जिसमें काले कपड़े पहने अजादार सीनाजनी करते रहे। नौहा ख्वानी करते हुए हाय हुसैन-हाय हुसैन की सदाएं बुलंद की गईं। बुधवार दोपहर से महानगर के अलग-अलग क्षेत्रों से शिया समुदाय के लोग छोटे ताजिये लेकर लाकड़ीवालान पहुंचे। जिसमें भी बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। जुलूस जामा मस्जिद चौराहा, इंद्रा चौक, गलशहीद चौराहा, ईदगाह व संभल डबल फाटक होते हुए कर्बला पहुंचकर समाप्त हुआ।



नियाजी मंजिल से निकले जुलूस में शामिल लोग। ● अमृत विचार

### शाह अस्त हुसैन, बादशाह अस्त हुसैन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बुधवार को दसवीं मोहर्रम पर महानगर के फैजगंज स्थित नियाजी मंजिल से जुलूस निकला। इस जुलूस में नियाजी सिलसिले के सभी लोग हरे रंग के कुर्ते पहने हुए थे। यह जुलूस हजरत सैय्यद शाह मेहंदी मियां की सरपरस्ती और हजरत सलमान मियां नियाजी की कदायत में निकला। दोपहर में नियाजी मंजिल से निकला जुलूस राजकीय इंटर कालेज होते हुए हजरत सूफी साहब की ज्यारत पर पहुंचा, जहां राशिद अली व अन्य लोगों ने जुलूस का स्वागत करते हुए शर्बत वितरित किया गया। हाथों में अलम लिए लोग शाह अस्त हुसैन, बादशाह अस्त हुसैन व या हुसैन की सदाएं बुलंद करते हुए चल रहे थे। इंदिरा चौक से पहले अंसार इंटर कालेज पर वारसी सिलसिले के लोगों ने जुलूस का स्वागत करते हुए लंगर व शर्बत तकसीम किया। यहां से जुलूस गलशहीद चौराहे पर पहुंचा, जहां सिराज अशरफी व उनके साथियों ने स्वागत किया। जिसके बाद जुलूस ईदगाह व डबल फाटक हुए कर्बला पहुंचा। जहां सभी ने अलम पेश किए। जिसके बाद इमाम हुसैन की नजरो-नियाज का नजराना पेश किया गया। इस दौरान हजरत सलमान मियां नियाजी ने मुल्क की तरक्की और अमन के लिए दुआ कराई। इस मौके पर जमील मियां, अम्मार मियां, बिलाल मियां, फरीद मियां, ताबिश मियां, उबैद मियां, इमरान मियां, नासिर अली नियाजी, हसन नियाजी, आलम नियाजी व जमीर नियाजी समेत अन्य लोग शामिल रहे।



कर्बला में ताजिया लेकर जाता बच्चा।



कर्बला में ताजिया ले जाते बच्चे।



कर्बला में ताजिया दफन करते लोग। ● अमृत विचार




जुलूस में ढोल व ताशे बजाते युवा। ● अमृत विचार

# गम व मातम के बीच निकला जुलूस

संवाददाता, मैनाठेर

**अमृत विचार :** बुधवार को 10वीं मोहर्रम को गम व मातम के बीच मोहर्रम जुलूस निकला। कर्बला में ताजिये सुपुर्द-ए-खाक किए गए। कमा (चाकू) के मातम से अजादार जख्मी भी हो गए।

महमूदपुर माफी में हजरत इमाम हुसैन की याद को ताजा करते हुए गम और मातम के बीच मोहर्रम का जुलूस निकाला गया। जिसमें मैनाठेर, मैनाठेर की मिलक, असालत नगर बघा, मिलक आजम बाली, लालकिला, नगलिया मश्कूला के मोहर्रम जुलूस में शामिल हुए। सभी मोहर्रम एक साथ चले और रास्ते में तार न काटने को लेकर ताजिदारों ने ताजिया ले जाने से रोक दिया। बाद में पुलिस प्रशासन ने पहुंचकर समझा बुझाकर ताजिया आगे ले जाने का अनुरोध किया। लाइनमैन द्वारा लटके हुए तार काटे गए तब जाकर ताजिये आगे ले जाए गए। जुलूस नगलिया के रास्ते से होता हुआ महमूदपुर माफ़ी की मदीना मस्जिद इमामबाड़े पर पहुंचा। मोहर्रम का जुलूस शरीफ हुसैन के मकान से नबाब शानू के मर्शिया पढ़ने के बाद हाथ का मातम शुरू हुआ। इसके बाद जंजीरी मातम हुआ। वहां से अजादार ताजियों को लेकर विभिन्न रास्तों से होते हुए कर्बला पहुंचे और ताजियों को महमूदपुर माफ़ी की कर्बला में ले जाकर शहीद किया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। इस मौके पर महमूदपुर माफ़ी में मेला लगा जिसमें महिलाओं और बच्चों ने खरीदारी की। जुलूस में नबाब शानू, नबाब इमरान अली, नबाब मंजर अली जाफरी, पूर्व प्रधान इन्तजार हुसैन, राबिक पाशा, फहीम कुरैशी, सुलतान, शेबान सैफी, मोनीस, आमिर सैफी आदि मौजूद रहे।



मैनाठेर में निकले जुलूस में शामिल लोग। ● अमृत विचार



पाकबड़ा में जुलूस में शामिल अजादार। ● अमृत विचार

# जुलूस में अकीदतमंदों ने हाय हुसैन की सदाएं बुलंद की

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार :** 10 मोहर्रम पर पूरी दुनिया में शहीदाने कर्बला हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 जांनिसारों की शहादत को याद किया गया। हर तरफ गम का माहौल रहा। इमाम हुसैन को मानने वाले लोगों ने जुलूस में हाय हुसैन की सदाएं बुलंद की।

पाकबड़ा के कैलसा रोड पर आयोजित मेले की व्यवस्था को देखने के लिए नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद याकूब और तहसीलदार सदर रामवीर ने मेले का भ्रमण किया। शनिवार के बाजार में मोहर्रम का मेला लगाया जाता है। देर शाम से ताजियों का सिलसिला जारी है। जिला प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार पाकबड़ा में मोहर्रम के ताजियों को निकाला गया। कांठ के विधायक कमाल अख्तर भी मोहर्रम के जुलूस में शिरकत करने पहुंचे।

# अजादारों ने जंजीर से किया मातम

संवाददाता, अगवानपुर

**अमृत विचार :** रोजे आशूरा को कर्बला के मैदान में रसूल अल्लाह का भरा घर उजड़ गया। जिसकी याद में नगर में ताज़िए का जुलूस निकाला गया। जुलूस में भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान सुरक्षा में भारी पुलिस बल भी तैनात रहा।

बुधवार को नगर स्थित सभी इमामबाड़ों से ताज़िए बरामद किए गए, जिसमें अजादारों ने ज़ंजीर का मातम किया। इससे पहले नगर के इमामाबाड़ा पंजेतनी में मौलाना हाफ़िज़ मुअस्सिर अब्बास ने इमाम हुसैन की शहादत बयां की। जिसे सुन कर अजादारों में कोहराम बरपा हो गया और हाय हुसैन हाय हुसैन की सदाएं बुलंद हो गई। जिसके बाद जुलूस बरामद किया गया। जुलूस अपने कदीमी रास्तों से होकर कर्बला पहुंचा जहां अजादारों ने ज़ंजीर का मातम किया। इस दौरान पुलिस बल भी तैनात रहा। इस दौरान नैय्यर अब्बास, ज़ामिन नकवी, दानिश नकवी , शबी अब्बास, जॉन नकवी, अजीम नकवी, हैदर हसन, आदिल नकवी, मौलाना सैफ ज़ैदी, गुलजार रजा, एजाज हुसैन, नासिर हुसैन, जावेद नकवी, मो.अब्बास, राहिल नकवी, यासीन नकवी आदि मौजूद रहे।



जुलूस में मातम करते अजादार। ● अमृत विचार

**हाय हुसैन**

- इमाम हुसैन की शहादत पर निकाला गया जुलूस
- जुलूस के दौरान काफी संख्या में मौजूद रहा पुलिस बल




कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में छात्राओं को सेनेट्री पैड देती महिलाएं।

# छात्राओं को बांटे सेनेट्री पैड व जरूरत का सामान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जीवन एक यज्ञ संगठन द्वारा मंगलवार को कटघर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत संगठन द्वारा विद्यालय की 100 छात्राओं को सेनेट्री पैड व अन्य जरूरत का सामान वितरित किया।

उपाध्यक्ष कल्पना जैन ने बताया कि जीवन एक यज्ञ संगठन की नींव रिटायर्ड आईजी ओमप्रकाश सागर व उनकी पत्नी सरोज सागर ने रखी थी। मौजूदा समय में नूपूर सागर इस संगठन की फाउंडर व अध्यक्ष हैं। उन्होंने बताया कि संगठन जरूरतमंद परिवार और स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की मदद करता है। इस दौरान प्रधानाचार्या पूर्णिमा सिंह, डॉ. महजबी परवीन, स्वाति शर्मा, गीता सिंह समेत शिक्षिकाएं शामिल रहे।

**आदेश** | बीएसए समीक्षा बैठक में कार्रवाई का ब्यौरा भी उपलब्ध कराएंगे

# प्रार्थना सभाओं की फोटो की करेंगे समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सरकार शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को कर रही प्रयास

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग में नित नए-नए नियम बन रहे हैं। सरकार शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

कुछ दिन पहले ही महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने आदेश जारी किया था कि स्कूल में प्रार्थना सभा के दौरान प्रधानाचार्य और शिक्षक बच्चों के साथ सेल्फी लेकर रोजाना खंड शिक्षाधिकारी को सौंपेंगे। जिसमें अब महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने सभी एडी बेसिक और बीएसए को निर्देश जारी करके कहा कि वह प्रतिमाह होने वाली समीक्षा बैठक में इन बिंदुओं को शामिल करें। पता करें कि प्रत्येक परिषदीय स्कूलों की प्रार्थना सभाओं की फोटो, वहां के प्रधानाचार्य व शिक्षक भेज रहे हैं या नहीं। अगर ऐसा नहीं हो रहा है तो संबंधित प्रधानाचार्य और शिक्षकों पर कार्रवाई होनी चाहिए। साथ की क्या कार्रवाई की गई। इस बारे में भी पता करें।

महानिदेशक ने पत्र में साफ कहा कि मंडल, जनपद व ब्लॉक स्तर पर होने वाली गतिविधियों व कार्यक्रमों की समीक्षा करें। इस दौरान विद्यालय की प्रार्थना सभा में उपस्थित प्रधानाध्यापक, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बच्चों सहित प्रार्थना स्थल का प्रतिदिन लिए गए फोटोग्राफ को टैबलेट में सुरक्षित रखने की स्थिति तथा संख्यात्मक विवरण की जानकारी मांगी जाए।

### मासिक शिक्षक संकुल मीटिंग का किया बहिष्कार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जनपद के बिलारी ब्लॉक में बीआरसी केंद्र पर सभी 45 शिक्षक संकुलों ने एकत्र होकर ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में प्रस्तावित मासिक शिक्षक संकुल मीटिंग का बहिष्कार कर दिया। समस्त शिक्षक संकुलों ने ऑनलाइन उपस्थिति आदेश के निरस्त होने तक विद्यालय में शिक्षण कार्य के अतिरिक्त कोई भी अन्य कार्य न करने का संकल्प लिया। इस दौरान संकुल प्रभारी यतीश कुमार चंद्रा, अब्दुल अहद, सुलेमान अंसारी, जुल्फिकार हुसैन, इंद्रजीत, सुदेश कुमार, विजेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सिंह व शिक्षक संकुल अमित कुमार, भूपेंद्र सिंह, विनय कुमार, रवि यादव, अशोक कुमार, रामवीर सिंह, संतोष कुमार, नीरज कुमार शर्मा, संतोष कुमार शुक्ला, पुनीत चौधरी, हरि सिंह, अनस रजा अशोक कुमार, अरुण मोहन वर्मा, सरफराज, मोहसिन, अफरोज अली, मनुप्रताप, अर्चना रानी, पंकज कुमार समेत अन्य शिक्षक शामिल रहे।

### 31 जुलाई तक इग्नू में ले सकते हैं प्रवेश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के हिंदू कालेज में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के अध्ययन केंद्र पर चार नए विशेष कोर्स इसी सत्र से शुरू होने जा रहे हैं। एमबीए (एग्री बिजनेस) एमबीए (कंस्ट्रक्शन) एमबीए (लॉजिस्टिक एंड सप्लाई चेन) और एमबीए (हॉस्पिटल एंड हेल्थकेयर मैनेजमेंट) शुरू किया जाएगा। हिंदू कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर सत्यव्रत सिंह रावत ने बताया कि इग्नू ने इंडस्ट्रीज की बढ़ती जरूरतों के मद्देनजर इन पाठ्यक्रमों को मुरादाबाद में शुरू किया है।

# ग्राम पंचायतों में सफाई को मिले 94.80 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- किसी भी अनियमितता के लिए सीएमओ होंगे जिम्मेदार

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समितियों के लिए धनराशि मिल गई है। इस संबंध में मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने इसके खर्च में किसी अनियमितता के लिए जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी उत्तरदायी किए गए हैं।

जिले को कुल 94.80 लाख रुपये मिले हैं। यह धनराशि ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण समिति (वीएचएसएनसी) के तहत जिले को मिली है। ग्राम पंचायतों में समुदाय के निर्धन वर्ग, महिलाओं की जरूरतों और हितों एवं अपेक्षाओं के विषय में स्वास्थ्य कार्यक्रमों और योजनाओं की जानकारी देने एवं सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ही ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियां गठित हैं। यह समितियां ग्राम पंचायत में जरूरत के हिसाब से कार्ययोजना बनाकर गांव में गतिविधियां संचालित करती है। इन गतिविधियों के लिए ग्राम पंचायत की ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति के खाते में 10,000 रुपये की धनराशि दी जाती है। यह रुपये उन ग्राम पंचायतों को मिल रहे हैं, जिनकी जनसंख्या 2011 की जनगणना के आधार पर 500 से अधिक है। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि अनटाइड फंड की धनराशि सीधे ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के बैंक खाते में जाती है। इससे गांव में लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर गतिविधियां संचालित होती हैं।

## एक नजर

### चाकू और तमंचा के साथ गिरफ्तार, भेजा जेल

**कांठ, अमृत विचार :** थाना कांठ क्षेत्र में गस्त के दौरान अलग-अलग स्थानों से चाकू व तमंचा के आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। थाना पुलिस ने सहसपुर कांठ रोड से एक व्यक्ति को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए व्यक्ति ने अपना नाम नासिर पुत्र लतीफ निवासी ग्राम अकबरपुर चैदरी थाना कांठ बताया है। वहीं थाना पुलिस ने ग्राम अकबरपुर चैदरी-गढ़ी सलेमपुर तिराहे के निकट से एक व्यक्ति को 315 बोर के तमंचा एवं जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए व्यक्ति ने अपना नाम इस्लाम पुत्र कलुआ निवासी ग्राम गढ़ी थाना कांठ बताया है।

### जिगर कालोनी चौक पर चार घंटे बाधित रहेगी बिजली

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गुरुवार को डिवीजन दो में चार अलग-अलग स्थानों पर कार्य होने हैं। पीटीसी एसडीओ श्रीकांत वर्मा ने बताया कि डिप्टी गंज फीडर पर गुरुवार को रिकंडटिंग का काम सुबह 6 से 10 बजे के बीच होगा, जिसके चलते जिगर कालोनी चौक क्षेत्र में बिजली बाधित रहेगी। साथ ही गुरहटी फीडर पर सुबह 6 से 9 बजे के बीच केबल चार्जिंग का काम होगा। वहीं जिगर कालोनी के फीडर पर आरएमयू चार्जिंग वर्क दोपहर दो से चार बजे के बीच होगा, जिसकी वजह से चक्कर की मिलक में बिजली बाधित रहेगी। साथ ही पीटीसी के फीडर चार पर आरएमयू चार्जिंग कार्य सुबह 8 .30 से 10 .30 बजे तक होगा। इस कारण फोनिक्स हास्पिटल, मानसरोवर स्कूल नवीन नगर में बिजली बाधित रहेगी।

### जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल और मंडल प्रभारी रणवीर सिंह का स्वागत किया गया। मुरादाबाद के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शशिकांत राही के आवास पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान संजय शर्मा, रमेश चंद्र मोर्चा, शीतल चौधरी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष, रुद्राक्ष गौड़, रनवीर सिंह, सौरभ चौधरी, योगेंद्र सिंह कपिल, महेश कुमार, अभिषेक मित्तल, मोहन कुमार, कुमार देव, दिनेश आदि मौजूद रहे।

### शिवसेना ने किया समर्थन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शिवसेना कार्यकर्ताओं ने नगर निगम की टैक्स वसूली को लेकर चिकित्सकों द्वारा उठाए गए मुद्दे का समर्थन किया है। जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि टैक्स के मुद्दे पर हम चिकित्सकों के साथ हैं अगर जरूरत पड़ी तो शिवसैनिक इस मामले को लेकर सड़क पर उतरेंगे।

# गमगीन माहौल में आशूर का मुख्य मातमी जुलूस निकला

## अलम व मातम करके नबी के घरवालों को दिया पुरसा, हाय हुसैन, हाय अब्बास की गूंजी सदाएं, किया मातम

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** बुधवार दस मोहर्रम को आशूर का शिया व अहले सुन्नत ने सयुंक्त रूप से ताजिए व अलम मुबारक का मुख्य मातमी जुलूस निकाला। जिसमें हजरत इमाम हुसैन और शोहदा ए कर्बला की शहादत का पुरसा नबी और हजरत अबुतालिब के परिवार को पेश किया। जुलूस के दौरान शिया युवकों ने जंजीर का मातम करके स्वयं को लहूलुहान कर लिया।

नगर में दोपहर में नवासा ए रसूल हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत के गम में शिया समुदाय के इमामबाड़ों व अजाखानों से, आज शब्बीर पर क्या आलमे तन्हाई है मार लो प्यासे को इसका न अब कोई भतीजा न भाई है, मरसीए के साथ शुरू हुआ तथा मरहूम सय्यद साबिर हुसैन रिज़वी के अजाखाने से हजरत इमाम हुसैन का शबीहे जुलजिन्हा ( घोड़ा ) बरामद हुआ तो आजादारों की आँखे नम हो गईं। जुलूस में अलम मुबारक व ताजिए भी शामिल रहे। जुलूस में शामिल जुलजिन्हा सुरेंद्र भूषण के फाटक पर प्रशासन द्वारा लगाई गईं बल्ली से वापस होकर मरहूम सय्यद जकीर अहमद रिज़वी के महिलाओं के अजाखाने में पहुंचा तो महिलाओं की आंखों में हजरत इमाम हुसैन की शहादत के बाद खाली जुलजिन्हा वापस आने का मंजर समा गया। जिससे महिलाओं में हाय हुसैन हाय अब्बास हाय प्यास की सदाएं बुलंद हो गईं।

मुख्य मातमी जुलूस अलम मुबारक व ताजिए के साथ कर्बला की तरफ रवाना हो गया। इस दौरान सय्यद अजहर अब्बास नकवी, सय्यद काशिफ अब्बास काजमी, सय्यद एजाज हाशिम नकवी, मौलाना सय्यद शादाब रिज़वी, सय्यद शानदार रज़ा तकवी आदि ने हजरत इमाम हुसैन व शोहदा ए क़र्बला के जीवन व शहादत पर प्रकाश डाला। सय्यद रईस अब्बास रिज़वी, सय्यद गुलाम मेहंदी रिज़वी, सय्यद रज़ा हसनैन काजमी, सय्यद आरिफ रज़ा काजमी, सय्यद शहजी अब्बास काजमी, सय्यद हैदर अब्बास काजमी, सय्यद फैज अब्बास रिज़वी, सय्यद नज़र हुसैन रिज़वी, सय्यद अजहर अब्बास रिज़वी, सय्यद फैसल अब्बास रिज़वी, सय्यद गुलाम हैदर रिज़वी गुड्डडी ने नोहेख्वानी की।


जुलूस में जंजीरों से मातम करते शिया युवक। ● अमृत विचार


कांठ में सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते अधिकारी। ● अमृत विचार

जुलूस के दौरान शिया समुदाय के युवकों ने जंजीर का मातम करके स्वयं को लहूलुहान करके खीराजे अक़ीदत पेश की।

उधर, अहले सुन्नत का अलम मुबारक व ताजिए का जुलूस नगर के स्टेशन स्थित सदर इमामबाड़े से शुरू हुआ। जुलूस में अलम मुबारक व ताजिए ढोल शामिल रहे। जुलूस के दौरान अहले सुन्नत युवक शहादत नामे पढ़कर खीराजे अक़ीदत पेश कर रहे थे। जुलूस नगर के मुख्य बज़ार से होता हुआ सुरेन्द्र भूषण के फाटक पर पहुंचा और वहां से शिया समुदाय का जुलूस आगे और पीछे अहले सुन्नत का जुलूस चल रहा था। देर शाम नगर के अलावा ग्रामीण इलाके के अलम मुबारक व ताजिए नगर स्थित कर्बला पहुंचकर दफन किए गए। इसके अलावा ग्राम जलालपुर, थाना मैनाठेर के ग्राम जाफरपुर व महमूदपुर माफी की कर्बला पर ताजिए दफन किए गए। सुरक्षा के लिहाज से सीओ राजेश कुमार तिवारी व थाना प्रभारी निरीक्षक कुंदरकी आरके शर्मा व थाना मैनाठेर प्रभारी निरीक्षक किरनपाल सिंह अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। इसके अलावा पीएसी के जवान भी तैनात रहे।

### पुलिस की कड़ी सुरक्षा में निकले मोहर्रम के जुलूस

**कांठ, अमृत विचार :** मोहर्रम पर्व पर नगर में अंसारी बिरादरी एवं हलवाई बिरादरी के बीच दुलदुल बुर्राक एवं घोड़े का रोमांचक मुकाबला हुआ। छजलैट सहित क्षेत्र में 15 स्थानों पर ताजियों के जुलूस पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में निकाले गए। क्षेत्र में कांठ के प्रसिद्ध मोहर्रम को देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग मछली बाजार में एकत्र हुए। अंसारी बिरादरी का जुलूस मोहल्ला पृथ्वीगंज से एवं हलवाई बिरादरी का जुलूस मोहल्ला सुनहरी मस्जिद से शुरू होकर अपने निर्धारित मार्गों से होते हुए मछली बाजार पहुंचा। जुलूस में सबसे आगे अखाड़ा था। उसके बाद मातम जुलूस में कलाकारों ने हैरतअंगेज प्रदर्शन किया। उसके उपरांत देर शाम दोनों पक्षों के घोड़े एवं दुलदुल बुर्राक मुकाबले के लिए पहुंच गए। दोनों बिरादरी के खलीफाओं की मौजूदगी में घोड़ों और दुलदुल बुर्राक ने अपने प्रदर्शन से लोगों को हैरत में डाल दिया। जुलूस में दोनों पक्षों के ताजिए सम्मिलित थे। भीषण गर्मी में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। ऊमरी कलां नगर पंचायत, ग्राम हरि नूरपुर, गढ़ी, पैगंबरपुर, मुजफ्फरपुर टांडा, महादूत कलमी, खलीलपुर कद्दीम, छजलैट, भीखनपुर, कुरी रवाना, जोहर चेतरामपुर आदि ग्रामों सहित क्षेत्र में 15 स्थानों पर ताजियों के जुलूस निकाले गए। सुरक्षा की दृष्टि से एसडीएम विनय कुमार सिंह, सीओ अपेक्षा निम्बाडिया, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह, कांठ चौकी इंचार्ज यशवीर सिंह, थानाध्यक्ष छजलैट लखपत सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ कांठ एवं छजलैट क्षेत्रों का भ्रमण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### बालिका से दुष्कर्म मामले में रिपोर्ट दर्ज, आरोपी फरार

**डिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव में सात वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म मामले में पुलिस ने तहरीर पर आरोपी शाने के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी अभी फरार है। जिसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

गौरतलब है कि घटना सोमवार सुबह की है। जब बालिका स्कूल से छुट्टी होने पर घर को जा रही थी। तभी गांव निवासी पड़ोसी युवक शाने ने उसे बहाने से बुलाकर मकान के ऊपर बने टीनशेड में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। बाद में बालिका के बेहोश होने पर उसे छोड़कर फरार हो गया। काफी देर तक बच्ची के न आने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। तो वह पड़ोसी की छत पर बेहोशी की हालत में मिली। होश आने पर उसने अपने साथ हुई वारदात की जानकारी दी। वहीं हालत बिगड़ने पर बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं बच्ची के परिजनों ने थाना डिलारी पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी डिलारी प्रदीप सहरावत ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस दबिश दे रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी के घर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई प्रशासन द्वारा की जा रही है। जिसके लिए हल्का लेखपाल ने आरोपी के मकान का मुआयना भी किया है।

# इमाम हुसैन की याद में ताजिए निकालकर किया मातम

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नवासा-ए-रसूल इमाम हुसैन की शहादत पर जहां ताजिया निकालकर याद किया गया, वहीं ढोल ताशे बजाकर मातम कर गम का भी इजहार किया गया। जगह-जगह शहीदाने-कर्बला की याद में लंगर और सबील लगाकर शर्बत भी तकसीम किया गया। देर शाम ताजियों को कर्बला में दफन कर दिया गया।

इस्लामिक माह मोहर्रम की बुधवार को दस तारीख थी। इसी दिन कर्बला के मैदान में यजीद की फौज ने पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन समेत 72 सदस्यों को शहीद कर दिया था। मोहर्रम की एक से दस तारीख तक हजरत इमाम हुसैन के परिवार के बच्चों और बुजुर्गों पर जुल्म-ओ-सितम किया गया। लेकिन याजीद के सामने इमाम हुसैन झुके नहीं और शहादत कबूल कर ली। इस्लाम की खातिर इमाम हुसैन की शहादत को याद कर तमाम मुसलमान हर साल मुहर्रम की दस तारीख को ताजियादारी और मातम कर गम का इजहार करते हैं। बुधवार को नगर के तमाम ही मोहल्लों से ताजियों का जुलूस निकाला गया। इसमें जहां ताजियों में कर्बला की शहादत की झलक दिखाई दी, वहीं बच्चों ने कर्बला का मंजर बयान किया। जिस पर युवाओं ने ढोल ताशे बजाकर मातम किया। जगह-जगह जुलूस में लोगों ने अखाड़े भी सजाए। इसमें हाजी मुख्तार सैफी, हाजी याकूब कुरेशी, इस्लाम कुरेशी, सादिक सिद्दीकि, हाजी सिद्दीकुल अंसारी, कमरुद्दीन आदि थे। नगर के साथ ही कमालपुरी से ताजियों का जुलूस देर शाम मुख्य बाजार पहुंचा। जहां पर सोगवारों ने मातम किया। साथ ही ग्राम गोपीवाला में ताजियों का जुलूस निकालकर मातम किया गया। दूसरी तरफ ताजिएदारों ने फरीद नगर, राजूपुर पानूवाला, राघूवाला में भी ताजियों को जुलूस निकालकर मातम किया। लोगों ने इमाम हुसैन के नाम का लंगर तकसीम किया तो सबीलें लगाकर शर्बत भी पिलाया।


ठाकुरद्वारा मुख्य बाजार में ताजियों के जुलूस में अखाड़ा खेलते ताजिएदार। ● अमृत विचार

### चारों तरफ या हुसैन की सदाओं की रही गूंज

**डिलारी, अमृत विचार :** बुधवार को मोहर्रम को लेकर ताजिए कर्बला तक शांतिपूर्वक पहुंचाएं गए। सरकार की गाइडलाइन के अनुसार ही निर्धारित ऊंचाई तक ताजिए बनाए गए। इस दौरान नारा ए तकबीर या हुसैन की सदाओं के साथ जुलूस निकाला गया। अकीकतमंदो ने शिविर लगाकर शर्बत पिलाया। क्षेत्र के ढकिया, कस्बा डिलारी, अकबरपुर, काजीपुरा, आलियाबाद, मलकपुर, सिहाली, सलीम सराय, राजपुर आदि में ताजिए कर्बला तक ले जाए गए।

## सार-संक्षेप


मिश्रीपुर गांव में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अरविंद चौधरी व अन्य।

### हनुमान चालीसा प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत

**कांठ, अमृत विचार :** ग्राम मिश्रीपुर स्थित शिव पार्वती मंदिर पर श्रीहनुमान चालीसा के पाठ की प्रतियोगिता हुई। जिसमें विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। संस्था के संस्थापक अरविंद चौधरी ( गुरुजी ) ने बताया कि ग्रामीणों के अनुरोध पर मंगलवार को प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में बच्चों व बुजुर्गों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को सम्मान के रूप में पुरस्कार धनराशि दी गई। इस मौके पर ग्राम के कमल सैनी, मंगल सैनी, अवनीश सैनी, राकेश प्रधान, योगेश्वर सैनी, राजवीर बिश्नोई, महेश कुमार, विपिन चौधरी, सौरभ बिश्नोई, विकास शर्मा, पारस सिंह, अंकुल यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

### रेलवे क्रॉसिंग के पास हुए गड्ढों से हादसों का खतरा

**कांठ, अमृत विचार :** नगर में रेल क्रॉसिंग 432/बी के पास सड़क में गहरे गड्ढे होने से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इन गड्ढों में जहां ई रिक्शा पलट रहे हैं तो वहीं बड़े वाहनों का भी पलटने का अंदेशा बना हुआ है। मुरादाबाद-हरिद्वार मुख्य हाईवे पर रेल क्रॉसिंग 432/बी पड़ता है। इस मार्ग पर पूरा दिन वाहनों का आवागमन रहता है। जिसके कारण क्रॉसिंग के दोनों ओर सड़क मार्ग में काफी गहरे-गहरे गड्ढे हो गए हैं। कई जगह सड़क कटने के कारण इन गड्ढों में ई-रिक्शा पलट रहे हैं। वहीं साइकिल सवारों व अन्य वाहन चालकों को भी गुजरने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर अधिकारी कांवड़ बेड़ों को लेकर सड़क के गड्ढे भरने का दावा कर रहे हैं। दूसरी ओर मार्ग के गड्ढे अधिकारियों के इन दावों की पोल खोल रहे हैं। यदि जल्द ही इन गहरे गड्ढों को नहीं भरवाया गया तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं दूसरी ओर रेल क्रॉसिंग 433/बी पर भी सड़कों में गड्ढों का यही हाल है। इसके अलावा नगर में थाना चौराहा के सामने, पुराना बस स्टैंड, गाँधी आश्रम चौराहा एवं मुरादाबाद-हरिद्वार मार्ग में भी गड्ढे वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन रहे हैं।

### बाइकों की टक्कर में दो महिलाओं सहित तीन घायल

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दो महिलाओं सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जनपद बिजनौर के थाना स्योहारा क्षेत्र के गांव के किवाड़ निवासी नफीस अहमद का पुत्र शाहनवाज एवं जुबेर ऊमरी कलां में मोहल्ला ठेकेदार में किराए पर रहकर आम का कारोबार करते हैं। बुधवार शाम को जुबेर पुत्र नफीस अपनी भाभी फरहीन एवं अपनी पत्नी को बाइक पर बैठकर घर जा रहा था। तभी सामने से ऊमरी कलां का ही एक व्यक्ति बाइक लेकर आ रहा था। दोनों बाइकों में आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक पर सवार फरहीन व जुबेर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पीआरबी पुलिस ने उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में भर्ती कराया है।

# मदरसा प्रबंधक से रंगदारी मांगने का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, भगतपुर

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम चांदपुर गढ़ी स्थित एक मदरसे के संचालक से ब्लैकमेल कर रंगदारी मांगने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में 13 जुलाई को तीन नामजद व एक अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

थाना भगतपुर क्षेत्र के ग्राम चांदपुर गढ़ी स्थित एक मदरसे के प्रबंधक सूफी जहीर आलम ने शाहजहांपुर जनपद के एक गांव निवासी मसउदुल हसन व उसकी पत्नी सहित चार आरोपियों के विरुद्ध ब्लैकमेल कर रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़ित के अनुसार उनके मदरसे में मसउदुल हसन शिक्षा हासिल करता था। जिसे बाद में मदरसे में कुछ जिम्मेदारियां सौंप दी गई थीं। जहीर आलम का आरोप है कि मदरसे में गुटबाजी करने एवं अन्य आरोपों के बाद उसे मदरसे से निकाल दिए गया था, जिसके बाद से आरोपी उनसे रंजिश रखने लगा था। आरोप है कि इसके बाद मसउदुल हसन ने अपनी पत्नी व दो अन्य लोगों के साथ मिलकर उनके खिलाफ साजिशें रचनी शुरू कर दीं। उनके भतीजे कमर आलम के नंबर पर कुछ नंबरों से फोटो व वीडियो डालकर रंगदारी की मांग की गई। इस पर पीड़ित ने पुलिस को आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने बुधवार को आरोपी मसउदुल हसन को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

### नहर में पानी नहीं आने से किसान परेशान

**छजलैट, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में कुछ इलाका ऐसा है जहां पर वर्षा कम होने के कारण अभी तक धान की फसल नहीं लग पाई है। नहर में पानी नहीं आने के कारण किसान परेशान हैं। उन्होंने धान लगाने के लिए नहर में पानी छोड़ने की मांग की है।

तहसील क्षेत्र में हजारों एकड़ भूमि में नहर द्वारा सिंचाई की जाती है जिससे नहर के आसपास खेत खाली पड़े हुए हैं। पानी नहीं होने के कारण किसान काफी परेशान हैं। क्योंकि खेतों में कम पानी हो जाने के कारण धान की फसल नहीं लग पा रही है। नगर के मोहल्ला पट्टीवाला निवासी राजवीर सिंह ने बताया कि वर्षा तो हुई थी, लेकिन खेत तैयार करने में समय लग गया। इसके कारण खेत में पानी नहीं रहा। जिससे धान की फसल बोने में परेशानी हो रही है।

# बंदरों की दहशत, परेशान लोगों ने नगर पंचायत में की शिकायत

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** बंदरों की दहशत से लोग परेशान हैं। नगर पंचायत प्रशासन से लोग बार-बार लोग बंदरों से छुटकारा दिलाने की मांग करते रहे हैं, लेकिन समाधान नहीं हो रहा है।

कस्बे में निरंतर बढ़ रही बंदरों की संख्या के कारण लोग घरों में कैद होने को मजबूर हो गए हैं। बंदरों से बचने के लिए लोग हजारों रुपये खर्च करके लोहे के जाल लगवा रहे हैं। बंदर हर रोज कहीं न कहीं बच्चों, बुजुर्गों, राहगीरों व महिलाओं को काट रहे हैं। लोगों का कहना है कि नगर पंचायत प्रशासन को चाहिए कि वह बंदरों को पकड़वा कर इनसे छुटकारा दिलाए। आलम यह है कि लोगों ने बंदरों के चलते घरों पर जाल तक लगवा रखे हैं। दूसरी ओर शहर के विभिन्न वार्डों में बंदर झुंड बनाकर घूमते हैं जो मौका मिलते ही लोगों पर हमला कर देते हैं। पिछले दो साल में बंदर 40 से अधिक लोगों को घायल कर चुके हैं। बंदरों के डर से छत से नीचे गिरने पर कई मासूम अपनी जान से हाथ धो चुके हैं।


बीच सड़क पर बैठा बंदरों का झुंड। ● अमृत विचार

परेशानी — ठाकुरद्वारा-शरीफनगर स्योहारा हाईवे की नहीं सुधरी हालात

# पथरीले मार्गों से गुजरेंगे शिवभक्त

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा-शरीफ नगर स्योहारा हाईवे पर जगह-जगह गहरे गड्ढे व जर्जर सड़क है। जो सावन में गंगाजल लाने वाले शिवभक्त कांवड़ियों के धेर्य की परीक्षा लेंगे। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि शिकायत के बाद भी संबंधित अधिकारियों ने इस पर संज्ञान नहीं लिया है। जिससे लोगों में रोष व्याप्त है।

नगर में मुरादाबाद रोड स्थित प्राचीन शिवमढ़ी मंदिर से तिकोनिया पार्क तक व तिकोनिया पार्क से कदीर तिराहा कमलापुरी चौराहा और शरीफ नगर सूरज नगर हाईवे पर बारिश के कारण जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। स्थिति यह है कि कई स्थानों पर मार्ग उखड़ जाने के कारण पथरीला हो गया है। क्षेत्र के भोले के भक्त हरिद्वार से कांवड़ में गंगाजल लेकर इसी मार्ग से होते हुए जलाभिषेक करने के लिए शिवालयों को पहुंचेंगे। बारिश में इन जर्जर मार्गों की क्या हालत होगी इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। लोगों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी लोक निर्माण विभाग द्वारा इन मार्गों को अभी तक ठीक नहीं कराया गया है। क्षेत्रवासियों ने संबंधित अधिकारियों से मार्ग को जल्द दुरुस्त करने की मांग की है।


ठाकुरद्वारा-शरीफ नगर मार्ग पर रखतूपुरा मोड़ पर जर्जर मार्ग। ● अमृत विचार

# डायट में किया गया पौधरोपण

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** धर्म सिंह जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ( डायट ) कांठ में पौधरोपण किया जा रहा है। पौधरोपण अभियान की शुरुआत डायट प्राचार्य द्वारा की गई थी।

प्राचार्य बुद्धप्रिय सिंह का कहना है कि मेरा लक्ष्य डायट को हरा भरा करना है। वहीं डीएलएड के प्रशिक्षुओं ने मंगलवार को संस्थान के सोशल साइंस के प्रवक्ता डॉ अनिल कुमार यादव के नेतृत्व में पौधे लगाए। जिसमें अनेक प्रजाति के पौधे शामिल थे।

इस दौरान आशुतोष त्यागी, डॉ. सुनील कुमार प्रशिक्षुओं में निधि चौहान, इरम सैफी, मोनिका, शरद बिश्नोई, चित्रा भारती, मोहित कुमार सागर, शिवम कुमार, प्रियांशी पाठक, विधि बिंदेश्वर प्रजापति, गुड्डू सागर, इमरान, व्योमा बिश्नोई, आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।


पौधरोपण करते शिक्षक व छात्राएं। ● अमृत विचार

# छह घंटे की देरी से पहुंची भागलपुर अमरनाथ और कटरा स्पेशल ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** एक बार फिर से ट्रेनों का बिगड़ने संचालन ने यात्रियों का सफर दुश्वारियों भरा कर दिया है। कुछ दिन सही समय पर चलने के बाद ट्रेनों फिर से देरी से पहुंचने लगी है। जिससे यात्री परेशान हो रहे है। बुधवार को मुरादाबाद में कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच सकी।

पिछले दो महीने पहले किसानों के आंदोलन के चलते ट्रेनों का संचालन बिगड़ गया था। जिसके कारण मुरादाबाद में 10 से ज्यादा ट्रेनें प्रतिदिन अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच पा रही थी। इतना ही नहीं कुछ ट्रेनें तो 10 से 20 घंटों की देरी से पहुंच रही थी। जिसके कारण यात्री सफर के ज्यादा समय रेलवे स्टेशन पर ही गुजार रहे थे। बीच में ट्रेनों का संचालन पटरी पर आ गया था। ट्रेनों का संचालन सुधरने से यात्रियों ने राहत की सांस ली थी। लेकिन, एक बार फिर से ट्रेनों का संचालन बिगड़ने लगा है। बुधवार को मुरादाबाद में भागलपुर अमरनाथ एक्सप्रेस व कटरा स्पेशल समेत कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच सकी।

| ट्रेन संख्या | नाम | कितनी देरी से पहुंची |
|---|---|---|
| 04654 | न्यू जलपाई गुड़ी क्लोन | एक घंटा 29 मिनट |
| 15095 | भागलपुर अमरनाथ एक्सप्रेस | छह घंटे 42 मिनट |
| 04679 | एसएमवीडी कटरा स्पेशल | छह घंटे 15 मिनट |
| 04494 | गोरखपुर समर स्पेशल | एक घंटा 33 मिनट |
| 13152 | कोलकाता एक्सप्रेस | एक घंटा दो मिनट |
| 12331 | हिमगिरी एक्सप्रेस | एक घंटा 46 मिनट |
| 04360 | ऋषिकेश-चंदौसी पेसेंजर | एक घंटा आठ मिनट |



## एक नजर

### शामे गरीबां में हुआ खेमे हुसैनी जलाने का जिक्र

**रामपुर, अमृत विचार :** 10वीं मोहर्रम की देर शाम कर्बला और इमामबाड़ों में शामे गरीबां की मजिलसें हुईं। कर्बला में हुई शामे गरीबां की मजलिस में मौलाना डॉ. नैयर जलालपुरी ने कहा कि कर्बला के मैदान में हजरत इमाम हुसैन को शहीद करने के बाद यजीद की फौज ने इमाम हुसैन के खेमों को आग लगा दी। खेमों में आग लगने पर बच्चे कभी इस खेमे में पहुंचते तो कभी उस खेमे में पहुंचते। इमाम हुसैन की चार साल की बेटी सकीना के कुर्ते में आग लग गई। यजीद के फौज के एक सिपाही ने मासूम के कानों में पहनी सोने की बालियों को नोच लिया। बच्ची के कानों से खून बहने लगा। इमाम हुसैन की बहन जैनब बीमार इमाम हजरत जैनुल आबेदीन को जलते खेमे से बाहर लेकर आईं। यजीद की फौज ने सारा माल लूट लिया। यह सुनकर अजादार जार जार रोते रहे।

### इमामबाड़ा खासबाग से कल निकलेगा जुलजनाह

**रामपुर, अमृत विचार :** इमामबाड़ा खासबाग से 12वीं मोहर्रम को अपराह्न 2 :30 बजे जुलजनाह का जुलूस निकलेगा। जुलजनाह के जुलूस में स्थानीय अंजुमने नोहाख्वानी और मातम करेंगी। जुलूस राहे जुल्फिकार, हाईवे, सीआरपीएफ होते हुए आगापुर स्थित कर्बला पहुंचेगा। 12 मोहर्रम को शहीदाने कर्बला का सोयम होगा और तमाम इमामबाड़ों में मजलिस मातम होगा। इमामबाड़ों में मजलिस मातम कर बीबी फातिमा को उनके लाल इमाम हुसैन का पुरसा दिया जाएगा। इमाम हुसैन को उनके 71 साथियों समेत यजीद की फौज ने कर्बला के मैदान में दस मोहर्रम को शहीद कर दिया।

### कर्बला में ताजियों का लोगों ने किया दीदार

**स्वार, अमृत विचार :** क्षेत्र में ताजियों को कर्बला ले जाया गया। जहां लोगों ने ताजियों का दीदार किया। इस दौरान मेले में बच्चों ने पकौड़ी व झूले का आनंद लिया। बुधवार सुबह ताजियों के जुलूस को लेकर पुलिस अलर्ट रही। गांव नरपतनगर, बूढ़ी दढ़ियाल, समोदिया, धनपुर शाहदरा, सोनकपुर, रसूलपुर, मिलक काजी और मिलकखानम के ताजिये कर्बला पहुंचे। सुरक्षा की दृष्टि से एसडीएम अमन देओल, सीओ अतुल कुमार पांडेय, तहसीलदार आकाश संत, कोतवाल संदीप त्यागी समेत काफी पुलिस बल मौजूद रहा।


मोम का ताजिया लेकर जाते अजादार। ● अमृत विचार


जरीह के जुलूस में नोहाख्वानी करते लोग। ● अमृत विचार


कर्बला में छुरियों का मातम करते अजादार। ● अमृत विचार

# इमाम हुसैन की याद में डूबे अजादार, जुलूस में किया मातम

## इमामबाड़ों में दिनभर चला मजलिस और मातम का सिलसिला, इमामबाड़ा खासबाग से निकला जरीह का जुलूस, कर्बला में दफन किए गए ताजिये

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले में बुधवार को 10वीं मोहर्रम पर ताजियों के जुलूस बरामद हुए। इस दौरान अजादारों ने छुरियों का मातम किया। दिनभर मजलिस और मातम का सिलसिला चलता रहा। इमामबाड़ा खासबाग से जरीह का जुलूस निकाला गया। यह जुलूस सीआरपीएफ होते हुए आगापुर स्थित कर्बला पहुंचा। जरीह के जुलूस को पुलिस के जवानों ने सलामी दी। जुलूस में अंजुमनों ने नोहाख्वानी की। इससे पहले इमामबाड़ा खासबाग में मौलाना डॉ. अब्बास रजा नैयर ने मजलिस को खिताब किया। इमाबाड़ा खासबाग जनाना में शबीहे ताबूत निकला और मजलिस हुई। शाम को कर्बला में शामे गरीबा की मजलिस हुई। हजरत इमाम हुसैन के गम में बाजार बंद रहे। देर शाम ताजियों को कर्बलाओं में दफन कर दिया गया या इमामबाड़ों में रख दिया।

नवासा-ए-रसूल शहीदे कर्बला हजरत इमाम हुसैन को 10 अक्तूबर 680 ई. को यजीद की फौज ने शहीद कर दिया था। इमामबाड़ा खासबाग में बुधवार सुबह आठ बजे हुई मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना डॉ. अब्बास रजा नैयर ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने इंसानियत को बचाने के लिए अपनी और अपने 71 साथियों की कुर्बानी कर्बला के मैदान में दी। यजीद की फौज ने सात मोहर्रम से इमाम हुसैन और उनके साथियों के लिए पानी बंद कर दिया था। नहरे फरात पर यजीद की फौज के सिपहसालार इब्नेजाद ने पहरा लगा दिया था। अस्र की नमाज के वक्त शिम्र ने कुंद खंजर से हजरत इमाम हुसैन के सिर को उनके तन से जुदा कर दिया। इसके बाद उनकी लाश पर यजीद की फौज ने घोड़े दौड़ाए। इससे पहले इमाम हुसैन को तीर, तलवार और भालों से बेशुमार जख्म दिए गए। कर्बला के मैदान में हजरत इमाम हुसैन के छह माह के अली असगर के गले पर यजीद के फौज के तीरंदाज हुरमुला ने त्रिफला तीर चलाकर शहीद कर दिया। इमाम हुसैन बच्चे को मैदान-ए-जंग में लेकर आए थे कि यह बच्चा तीन दिन से प्यासा है इसे पानी पिला दो। इससे पहले हुसैनी लश्कर के सिपहसालार सक्काए सकीना फातेहे फरात हजरत अब्बास अलमदार के दोनों बाजू काटकर शहीद कर दिया गया। हजरत इमाम हुसैन के 18 साल के कड़ियल जवान हजरत अली अकबर के सीने में बरछी मारकर शहीद कर दिया गया। हजरत इमाम हुसैन के दो भांजों औनो मोहम्मद को कर्बला के मैदान में शहीद किया गया। यजीद की फौज को छोड़कर आए हुर और उनके बेटों को शहीद किया गया। शहीदाने कर्बला की शहादत सुनकर अजादार जार जार रोए। इसके बाद इमामबाड़ा खासबाग से जरीह का जुलूस बरामद हुआ। जरीह के जुलूस में इमामबाड़ा खासबाग पर पूर्व सांसद बेगम नूरबानो, नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां, बेगम शाह बानो समेत अन्य अजादार शामिल हुए। जरीह के जुलूस में आगे नन्हे-मुन्ने अजादार अलम थामे चल रहे थे। उनके पीछे मातम करते अजादार चल रहे थे। जरीह का जुलूस राहे जुल्फिकार, हाईवे, रेलवे क्रासिंग, सीआरपीएफ होता हुआ आगापुर स्थित कर्बला पहुंचा। जुलूस में असलम महमूद और इफ्तेखार महमूद ने यह नोहा पढ़ा- सुगरा मदीना लुट गया, बाबा तेरा मारा गया, सुगरा मदीना लुट गया। जुलूस के पक्की कर्बला में पहुंचने पर अजादारों ने छुरियों का मातम किया। इस दौरान या हुसैन या अली मौला की सदाएं फिजा में गूंज उठीं। जरीह को पक्की कर्बला में नम आंखों के बीच सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। इस मौके पर सैयद मुर्तजा अली जैदी, वसीम हैदर जैदी, सलीम हैदर जैदी, अली हैदर जैदी, शान जैदी, बिट्टन जैदी, अब्बास, मिर्जा मुज्तबा बेग, मिर्जा तकी बेग, अकबर रिजवी,सैयद मोहम्मद अली जैदी , मसूद जैदी, जौजी जैदी, लकी जैदी, हनी जैदी, मंसूर हुसैन अब्बास हैदर, जौहर सैफी, हैदर, समेत काफी तादाद में अजादार मौजूद रहे।


दढ़ियाल में ताजिये के जुलूस में शामिल भीड़। ● अमृत विचार

### ताजियों के जुलूस में गूंजीं या हुसैन की सदाएं

**दढ़ियाल, अमृत विचार :** 10 मोहर्रम को इमामबाडे.से इमाम हुसैन की याद में ताजियों का जुलूस निकाला गया। इसमें शामिल ताजियेदार नंगे पैर सिर पर हरा रुमाल, जुबां पर या हुसैन या हुसैन की सदाएं और नारे तकबीर, अल्लाह हो अकबर, नबी का दामन नहीं छोड़ेंगे के नारे फिजा बुलंद किए। बुधवार सुबह 11 बजे नगर के इमामबाड़े से ताजियों का जुलूस निकाला गया। जुलूस नगर के मोहल्ला तकिया, बाजार, होली चौक, पुलिस चौकी, ढाई से होते हुए मोहल्ला बाहर वाला में पहुंचा। जहां ताजिये को बड़ा रूप दिया गया। जौहर की नमाज के बाद जुलूस में हजारों अकीदतमंद शामिल हुए। जुलूस कर्बला की ओर लेकर रवाना हुए। जुलूस में लंगर और शीरनी बांटी गई। मेले में बच्चों ने खिलौने खरीदे। महिलाओं ने घरेलू सामान की खरीदारी की। झूलों का युवाओं ने लुत्फ लिया। देर शाम तक नगर सहित क्षेत्र के ताजिए कर्बला में नहीं पहुंचे थे। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस फोर्स मुस्तैद रहा। इस दौरान इस्लाम हुसैन, शमसुद्दीन, हबीब अंसारी, अकबर अली, कबीर अंसारी, इकराम अंसारी, जाकिर हुसैन, शाकिर अली, जब्बार अली, अकरम अली, मोहम्मद शकील नूरी, सखाबत अली शामिल रहे।

### इमामबाड़ों से कर्बला पहुंचे ताजिये

अकीदतमंद इमामबाड़ों से सुबह से ताजिए लेकर कर्बला पहुंचे और कच्ची कर्बला में ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया। शहर से मोम का ताजिया कर्बला पहुंचा। मोम का ताजिया इमामबाड़ा खासबाग से निकले मुख्य जुलूस में शामिल हो गया। मोम का ताजिया इतना प्रसिद्ध है कि शहर के इस मोहल्ले का नाम ही मोम का ताजिया हो गया है। जनाना इमामबाड़ा कोठी खासबाग में हुई मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना अहमद एहसान काजमी ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत बयान की। कर्बला में हजरत इमाम हुसैन की शहादत का जिक्र सुनकर अजादार रोने लगे। इसके बाद ताबूत और अली असगर का झूला निकला और हसन मेहंदी, वफा अकबर और असलम मोहम्मद ने नोहाख्वानी की। इससे पहले मिर्जा तकी अब्बास ने सोजख्वानी की। इस मौके पर नदीम अकबर, राशिद एजाज, सैयद अली जैदी, मिन्हाल अकबर, कमल रिजवी, इरफान जैदी, दानिश, फरमान अली, राजा आदि मौजूद रहे।


मिलक क्षेत्र के लोहा गांव में ताजिये के जुलूस में ढोल बजाते लोग। ● अमृत विचार

# यौमे आशूर को निकाले ताजियों के जुलूस

संवाददाता, मिलक/भोट

**अमृत विचार :** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में ताजियों के जुलूस निकाले गए। बुधवार दोपहर तीन बजे से नगर के नसीराबाद रौरा खुर्द, रौरा कला और ग्रामीण क्षेत्र के गांव जालिफ नगला, नयागांव, इस्लामनगर, क्योरार, धनेली पूर्वी, निस्वी, भैसोड़ी, बेहटा, सिर्रा, धर्मपुरा में ताजियों के जुलूस शुरू होकर नगर के दरगाह हजरत नन्हे शाह बाबा पर आकर एकत्र हुए। नगर में हुसैन वेलफेयर सोसाइटी व विभिन्न संगठनों ने शर्बत और लंगर तकसीम किए।

इस मौके पर पूर्व सभासद इकरार हुसैन, हाजी सईदुल रहमान, हाजी मुस्तकीम, हाजी अशरफ, सभासद रेहान, सलीम मलिक, मोहम्मद असलम, जमील कादरी, मोहम्मद अहमद कादरी, जीशान राजा खान, जाकिर हुसैन, असगर अली आदि मौजूद रहे। खाता नगरिया, मेहंदीपुर, लाडपुर, दुगनपुर, क्रमचा, लोहा में भी ताजियों के जुलूस निकाले गए। उधर, भोट क्षेत्र के खोदपुरा में ताजिये कर्बला पहुंचे। सनैया सुख, वाजिदपुर, कोयला, कोयली, मिलक बिचौला, नवादा, धनुपुरा, किशनपुर पनचक्की समेत अन्य गांवों के ताजियों के जुलूस नवादा गांव पहुंचे।

क्षेत्र के संकरा, मनकरा, नरखेड़ा, करीमपुर शर्की, किशरोल में भी जुलूस निकाले गए। नवादा स्थित कर्बला में मेला लगा। कर्बला में देर शाम तक ताजियों के दफन करने का सिलसिला जारी रहा।


मिलक में निकले जुलूस में शामिल ताजिया। ● अमृत विचार


मानपुर उत्तरी स्थित कर्बला मैदान में रखे ताजिये।

# कर्बला मैदान पहुंचे ताजिये

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार:** यौमे आशूर को गमगीन माहौल के बीच ताजियों का जुलूस निकाला गया। जुलूस में नारा-ए-तकबीर, अल्लाह हो अकबर और या हुसैन-या हुसैन की सदाएं गूंजीं। ताजियों को कर्बला मैदान ले जाया गया। यहां लोगों ने ताजियों पर चादरपोशी कर शीरनी चढ़ाई। मानपुर उत्तरी के कर्बला मैदान में लगे मेले में भीड़ जुटी

बुधवार को ताजियों को इमामबाड़ों से बाहर निकाला गया। सार्वजनिक स्थान पर रखकर लोगों ने ताजियों का दीदार किया। दोपहर में मसवासी, अलीगंज, खौद शरीफ, बिजारखाता, खानपुर उत्तरी, गागन नगली, मानपुर उत्तरी, शिकारपुर, किशनपुर मौलागढ़, बब्बरपुरी, धर्मपुर उत्तरी, समेत आसपास के गांव के ताजिये मानपुर स्थित कर्बला के लिए प्रस्थान कर गए। कर्बला मैदान पर लगे मेले में भीड़ रही। सेमरा लाडपुर के ताजिये उसी गांव में ठहराए गए। घोसीपुरा में भी ईदगाह मैदान पर ताजिये ठहराए गए। देर शाम तक या हुसैन की सदाएं फिजा में गूंजती रहीं।

# हिंदुओं ने छबीलें लगाकर जुलूस में शामिल अजादारों को पिलाया शर्बत

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार:** शहीदाने कर्बला की याद में 10वीं मोहर्रम को नगर व ग्रामीणों क्षेत्रों में कई स्थानों पर हिंदुओं ने शर्बत की छबीलें लगाईं। हजरत इमाम हुसैन की याद में छबील लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। हिंदू समाज के लोगों ने ताजियों के जुलूस में शामिल अजादरों को शर्बत पिलाया।

नगर के मुख्य चौराहे पर राष्ट्रीय गरीब कल्याण संघ एवं ई-रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष प्रेम नरेश वाल्मीकि के नेतृत्व में छबील लगाई गई। इस दौरान जुलूस में शामिल अजादरों सहित अन्य लोगों को शर्बत पिलाया। इस मौके पर संघ के वरिष्ठ नेता अनिल राज, धर्म कुमार वाल्मीकि, अमानत रजा, लक्ष्मण राठौर, शहजादे, सोहनलाल, विक्की राठौर, सुमित शर्मा, अमीत सागर, राहुल नरेश वाल्मीकि, दिनेश कुमार, राजू नरेश सहित आदि लोग रहे। उधर, किसान नेता बलवीर सिंह गंगवार ने छबील लगाकर ताजियेदारों व राहगीरों को शर्बत पिलाया। हजरत इमाम हुसैन को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर राजेंद्र कुमार, जमना आदि मौजूद रहे। प्रसाद,राहुल,हरपाल सिंह, दिनेश कुमार आदि रहे।


छबील लगाकर लोगों को शर्बत पिलाते हिंदू संगठन के सदस्य। ● अमृत विचार

● **कर्बला के शहीद हजरत इमाम हुसैन को दी श्रद्धांजलि**

**मोहर्रम** अली का दामन नही छोड़ेंगे, या हुसैन, या हुसैन और नारा-ए-हैदरी के नारे गूंजे, ढोल और ताशों की धुन पर किया मातम

# अजादारों ने इमाम हुसैन की याद में निकाले ताजियों के जुलूस

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार:** नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत तरीके से ताजियों का जुलुस निकाला गया। सैकड़ों की तादाद में लोग ताजियों के साथ या हुसैन, या हुसैन की सदाएं बुलंद करते चल रहे थे। नगर के मुख्य चौराहे पर अजादारों ने ढोल व ताशों की धुन पर मातम किया।

नगर के मोहल्ला भट्टी टोला, साहूकारा, शीरी मियां, टांडा हुरमतनगर, कस्बा राजपुर, टांडा हुरमतनगर, विशारतनगर समेत अन्य स्थानों पर ताजियों के जुलूस निकाले गए। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी सारा दिन ताजियों के जुलूस रंजो-गम के माहौल में निकलते रहे। 10 मोहर्रम को शहीदे कर्बला हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 जां निसारों को यजीद की फौज ने कर्बला में शहीद कर दिया था। इस दौरान ताजियों के साथ चल रहे अजादारों ने अली का दामन नही छोड़ेंगे, या हुसैन, या हुसैन और नारा ए हैदरी सहित आदि नारे लगाए। मातम का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। पुलिस ने नगर के अंदर जाने-आने वाले वाहनों को बाईपास से होकर गुजारा। उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय और सीओ रवि खोखर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। बताया क्षेत्र में छुटपुट घटनाओं के बीच ताजियों का जुलूस निकाला गया है।


बिलासपुर में ताजियों के जुलूस का विहंगम दृश्य। ● अमृत विचार


नगर की मुख्य मार्केट से गुजरता ताजियों का जुलूस। ● अमृत विचार

### इमाम हुसैन की याद में गमगीन हुए अजादार

**शाहबाद, अमृत विचार :** इमाम हुसैन की याद में हर किसी की आंखें नम हो गईं। जब उनकी शहादत के किस्से गूंजे तो हर किसी की आंखों से आंसू बहने लगे। नगर में इमाम हुसैन और उनके 71 साथियों की याद में बुधवार को कई जगहों से ताजियों का जुलूस निकाला गया। नगर में परंपरागत रास्तों से होता हुआ जुलूस कर्बला पहुंचा। मेले में बच्चों व महिलाओं ने खरीदारी की। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। मोहल्ला फर्राशान के ताजिये कर्बला की ओर बढ़े। मोहल्ला अंसारियान, जिलेदारान आदि के ताजियेदार अपने ताजियों के साथ कोतवाली गेट पर एकत्र हुए। एक साथ जुलूस लेकर आगे बढ़े। जुलूस में आजादारों ने इमाम हुसैन को याद कर मातम किया।

### बिजली आपूर्ति न मिलने पर लोगों ने किया हंगामा

**भोट, अमृत विचार:** 10वीं मोहर्रम को निकाले जाने वाले ताजियों के जुलूस के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर अधिकारियों के आदेश पर विद्युत सप्लाई सुबह दस बजे से बाधित रहने पर उपभोक्ता भड़क गए। गुस्साए ग्रामीणों ने बिजलीघर में हंगामा किया। जेई ने शाम सात बजे विद्युतापूर्ति सुचारु कराने का आश्वासन दिया तो ग्रामीण शांत हो गए।

बुधवार को ताजियों के जुलूस के दौरान दिनभर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रही। इस दौरान 90 से अधिक गांवों में भीषण गर्मी में लोगों को परेशानी हुई। बिजली सप्लाई बंद होने से घरों व दुकानों में लगे इंवर्टर-बैट्ररी भी डिस्चार्ज हो गईं। विद्युत सप्लाई ठप रहने से परेशान उपभोक्ता भी बिजलीघर पहुंच गए और हंगामा करने लगे। जेई चन्द्रिका यादव ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर अधिकारियों के आदेश पर क्षेत्र की विद्युत सप्लाई शाम सात बजे तक बंद की गई है।


ताजियों की जियारत करतीं महिलाएं व अन्य। ● अमृत विचार

# जुलूस में शामिल ताजियों की जियारत को जुटे लोग

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार:** क्षेत्र में 10वीं मोहर्रम को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ताजियों का जुलूस निकाला गया। जुलूस नगर के मोहल्ला मोती नगर स्थित कर्बला पहुंचा और ताजियों को सुपुर्दे-खाक किया गया।

यौमे आशूर को नगर के मोहल्ला टंडोला व भब्बलपुरी और ग्राम बादली, सेढ़ू का मंझरा, लखमन नगला सहित कई गांवों के ताजियों के जुलूस सुरक्षा व्यवस्था के बीच नगर के मोहल्ला मोती नगर स्थित कर्बला पहुंचे। जुलूस में लोग या हुसैन, या हुसैन के नारे लगा रहे थे। इस दौरान करतब बाजी का भी प्रदर्शन किया गया। ताजियों के जुलूस में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस का बंदोबस्त रहा। मोहल्ला मोती नगर स्थित कर्बला के मैदान में मेले का आयोजन किया गया। जुलूस में मोहर्रम कमेटी के मास्टर मुशर्रफ, जफर हुसैन, मोहम्मद रईस सहित किसान नेता मजहर अली उर्फ लाला भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### उधार के रुपये मांगने पर ग्रामीण को पीटा, घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** उधार के रुपये मांगने पर आरोपी ने ग्रामीण के सिर में डंडा मारकर उसे घायल कर दिया। तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के गांव चौदरपुर निवासी चिन्टू का कहना है कि कुछ समय पहले बाबू को किसी काम के लिए एक लाख 60 हजार रुपये उधार दिए थे। जब पीड़ित ने आरोपी से रुपये मांगे तो वह टाल मटोल करता रहा। आरोपी ने रुपये देने से मना कर दिया।

### हाईटेंशन लाइन के खंभे तोड़कर तार चुराया

**भोट, अमृत विचार :** चोरों ने मंगलवार रात 33 केवीए लाइन के पांच खंभो को क्षतिग्रस्त कर लाइन का तार चोरी कर लिया। संविदा कर्मी की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे जेई ने विद्युत लाइन देखी। बिजली थाने में मामले की तहरीर दी है। भोट उपकेंद्र पर तैनात जेई चंद्रिका यादव ने बताया कि कुआंखेड़ा उपकेंद्र से भोट उपकेंद्र तक आ रही 33 केवी लाइन निष्प्रोज्य है। मंगलवार रात चोरों ने लाला वाला बाग के पास नर्सिंग कॉलेज की पीछे विद्युत लाइन के पांच खंभों को क्षतिग्रस्त कर तार चोरी कर लिया। बुधवार सुबह संविदा कर्मी ने चोरी की सूचना दी तो कर्मियों के साथ जेई भी मौके पर पहुंचे और लाइन का निरीक्षण कर मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली के पहिये से कुचलकर बालक की गई जान व पिता घायल

## नरपत नगर स्थित ईदगाह के सामने हुआ हादसा, अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता, स्वार (रामपुर)



**अमृत विचारः** लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को ओवरटेक करते समय पिता-पुत्र की बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। पहिये के नीचे कुचलकर आठ वर्षीय बालक की मौके पर मौत हो गई। जबकि उसका पिता घायल हो गया। पुलिस ने बालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। परिजनों में कोहराम मचा है।

नगर पंचायत नरपतनगर निवासी रईस अहमद का बेटा मोहम्मद आरिश कक्षा एक का छात्र था। बुधवार को पिता अपने बेटे को बाइक पर बैठाकर गांव बूढ़ी दढ़ियाल स्थित कर्बला में ताजिये की चिरागी करने गया था। बाइक से लौटते समय नरपतनगर स्थित ईदगाह के सामने बाजपुर की ओर से आ रही लकड़ी लदी ट्रैक्टर ट्राली के पहिये से कुचलकर बालक की मौत हो गई। पिता मामूली रूप से घायल हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। हादसे के दौरान रोड पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली को मार्ग से हटवाकर जाम खुलवाया। चालक ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर फरार हो गया। घायल के भाई की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।



जिला अस्पताल में बैठे मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

### भाई-बहनों में सबसे बड़ा था मोहम्मद आरिश

आरिश की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आरिश तीन भाई बहनों में सबसे बड़ा था। पिता किसान हैं। आठ साल की उम्र में वह घर का सबसे बड़ा था। लेकिन बुधवार को हुए हादसे में उसकी जौन चली गई।

### किरा में कार से टकराई पिकअप, दो लोग जख्मी

**शाहबाद, अमृत विचार :** शाहबाद-रामपुर मार्ग पर पिकअप कार से टकराकर पेड़ में घुस गई। हादसे में पिकअप सवार दो लोग जख्मी हो गए। जनपद कासगंज के सहावर थाना क्षेत्र के गांव बाज नगर निवासी राज कमल और जनपद गाजियाबाद के विजयनगर निवासी अरुण शादी समारोह में शामिल होने चंदौसी के गांव लक्ष्मणपुर आए थे। दोनों बुधवार शाम पिकअप से वापस जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में शाहबाद-रामपुर मार्ग पर किरा गांव के पास सामने से आ रही कार को बचाने के प्रयास में उनकी पिकअप कार से टकराते हुए पेड़ में जा घुसी।

## नहर में मिला लापता सेल्समैन का शव

**बिलासपुर, अमृत विचारः** केमरी के रामपुर रोड स्थित पीलाखार डैम से निकलने वाली नहर के पानी में युवक का शव पड़ा मिला। पास में स्थित खेत में काम कर रहे मजदूरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। शव काफी दिन पुराना लग रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।



थानाध्यक्ष हिमांशु चौहान ने बताया कि मृतक के कपड़ों की जेब से मिले डीएल के आधार पर उसकी शिनाख्त की गई। मृतक नगर के मोहल्ला सिंह कॉलोनी का रहने वाला प्रदीप पुत्र अंगन लाल है। उसके गमगीन परिजन सीधे जिला अस्पताल पहुंच गए हैं। वह क्षेत्र में ही किसी पेट्रोल पंप पर सेल्समैन का काम करता था। कई दिनों से लापता था। उसके परिवार में पत्नी व तीन संतान हैं। सेल्समैन की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। देर शाम तक परिजन शव घर पहुंचने का इंतजार कर रहे थे।

# टैक्सेशन एंड जीएसटी के कन्वीनर बनाए गए अंकित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल के निर्देश पर आईआईए के नवनियुक्त चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने विभिन्न कमेटी का गठन कर उनके कन्वेनर की घोषणा की। संचित गुप्ता को मिंट, एससेंशल आयल एवं एरोमा का कन्वीनर बनाया, हेमंत गर्ग को प्लाई बोर्ड, वुड विनियर का जितेंद्र जैन को बनाया।



संचित गुप्ता



हेमंत गर्ग।



अंकित अग्रवाल।

राम रक्षपाल यादव को प्रशासनिक अधिकारी बनाया। टैक्सेशन एंड जीएसटी का सीए अंकित अग्रवाल को कन्वीनर नियुक्त किया। यह कन्वीनर इन विभाग एवं उद्योगों की समस्याओं के समाधान का प्रयास करेंगे। राष्ट्रीय संगठन को अवगत कराएंगे। यह सभी इन उद्योगों की राष्ट्रीय समिति के सदस्य होंगे। प्रधान मंत्री व मुख्यमंत्री का फोकस उद्योगों के विकास पर है। पहली बार औद्योगिक संगठनों की समस्याएं गंभीरता से ली जा रही हैं। प्रशासन भी उद्योग बंधु की बैठक में समस्याओं पर समाधान में जुटा है। सभी नियुक्तियों पर उद्योगपतियों में उत्साह है ।

## साइबर ठग ने मजदूर की पत्नी से 24 हजार ठगे

**भोट, अमृत विचारः** साइबर ठग ने महिला को फोन कर अपने आप को गरीबों की मदद करने वाली संस्था का अधिकारी बताकर छह लाख रुपये की आर्थिक मदद दिलवाने के नाम पर 24 हजार रुपये ठगे लिए। इस मामले में महिला के पति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

खौदुपरा गांव निवासी फारूख अहमद मजदूर है। उसने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पहले उसकी पत्नी के फोन पर अज्ञात नंबर से एक कॉल आई थी। उसने अपने आप को गरीबों की मदद करने वाली एक संस्था का प्रतिनिधि बताया था। इस दौरान उसने महिला को संस्था से छह लाख की मदद दिलाने का आश्वासन दिया। आधार कार्ड व बैंक पासबुक की कॉपी व्हाट्सएप करने को कहा। इसके बाद ठगों ने 12 व 13 जुलाई को प्रोसेसिंग फीस के नाम पर चार नंबरों पर 24 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए।

# युवाओं का जिम के प्रति बढ़ा रूझान : अनीता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** रेडिको खेतान की सीएसआर चेयरमैन अनीता चौहान ने कहा कि युवाओं का जिम के प्रति रुझान बढ़ा है। शहर में जिम की व्यवस्था होती है लेकिन, ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं। ऐसे में रेडिको ने ग्रामीण युवाओं की सेहत के लिए गांवों में ओपन जिम खोलना शुरू कर दिए हैं। खुले मैदान और झूले का वितरण अधिकांश शहरों और गांवों में होता है। शहरों में पार्क और खुले मैदान उपलब्ध होते हैं, लेकिन गांवों में ऐसी सुविधाएं कम होती हैं। इसका मतलब है कि गांव के युवाओं को यह अवसर नहीं मिलते हैं।

बकैनिया गांव में मंगलवार को कंपनी की सीएसआर चेयरमैन व रेडिको के उपाध्यक्ष विकास सक्सेना ने फीता काटकर ओपन जिम एवं खेल के मैदान का आरंभ किया। विकास सक्सेना ने बताया कि 40 गांवों का चयन ओपन जिम एवं खेलों के उपकरणों के साथ खेल मैदान खोलने के लिए किया गया है। कंपनी की ओर से युवाओं को ट्रेंड करने के लिए जिम ट्रेनर भी नियुक्त किया गया है, जो अलग-अलग दिन गांवों में ट्रेनिंग देगा। कहा कि झूले भी बच्चों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। यह न केवल उनके मनोरंजन के लिए होते हैं, बल्कि उनके सामाजिक और मानसिक विकास में भी मदद करते हैं। झूलों का उपयोग बच्चों के सामूहिकता और सहनशीलता के विकास में भी किया जा सकता है। रेडिको खेतान 40 गांवों में ओपन जिम (व्यायामशाला) खोलेगी, जिनमें खेल के उपकरण भी होंगे। इस मौके पर रेडिको के उपाध्यक्ष विकास सक्सेना, वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन इंद्रपाल सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन ग्राम प्रधान मनीष लोधी ने किया।




जिम के आरंभ के मौके पर बोलतीं सीएसआर चेयरमैन अनीता चौहान।

● **रेडिको खेतान 40 गांवों में खोलेगा ओपन जिम**

# कर्बला नहीं पहुंचे ताजिये, गांव लौटे

संवाददाता, सैदनगर

**अमृत विचारः** क्षेत्र से 12 ताजिये कर्बला के मैदान नहीं पहुंचे। पुलिस ने ऊंचाई बढ़ने पर एक गांव के ताजिये को रोक दिया। ताजिये रास्ते से ही लौटकर गांव लाने पड़े। स्वार रोड पर तीन घंटे तक अफरा तफरी रही।

अजीम नगर थाना क्षेत्र के सीगनखेड़ा गांव का ताजिया मानक से अधिक ऊंचा होने के कारण पुलिस ने रोक दिया। हकीमगंज, बहादुरगंज, मिश्रीनगर, खौद, मिलक अब्बू समेत अन्य गांवों के 12 ताजिये खौद चौराहे पर रुक गए। ताजियेदारों का कहना था जब तक सींगनखेडा का ताजिया नहीं आएगा। वह कर्बला के मैदान नहीं जाएंगे। तीन घंटे तक ताजियेदार स्वार रोड खौद चौराहे पर खड़े होकर इंतजार करते रहे। अपर पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंच गए और ताजियेदारों से बात की। शाम छह बजे तक सीगनखेड़ा का ताजिया नहीं आया तो अन्य ताजिए वापस लौटने लगे। इस दौरान कोई भी ताजिया कर्बला के मैदान नहीं पहुंचा।



अजीमगर में रोके गए ताजिये। ● अमृत विचार

### कर्बला पहुंचा जुलूस, छबील लगाकर पिलाया शर्बत

**सैफनी/ रामपुर, अमृत विचार :** नगर की बड़ी मस्जिद के पास ताजिये एकत्रित होकर नगर के जयाप्रदा चौक, कादरी मोहल्ला, जोशियान मोहल्ला, माझरा मोहल्ला एवं छितौनी रोड से होते हुए अकबरपुर रोड पर स्थित कर्बला पहुंचे। इस मौके पर चेयरमैन फैजान खान, सईद अख्तर अंसारी, अख्तर अली, शमसुल अंसारी, कर्बला कमेटी से यूसुफ, रियाज वारसी, नईम अंसारी आदि मौजूद रहे। उधर, रामपुर में फातेहा, नियाज दिलाई गई। हाथीखाना स्थित उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने शर्बत पिलाया । अखाड़ा सोहराब खां, जिला अस्पताल, मीठा कुआं, कचहरी रोड, जेल रोड, शाहबाद गेट, मोम का ताजिया, बाजोड़ी टोली में शर्बत की छबील लगाई।

## जिला अस्पताल में चार फार्मासिस्ट की तैनाती

**रामपुर, अमृत विचारः** जिला अस्पताल में चार फार्मासिस्ट की तैनाती हुई है। 30 जून को स्थानातंरण नीति के तहत पुरुष चिकित्सालय में दो फार्मासिस्ट का तबादला कन्नौज, बरेली हो गया था। जिला अस्पताल में फार्मासिस्ट का तबादला होने पर इमरजेंसी, दवा स्टोर में कार्य प्रभावित हो रहा था।

शहजादनगर कॉरपोरेशन में किशन सिंह सूफियाल, टीआर त्रिपाठी संभल, ललित मोहन उपाध्याय और शंकर लाल सारस्वत संभल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आए हैं। प्रमोद सिंह नेगी सम्भल, इकबाल अहमद चादरवाला बाग और चरन सिंह बिलासपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात फार्मासिस्ट ने अभी तक चार्ज नहीं लिया। फार्मासिस्ट हरीश धोनी ने बताया कि स्थानातंरण नीति जिला अस्पताल के दो फार्मासिस्ट का तबादला बरेली व कन्नौज हुआ है।

# आपदा पीड़ितों के साथ खड़ी है प्रदेश सरकार : आकाश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● **शहर विधायक ने मलबे में दबने से हुई महिला की मौत के बाद परिजनों को दिया प्रमाण पत्र**

**अमृत विचारः** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार आपदा पीड़ितों के साथ खड़ी है। राज्य के प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा व संरक्षण सरकार की प्राथमिकता में है।

मिस्टन गंज में छह जुलाई की रात तेज बारिश के कारण जर्जर मार्केट गिर गई थी। मलबे में दबने से महिला मौत हो गई थी। मृतका की शिनाख्त मंदिर वाली गली निवासी सीमा रस्तोगी के रूप में हुई थी। इसके बाद शहर विधायक आकाश सक्सेना ने मौके का जायजा लिया था। अधिकारियों को पीड़ित परिवार की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर मदद करने के निर्देश दिए थे। मृतक महिला के पुत्र कमल रस्तोगी को राज्य आपदा मोचन कोष से चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। बुधवार को शहर विधायक आकाश सक्सेना, उपजिलाधिकारी सदर मोनिका सिंह कमल रस्तोगी के आवास पर पहुंचे और उसके परिजनों को प्रमाण पत्र दिया। एसडीएम ने बताया कि सहायता राशि लाभार्थी के खाते में आरटीजीएस के माध्यम से पहुंच गई है। विधायक ने कहा कि यह कार्य सामाजिक और मानवीय दृष्टिकोण से अत्यंत सराहनीय है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार हमेशा संकट के समय नागरिकों के साथ खड़ी रहती है।

# नवदिया में पुराना पुल व अवैध अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने तहसील मिलक क्षेत्र के गांव नवदिया क्षेत्र, धमौरा में निर्मित प्रगति मॉल, पंजाब नगर को जाने वाले मार्ग का निरीक्षण किया। शहर स्थित पनवड़िया चौराहे के पास नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे इंटरलॉकिंग कार्य एवं शहर स्थित रोडवेज के निकट खाली जमीन पर पौधरोपण का काम देखा।

जिलाधिकारी नवदिया स्थित पुराने पुल को हटाने के लिए मिल रहीं शिकायतों का संज्ञान लेकर एसडीएम मिलक राजेश कुमार व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। नवीन पुल का निर्माण होने के बाद पुराने पुल को हटाने के लिए निर्देश दिए। नए पुल के पास अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए एसडीएम मिलक से कहा। धमौरा में प्रगति मॉल को लेकर कहा कि ग्राम पंचायत की यह पहल सराहनीय है। इसी तर्ज पर शहरी क्षेत्र के आसपास की ग्राम पंचायतों में भी मॉल का निर्माण कराया जाए। पंजाब नगर स्थित शिव मंदिर को जाने वाले मार्ग का निरीक्षण किया। कांवड़ियों के आवागमन की सुविधा के दृष्टिगत उन्होंने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए। कहा कि वह मार्ग को दुरुस्त कराए। मार्ग के दुरुस्तीकरण का कार्य 22 जुलाई से पहले पूर्ण हो जाना चाहिए। रोडवेज एवं रेलवे स्टेशन के सामने मार्ग के किनारे जमीन पर पौधरोपण कराने के संबंध में ईओ को निर्देश दिए। कहा कि पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड आवश्यक लगाए जाएं। शहर में अवैध अतिक्रमण की समस्याओं के समाधान के लिए जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए।

**परेशानी** — शहर के अधिकतर क्षेत्रों में खुले में रखे हैं बिजली के ट्रांसफार्मर

# खुले में रखे ट्रांसफार्मरों से हादसे की आशंका

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** शहर में बिजली विभाग की लापरवाही के चलते जगह-जगह ट्रांसफार्मर खुले में रखे हैं। सड़क किनारे इन ट्रांसफार्मरों से कई बार हादसे भी हो चुके हैं। बरसात के दिनों में करंट उतरने का खतरा बना रहता है। इसके बावजूद बिजली विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। सुरक्षा के लिए लोहे के जाली भी टूटी हुई है। इससे लोगों को हादसे का खतरा बना हुआ है।

खुले में ट्रांसफार्मर रखकर बिजली विभाग के अधिकारी लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। अधिकांश ट्रांसफार्मर बिना जालियों के ही रखे हैं। इनके खुले में तार भी लटक रहे हैं। बरसात के मौसम में हादसों का खतरा और बढ़ जाता है। शहर के मोहल्ला मीठा कुआं के सामने ट्रांसफार्मर खुले में रखा हुआ है। जबकि दिनभर यहां रोड पर हजारों लोगों की आवाजाही रहती है। राजद्वारा खुर्मा शरीफ वाली सड़क पर रखे ट्रांसफार्मर की जाली टूट गई है। इससे लोगों को इसके पास से गुजरने से करंट की चपेट में आने का खतरा रहता है। इसके अलावा शहर के प्रमुख स्थानों पर जर्जर तारों के कारण भी खतरा बना रहता है। यह दोनों काफी भीड़भाड़ वाले क्षेत्र है। लेकिन इसके बाद भी खुले में रखे ट्रांसफार्मर को सुरक्षा उपकरण लगाए जाने में हीलाहवाली बरत रहे हैं।



मीठा कुआं क्षेत्र में रखा ट्रांसफार्मर। ● अमृत विचार



राजद्वारा में रखे ट्रांसफार्मर की टूटी हुई जाली।

### बरसात में बढ़ जाता है करंट का खतरा

बारिश के चलते जमीन नमी होने से करंट का खतरा रहता है, ऐसे में खुले में रखे ट्रांसफार्मर के पास की गुजरने पर हादसे की आशंका बनी हुई है। चार जुलाई को रजा बिजलीघर में तैनात ट्रांसफार्मर का फ्यूज सही करने के समय कर्मचारी की मौत हो चुकी है। लेकिल इसके बाद भी कोई अधिकारी कोई सुध नहीं ले रहे है।

> खुले में रखे ट्रांसफार्मरों का सर्वे कराया जाएगा। इसके लिए एसडीओ, जेई को निर्देशित किया है कि साइट पर जाकर स्थिति का जायजा लें। जल्द ही समस्या का समाधान कराया जाएगा।
> –इमरान खां
> एक्सईएन प्रथम, नवाबगेट

## सार संक्षेप

### पुलिस अधीक्षक ने किया महिला थाने का निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने महिला थाने का निरीक्षण किया। थाना कार्यालय में अपराध रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, ड्यूटी रजिस्टर और उनके रख रखाव, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चेक किया। बैरक, मालखाना, कम्प्यूटर कक्ष, आगन्तुक कक्ष में सफाई व्यवस्था, महिला हेल्प डेस्क को चेक किया। उन्होंने ताजियों को जुलूस के दृष्टिगत पुलिस कंट्रोल रूम एवं फायर स्टेशन बिलासपुर रोड का भी निरीक्षण किया। थाना मिलक क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। थाना मिलक का निरीक्षण किया। दस्तावेजों का रख रखाव, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चेक किया।



महिला थाने में सिपाही से जानकारी लेते पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र।



बीईओ का स्वागत करते शिक्षक। ● अमृत विचार

### खंड शिक्षा अधिकारी का शिक्षकों ने किया स्वागत

**टांडा, अमृत विचार :** शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी बबीता सिंह का स्वागत किया और विभिन्न समस्याएं बताईं। बीईओ ने शिक्षकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराने का भरोसा दिलाया। इस दौरान प्राथमिक शिक्षा संघ के जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रेश कुमार, ब्लॉक मंत्री मोहम्मद तनवीर, जिला मीडिया प्रभारी मोहम्मद सईद, संघर्ष समिति के अध्यक्ष सईदुज्जफर रहमानी, जिला उपाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह ,हिमदीप सिंह, रवि कुमार,एआरपी मनोज निमेष, सुनील कुमार, नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**धमोरा, अमृत विचार :** पुलिस को रेलवे ट्रैक पर एक शव मिला। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई ।शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहजादनगर स्टेशन मास्टर को बुधवार दोपहर को सूचना मिली कि एक युवक का शव एक ढाबे के पीछे रेलवे ट्रैक पर पड़ा है। सूचना के बाद स्टेशन मास्टर ने जाकर देखा तो ट्रैक पर एक युवक का कटा हुआ शव पड़ा था। शव देखते ही पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक की शिनाख्त कराने की कोशिश की,लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिला है। शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया गया है।

### सिविल लाइन क्षेत्र में तौकीर रजा का फूंका पुतला

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा ने भटके हुए हिंदू युवा-युवतियों को मुस्लिम बनाने की घिनौनी राजनीति की है। अगर वह सच में गंगा-जमुनी तहजीब चाहते हैं तो उनको समझाते, न कि उनका धर्म परिवर्तन कराने की बात कहते। यह मौलाना को शोभा नहीं देता। राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना के सिविल लाइन स्थित कार्यालय पर सभी पदाधिकारी एकत्र हुए। इसके बाद मौलाना तौकीर रजा का पुतला फुंका। इस मौके पर गेंदन लाल,बब्लू, विपिन कुमार सिंह,विश्वास कुमार सिंह गुरमजीत सिंह हैप्पी,धर्मेंद्र गुप्ता, सोनू लोधी, राम बिहारी सिंह, राजीव जैन, बाबा रामदास, वीरेंद्र सिंह, विकास गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### स्वतंत्रता सेनानी के पौत्र ने उत्तीर्ण की एफएमजीई की परीक्षा

**टांडा, अमृत विचार :** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन (एनबीई) ने फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन (एफएमजीई) का रिजल्ट जारी कर दिया है। इसमें नगर के स्वतंत्रता सेनानी वफाउर्रहमान के पौत्र हम्माद रहमानी ने नगर का नाम रोशन किया है। हम्माद को उनके परिचितों एवं रिश्तेदारों ने बधाई दी। हम्माद के पिता सईदुज्जफर रहमानी सरकारी शिक्षक एवं नगर में सनराइज इंटर कॉलेज के संस्थापक सदस्य और मां सरताज जहां रहमानी कॉलेज की प्रबंधक हैं। डॉ. हम्माद रहमानी की सफलता पर परिवार में खुशी है। इस दौरान मौलाना सादिक, मौलाना तुफैल, जफर इकबाल, मोहम्मद तनवीर, मोहम्मद वसी हाफिज तुफैल, नफासत अली और मुईद सैफी आदि मौजूद रहे।



डॉक्टर हम्माद को मिठाई खिलाते लोग।

### आम नहीं देने पर युवक को लाठियों से पीटा, रिपोर्ट

**बिलासपुर, अमृत विचार :** खजुरिया थाना क्षेत्र के गांव गोधी निवासी घायल युवक की मां कमलजीत कौर ने पुलिस को तहरीर दी है। इसमें बताया कि उसका पुत्र मनविंदर सिंह बाग से आम लेकर अपने घर जा रहा था। इस बीच रास्ते में तीन युवकों ने उसे रोक लिया। जबरन उससे आम मांगने लगे। उसने जब आम देने से मना किया तो उन्होंने उसे मारा पीटा। तीनों युवकों ने उसके पुत्र को लाठियों से से पीटा। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों युवक उसे घायल अवस्था में छोड़कर भाग गए। घायल को उपचार के लिए एक निजी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। इस पर थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर पर तरसेम सिंह, मनदीप सिंह और हरकीरत सिंह उर्फ लक्की निवासी गांव केशगढ़ उर्फ गोधी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की विवेचना में लगी हुई है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चादरपोशी कर देश की खुशहाली के लिए मांगी दुआ

**बिलासपुर, अमृत विचार :** भाकियू भानू गुट के कार्यकर्ताओं ने शाहजी मियां, हजरत दादा मियां, हजरत हाफिज गुलाम रसूल की दरगाह पर चादरपोशी कर देश की खुशहाली के लिए दुआ मांगी। कार्यकर्ता संगठन के प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी के नेतृत्व में गांव भटपुरा तारन पहुंचे। जहां उन्होंने दरगाह पर चादरपोशी कर देश दुनिया एवं किसान की खुशहाली के लिए दुआ मांगी। इस मौके पर युवा जिलाध्यक्ष मोहम्मद आसिम रजा, मोहम्मद सलीम वारसी, मुबारक हसन, शाने आलम, साबिर अली, फरीद अहमद, मुस्लेमीन, कबीर, आहिल वारसी, राकिब पाशा, कामिल पाशा, जगतार सिंह, नंदकिशोर, प्रेमपाल शर्मा, जावेद अली आदि मौजूद रहे।

### उमस भरी गर्मी में बिजली ट्रिपिंग ने किया बेहाल

**रामपुर, अमृत विचार :** धूप और उमस के बीच बुधवार को बिजली ट्रिपिंग से लोग काफी परेशान रहे। कई क्षेत्रों में विद्युपूर्ति दो-तीन घंटे तक ठप रही। शाहबाद गेट, बिलासपुर गेट, डूंगरपुर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति ने लोगों को बेहाल किया। बारिश न होने से उमस बढ़ गई है, उस पर विद्युपूर्ति ठप होने से लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। यह स्थिति तब है कि 10 मोहर्रम को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों ने एक्सईएन, एसडीओ और जेई को निर्देशित किया था कि 10 मोहर्रम को कटौती नहीं की जाए। लेकिन इसके बाद भी बुधवार को शाहबाद गेट, बिलासपुर गेट और डूंगरपुर क्षेत्र में ट्रिपिंग होने पर काफी उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिजली ट्रिपिंग होने का कारण जानने को उपभोक्ताओं ने संबंधित एसडीओ, जेई से संपर्क साधा तो उन्होंने बताया कि तारों में खराबी को सही कराए जाने के लिए शटडाउन लिया गया। जल्द ही विद्युपूर्ति को सुचारु कराया जाएगा। यहीं हाल शहर के अधिकतर क्षेत्रों का रहा। बिजली ट्रिपिंग होने से उपभोक्ता काफी परेशान रहे।

### मसवासी से अपहृत किशोरी दिल्ली से बरामद

**मसवासी, अमृत विचार :** प्रेमजाल में फंसाकर बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले जाई गई किशोरी को पुलिस ने दिल्ली से बरामद कर लिया है ।आरोपी अपहरणकर्ता को भी पुलिस ने पकड़ लिया है। पुलिस प्रकरण में पूछताछ कर रही है। करीब 25 दिन पहले चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को इसी गांव का निवासी युवक अपने प्रेमजाल में फंसाकर बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया था। मामले में किशोरी के पिता की ओर से स्वार कोतवाली में आरोपी युवक सहित उसके माता-पिता के खिलाफ अपहरण का रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस किशोरी की बरामदगी को लगी हुई थी ।कई लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की। सुराग मिलने पर पुलिस ने दिल्ली से किशोरी और आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है। चौकी इंचार्ज राहुल गंगवार ने बताया कि किशोरी को बरामद कर लिया गया है। मामले में पूछताछ की जा रही है।

## एक नजर

### गुन्नौर व जुनावई में निकले गए ताजिये

**गुन्नौर/जुनावई, अमृत विचार :** इमाम हुसैन की शहादत की याद में मोहर्रम पर ताजियों का जुलूस निकाला गया। ताजिये गमगीन माहौल में दफन किए गए। जुलूस में बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। सुरक्षा के इंतजाम रहे।

नौ मुहर्रम यानी मंगलवार को ताजियों को घरों के बाहर दीदार के लिए रखा गया था। बुधवार दोपहर मातम के बीच ताजिये उठाए गए। छोटे ताजियों को विभिन्न मार्गों से जुलूस के रूप में राहवन स्थित कर्बला में ले जाया गया। जहां ताजियों को दफन किया गया। मोहल्ला मुंडा से निकले ताजिया को देखने को लोगों की भीड़ उमड़ी। मातम के बीच उठे ताजिये के दीदार करने के लिए लोग उमड़ पड़े। ताजियों का जुलूस मुहल्ला शेखान, सदर बाजार होते हुए कर्बला में पहुंचा। इस दौरान पुलिस अलर्ट रही। जुनावई क्षेत्र के कादराबाद गांव में ताजिया निकाले गए।

### जमीन के विवाद में हुई मारपीट में दो घायल

**संभल, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव साकिनपुर की मिलक निवासी संजीव ने बुधवार को बताया कि गांव के लोगों से जमीन के लेकर विवाद चला आ रहा है। इसी बात को लेकर सोमवार को भी संजीव व गांव के ही व्यक्तियों से कहासुनी हुई थी। आरोप है कि बुधवार को भी दोनों पक्ष आमने सामने आ गए और जमकर लात घूसे चले। जिसमें संजीव व उसका भाई राकेश घायल हो गया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने संजीव व राकेश का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया।

### उधार सामान देने से मना किया तो मारपीट की

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला लोधी सराय निवासी मोहम्मद रफत की बेटी सुबाना ने बुधवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि बुधवार की सुबह साढ़े दस बजे मुहल्ला का ही एक युवक किराना की दुकान पर आया और उधार में घरेलू सामान मांगने लगा। आरोप है कि सुबाना ने उधार सामान देने से मना किया तो युवक गाली गलौज करने लगा। गाली गलौज होती देखकर युवक की मां व बहन भी आ गई। जिसके बाद युवक अपनी मां व बहन के साथ मिलकर मारपीट करने लगा। जिससे सुबाना घायल हो गई।



जुनावई क्षेत्र के कादराबाद गांव में मोहर्रम पर निकाला जा रहा ताजिया।



संभल में मोहर्रम पर निकाले गये कम ऊंचाई वाले ताजिये। ● अमृत विचार



गांव बनियाखेड़ा में ऊंचाई अधिक होने पर रोका गया ताजिया। ● अमृत विचार

# संभल में निकले कम ऊंचाई के ताजिए, सुचारू रही बिजली आपूर्ति

## हर साल 40 से 50 फिट ऊंचाई के ताजिए निकलने पर काटे जाते थे बिजली के तार

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल में मोहर्रम के मौके पर बुधवार को ताजिये निकालने के दौरान न तो बिजली लाइनों के तार काटे गए और न ही बिजली आपूर्ति बाधित रही। यह व्यवस्था ऐतिहासिक रही। प्रदेश सरकार के निर्देश पर कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच कम ऊंचाई वाले ताजिये निकलने के दौरान भी बिजली आपूर्ति सुचारू रही। मोहर्रम पर बिजली आपूर्ति सुचारू रहने पर आम जनता ने भीषण गर्मी में राहत महसूस की।

संभल में हर साल 40 से 50 फिट तक की ऊंचाई वाले ताजिये निकाले जाते थे। ताजिये निकालने के लिए जगह-जगह बिजली लाइनों के तार काटे जाते थे। ऐसे में जब ताजिये के जुलूस संपन्न हो जाते थे तब बिजली विभाग तारों को जोड़ते हुए बिजली आपूर्ति सुचारू करने का काम शुरू करता था। जिस कारण आम जनता को बड़ी दिक्कतों को सामना करना पड़ता था। इस बार उत्तर प्रदेश सरकार ने साफ कर दिया था कि ताजिये निकालने के लिए बिजली लाइनों के तार नहीं काटे जाएंगे। संभल में पुलिस प्रशासन ने सरकार के आदेश का पालन कराने के लिए महीने भर पहले से मशक्कत शुरू कर दी थी। पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों की पहल पर ताजियेदारों ने सहमति पत्र दे दिए थे कि वह सरकार की गाइडलाइन के अनुसार कम ऊंचाई के ताजिए निकालेंगे। बुधवार को विभिन्न प्वाइंटों पर पुलिस बल तैनात हो गया तो एएसपी श्रीश चंद्र, एसडीओ विनय कुमार मिश्र, सीओ अनुज कुमार चौधरी ने भी भ्रमण शुरू कर दिया। कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच ताजिये निकलने शुरू हो गए तो नजारा ऐतिहासिक रहा। बिजली विभाग ने न तो बिजली लाइनों के तारों को काटा और न ही बिजली आपूर्ति बाधित की गई। कम ऊंचाई वाले ताजिये निकलने के चलते बिजली आपूर्ति सुचारू रही।

- प्रदेश सरकार के निर्देश पर इस बार नहीं काटे गए तार और न ही बाधित हुई बिजली आपूर्ति
- कम ऊंचाई वाले ताजियों के निकलने के कारण पहली बार ऐतिहासिक रहा नजारा



संभल में ताजिया जुलूस के दौरान भ्रमण करते एएसपी श्रीशचंद्र, सीओ अनुज कुमार चौधरी व एसडीएम विनय मिश्रा। ● अमृत विचार

### देर रात तक हुआ ऊंचे ताजिए निकालने का प्रयास

**संभल, अमृत विचार :** मंगलवार को देर रात तक सांसद जियाउर्रहमान बर्क व विधायक इकबाल महमूद ने डीएम व एसपी से बात कर पिछले सालों की तरह की ताजिये निकालने की इजाजत की मांग उठाई। इसे लेकर अदालत में दायर एक रिट के कागजात भी दिखाए गए, लेकिन डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया, एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने साफ कर दिया कि हर हालत में सरकार के आदेश का पालन कराया जाएगा। अदालत के आदेश को लेकर भी बता दिया गया कि ऐसा कोई आदेश नहीं है जिसमें ऊंचाई वाले ताजिये निकालने की बात कही गई हो।

### इमाम हुसैन ने इस्लाम बचाने को दी थी कुर्बानी

**संभल, अमृत विचार :** यौमे अशुरा पर इमाम हुसैन और 72 जानिसारों की शहादत की याद में हसनपुर मार्ग पर स्थित प्राचीन कर्बला मस्जिद परिसर में बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। संयोजक प्राचीन कर्बला एवं मुतवल्ली कर्बला वाली मस्जिद मियांजी इंतेजार हुसैन की देखरेख में कर्बला की प्राचीन मस्जिद और कुएं पर सबील लगाई गई। कर्बला और मजार पर लंगर लुटाया गया। जिसमें जायरीनों, ताजियेदारों, अजादारों समेत तमाम अकीदतमंदों ने शिरकत की। मियांजी इंतेजार हुसैन ने कहा कि इमाम हुसैन ने इस्लाम को बचाने के लिए अपनी और 72 जानिसार साथियों की कुर्बानी दी थी। उनकी शहादत की वजह से ही इस्लाम कायम रहा है। इस दौरान सचिव डॉ.सलमान खान, उपाध्यक्ष जफरूल इस्लाम, बाबा जाफर, मौलाना मोहम्मद अहसान, मोहम्मद शाहनवाज, शाहरुख खान, राहिल, मोहम्मद बिलाल सैफी, मोहम्मद शारिक, मोहम्मद फहीम, जीशान आदि रहे।

## ऊंचाई को लेकर प्रशासन ने रोके ताजिये

कार्यालय संवाददाता, बनियाठेर/चन्दौसी

**अमृत विचार:** बुधवार को बनियाठेर के गांव बनियाखेड़ा में ताजियों की ऊंचाई को लेकर बिजली के तार आड़े आ गए। प्रशासन ने शासन की गाइड लाइन का हवाला देते हुए जुलूस रोक दिया। बिजली के तार नहीं काटने दिए गए। जिससे तीन घंटे बाद कुछ सभ्रांत लोगों के हस्तक्षेप के बाद चार बजे ताजियों की ऊंचाई सीमित करने के बाद ही जुलूस निकालने पर सहमति बनी। इसके बाद ताजिएदारों ने जुलूस नहीं निकाला। सीओ ने मौके पर पहुंच कर मामले की जानकारी की है।

शासन व प्रशासन ने मोहर्रम पर ताजियों की ऊंचाई 10 से 12 फिट सीमित की है। गांव बनियाखेड़ा में दोपहर एक बजे मोहर्रम का जुलूस निकाला जा रहा था। जिसमें कुछ ताजियों की ऊंचाई करीब 20 से 24 फिट थी। जिससे वह ताजिए रास्ते में लटके बिजली के तारों की वजह से रुक गए। मुस्लिम समाज के लोगों ने मौजूद पुलिस से बिजली के तारों को कटवाने की बात कही। वहीं दूसरे पक्ष के लोग भी आ गए और ताजियों की ऊंचाई को लेकर आपत्ति जाहिर की। जिससे विवाद खड़ा हो गया। सूचना पाकर थानाध्यक्ष मोहित कुमार काजला फोर्स के साथ मौके पर पर पहुंचे और ताजिएदारों को समझाने का प्रयास किया। सीओ प्रदीप कुमार सिंह भी पहुंच गए और ताजियों की ऊंचाई सीमित करके ही जुलूस निकालने की बात कही।

इसके बाद भी बात नहीं बनी। तब मुस्लिम समाज के कुछ सभ्रांत लोगों ने हस्तक्षेप के बाद ताजियों की ऊंचाई सीमित करने को लेकर सहमति बनी। ताजियों की ऊंचाई सीमित भी करा दी गई लेकिन ताजिएदारों ने वह ताजिए वहीं छोड़ दिए और जुलूस आगे नहीं निकाला गया।

- बनियाखेड़ा में 12 फिट के ताजिए की अनुमति, 24 फिट तक के निकाले जा रहे थे
- सीओ पहुंचे, कुछ लोगों के हस्तक्षेप के बाद ऊंचाई कम करने पर बनी सहमति, नहीं निकला जुलूस

> बनियाखेड़ा में मोहर्रम के जुलूस में कुछ विवाद हो गया था। सुरक्षा के मद्देनजर समझा बुझा कर मामला शांत करा दिया गया। फिलहाल गांव में शांति पूर्ण माहौल है। –प्रदीप कुमार सिंह, सीओ चन्दौसी।



कस्बा नरौली में मेहंदी के जुलूस में शामिल लोग। ● अमृत विचार

### शांतिपूर्ण माहौल में निकाला मेहंदी का जुलूस

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के कस्बा नरौली में मोहर्रम का जुलूस शांति पूर्ण माहौल में निकाला गया। जिसमें छोटी–बड़ी मिलाकर पांच मेहंदी शामिल रही। बुधवार को पहली मेहंदी मोहल्ला नई बस्ती स्थित इमामबाड़ा से आरंभ हुई, जबकि दूसरी मेहंदी कन्या पाठशाला स्कूल से आरंभ हुई। जिसकी तीसरी मेहंदी व बच्चों द्वारा बनाई गई दो मेहंदी सहित पांचों मेहंदी शुरू होकर काजी टोला चौराहा होती हुई कुरैशियान तिराहा, भट्टी वाला बाग, जमुना तालाब वाले मार्ग से होते हुए करबला पर जाकर समाप्त हुई। जुलूस में कुछ मुस्लिम समाज के युवक करतब दिखाते चल रहे थे।

# जुलूस में अंजुमनों ने की सीनाजनी

कार्यालय संवाददाता, संभल/सिरसी

**अमृत विचार :** सिरसी में मुहल्ला शर्की और मुहल्ला गर्वी में रंजोगम के बीच रोजे आशुरा के जुलूस निकाले गए। शिया समुदाय के लोगों ने बस्ती से बाहर सेहरा में जाकर रोजे आशुरा के अमाल पढ़े। शाम को निकले जुलूस में अंजुमनों ने नौहाख्वानी और सीनाजनी की। उलेमाओं ने इमाम हुसैन की शहादत बयान की।

बुधवार को दोपहर में इमाम बारगाह गर्वी से शबीहे जुलजुनाह इमाम हुसैन निकाला गया। जिसमें मातमी अंजुमन महाफिजे अजा, हुसैनी, रौनक ए अजा, बहारे अजा, शमीमे इमान ने नौहा पढ़ा और मातम किया। जुलूस कर्बला मुहल्ला गर्वी में समाप्त हुआ। दूसरी ओर इमाम बारगाह मुहल्ला शर्की सादात से जुलजुनाह इमाम हुसैन निकाला गया। जिसमें सवारी वकार मेहंदी, खुर्शीद हैदर और मेहताब हुसैन ने पढ़ी। सवारी के बाद अंजुमने जुल्फकारे हैदरी, अंजुमन गुलदस्ते हैदरी, हाशमी, हैदरी, गुलजारे हुसैनी, अंजुमन पंजेतनी, दिलदारे हुसैनी, कारवाने हुसैनी, सफीना ए अजा और मीसम ए अजा ने नौहाख्वानी व सीनाजनी की। जुलूस कर्बला मुहल्ला शर्की सादात पहुंचा, जहां डॉ. मोहम्मद हुसैन जाफरी ने अजादारों को खिताब किया। रात में इमाम बारगाहों और अजाखानों में मजलिसे शामे गरीबा आयोजित हुई।

इमाम बारगाह सादात में अंजुमने जुल्फकारे हैदरी की ओर से मजलिसे शामे गरीबा हुई। जिसमें अंजुमन जुलफकारे हैदरी ने नौहाख्वानी की। उलेमाओं ने कहा कि इमाम हुसैन के शहीद होने के बाद यजीद की जालिम फौज ने इमाम हुसैन के खेमो में आग लगा दी थी।

- इमाम हुसैन की शहादत बयां की गई



सिरसी में रोजे आशुरा पर जुलूस निकालते शिया मुसलमान। ● अमृत विचार

### भुलाबई में मेहंदी का जुलूस निकालने को लेकर विवाद

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार:** बनियाठेर के गांव भुलाबई में मोहर्रम की पूर्व संध्या पर मंगलवार की रात मेहंदी का जुलूस निकाले जाने को लेकर विवाद हो गया। दूसरे पक्ष के लोगों ने मेहंदी की ऊंचाई 4-5 फिट होने पर आपत्ति जाहिर कर विरोध किया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जुलूस रुकवा दिया और मेहंदी को एक चबूतरे पर रखवा दिया गया।

गांव भुलाबई में मंगलवार की रात मुस्लिम समाज के लोग मेहंदी निकाल रहे थे। बताया जाता है कि यहां हर वर्ष जुलूस में मेहंदी की ऊंचाई अधिकतम डेढ़ फिट रहती है। इस बार चार से पांच फिट ऊंचाई होने पर दूसरे पक्ष के लोगों ने विरोध किया। सूचना पाकर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जुलूस रुकवा दिया। वहीं समाज के लोग मस्जिद से सटे एक चबूतरे पर मेहंदी रख कर वापस लौट गए। थानाध्यक्ष मोहित कुमार काजला का कहना है कि गांव भुलाबई में किसी प्रकार को कोई विवाद नहीं है।

## डायवर्ट यातायात की पुलिस कर्मियों ने संभाली व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** मोहर्रम के मौके पर निकलने वाले ताजियों के जुलूस के मद्देनजर यातायात को डायवर्जन प्लान के मुताबिक निकाला गया। विभिन्न प्वाइंटों पर यातायात पुलिस कर्मियों ने व्यवस्था संभालते हुए पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी की। जिसके चलते संभल शहर में न तो जाम लगा और न ही अव्यवस्था का माहौल बना।

बुधवार को प्लान के मुताबिक वाहनों को डायवर्ट किया। विभिन्न प्वाइंटों पर यातायात पुलिस कर्मियों ने यातायात को निर्धारित रूट पर निकाला। जिसमें हसनपुर गजरौला की ओर से आने वाले यातायात जिसे चंदौसी, मुरादाबाद, बदायूं जाना था उसे चौधरी सराय चौराहा से डायवर्ट करके पंवासा से बहजोई होकर गंतव्य की ओर बढ़ाया गया। गवां की ओर से आने वाले जिस यातायात को चंदौसी, बदायूं, मुरादाबाद जाना था वह चौधरी सराय चौराहा से डायवर्ट होकर पंवासा, बहजोई, चंदौसी की तरफ बढ़ा। मुरादाबाद की ओर से आने यातायात को अगर दिल्ली, बुलंदशहर, अलीगढ़ जाना था तो उसे बिलारी तिराहा सिरसी से डायवर्ट किया गया। यह यातायात थाना हजरतनगर गढ़ी से बिलारी, चंदौसी, बहजोई की तरफ बढ़ा। मुरादाबाद एवं बदायूं की ओर से आकर चंदौसी संभल होकर दिल्ली की जाने वाले यातायात को संभल तिराहा चंदौसी से डायवर्ट करते हुए बहजोई, बबराला, नरौरा पुल होकर बढ़ाया गया। संभल शहर में चंदौसी रोड पर सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के सामने खाली मैदान, मुरादाबाद मार्ग पर बिजलीघर के सामने खाली मैदान, असमोली रोड पर रायसत्ती बस अड्डा, हसनपुर रोड पर मंडी समिति के अंदर पार्किंग व्यवस्था की गई।

## सार-संक्षेप



बेहटा साहू के मझरा भीमपुर में इमाम हुसैन का गम मनाते मुस्लिम। ● अमृत विचार

### नोएडा से पुश्तैनी गांव में पहुंच मनाया मोहर्रम का त्योहार

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव बेहटा साहू के मझरा भीमपुर में मोहर्रम का त्योहार मनाया गया। यहां हर वर्ष मोहर्रम पर मातम किया जाता है। मुस्लिम समाज के अकबर ने बताया कि पहले हमारे बुजुर्ग गांव भीमपुर में रहते थे। लेकिन बुजुर्गों ने अपने बच्चों को शिक्षा दिलाई और अन्य शहरों में शिफ्ट कर दिया। अब हर वर्ष मोहर्रम पर मुस्लिम समाज के लोग गांव पहुंच त्योहार मनाते हैं। गांव कि इमामबाड़ा रफत अली पुश्तैनी मस्जिद से हर वर्ष मोहर्रम का जुलूस निकलता है। जिसमें अलम निकाले जाते हैं व जंजीरों से मातम भी किया जाता है। नोएडा से लगभग 100 लोग परिवार के साथ त्योहार मनाने के लिए गांव पहुंचते हैं।

### कड़ी सुरक्षा के बीच निकला ताजिया जुलूस

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानगढ़ में मोहर्रम के मौके पर ताजिया जुलूस निकाला गया। जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शिरकत की। जुलूस के दौरान पुलिस उपाधीक्षक आकांक्षा अवस्थी, थाना प्रभारी नरेश सिंह भारी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।



संभल में मोहर्रम पर ताजिया जुलूस में शामिल युवाओं की भीड़। ● अमृत विचार

### उमड़ा जनसैलाब, गूंजी या हुसैन की सदाएं

**संभल, अमृत विचार :** संभल में मोहर्रम के मौके पर नवासा–ए–रसूल इमाम हुसैन और 72 जानिसारों की की शहादत की याद में ताजियों का जुलूस निकाला गया। शासन द्वारा तय की गई ऊंचाई के ताजिए देर रात तक नखासा चौराहा पहुंचे। ताजिये जुलूस में बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत करते हुए या हुसैन या हुसैन की सदाएं बुलंद की। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। बुधवार को मंडी किशन दास सराय व कागजी सराय आदि के ताजिए 10 फिट की ऊंचाई के निकाले गए। यह ताजिये चंदौसी मार्ग से चंदौसी चौराहा, रोडवेज बस अड्डा होते हुए अस्पताल चौराहा पर पहुंचे। जहां से विभिन्न इमाम बारगाहों से उठे ताजिये बड़े जुलूस में परिवर्तित हुए। मुहल्ला चमन सराय, मुहल्ला नाला एवं चौधरी सराय के बड़े एवं छोटे इमामबाड़ों के ताजिये भी जुलूस में शामिल हुए। जिसके बाद ताजियों का जुलूस बाल विद्या मंदिर स्कूल, आर्य समाज रोड, खग्गू सराय होते हुए अन्य ताजियों को लेकर नखासा चौराहे पर पहुंचा। मिलाप व पगड़ी की रस्म हुई। जुलूस में युवाओं, किशोरों और बुजुर्गों ने शिरकत की। हर तरफ या हुसैन या हुसैन की सदाएं बुलंद हो रही थी। इस दौरान चप्पे–चप्पे पर पुलिस बल मुस्तैद रहा। हरेक गतिविधि पर नजर रखी जा रही थी।

# असमोली क्षेत्र में निकले जुलूस

संवाददाता, मनोटा/ओबरी

**अमृत विचार :** असमोली क्षेत्र में मोहर्रम की 10वीं तारीख को ताजियेदारों ने इमाम हुसैन और उनके 72 जानिसारों की शहादत को याद करते ताजिया जुलूस निकाला।

गांव ओबरी में बुधवार को दोपहर नमाज के बाद इमामबाड़ों से निकलकर ताजिया जुलूस का कर्बला पहुंचकर समाप्त हुआ। जहां शहीदाने कर्बला को खिराज-ए-अकीदत पेश करने के बाद ताजियों को सुपुर्देखाक किया गया। गांव रचैटा, असगरीपुर, मनोटा, सैदपुर इम्मा, मंसूरपुर माफी, मुबारकपुर बंद आदि गांवों से भी ताजिये जुलूस निकले। असगरीपुर, सैदपुर इम्मा और रचैटा गांव में ताजिये की अधिक ऊंचाई होने पर उसकी जगह दूसरा कम ऊंचाई का ताजिया मनोटा स्थित कर्बला को ले जाया गया।

इस बीच मजलिस, कुरान ख्वानी, फातिहा ख्वानी व दुआ ख्वानी हुई। अकीदतमंदों में लंगर बांटा गया। लोगों को शरबत पिलाया। ताजियों के जुलूस के दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे।



असमोली के ओबरी गांव में मोहर्रम पर ताजिया के जुलूस में शामिल लोग।



चन्दौसी में मोहर्रम के जुलूस में शामिल ताजिए। ● अमृत विचार



चन्दौसी में मोहर्रम के जुलूस में फातिया पढ़ते मुस्लिम समाज के लोग।

# जुलूस में आकर्षण का केंद्र रहा 150 वर्ष पुराना ताजिया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** मोहर्रम का जुलूस परंपरागत तरीके व शांति पूर्ण माहौल में निकाला गया। सुरक्षा की दृष्टि से जुलूस में सीओ, प्रभारी निरीक्षक के साथ-साथ काफी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। शासन की गाइडलाइन के अनुसार ही मोहर्रम का जुलूस निकाला गया।

बुधवार को मोहल्ला पंजाबियान स्थित बड़े इमामबाड़े से चलकर सीकरी गेट होते हुए ताजिये संभल गेट स्थित सुनहरी मस्जिद पर पहुंचे। यहां शहर के मुस्लिम क्षेत्रों से ताजिए पहुंचे। सुनहरी मस्जिद से शाम पांच बजे मोहर्रम का जुलूस आरंभ हुआ। जिसमें तरह-तरह के ताजिये शामिल रहे। जुलूस में 150 वर्ष पुराना मुस्लिम समाज के पूर्वजों द्वारा बनाया गया ताजिया भी शामिल था। जो आकर्षण का केंद्र बना रहा। मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा मर्सिया पढ़ें गए। संभल गेट से आरंभ हुए जुलूस बड़े इमामबाड़े पर पहुंच संपन्न हुआ। जगह-जगह लंगर बांटा गया। जुलूस देखने के लिए सड़क व छतों पर महिलाओं व बच्चों की भीड़ जमा रही। सुरक्षा को लेकर सीओ डॉ. प्रदीप कुमार, प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह सहित पुलिस के जवान मौजूद रहे। इस अवसर पर काजी इफ्तेखार, काजी मुजीब, शहर काजी हाजी मरगूब, अब्दुल हमीद, हाजी कलीम अनवर, शौकत सलमानी, अब्दुल हमीद, काजी शाहिद, काजी सलीम, मोहम्मद अमान, मोहम्मद वारिस, मोहम्मद अली, मोहम्मद हैदर, मोहम्मद आदिल आदि शामिल रहे।

- सुरक्षा की दृष्टि से जुलूस में शामिल रहा भारी पुलिस बल

# तालाब में नहाते युवक की दलदल में फंसकर मौत

## पानी में कूदा तो दलदल में फंस गया और बाहर नहीं आ सका, ईंट भट्टे के पास तालाबनुमा गड्ढे में भरा था पानी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** बहजोई थाना क्षेत्र में ईंट भट्टे के 17 फिट गहरे गड्ढे (तालाब) में नहाते समय दलदल में फंसकर युवक की मौत हो गई। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद युवक को दलदल से बाहर निकाला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी की।



सुमित की फाइल फोटो।

गांव पंवासा निवासी करनपाल शर्मा उर्फ मिंटू शर्मा का 18 वर्षीय बेटा सुमित शर्मा बुधवार की सुबह खेत पर मुहल्ले के साथियों के साथ धान की पौध की रोपाई करने गया था। साढ़े नौ बजे रोपाई करते समय गर्मी लगने पर सुमित साथियों के साथ पास में स्थित ईंट भट्टे पर गड्ढे में भरे पानी में नहाने आ गया। यहां सुमित शर्मा के साथी अलग गड्ढे में नहा रहे थे जबकि सुमित अकेला दूसरे गड्ढे में नहाने चला गया। सुमित शर्मा ने नहाने के लिए जैसे ही गड्ढे में छलांग लगाई तो उसका सिर पानी से भरे गड्ढे की दलदल में फंस गया। जब काफी देर तक सुमित बाहर नहीं आया तो उसके साथियों ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर गांव व आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। कड़ी मशक्कत के बाद लोगों ने गड्ढे में उतरकर सुमित को बाहर निकाला। आनन फानन में उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल लाया गया। यहां डॉक्टर ने सुमित को मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर सुमित शर्मा का शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। परिजनों ने बताया कि सुमित तीन बहन भाइयों में दूसरे नंबर का था।



पंवासा में ईंट भट्टे के पास भरा पानी जिसमें डूबकर युवक की मौत हुई। ● अमृत विचार



पंवासा में युवक की मौत के बाद इकट्ठा लोग। ● अमृत विचार

### गहराई और दलदल का नहीं था अंदाजा

**संभल, अमृत विचार:** पंवासा गांव निवासी करनपाल शर्मा उर्फ मिंटू शर्मा के बताया कि सुमित शर्मा के ईंट भट्टे पर पानी से भरे गड्ढे में डूबने की सूचना मिलने पर मौके पर गए थे, लेकिन गड्ढे की गहराई का अंदाजा नहीं था। बांस मंगाकर गड्ढे की गहराई नापी। जिससे पता चला की गड्ढे की गहराई करीब 17 फिट थी। जिसके बाद ही तैरना जानने वाले लोग गड्ढे में उतरे थे। जिसके बाद पता चला कि सुमित का सिर गड्ढे की दलदल मिट्टी में फंसा हुआ था।

### पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल लेकिन नहीं बची जान

**संभल, अमृत विचार:** पंवासा गांव निवासी सुमित शर्मा के ईंट भट्टे पर बने गड्ढे में डूबने की सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची थी। परिजनों का कहना है कि गड्ढे से निकालने के बाद पुलिस से उपचार के लिए सुमित को गाड़ी से जिला अस्पताल पहुंचाने की बात कही थी, लेकिन पुलिस ने एंबुलेंस को बुलाने को कह दिया था। जिसके बाद मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी योगेश कुमार ने आनन फानन में पुलिस वाहन से उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया था लेकिन सुमित की मौत हो चुकी थी।

## एक नजर

### पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर प्रवेश आरंभ

**चन्दौसी, अमृत विचार:** एनकेबीएमजी कॉलेज में एमएड प्रथम वर्ष सत्र 2024-25 में पहले आओ पहले पाओ के आधार पर गुरुवार से प्रवेश आरंभ हो रहे हैं। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अलका रानी अग्रवाल ने बताया कि एमएड प्रथम वर्ष के प्रवेश विश्वविद्यालय के नियमानुसार किए जाएंगे। इसलिए सीधे प्रवेश को इच्छुक छात्राएं आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ महाविद्यालय से संपर्क करें। सीटें सीमित हैं।

### धक्का मुक्की में गिरकर बालक हुआ घायल

**संभल, अमृत विचार:** नखासा थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर ककरौआ निवासी जुल्फेकार का आठ वर्षीय बेटा अबूबकर बुधवार को मोहर्रम के मौके पर नियाज ले रहा था। अचानक से हुई धक्का मुक्की में अबू बकर गिरकर घायल हो गया।

### मामूली बात पर पिता पुत्री को किया घायल

**संभल, अमृत विचार:** नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला दीपासराय निवासी वसीम अख्तर ने बुधवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि मुहल्ला के ही एक व्यक्ति ने दरवाजे के आगे बाइक खड़ी की थी। दरवाजे से घर आने जाने में परेशानी होने पर वसीम अख्तर ने व्यक्ति से बाइक हटाने को कहा। इसी बात को लेकर वसीम अख्तर व व्यक्ति के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि व्यक्ति ने अपने भाइयों बुला लिया और वसीम अख्तर के साथ लात घूसों से मारपीट करने लगा। पिता को बचाने पहुंची वसीम अख्तर की बेटी के साथ भी मारपीट की। जिससे वसीम अख्तर व उसकी बेटी घायल हो गई।

### नलकूप पर नहा रही बच्ची के साथ की छेड़छाड़

**धनारी, अमृत विचार:** धनारी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की 11 वर्षीय पुत्री बुधवार को परिवार के ही दो बालकों के साथ खेत पर नलकूप पर नहा रही थी। तभी गांव का ही एक युवक नलकूप पर पहुंचा। आरोप है कि युवक ने कपड़े उतरवाकर बच्ची के साथ छेड़खानी की। किसी तरह छूटकर घर पहुंची बच्ची ने मां से सारी बात बताई। शिकायत करने घर पहुंची महिला तो युवक धमकी देने लगा। महिला ने थाने में तहरीर देकर पुलिस से युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# कार मरम्मत की धनराशि के साथ ही 15 हजार जुर्माना भी अदा करे कंपनी

संवाददाता,बहजोई

**फैसला**

- उपभोक्ता प्रतितोष आयोग ने इंश्योरेंस कंपनी को दिया आदेश
- 5 हजार रुपये वाद व्यय के भी अदा करने को कहा

**अमृत विचार:** अधिवक्ता के निजी वाहन को प्राइवेट टैक्सी बताकर क्लेम देने से इन्कार करना इंश्योरेंस कंपनी को भारी पड़ा है। उपभोक्ता प्रतितोष आयोग ने इंश्योरेंस कंपनी को वाहन की मरम्मत की धनराशि के साथ ही 15 हजार का जुर्माना भी अदा करने के आदेश जारी किए हैं।

संभल निवासी अधिवक्ता मोहम्मद सलीम 4 सितंबर 2023 की रात्रि वह अपनी कार से अमरोहा जा रहे थे तब एक पशु को बचाने के चक्कर में गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर में जा टकराई थी। कार क्षतिग्रस्त होने के बाद इंश्योरेंस कंपनी के सर्वेयर द्वारा का सर्वे किया गया लेकिन जब मरम्मत के 36026 रुपये मांगे तो बीमा कंपनी ने यह कहकर धनराशि देने से इंकार कर दिया कि उनका वाहन प्राइवेट टैक्सी के रूप में प्रयोग किया जा रहा था। अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय ने एक परिवाद जिला उपभोक्ता आयोग जनपद संभल में प्रस्तुत किया।

दोनों पक्षों को सुनकर अपना निर्णय देते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने बीमा कंपनी को वाहन मरम्मत पर व्यय धनराशि 36026 रूपये तथा उस पर परिवाद प्रस्तुत करने की तिथि से 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित देने के साथ ही 10 हजार रुपये मानसिक व आर्थिक क्षति व 5 हजार वाद व्यय के भी अदा करने के आदेश दिये।

# पौधरोपण कर लिया देखभाल का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** मानवाधिकार संघ की ओर से बुधवार को नगर के सीता आश्रम स्थित प्रतिष्ठित मूंछों वाले शिव मंदिर परिसर में पौधरोपण किया गया। जिसमें संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के लिए विभिन्न छायादार एवं औषधीय 51 पौधों का रोपण कर उनकी देखभाल का संकल्प लिया।

अतिथि डॉ. टीएस पाल ने कहा कि पेड़ सूरज की रोशनी से प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया के माध्यम से हवा से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर वायुमंडल में ऑक्सीजन छोड़ उसे स्वच्छ बनाते हैं।

संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. दीपचंद अग्रवाल ने बताया कि सुरक्षित जीवन हेतु पेड़ लगना अति अनिवार्य है। मनुष्य को अपने अस्तित्व को सुरक्षित रखना है तो वृक्षों को बचाना होगा। प्रदेश संयोजक अश्वनी कुमार शर्मा ने कहा कि पेड़ ऑक्सीजन प्रदान करने के साथ-साथ वायु की गुणवत्ता, जलवायु, जल संरक्षण व मिट्टी के कटाव को रोकने एवं वन्य जीवों का संरक्षण करके हमारे पर्यावरण को संतुलित करने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। संस्था के सदस्य डॉ. डीके अग्निहोत्री ने पौधों के महत्व को बताया है। इस अवसर पर विश्वजीत शर्मा, महंत अतुल शंखधार, डॉ. जयशंकर दुबे, वीरेंद्र कुमार, रतन कुमार वार्ष्णेय, मुनीश वार्ष्णेय, अनुराग शर्मा, सुमित बाबू, शैलेश यादव, हरीश कठेरिया एडवोकेट, तेजपाल सिंह, राजू बनर्जी आदि की सहभागिता रही।




मूंछों वाले शिव मंदिर परिसर में पौधरोपण करते मानवाधिकार संघ के लोग।

# बारिश के मौसम में पांव पसार रहे रोग, सीएचसी में मरीजों की भीड़

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** बारिश के मौसम में बीमारियों ने लोगों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया है। जिससे लोग बुखार, डायरिया, टायफाइड से पीड़ित बने हुए हैं। रोजाना सीएचसी में 700 से अधिक मरीज उपचार कराने पहुंच रहे हैं। जिससे सुबह आठ बजे से ही मरीजों की कतारें लगनी शुरू हो जाती हैं।

बारिश होने से कुछ घंटों के लिए मौसम में ठंडक हो जाती है। इसके बाद फिर उमस भरी गर्मी शुरू हो जाती है। इस दौरान असावधानी बरतने वाले लोग बीमार की चपेट में आ रहे हैं। जिसमें सबसे अधिक संख्या बुखार, डायरिया, टायफाइड के मरीजों की बनी हुई है।

सीएचसी में सुबह आठ बजे से पर्चा बनवाने, चिकित्सक से उपचार कराने व दवा लेने के लिए मरीजों व तीमारदारों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो जाती है। रोजाना 700 के करीब मरीज उपचार कराने पहुंच रहे हैं। जिसमें बच्चों व महिलाओं की संख्या अधिक रहती है। वहीं चिकित्सक भी मरीजों से बरसात के मौसम में सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि बारिश के दौरान ठंडे पानी का सेवन करें।

बाजार की तली भुनी खाद्य सामग्री बिल्कुल न खाएं। बुखार आने पर चिकित्सक की सलाह के बाद ही दवा का सेवन करें। घर पर ताजी बने भोजन का सेवन करें। बासी भोजन कतई न खाएं।



सीएचसी में इलाज कराने को लाइन में लगे मरीज। ● अमृत विचार

- बुखार, डायरिया, टायफाइड के मरीजों की संख्या में हो रहा हर रोज इजाफा
- रोजाना 700 से अधिक मरीज उपचार कराने पहुंच रहे सीएचसी

# दहेज के लिए महिला को मारपीट कर घर से निकाला

**बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार:** कोतवाली चन्दौसी क्षेत्र की ग्राम पंचायत कैथल के मझरा रामनगर निवासी जोगपाल पुत्र छोटेलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी बेटी चमन की शादी 14 नवंबर 2021 को थाना बनियाठेर के गांव मझावली के परिवार में हुई थी।

शादी के कुछ माह तक सब कुछ ठीक रहा। आरोप है कि तीन-चार माह बाद ही ससुराल वाले उसकी बेटी को कम दहेज लाने का ताना देकर प्रताड़ित करने लगे। आए दिन बेटी के साथ मारपीट करते थे। इसके चलते 17 जुलाई दिन मंगलवार को बेटी को मारपीट कर घर से निकाल दिया। मारपीट में बेटी का एक दांत भी टूट गया। गांव के एक व्यक्ति ने फोन पर सूचना दी तो वह तत्काल पहुंचा और बेटी के ससुराल वालों से बातचीत की लेकिन ससुराल वालों ने बेटी को रखने से इनकार कर दिया।

# खेत पर काम कर रही महिला की पिटाई का वीडियो वायरल

संवाददाता,बहजोई(संभल)

- चार ग्रामीणों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने को थाना में तहरीर दी

**अमृत विचार:** खेत पर काम कर रही महिला द्वारा गाली गलौज का विरोध करने पर पड़ोसी खेत स्वामी ने महिला को चप्पलों से पीटा। मारपीट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। महिला की मां ने 4 ग्रामीणों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने को थाना में तहरीर दी है।

बहजोई के गांव कुबरी राम निवासी महिला फूलवती की बेटी मधु खेत की सिंचाई करवा रही थी। इसी दौरान फरीदपुर खुशहाल निवासी करू उसका पिता गजेंद्र व शिशुपाल आ धमके और महिला के साथ गाली गलौज करने लगे। महिला ने गाली गलौज करने का विरोध किया तो एक आरोपी ने महिला की चप्पल से पिटाई करनी शुरू कर दी। महिला की चप्पल से मारपीट करने का किसी ने वीडियो बना लिया। वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई तो महिला की मां से पुलिस ने तहरीर लेते हुए कार्रवाई करने का दावा कर रही है। कोतवाल योगेश कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर पर मामला दर्ज करने का काम किया जा रहा है।



गांव में महिला की चप्पल से पिटाई करता आरोपी। फोटो -वीडियो

# खेल के मैदान में सफाई व पानी की व्यवस्था की मांग

**संभल, अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन शंकर के युवा जिला अध्यक्ष कामेंद्र चौधरी ने बुधवार को बताया कि संभल ब्लाक क्षेत्र के गांव सिंहपुरसानी में स्थित खेल मैदान में क्षेत्र के आसपास कई गांवों के युवा व बच्चे तीरंदाजी सहित अन्य खेलों की तैयारी करने आ रहे हैं, लेकिन साफ सफाई नहीं होने की वजह से खेल के मैदान में घास उग आई है और ना ही खिलाड़ियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था है। जिसकी वजह से खिलाड़ियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि जिम्मेदारों के जल्द से जल्द साफ सफाई कर खेल में मैदान में पानी की व्यवस्था करानी चाहिए। चेतावनी देते हुए कहा कि समय से सुविधाएं पूरी नहीं की जाती है तो कार्यकर्ता बैठक में निर्णय लेकर आंदोलन करेंगे। इस दौरान सतवीर चौधरी, आशु सिंह, सिद्धार्थ चाहल आदि मौजूद रहे।

**परेशानी** मौलागढ़ की मिलक में इसी रास्ते से होकर श्मशान जाते हैं लोग

# नहीं हो रहा सड़क निर्माण, शव यात्रा भी गंदे पानी से गुजर रही

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** विकास खण्ड बनियाखेड़ा की ग्राम पंचायत मौलागढ़ के मझरा मिलक के मुख्य मार्ग पर लोगों को जलभराव से गुजरना पड़ रहा है। यहां तक कि लोग अर्थी भी जलभराव से लेकर जाने को मजबूर हैं। बुधवार को मिलक में एक व्यक्ति के देहांत के बाद उसकी अर्थी जलभराव के बीच से निकाली गई।

ग्राम पंचायत मौलागढ़ के मझरा मिलक का मुख्य मार्ग गैस गोदाम रोड पर खुलता है। यह गांव का मुख्य मार्ग है, जिससे लोगों का आवागमन रहता है। काफी समय से जलभराव होने से लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। जिससे लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरने को मजबूर होना पड़ता है। आवागमन के दौरान बाइक व ई-रिक्शा जलभराव में पलट जाता है। जिससे उस पर सवार लोग चुटैल तक हो जाते हैं। जबकि लोग कई बार ग्राम प्रधान व ब्लाक बनियाखेड़ा में लिखित व मौखिक शिकायत कर सड़क निर्माण की मांग कर चुके हैं।

आलम यह है कि जब गांव में किसी की मौत हो जाती है, तो अर्थी को भी जलभराव से लेकर गुजरने को मजबूर होना पड़ रहा है।

मंगलवार की रात दस बजे ग्राम मिलक निवासी प्रेम किशोर 45 वर्ष पुत्र स्व. नारायण की बीमारी के चलते मौत हो गई। बुधवार की दोपहर एक बजे परिजन अर्थी बहेड़ा वाले ताल स्थित श्मशान के लिए लेकर निकले। गांव के मुख्य मार्ग पर जलभराव होने पर अर्थी लेकर जाने वालों को जलभराव से लेकर गुजरने को विवश होना पड़ा।



मिलक मौलागढ़ में अर्थी लेकर गंदे पानी से होकर गुजरते लोग। ● अमृत विचार

> क्षेत्र पंचायत की ओर से गांव मिलक के मुख्य मार्ग पर 114 मीटर सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस समय मिट्टी डालने का कार्य चल रहा है। बाकी बचे हिस्से को नगर पंचायत से बनवाया जाएगा।
>
> -कमल कांत, बीडीओ, बनियाखेड़ा

# सेफ्टी टैंक में गिरा सांड़ 3 घंटे बाद निकाला बाहर

**बबराला, अमृत विचार:** नगर में सांड़ घर के अंदर बने दस फुट गहरे सेफ्टी टैंक में गिर गया। सफाई मित्रों को तीन घंटे तक कड़ी मशक्कत के बाद सांड़ को सुरक्षित रेस्क्यू कर बाहर निकाल लिया। नगर के वार्ड नंबर चार में देवेंद्र पाल का मकान है। मकान के गेट पर दरवाजा नहीं है। मंगलवार को देर रात छुट्टा सांड़ घर के अंदर गली में बने सेफ्टी टैंक में गिर गया। बताया जा रहा है कि सांड़ जैसे ही घर में घुसा तो सेफ्टी टैंक के ऊपर बिछे पत्थर उसके भार से टूट गए और वह टैंक में गिर गया। सूचना मिलने पर रात में ही नगर पंचायत के सफाई मित्र मौके पर पहुंच गए और करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद सांड को सेफ्टी टैंक से सुरक्षित निकाल लिया। नगर पंचायत चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने सांड़ का रेस्क्यू करने वाली सफाई मित्रों की टीम को पुरस्कृत किया है।

## सार-संक्षेप

### दहेज हत्या में पति सहित पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**संभल, अमृत विचार:** बहजोई थाना क्षेत्र के करीमपुर गांव में महिला की मौत के मामले में पति सहित पांच के खिलाफ दहेज हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है। बदायूं जिले के थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव नाधा निवासी अंकित ने मंगलवार की देर रात पुलिस को तहरीर देकर बहन की दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाकर बहजोई थाना क्षेत्र निवासी बहनोई सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। कहा कि शादी के बाद से ही गांव करीमपुर निवासी बहनोई विष्णु यादव व उसके पिता चंद्रकेश, मां मिथलेश व दो बहनें संगीता सरिता बहन रोशनी से दहेज में सोने की अंगूठी व पचास हजार रुपये मायके से लाने की मांग करने लगे थे। दहेज लाने से मना करने पर ससुराल वाले रोशनी को प्रताड़ित करते थे और मंगलवार की सुबह साढ़े दस बजे इन लोगों ने रोशनी की गला दबाकर हत्या कर दी। कोतवाल योगेश यादव ने बताया कि रोशनी के पति विष्णु यादव, सास मिथलेश, ससुर चंद्रकेश व ननद संगीता और सरिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।



गोलागंज शिव मंदिर पर सुंदरकांड पाठ करते ट्रस्ट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### मेरी राम जी से कह देना जय श्री राम...

**चन्दौसी, अमृत विचार:** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से बुधवार की शाम गोलागंज स्थित प्राचीन शिव मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल शर्मा ने वेद मंत्रोच्चारण के साथ देवी देवताओं का आह्वान कर पूजन कराया। तदोपरांत केजी शर्मा, अजय सक्सेना ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण का वाचन किया। गुलशन अरोरा व रमेश ग्रेवाल ने सुंदरकांड पाठ की चौपाइयों का लयवद्ध वाचन किया। इसके बाद भजन हुए। केजी शर्मा ने कीजो केसरी के लाल मेरा छोटा सा यह काम, मेरी राम जी से कह देना जय श्री राम तथा मीनाक्षी पाण्डेय ने मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है आदि एक के बाद एक भजनों की प्रस्तुति से माहौल भक्तिमय कर दिया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर जितेंद्र मग्गो, अजीत ठाकुर, कमल टाल वाले, आलोक दुबे, राजीव शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा, संजीव शर्मा, सच्चिदानंद शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा, जयपाल सिंह, मनोज शर्मा, राजेश शंखधार, विशाल शर्मा, ब्रजेंद्र शर्मा, कल्पना वार्ष्णेय, योगेंद्र कुमार शर्मा, राकेश चौबे, पीएन शर्मा, प्रवीण मोहन तिवारी, कपिल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर की भगवान विष्णु की पूजा

**संभल/बबराला, अमृत विचार:** संभल जिले में भगवान विष्णु को समर्पित देवशयनी एकादशी पर श्रद्धालुओं ने गंगाघाटों पर गंगा स्नान किया और उपवास रखा। श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु की विधिवत पूजा की। देवशयनी एकादशी के मौके पर बुधवार को सुबह से ही गंगाघाटों पर श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। राजघाट, अनूपशहर, साधु मणि समेत दूसरे गंगाघाटों पर श्रद्धालुओं ने ब्रहममुहूर्त में आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने व्रत रख कर पूरे विधि विधान से भगवान विष्णु का पंचामृत व गंगाजल से अभिषेक किया। घी का दीपक जलाकर पीला चंदन और पीले पुष्प अर्पित कर देवशयनी एकादशी की व्रत कथा का पाठ किया। गंगाघाटों पर गंगा स्नान और पूजा अर्चना का सिलसिला घंटों तक चलता रहा। मान्यता है कि इस दिन से भगवान विष्णु चार माह के लिए क्षीरसागर में शयन करने चले जाते हैं। देवशयनी एकादशी से चातुर्मास शुरू हो जाता है। इन चार महीनों में मांगलिक कार्य वर्जित रहते हैं।

### अमरनाथ, मां वैष्णो देवी दर्शन के लिए जत्था हुआ रवाना

**संभल, अमृत विचार:** संभल विकासखंड क्षेत्र के गांव देहपा से बुधवार को एक दर्जन से अधिक लोगों का जत्था अमरनाथ व वैष्णो देवी दस दिन की यात्रा के लिए रवाना हुआ। जत्थे में शामिल ग्रामीण व महिलाएं 27 जुलाई को बाबा बर्फानी व माता वैष्णो देवी के दर्शन वापस गांव लौटेंगे। जत्थे को भारतीय किसान संघ के जिला मंत्री भूपेंद्र सारस्वत ने विदा किया। जत्थे में परितोष राज शर्मा, बंटी कश्यप, राजीव हलवाई, रितिक रावत, जोगिंद्र सैनी, राजवीर सैनी, दीपक कुमार, धीरेंद्र कुमार, गुड्डु कुमार, लक्ष्मी देवी, कैला देवी, रजनी देवी मौजूद रही।

### बाइकों की भिड़ंत में मां बेटा घायल

**संभल, अमृत विचार:** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव नारंगपुर निवासी मोहित बुधवार को बाइक पर सवार होकर अपनी मां संगम देवी के साथ सौंधन से घर जा रहा था। मोहित बाइक लेकर जैसे ही सौंधन से निकलकर संभल मार्ग पर पहुंचा। सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे मोहित व संगम देवी सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। वहीं टक्कर मारने के बाद चालक बाइक लेकर भाग गया। हादसे के बाद मौके पर इकट्ठा हुए आसपास के लोगों ने एंबुलेंस की मदद से मोहित व संगम देवी को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

### सांसद को आज ज्ञापन सौंपेंगे भाकियू कार्यकर्ता

**संभल अमृत विचार:** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन चौधरी नरेश टिकैत एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत के निर्देश पर 18 जुलाई को सुबह 11 बजे प्रदेश प्रमुख महासचिव विजेंद्र सिंह यादव, जिलाध्यक्ष मानपाल सिंह यादव के नेतृत्व में सांसद जियाउर्रहमान बर्क को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह जानकारी तहसील अध्यक्ष चौधरी महीदेव सिंह ने दी। बताया कि केंद्र सरकार द्वारा किसानों से किए गए वादों को लेकर वादाखिलाफी की गई। जिसमें एमएसपी पर कानून बनाने, स्वामीनाथन की रिपोर्ट को लागू करने, किसानों को सिंचाई हेतु नलकूप एवं घरेलू बिजली बिल माफ किए जाने आदि वादों को पूरा नहीं किए जाने के मुद्दे उठेंगे।



गांव गुमथल में भागवत कथा सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### कृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग सुन कर भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**चन्दौसी, अमृत विचार:** बनियाठेर के गांव गुमथल गांव में देव स्थल सिद्धि वानखंडी चौधराना बाबा संत आश्रम पर गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के आज तीसरे दिन बुधवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा का मनोहारी वर्णन किया। इस दौरान बधाईयों पर श्रद्धालु झूम उठे। नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी आदि उद्घोष गूंजते रहे। जिससे भक्ति का माहौल बन गया। कथा वाचक शशिकांत महाराज ने कृष्ण जन्म, सती अनुसुइया की कथा सुनाते हुए सभी श्रद्धालुओं को बताया कि कारागार में वासुदेव देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन पालन नंद बाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंद गांव में श्री कृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। श्री कृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। कृष्ण जन्म की खुशी में कथा पंडाल को विशेष रूप गुब्बारों से सजाया गया। इस दौरान भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। नंद के आनंद भयो जय कन्हईया लाल की उद्घोष से पंडाल गूंज उठा। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर पागल बाबा, हीरा मुनि बाबा, सनक मुनि, मटरु लाल शर्मा, अजय पाठक, डॉ. हरि सिंह, अवनीश कुमार शर्मा, नेतराम दिवाकर, गोपीचंद प्रजापति, हरपाल, लालाराम मौर्य, प्रदीप प्रजापति, तेजपाल, वर्तमान प्रधान लक्ष्मी देवी, आरती समेत तमाम श्रद्धालुओं की भागीदारी रही।

## एक नजर



हसनपुर में टूटा बिजली का खंभा।

### बिजली के दो खंभे टूटने से हादसे की आशंका

**हसनपुर, अमृत विचार :** टीचर्स कॉलोनी मनापुर में बुधवार सुबह दो बिजली के खंभे टूटे गए। जिस समय खंभे टूटे उसे समय आपूर्ति जारी थी, परंतु किसी प्रकार की कोई घटना नहीं हुई। जानकारी पर विभागीय कर्मचारियों ने आपूर्ति तो रोक दी, लेकिन खंभो को नहीं लगवाया। जिससे कॉलोनी वासियों में रोष है। बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत करने पर कोई निस्तारण नहीं हुआ है। इस मौके पर मुख्य रूप से जगदीश शरण, राजीव कुमार, राजेश कुमार, सतपाल सिंह, अशोक सिंह, विनोद गौतम, रामवीर सिंह, जयवीर सिंह आदि मौजूद रहे। इसके अलावा कॉलोनी में एक दो अन्य खंभे भी गिरने के कगार पर हैं। जिनकी कई बार सूचना दी जा चुकी है । उन्हें भी ठीक नहीं किया गया है।

### नाबालिग को फुसलाकर ले गया युवक, रिपोर्ट

**आदमपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव में नाबालिग को बहला फुसलाकर युवक ले गया। घटना के बाद किशोरी के पिता ने पुलिस को युवक के खिलाफ तहरीर दी है। नाबालिग के पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि शनिवार रात दो बजे उसकी 17 वर्षीय पुत्री घर से अचानक लापता हो गई। जब मेरी पत्नी नींद से जागी तो पुत्री चारपाई पर नहीं थी। तलाश के बाद पता चला कि पुत्री को गांव निवासी युवक अपने साथ ले गया है। जिसके बाद पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। थानाध्यक्ष शौकेंद्र सिंह ने बताया कि नाबालिग के पिता की तहरीर पर अभिषेक, आकाश, मधु, वीरपाल, शारदा पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### रेत के खनन की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में अवैध बालू का खनन बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को भी अवैध बालू खनन की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई। कोतवाली क्षेत्र के कई गांवों के जंगलों में दिन-रात बालू का अवैध खनन हो रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की जाती है। कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक विनोद कुमार गोले ने वायरल वीडियो की जानकारी से इनकार किया। कहा कि ऐसा मामला है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



अमरोहा में निकलता ताजियों का जुलूस। ● अमृत विचार



अमरोहा में जंजीरों का मातम करते अजादार। ● अमृत विचार



हसनपुर में ताजियों का जुलूस निकालते अजादार। ● अमृत विचार

# या हुसैन, या हुसैन पुकारते कर्बला पहुंचे अजादार

## जिलेभर में निकाले गये ताजिये, दिनभर चला मातम का सिलसिला, महिलाओं ने रखा रोजा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** 10 मोहर्रम आशूरा वह दिन है। जब कर्बला के मैदान में हजरत इमाम हुसैन के 72 साथियों के सामने यजीद की एक बड़ी फौज जिसमें लाखों सिपाही थे। जिससे उन्होंने जंग की थी। पहले इमाम हुसैन पर हजरत हूर ने अपनी जान दी और इसके बाद दोस्त व अंसार शहीद होते गये। खेमों में बच्चे तीन रोज से बच्चे भूखे प्यासे थे। इमाम हुसैन की साहबजादी सकीना ने अपने चाचा अब्बास से कहा कि मुझे प्यास लगी थी। तब इमाम हुसैन ने एक मश्क देकर अब्बास से कहा कि भैया बच्चों के लिए पानी ले आओ। लेकिन नहर ए फरात पर दुश्मन की फौज का कब्जा था। हजरत अब्बास अपने जमाने के नामी योद्धा थे। जब वह पानी भरके चले तो दुश्मन ने उनपर हमला कर दिया। जंग में वह शहीद हो गए। जंग में हजरत अली अकबर और छह माह के अली असगर इमाम हुसैन के बेटों ने जंग में शहादत पाई। आज भी इमाम हुसैन और परिवार वालों की याद में ताजिए निकाले जाते हैं और पूरी दुनिया में उनका गम मनाती है।

10वें मोहर्रम को शहर में ताजिए का जुलूस निकाला गया। अजादारों ने जुलूस निकाल कर तुरबतें बिजनौर रोड स्थित कर्बला व लाइनपार स्थित कर्बला में दफन की। अजाखानों में मजलिसों का दौर चला तथा अजादारों ने गम ए हुसैन में सीनाजनी कर मातम किया। सुबह छह बजे मुहल्ला गुजरी स्थित इमामबाड़ा नूरन से तुरबतों का जुलूस निकाला गया। नौबतखाना से होता हुआ यह जुलूस बिजनौर रोड स्थित कर्बला पहुंचा तथा वहां पर तुरबतों को दफन किया गया। जबकि आठ बजे मुहल्ला दानिशमंदान स्थित इमामबाड़े से भी तुरबतों का जुलूस निकाला गया। यह जुलूस रेलवे लाइन पारकर दानिशमंदान की कर्बला में जाकर तुरबतों को दफन किया गया। उसके बाद मुहल्ला हक्कानी सट्टी, जाफरी, काजीजादा, पचदरा, गुजरी, काजी गली के इमामबाड़ों से भी तुरबतों का जुलूस निकाला गया। सभी तुरबतें बिजनौर रोड स्थित कर्बला में जाकर दफन हुए। मुहल्ला शफातपोता के अजाखाना से भी तुरबतों का जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में तुरबतों के साथ दुलदुल भी था। यह जुलूस चाहगौरी से होता हुआ वापस शफातपोता में आकर खत्म हुआ। दोपहर दो बजे से ताजियों के जुलूस निकलने शुरू हुए। लकड़ा हक्कानी, सट्टी का ताजिया नौबतखाने के चौराहे से होता हुआ खारी कुआं पहुंचा। जहां से जाफरी व सद्दो के ताजिए जुलूस में शामिल हो गए। उसके बाद सभी मुहल्लों से ताजिए जुलूस में शामिल रहे। शाम को सभी ताजिए अपने-अपने इमामबाड़े में शामिल हो गए। सबसे बड़ा ताजिया अजाखाना शफातपोता से निकाला गया। अजाखानों में मजलिसें हुईं और अजादारों ने मातम किया। अंजुमन तहफ्फुजे अजादारी के जुलूस में डीएम द्वारा नामित अंजुमन तहफ्फुजे अजादारी की तदर्थ समिति के सदस्य लियाकत अली, बाकर रजा, नदीम नकवी, शेजाद रजा, कासिम जैदी रहे। जुलूस का संचालन अन्जुमन रजा काराने हुसैनी ने किया रजाकारान के काइद गुलाम सज्जाद, खुर्शीद हैदर जैदी, अख्तर अब्बास अप्पू, डॉ. चन्दन नकवी, वसीम जैदी, मोहम्मद तकी खां, शाने मुजतबा, इमदाद आब्दी, मोहम्मद हैदर, सलीम जैदी, मोहम्मद गालिब, हुसैन हैदर रजा शमीम नजीर हैदर आदि रहे।



उझारी में मातम करते अजादार। ● अमृत विचार

### बिजनौर रोड पर नहीं चले वाहन

**अमरोहा, अमृत विचार :** ताजियों के जुलूस को लेकर प्रशासन ने बिजनौर मार्ग को यातायात के लिए बंद कर दिया था। रोडवेज की बसों को बदले मार्ग से चलाया गया। बुधवार को दोपहर तीन बजे प्रशासन ने अमरोहा-नूरपुर के बीच यातायात को पूरी तरह से बंद कर दिया। मार्ग पर यातायात के बंद होने से बिजनौर, नूरपुर, चांदपुर, धामपुर, नजीबाबाद जाने वाले यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि प्रशासन द्वारा अमरोहा-नूरपुर मार्ग पर यातायात को बंद कर दिया। नूरपुर से अमरोहा आने वाली रोडवेज की बसों को बदले रूट से चलाया गया। उन्होंने बताया कि नजीबाबाद, बिजनौर, चांदपुर, धामपुर, हरिद्वार से आने वाली रोडवेज की बसों को नूरपुर से ऊमरी चौराहा होकर अमरोहा के लिए चलाया गया। बदले रूट से चलीं रोडवेज बसों में किराये में कोई वृद्धि नहीं की गई है।



नौगांवा सादात में मार्गों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक।

### जुलूस के मार्ग का निरीक्षण किया

**अमरोहा, अमृत विचार :** बुधवार को जुलूस को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सुबह नगर में मार्गों का निरीक्षण किया और वहां सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसके बाद दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने नौगांवा सादात क्षेत्र में निकलने वाले जुलूस के मार्गों का भी निरीक्षण किया और वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायज लिया। दोनों अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम करने के निर्देश भी जारी किए।

# कर्बला की याद में अजादारों ने खुद को किया लहूलुहान

संवाददाता, उझारी

- नंगे सिर, नंगे पांव या हुसैन-या हुसैन की सदाएं बुलंद कीं

**अमृत विचार :** 10 मोहर्रम के जुलूस में अजादारों ने जंजीरी मातम करके खुद को लहूलुहान कर लिया। जुलूस में ताजिए और अलम शामिल थे। लोग नंगे सिर, नंगे पांव या हुसैन-या हुसैन की सदाऐं बुलंद करते हुए चल रहे थे।

कस्बा उझारी में जुलूस से पहले इमामबारगाहे बाबुल हवाइज में मजलिस हुई। जिसमें नौहाख्वाने जीशान हैदर और उनके साथियों ने की। मजलिस को मौलाना अली हैदर नूरी साहब ने खिताब फरमाते हुए कर्बला का दर्दनाक वाकया बयान किया। जिसे सुनकर अजादार रो रहे थे। मजलिस के बाद जुलूस इमामबारगाहे अबु तालिब में पहुंचा। वहां पर गोल इमामबाड़े का ताजिया और अंसारियान वाला ताजिया जुलूस में शामिल हो गया। यहां से यह जुलूस हुसैनी चौक, चांदनी चौक होता हुआ भाटों वाले कुएं पर पहुंचा। जहां पर लक्कड़ शाह के इमामबाड़े का ताजिया, चौक वाला ताजिया और मोहल्ला चौधरियान का जुलूस भी इसमें शामिल हो गए। जुलूस में अजादर वहां से नोहा ख्वानी, सीनजनी और जंजीरी मातम करते हुए मेन मार्केट, मोहल्ला चौधरियान, मदरसा चौक, टीपू चौक, बस स्टैंड होता हुआ कर्बला में पहुंचे। कर्बला में ताजियों को दफन कर दिया गया। जुलूस में गोल इमामबाड़े का ताजिया मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। जुलूस में नोहा ख्वानी अकबर मेहंदी, मोहम्मद रजा, कल्बे अब्बास, जामिन बाकरी आदि ने की। इस अवसर पर नूरुल हसन, चमन हैदर, रीहान मुस्तफा, बिलाल बाकरी, मोहम्मद अब्बास, अर्श जावेद, मोहम्मद आदिल, अलाउद्दीन सैफी, शाने अब्बास, शोएब जैदी, जावेद कैसर, हाजी अखलाक हुसैन, रहबर अब्बास, जोन बाक़री, अलबर जावेद, हुसैन मेहंदी शाने असगर, अरमान बाकरी, फैसल जावेद, मोहम्मद असगर, जहीर अब्बास, अली गौहर, रहीमुद्दीन साबरी, हाजी बब्बन, कमाल अब्बास, जिल्ले सिब्तैन, गुल मोहम्मद, मोहम्मद अख्तर, मोहम्मद बाकिर, शाकिर मसूदी आदि अजादार मौजूद रहे।

### कड़ी सुरक्षा के बीच निकाला जुलूस

**हसनपुर, अमृत विचार :** कड़ी सुरक्षा के बीच हजरत इमाम हुसैन की याद में जुलूस निकाला गया। जुलूस में अजादारों ने मातम किया। गरीबों को खाना खिलाने के साथ शर्बत बांटा गया। बुधवार को मोहल्ला काला शहीद स्थित इमामबाड़े से ताजियों का जुलूस निकाला गया। मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत की याद में जुलूस निकाला जाता है। इस अवसर पर इमामबाड़े को सजाया गया था। इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए मातमी जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर सूफी कैसर, रईस पहलवान, चौधरी अकील, तालिब खान, इंशाल्लाह चौधरी, वाजिद इदरीसी, आमान चौधरी मौजूद थे। वहीं, ग्राम काला खेड़ा में भी ताजियों का जुलूस निकाला गया। यहां लगे बाजार में महिलाओं एवं बच्चों ने खेल खिलौने की खरीदारी की। ग्राम पिपलोती में भी जुलूस निकाला गया। महिलाओं ने सवाब के लिए रोजा भी रखा।




बुरावली में प्रशिक्षण के दौरान मौजूद किसान। ● अमृत विचार

# किसानों को दिया प्रशिक्षण

संवाददाता, बुरावली

**अमृत विचार :** नमामि गंगे योजना के तहत ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र की ग्राम पंचायत चंदनपुर में बुधवार को जैविक खेती के लिए किसानों को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षक पंकज ने बताया कि जैविक खेती से जमीन बंजर नहीं होती। जैविक खेती से भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ती है। प्रशिक्षण में किसानों को जैविक खेती के फायदे के बारे में भी बताया। प्रशिक्षण टीम के सदस्य जितेंद्र कुमार ने कहा कि किसान जीवामृत, बीजामृत, घनामृत तैयार करके अपने उपयोग में बाजरा, उड़द ,मूंग, अरहर, तिल का उत्पादन करें। प्रशिक्षण में कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान रवि कुमार, रविंद्र धामा, ग्राम प्रधान पारुल धामा, पुनीत शर्मा, ललित कुमार, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

# ताजियों का जुलूस निकालकर मातम किया

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** बुधवार को मंडी धनौरा सहित चुचैला कलां, फंदेड़ी सादात व डींगरा में 10वें मोहर्रम आशूरा पर ताजियों का जुलूस निकाला गया। इस दौरान या हुसैन-या हुसैन की फिजाओं से सदाएं गूंज उठीं। ताशों की धुन पर मातमी धुन बजाकर अजादारों ने माहौल गमगीन कर दिया।

शहर में बुधवार दोपहर को अलग अलग इमामबाड़ों से ताजियों का जुलूस शुरू हुआ, जो तयशुदा मार्गों से होता हुआ देर रात तक इमामबाड़ों पर पहुंच कर समाप्त हुआ। इस दौरान अजादारों ने ढोल व ताशों पर मातमी धुन बजाकर माहौल गमगीन कर दिया। वहीं, चुचैला कलां व फंदेड़ी सादात में भी कदीमी रिवायत से ताजियों का जुलूस निकाला। फंदेड़ी सादात में अजादारों ने खुद को जंजीरों का मातम कर लहूलुहान कर लिया। इस दौरान ताजिया कमेटी के अध्यक्ष अरशद अंसारी, चमन सैफी, मुनव्वर अली, बाबू अंसारी, मंसूर अंसारी, हनीफ अंसारी, लतीफ अल्वी, फिरोज अंसारी, आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रशांत आंबेडकर, आरिफ कुरैशी फैजी, डॉ. आई खान, शाहनवाज, नदीम, मोहम्मद हैदर, निसार हुसैन, मन अख्तर अली, इमाम माजिद हुसैन, मोहम्मद नक्की हैदर, जारी हैदर, हुसैन अली सहित आदि मौजूद रहे।



मंडी धनौरा में जुलूस में शामिल अजादार। ● अमृत विचार

# कर्बला के 72 शहीदों की यौमे शहादत पर जुलूस बरामद

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** 10 मोहर्रम को रसूल के नवासे शहीदे आजम हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की यौमे शहादत पर जुलूस बरामद हुआ।

पहले इमामबारगाह फातेमा दख्खिन में मजलिस हुई। जिसमें मर्सिया ख्वानी डॉ. नसीमुज्जफर बाकरी और हमनवा ने की। मजलिस को सफी मुक्तदा ने खिताब करते हुए कर्बला वालों की शहादत का जिक्र किया। जुलूस में अलम, शबीहे ताबूत, जुल्जनाह, गहवारा शामिल थे। सभी अजादार नंगे पैर, नंगे सिर काले कपड़े पहने हुए मातम करते चल रहे थे। जुलूस तयशुदा रास्तों व स्थानीय इमामबारगाहों से होता हुआ हुसैनी चौक पहुंचा। जहां अजादारों ने दहकते हुए अंगारों पर मातम किया। आग के मातम के बाद जुलूस इमामबारगाह दादे पीर जी पहुंचा। जहां अजादारों ने जंजीरी मातम कर खुद को लहूलुहान कर लिया। खून के मातम के बाद जुलूस सम्भल-हसनपुर मुख्य मार्ग से होता हुआ कर्बला पहुंचा। जहां ताजिये दफन हुए, अलविदाई मजलिस हुई और जुलूस खत्म हुआ। जुलूस के दौरान तकरीर डॉ. अहमद मुर्तजा, मौलाना मुताहिर हुसैन आदि ने की और नौहे मुहम्मद अब्बास, एजाज मुर्तजा, मिसाल अब्बास, हैदर अब्बास, रियाजुल हसन, सुहैल अब्बास, सलमान अब्बास, डॉ. लईक हैदर, नवाबुल हसन आदि ने पढ़े।



सैदनगली में दहकते हुए अंगारों पर मातम करते अजादार। ● अमृत विचार



बुरावली में निकलता जुलूस

### हुसैन को याद कर हर आंख हो गई नम

**बुरावली, अमृत विचार :** बुधवार को न्याय पंचायत बुरावली क्षेत्र में मोहर्रम गम के साथ मनाया। गांव बुरावली, पिपलौती कलां, पिपलौती खुर्द, सिरसा कलां, बांसका कलां आदि गांव में ताजिये भी निकाले गए। मौलाना अब्दुल वहाब ने कहा कि आज के दिन इमाम हुसैन का कुनबा इस्लाम बचाने के लिए कुर्बान हो गया। बुरावली में ताजिया शाम 4 बजे इमामबाड़े से निकालना शुरू हुआ शाम को कर्बला के मैदान में पहुंचा। गांव बांसका कलां में मोहर्रम पर मेला लगा। मेले में महिलाओं ने जरूरत के सामान खरीदे। इस दौरान शाहीन, कलवा शाह, इरफान, चौधरी शादान, नीटू ,अंसार, अनवार ,चांद नाजिम चौकीदार, वसी, समादीन रहे।





वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

कैम्पस : वरूण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी.) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें

डॉ. अनिल पाल
(डिप्टी रजिस्ट्रार)
मो. 9956248504

डॉ. अमित सिंह
(डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट)
मो. 7521001987

आक्रुश्यमानो नाक्रोशेन्मन्युरेव तितिक्षत: ।
आक्रोष्टारं निर्दहति सुकृतं चास्य विन्दति ॥

अपनी बुराई सुनकर भी जो स्वयं बुराई न करें, उसे क्षमा कर दें। इस प्रकार उसे उसका पुण्य प्राप्त होता है और बुराई करने वाला अपने कर्मों से स्वयं ही नष्ट हो जाता है।

## संपादकीय

# मंडराते संकट

पृथ्वी पर मंडराते संकटों जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण व कचरा के गहराने की गति तेज हो रही है। प्राकृतिक जगत का मानव गतिविधियों के कारण क्षरण हो रहा है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी टेक्नोलॉजी को त्वरित ढंग से इस्तेमाल में लाया जा रहा है, प्राकृतिक संसाधनों के लिए स्पर्धा बढ़ रही है, विषमताएं चौड़ी होती जा रही हैं और संस्थाओं से भरोसा कम हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) और अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान परिषद (आइएससी) की ओर से जारी रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि ये चुनौतियां, एक ऐसे बहुसंकट का निर्माण कर रही हैं जो वैश्विक संकटों को और गहन बना रहा है, जिसके मानवता और पृथ्वी के लिए विशाल दुष्परिणाम हो सकते हैं। भारत उन नौ देशों में से एक है जहां पिछले दो वर्षों में अत्यधिक तापमान और जलवायु संबंधी आपदाओं की प्रवृत्ति ने बड़े पैमाने पर, लंबे समय तक और बार-बार होने वाले विस्थापन में अभूतपूर्व वृद्धि की है। अन्य देशों में पाकिस्तान, फिलीपींस, सोमालिया, चीन, बांग्लादेश, ब्राजील, कोलंबिया और केन्या शामिल हैं। संघर्षों और हिंसा के अलावा, जलवायु परिवर्तन लोगों के जबरन विस्थापन का सबसे प्रमुख कारण रहा है, जिनके घर जलवायु-जनित चरम स्थितियों जैसे कि जंगल की आग, बाढ़, खराब वायु गुणवत्ता, असहनीय गर्मी और/या लंबे समय तक संघर्ष के परिणामस्वरूप मानव निवास के लिए अनुपयुक्त हो जाते हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि हर 69 लोगों में से एक या दुनिया की 1.5 प्रतिशत आबादी अब जबरन विस्थापित है, जो एक दशक पहले विस्थापित हुए लोगों की संख्या से लगभग दोगुनी है।

यूएनईपी एक अग्रणी वैश्विक पर्यावरण प्राधिकरण है, जो वैश्विक पर्यावरण एजेंडा निर्धारित करता है, संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के भीतर सतत विकास के पर्यावरणीय आयाम के सुसंगत कार्यान्वयन को बढ़ावा देता है तथा वैश्विक पर्यावरण के लिए एक आधिकारिक अधिवक्ता के रूप में कार्य करता है। इसका मिशन, भविष्य की पीढ़ियों के जीवन स्तर से समझौता किए बिना, राष्ट्रों और लोगों को उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए प्रेरित, सूचित और सक्षम बनाकर पर्यावरण की देखभाल में नेतृत्व प्रदान करना और साझेदारी को प्रोत्साहित करना है। बदलाव के संकेतकों की निगरानी और अग्रदृष्टि तौर-तरीकों के इस्तेमाल के जरिये, दुनिया अतीत की गलतियों को दोहराने से बच सकती है। साथ ही, ऐसे समाधानों पर ध्यान केन्द्रित किया जा सकता है, जिनसे भावी व्यवधानों का पुख्ता ढंग से सामना किया जा सके। बेहतर समाधानों व उपकरणों को साथ लेकर चलना, भावी व्यवधानों को समझने और उनसे निपटने की तैयारी करने का सर्वोत्तम तरीका है। ऐसे में एक रणनीतिक दूरदर्शी ढांचा स्थापित करने और भविष्य की आपदाओं से निपटने के लिए प्रतिक्रियात्मक दृष्टिकोण से सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

# तब शाहबानो अब समद



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

मोदी सरकार का रुख उन्हें पता है। जाहिर है कि उनकी उम्मीदें मुस्लिम हकों की हिमायती मानी जाने वाली सेक्युलर पार्टियों के रुख पर टिकी हैं। माना जाता है कि हाल के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सीटों की बढ़ोतरी में मुस्लिम समर्थन का योगदान रहा है।

बेशक मुद्दा वही है, लेकिन हालात बदले हुए हैं। 1985 में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अंतर्गत गुजारा भत्ते का हकदार माने जाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ सड़कों से सदन तक जबरदस्त लड़ाई लड़ी थी। तब बोर्ड सरकार को झुकाने में कामयाब हो गया था।

इसी मसले पर सुप्रीम कोर्ट के अब्दुल समद मामले के हाल के फैसले ने बोर्ड और मुस्लिम संगठनों को फिर उत्तेजित कर दिया है, लेकिन फैसले से असंतुष्ट होने के बाद भी बोर्ड सधे कदमों के साथ आगे बढ़ रहा है और कानूनी रास्तों पर जोर दे रहा है। बोर्ड ने इसे शरिया कानून से टकराव बताए जाने के साथ ही संविधान प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता का विरोधी बताया, लेकिन मसले को अपने संगठन की कानूनी समिति को सौंपने का फैसला किया। समिति कानूनी, संवैधानिक और लोकतांत्रिक विकल्प सुझाएगी। उत्तराखंड सरकार द्वारा लाई जा रही समान नागरिक संहिता को भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का फैसला हुआ। असलियत में मुस्लिम लॉ पर्सनल बोर्ड तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ते के सवाल पर लगभग चार दशक पुराने शाहबानो मामले में लिए स्टैंड पर कायम है, लेकिन फिलहाल उस और इस बार की लड़ाई की तैयारी में बड़ा फर्क नजर आ रहा है। क्यों? तब कांग्रेस की राजीव गांधी सरकार थी। अब नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली एनडीए की सरकार का सामना है।

23 अप्रैल 1985 को एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला शाहबानो को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता की हकदार बताए जाने के फैसले ने पूरे देश का माहौल सरगर्म कर दिया था। मुस्लिम संगठनों ने इसे पर्सनल लॉ में दखल माना था। इस लड़ाई में राजीव सरकार बैकफुट पर आ गई थी। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया। 1986 में मुस्लिम महिलाओं के लिए विशेष कानून बनाया गया। लगभग चार दशक के अंतराल पर सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर ऐसे ही एक मामले में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को भी गुजारा भत्ता पाने का

**23 अप्रैल 1985 को एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला शाहबानो को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता की हकदार बताए जाने के फैसले ने पूरे देश का माहौल सरगर्म कर दिया था। मुस्लिम संगठनों ने इसे पर्सनल लॉ में दखल माना था।**

हकदार माना है। इस अदालती फैसले पर मुस्लिम संगठनों की खिलाफ प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई हैं। तय है कि उनकी गूंज अदालतों के बाहर भी सुनाई देगी। संसद में उनके हक में कौन से दल खड़े होंगे? जल्दी ही बजट सत्र में इसकी झलक दिख सकती है। मुद्दा भले एक हो, लेकिन शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जब दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत तलाकशुदा मुस्लिम महिला को गुजारे भत्ते का हकदार माना था तो उनके लिए कोई पृथक कानून वजूद में नहीं था। राजीव सरकार ने इस फैसले को मुस्लिम महिला (तलाक संबंधी अधिकारों के संरक्षण) अधिनियम 1986 के जरिए निष्प्रभावी कर दिया था। अब्दुल समद (तेलांगना) के ताजा मामले में धारा 125 के तहत मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता पाए जाने का हकदार मानते समय सुप्रीम कोर्ट के सामने 1986 का वह भी कानून था, जिसे शाहबानो मामले को पलटने के लिए तत्कालीन सरकार ने बनाया था। बावजूद इसके कोर्ट ने इस कानून के कारण समद मामले को धारा 125 के दायरे से बाहर होने की दलील खारिज कर दी। कोर्ट ने फैसला दिया है कि अन्य कानून दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अंतर्गत किसी भी धर्म की तलाकशुदा महिला के अधिकारों को प्रभावित नहीं कर सकते।

पहली नजर में सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला एक तलाकशुदा जोड़े अब्दुल समद और उसकी पत्नी के बीच की कानूनी लड़ाई के निपटारे तक सीमित है, लेकिन मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड या अन्य मुस्लिम संगठनों का नजरिया इससे लेकर जुदा है। वे इसे मुस्लिम पर्सनल लॉ में सीधा हस्तक्षेप मानते हैं। वे इसके दूरगामी प्रभावों को लेकर फिक्रमंद हैं। स्वाभाविक है कि वे चाहेंगे कि यह पलटा जाए। ऐसे ही हालात शाहबानो मामले में पैदा हुए थे। तब मुस्लिम संगठनों ने इसकी लड़ाई अदालत की जगह सड़कों और सदन में लड़ी थी। राजीव गांधी सरकार को झुकाकर कामयाबी भी हासिल की थी। हालांकि इस लड़ाई में उनकी जीत ने देश के माहौल पर बुरा असर डाला था। बहुसंख्यकों के बीच विपरीत प्रतिक्रिया के डर से डैमेज कंट्रोल में राजीव सरकार ने अयोध्या में मंदिर का ताला खोला था। ये कोशिश भी कांग्रेस के काम नहीं आई थी। आने वाले दिनों में कांग्रेस ने इसकी भारी राजनीतिक कीमत चुकाई।

तब क्या हुआ था? शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तीन महीने बाद मुस्लिम लीग के सदस्य जी.एम.बनातवाला ने लोकसभा में एक निजी बिल पेश कर मुस्लिमों को धारा 125 के दायरे से बाहर रखने की मांग की। राजीव गांधी की पहल पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री आरिफ मोहम्मद खान ने इसका जोरदार विरोध किया। उन्होंने इस्लामिक मामलों के अधिकारी विद्वान और आजादी की लड़ाई की अगली कतार के नेता मौलाना अबुल कलाम आजाद के औरतों से जुड़े अधिकारों से जुड़े विचारों के हवाले से बिल का कड़ा विरोध किया था। संसद में यह बिल गिर गया, लेकिन अदालती फैसले के खिलाफ मुस्लिम संगठनों सड़कों पर विरोध तीव्र होता गया। 1984 में राजीव गांधी ने लोकसभा की 403 सीटों पर जबरदस्त जीत दर्ज की थी, लेकिन 1985 के अंत तक उत्तर भारत में उपचुनावों में पार्टी को बुरी पराजय का सामना करना पड़ा था। इसे शाहबानो मामले का इफेक्ट माना गया। दबाव बढ़ने पर राजीव गांधी का रुख बदला और मुस्लिमों से जुड़े मामलों में उन्होंने आरिफ मोहम्मद खान को दरकिनार कर जेड.ए.अंसारी को तरजीह देनी शुरू कर दी।

आरिफ खान और अंसारी की पार्टी भले एक रही हो, लेकिन शाहबानो मामले में दोनों का स्टैंड दो किनारों पर था। अंसारी ने लोकसभा में अपने तीन घंटे के भाषण में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को सिर्फ पूर्वाग्रह ग्रस्त, भेदभावपूर्ण और विरोधाभासी ही नहीं बताया था, बल्कि न्यायधीशों को इस्लामी कानूनों की व्याख्या के नजरिए से "बहुत छोटा इंसान" कहते हुए खारिज किया था। फरवरी 1986 में सरकार ने संसद में मुस्लिम महिला बिल पेश किया, जिसके द्वारा पूर्व पति को सिर्फ इद्दत अवधि (तीन महीने) के लिए गुजारा भत्ता देने का जिम्मेदार माना गया। इस बिल को पारित कराने के लिए कांग्रेस ने अपने सांसदों के लिए व्हिप जारी किया था। खिन्न आरिफ मोहम्मद खान ने कांग्रेस छोड़ दी थी।

मुस्लिम पर्सनल बोर्ड एक बार फिर शाहबानो मामले जैसी चुनौती से रूबरू है। हालांकि अब्दुल समद मामले में भी उसका स्टैंड पुराना है अर्थात् सुप्रीम अदालत के इस फैसले को भी वह मुस्लिम पर्सनल लॉ में दखल मानता है, लेकिन 1985 और 2024 के राजनीतिक हालात में बुनियादी फर्क है। तब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, जिसे मुस्लिम वोटरों के समर्थन की हमेशा फिक्र थी। 2024 में नरेंद्र मोदी मुस्लिम वोटरों के प्रायः एक मुश्त विरोध के बीच तीसरी बार सत्ता में हैं। उनकी सरकार तीन तलाक को रद्द कर चुकी है। पिछले कार्यकाल में वे तेजी से समान नागरिक संहिता की ओर बढ़ रहे थे। यद्यपि इस बार पूर्ण बहुमत न मिलने और सहयोगियों के सहारे होने के कारण मुमकिन है कि ऐसे सवालों पर वे उतनी तेजी न दिखाएं, लेकिन अपनी विचारधारा के अनुकूल किसी अदालती फैसले के खिलाफ उनके जाने की कल्पना भी नहीं की जा सकती। फिर भी पर्सनल बोर्ड और अन्य मुस्लिम संगठन चाहेंगे कि संसद में यह मुद्दा जोरशोर से उठे।

मोदी सरकार का रुख उन्हें पता है। जाहिर है कि उनकी उम्मीदें मुस्लिम हकों की हिमायती मानी जाने वाली सेक्युलर पार्टियों के रुख पर टिकी हैं। माना जाता है कि हाल के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सीटों की बढ़ोतरी में मुस्लिम समर्थन का योगदान रहा है। क्या पार्टी इस मसले पर सॉफ्ट हिंदुत्व के साथ राजीव गांधी के दौर के रुख की जुगलबंदी करना चाहेगी? उत्तर प्रदेश में सपा, बिहार में राजद तो पश्चिम बंगाल में टीएमसी को मुस्लिम वोटरों का जबरदस्त समर्थन मिलता रहा है। दिलचस्प है कि ये दल अब अपने प्रभाव क्षेत्र में मुस्लिम मतों के साथ ही हिंदू मतों को लेकर भी सजग और संवेदनशील हो चुके हैं। आगे वे क्या स्टैंड लेते हैं, इस पर सबकी नजर रहेगी। बेशक फैसला अदालत का है, लेकिन उसका असर देश की राजनीति पर दिखना तय है।

## प्रसंगवश

# सच्चा रास्ता मत छोड़ना

वह दिन, जब सुनसान रेगिस्तान में, तपती रेत में, दुनिया के बहुत बड़े लावलश्कर के जुल्मी ने सोचा था। एक शख्स और उनके अपनों का खून को यहां बहाकर किस्सा खत्म कर देंगे। वह लहू, आम लहू नहीं था, जुल्म के खिलाफ एक दास्तान था। यह सच है कि उस रोज वह खून बह गया। तपती रेत ने उसे अपनी नसों में पैबस्त कर लिया और फिर रेत तो रेत थी। जहां-जहां पहुंच सकती थी, उस मैदान की दास्तान की वह जुल्म भरी दास्तान खोलती चली गई और सारे आलम ने जान लिया कि एक थी 'कर्बला'।



हफीज किदवई
लेखक

कर्बला के मैदान में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे, मौला हजरत अली की औलाद और हर जमाने की ईमाम हजरत हुसैन का लहू मुबारक उस कर्बला की रेत में जज्ब हो गया। धीरे-धीरे वह हर उस दिल में अपनी दस्तक देने लगा, जो जुल्म के खिलाफ था। यह वह लहू था, जिसने कर्बला की जमीन को चूमा और हर उस तरफ बिखर गया, जिधर-जिधर हजरत हुसैन का रास्ता था। यह लहू जमाने की ऐसी तारीख बनकर जिंदा हुआ कि हर दौर उससे रोशनी पाने लगा। कर्बला ने जो अपनी आंखों से देखा, वह इस माटी के बर हिस्से में वैसे ही दर्ज हो गया। जैसे वह उसके सामने हुआ हो। कर्बला ने वह राज जमाने को दे दिया। शहादत के मर्तबे को बुलंद कर दिया और जमाने को बता दिया, जुल्म के खिलाफ जो मौत मिलती है, वह किसी भी जिंदगी से बहुत बेहतर है। दसवीं मोहर्रम है। गम है। तकलीफ है। दर्द है। तड़प है मगर मायूसी नहीं है।

कर्बला ने हमें बताया कि झुकना नहीं और उसकी जात से मायूस मत होना। सर भले तन से उतर जाए, सही और सच्चा रास्ता मत छोड़ना। जुल्मी कितना ही ताकतवर, सितमगर हो, झुकना नहीं। कर्बला के किस्से आज भी जिंदा हैं। कर्बला हमारा सबक है। हमारा रास्ता है। हमारा इम्तेहान है। हमारा गुरूर है, क्योंकि इसमें हमारी तारीख की सबसे जानदार नजीर दर्ज है। मोहर्रम और कर्बला हमारे दिलों को जुल्म के खिलाफ मजबूत करे और कमजोर के साथ खड़े होने की ताकत, हिम्मत दे...

# जनता को भी मिले बैंकों के लाभ का फायदा



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

**सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को और मजबूत किया जाना ध्येय होना चाहिए, अन्य निजी बैंकों का भी राष्ट्रीयकरण किया जाना चाहिए।**

स्वतंत्रता से पूर्व कराची में कांग्रेस के अधिवेशन में निर्णय लिया गया कि स्वतंत्रता मिलने के बाद भारत में कार्यरत निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया जाना पहली प्राथमिकता होगी, जिसके पीछे भारतीय राजनीतिज्ञों की सोच थी कि भारत की जनता जो थोड़ी बहुत पूंजी धीरे-धीरे जोड़ती है उसका उपयोग देश के विकास में हो सके और गरीब जनता को प्राइवेट बैंकों/साहूकारों के चंगुल से बचाया जा सके।

बैंकों की सुविधा दूर ग्रामीण अंचलों तक पहुंच सके और यह कार्य केवल राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा ही संभव था। स्वतंत्रता के बाद नेहरू जी ने सामाजिक विकास का मॉडल देश के सामने रखा, जिसमें राष्ट्रीय बैंकों की परिकल्पना की गई, किंतु बैंकों को राष्ट्रीयकृत करने की औपचारिक घोषणा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने की। राष्ट्रीयकरण घोषित होते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में दो फाड़ हो गए। राष्ट्रपति के अध्यादेश को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई। तत्कालीन भारतीय जनसंघ के बलराज मधोक सहित फेडरेशन ऑफ कॉमर्स और अन्य राजनीतिज्ञों ने सर्वोच्च न्यायालय में रिट पिटीशन दिया कि इस अध्यादेश को तत्काल निरस्त किया जाए। इसके विपरीत ए.के. गोपालन (सांसद) और सुशीला गोपालन बुंबई ट्रेड यूनियन लीडर ने 22 जुलाई 69 को अध्यादेश के समर्थन में पिटीशन दायर की। अध्यादेश के विरोध में रिट पिटीशन आने से संपूर्ण देश के कर्मचारी उद्वेलित और आंदोलित हो गए।

इन 14 बैंकों के राष्ट्रीयकरण के पूर्व इनके संचालन निजी पूंजीपतियों के घरानों के हाथ में था। यहां सेंट्रल बैंक-टाटा घराने, यूनाइटेड कमर्शियल बैंक-बिड़ला घराने, पंजाब नेशनल बैंक-डालमिया एवं जैन घराने एवं कुछ गुजराती बड़े घराने देना बैंक का संचालन कर रहे थे। इस अवसर पर मतभेद होते हुए भी तमाम वर्किंग क्लास ने कांग्रेस के इस कदम को विशेषकर इंदिरा जी के इस कदम को सराहा। यही नहीं इसके फलस्वरूप अगले लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को भारी सफलता भी हासिल हुई और श्रीमती इंदिरा गांधी पूर्ण बहुमत हासिल कर पुनः सत्तासीन हुईं। तत्पश्चात 15 अप्रैल 1980 को 6 और बड़े बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया।

1969 से 1985 का दौर सामाजिक बैंकिंग का स्वर्ण युग रहा। इस काल में हर वर्ग के छोटे से छोटे तबके तक बैंकिंग पहुंची। इस दौर में कृषि, ग्रामीण उद्योग, बेरोजगारी दूर करने के लिए महिलाओं और विद्यार्थियों के लिए आर्थिक सुविधाएं प्रदान करने को बैंक आगे आए, यही वह दौर था जब देश में जीडीपी वास्तव में 8 प्रतिशत के समीप रही और हरित क्रांति, दुग्ध क्रांति संभव हो सकी। इसके बाद राजनीतिक उथल-पुथल का दौर रहा। 1988 की बाढ़ में देश की अर्थव्यवस्था चौपट रही। 1991 की कांग्रेस सरकार की मनमोहनी नई आर्थिक नीतियों ने इसे काफी चोट पहुंचाई और अब यह सरकार पूरी तरह देशी और विदेशी पूंजीपतियों के आगे घुटने टेक चुकी है। विगत कुछ वर्षों से सार्वजनिक बैंकों ने काफी अच्छा लाभ कमाया है। अगर वर्ष 2023-2024 के लाभ की बात की जाए तो सभी 12 राष्ट्रीकृत बैंकों ने 141203 करोड़ का शुद्ध मुनाफा कमाया है, जबकि विगत 2022-2023 में यह लाभ 104649 करोड़ था। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि सरकार क्यों इनमें से कुछ बैंको को निजी क्षेत्र में देने की सोच रही है। विगत वर्षों में कुछ बैंकों के विलय हो जाने से मात्र 12 ही राष्ट्रीयकृत बैंक बचे हैं, जिन्हें आज भी नवरत्न कहना असंगत न होगा। जब सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों ने अच्छा लाभ कमाकर दिया है तो इस बार 55 वें राष्ट्रीयकरण दिवस पर राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारियों की मांग है कि जनता पर लगाए गए अधिभारों जैसे एसएमएस चार्जेज, एटीएम से नकद निकासी चार्जेज, पासबुक, चेकबुक चार्जेज, नकदी जमा चार्जेज, को समाप्त करने, जमा राशियों पर ब्याज दरें बढ़ाने और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के ऋणों में ब्याज कम कर जनता को राहत दिए जाने का समय आ गया है।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को और मजबूत किया जाना ध्येय होना चाहिए, अन्य निजी बैंकों का भी राष्ट्रीयकरण किया जाना चाहिए। ये देश के हित में आवश्यक है, लेकिन दुर्भाग्यवश, सरकार बैंकों का निजीकरण करना चाहती हैं और हो सकता है इस संबंध में बजट सत्र में कोई प्रयास सरकार की तरफ से हो, जिसमें राष्ट्रीयकृत बैंको में सरकार की अंश धारिता को 51 प्रतिशत से कम किए जाने का प्रयास किया जाए। बैंकों के निजीकरण को विफल करने के लिए एकजुटता अभियान को तीव्र करना होगा।

## सोशल फोरम

# धर्म और ईश्वर

आज से करीब दस बारह हजार साल पहले घुमंतु मानव समाज पालतू होने लगा। गेहूं संग्रह ने उसे विशेष रूप से पालतू बनाया। वह एक जगह रहने लगा, उसने समाजोपयोगी नियम, मर्यादाएं, पाबंदियां विकसित की और उपयोगिता के आधार पर उनकी स्वीकृतियां ही तो तो सनातन है।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

वस्तुतः एक जीवनशैली विकसित हुई, जो समाज द्वारा स्वतः चुना गया अनुशासन था। यही उनका धर्म था। धर्म क्या है? धर्म का शाब्दिक अर्थ होता है, 'धारण करने योग्य', अर्थात् जिसे सबको धारण करना चाहिए। इस आधार पर हम कह सकते हैं कि नैतिक मूल्यों का आचरण ही धर्म है। धर्म से हमारी चेतना का शुद्धिकरण होता है। अपने-अपने कर्तव्य का निःस्वार्थ भाव से पालन करना 'स्वधर्म' और साथ ही मानवता को मनुष्य का सच्चा धर्म कहा जा सकता है। ईसा ने जैसे ईसाइयत को और हजरत मुहम्मद ने जैसे इस्लाम को जन्म दिया, हिंदू धर्म की रचना उस तरह किसी पुरुष द्वारा नहीं की गई। हिंदू धर्म अनेक विश्वासों का समुदाय है। जिस प्रकार भारतीय समाज की रचना उन अनेक जातियों से हुई, जो समय-समय पर इस देश में आती रहीं, उसी प्रकार हिन्दुत्व भी इन विभिन्न जातियों के धार्मिक विश्वासों के योग से आगे बढ़ता रहा। जब 1800 ईपू. के आसपास आर्य यहां आए, उसके पहले ही सिंधु घाटी जैसी विकसित सभ्यता यहां हो चुकी थी। आर्यों और द्रविड़ों की सभ्यताओं का संघर्ष और बाद में समन्वय एक ऐतिहासिक सत्य है। महाभारत और पुराणों के अध्ययन से आर्यों और नागों के क्रांतिकर संघर्ष का पता चलता है। आगे चलकर इन नागों की अनेक रीति-नीतियां आर्य-विश्वास का अंग बन गईं। सिंदूर नाग-चूर्ण है। आर्य स्त्रियों ने इसे नागजाति की आचार पद्धति से ग्रहण किया था, परंतु आज वह हिंदू-विवाह का अविच्छेद्य अंग हो गया है। भारत की अन्य जातियों ने आर्यों की जाति प्रथा को स्वीकार कर लिया, यह हमारे देश में संस्कृति-समन्वय की ओर पहला कदम था। इससे इतना हुआ कि आर्य, द्रविड़, औष्ट्रिक और नीग्रो तथा सभी मंगोल खानदानों के लोग एक समाज के सदस्य हो गए, जिसका नाम आगे चलकर हिंदू समाज पड़ा। **-फेसबुक वॉल से**

# डिजिटल अरेस्ट

डिजिटल अरेस्ट न तो कोई लीगल टर्म है और न ही कोई प्रशासनिक व्यवस्था। दरअसल यह साइबर ठगों द्वारा अपनाया जाने वाला वह तरीका है, जिसके द्वारा किसी भी व्यक्ति को फोन काल पर डरा धमकाकर उसे उसके घर-परिवार के लोगों से अलग कर एक बंद कमरे में रहने को विवश किया जाता है और किसी भी व्यक्ति से संपर्क न करने को कहा जाता है। इसके द्वारा पीड़ित व्यक्ति को किसी जांच अथवा किसी बड़े मामले में फंसा दिखा करके उससे लगातार वार्ता की जाती है और क्रमशः उसके बैंक अकाउंट, बचत आदि के डिटेल्स पूछकर उसका पैसा अन्य अकाउंट में ट्रांसफर करा लिया जाता है।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

यह एक प्रकार से ठगी व ब्लैकमेलिंग का घातक मिश्रण है। इस प्रकार की साइबर ठगी की अनेक विधाएं हैं, लेकिन पिछले दिनों जो प्रकाश में आया है, उनमें सबसे उल्लेखनीय विधा यह है कि ईडी/ सीबीआई ऑफिसर बनकर फोन पर कॉल करके यह कहा जाता है कि संबंधित व्यक्ति का नाम किसी मनी लांड्रिंग केस में आ गया है और सही जांच के लिए तथा पीड़ित व्यक्ति को मुसीबत से बचाने के लिए कुछ तथ्यों का सत्यापन करना आवश्यक है। ईडी, सीबीआई और मनीलांड्रिंग का नाम सुनते ही माहौल के अनुसार संबंधित व्यक्ति को ऐसा लगता है, मानो उसे कोरोना डायग्नोज हो गया है। वह घबराहट में अपने बचने के लिए इन साइबर ठगों को अपना हितैषी समझकर उनके निर्देशों का पालन करता जाता है और उनके मायाजाल में फंसकर बैंक डिटेल्स आदि दे देता है और साइबर ठग संबंधित धनराशि को अपने सुविधाजनक खातों मे ट्रांसफर करते जाते हैं। पीड़ित व्यक्ति को किसी एकांत कमरे में पहुंचकर, कमरा बंदकर बात करने को कहा जाता है और यह भी कहा जाता है कि इस अवधि में वह किसी से संपर्क न करें, क्योंकि वह जिससे भी संपर्क करेगा उसका नाम भी मनी लॉन्ड्रिंग अथवा सीबीआई जांच में जुड़ जाएगा। लगभग 15 दिनों पूर्व चितरंजन पार्क, नई दिल्ली में रहने वाली एक संभ्रांत महिला इन साइबर ठगों के कुचक्र का शिकार हुई और लगभग चौबीस घंटे तक डिजिटल अरेस्ट में रही। इस अवधि में ठगों ने उससे पूछताछ करके उसके विभिन्न खातों में मौजूद लगभग चौरासी लाख रुपए हड़प लिए। उस महिला ने बाद में न्यूज चैनल को दिए गए इंटरव्यू में बताया कि वह एक प्रकार से सम्मोहन का शिकार हो गई थी और उनके कहे के अनुसार उनके निर्देशों का पालन करती रही। विगत दिनों लखनऊ के सुविख्यात कवि नरेश सक्सेना को भी ठगों ने सीबीआई जांच का बहाना बनाकर अपने जाल मे फंसा लिया था। वे लगभग डेढ़-दो घंटे से बंद कमरे में किसी से फोन पर बात कर रहे थे। उनकी पुत्रवधू को संदेह हुआ और उन्होंने फ्राड काल लिखकर सक्सेना साहब को दिखाया और कमरा खुलवाकर फोन काल को डिस्कनेक्ट किया। यहां भी ठगों ने मनी लांड्रिग की जांच के ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया था। ठगों ने उनसे भी बैंक खाते का विवरण मांगा था। बातचीत में यह पता चलने पर कि सक्सेना जी कवि हैं, ठगों ने उन्हें मीर और फैज की गजल सुनाने को भी कहा था। अपनी पुत्रवधू के सामयिक हस्तक्षेप से वे सुरक्षित बच निकले।

सीबीआई व ईडी आदि एजेंसियों की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी न होने के कारण लोग घबराहट में ऐसे शातिर ठगों के जाल में फंस जाते हैं। निश्चित रुप से कोई भी जांच एजेंसी इस प्रकार अचानक फोन काल करके न तो विवेचना करती है और न ही कोई जानकारी मांगती है। इस प्रकार की जानकारी फोन पर देने की कोई कानूनी बाध्यता भी नहीं है। मुझे यह निश्चित जानकारी नहीं है कि इन एजेंसियों ने पब्लिक के संपर्क हेतु कोई टोल फ्री नंबर जारी कर रखा है। अगर ऐसा नहीं है तो इस समस्या को देखते हुए इन एजेंसियों द्वारा टोल फ्री नंबर उपलब्ध कराना व उसका व्यापक प्रचार-प्रसार जनहित में होगा। आवश्यकता पड़ने पर लोग उनसे जरूरी सहायता व मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे।

# अर्जुन की ससुराल उपेक्षित क्यों

इस समय देश में धर्म-कर्म वालों की सरकार है। भगवानों और प्राचीन धर्म ग्रंथों को खूब मानते हैं और उनके सहारे वोट लेते हैं। ऐसा होते हुए भी महाभारत के नायक और श्रीकृष्ण के सखा अर्जुन की ससुराल मणिपुर की बड़ी अनदेखी हो रही है। उनकी पत्नी चित्रांगदा यहीं की थीं। तब इसको नागलोक कहते थे।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

तैंतीस लाख आबादी वाला पूर्वोत्तर का यह राज्य अरसे से उबल रहा है। यहां वर्ग संघर्ष जारी है। हत्याएं हो रही हैं और अल्पसंख्यक जनजातीय कुकी समुदाय की नारियां सड़कों पर नग्न करके घुमाई जा रही हैं। वहां भाजपा का शासन है और मुख्यमंत्री बहुसंख्यक मैतेयी समुदाय के हैं। मैतेयी ही ज्यादतियां कर रहे हैं। हालांकि अब कुकीज भी सिर उठाने लगे हैं। केंद्र में तो भाजपा की सरकार लंबे है ही। राज्य सीमावर्ती है और इसकी सीमा म्यांमार से मिली है, जहां निर्वाचित सरकार की मुखिया सू ची सैनिक शासक द्वारा जेल में डाल दी गई हैं। सैन्य सत्ता चीन के प्रभाव में है। ऐसे में मणिपुर की समस्याओं की अनदेखी और वहां हिंसा और अभद्रता का तांडव सत्ता द्वारा तटस्थ भाव से देखते रहना घातक सिद्ध हो सकता है। कहीं ऐसा न हो कि देश को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ जाए।

यह समझ से परे है कि इतनी लंबी अवधि में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वहां गए ही नहीं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने भी अभी कुछ दिन पहले मोदी को सलाह दी है कि वे मणिपुर जाएं और वहां की समस्याओं का समाधान निकालें। हालांकि भागवत जी ने ऐसा कहने में काफी देर लगाई, फिर भी अब तो पीएम को इस बिंदु पर सचेष्ट हो ही जाना चाहिए। "का बरषा जब कृषी सुखाने। समय चूक पुनि का पछिताने"। मनोरम प्राकृतिक छटा वाले, संसाधनों से भरपूर इस राज्य की उपेक्षा कब तक होगी?

# दिल्ली के केदार

चल सयाणी, काफल दाणी ऐंसु केदारनाथ/बड़ा-बड़ा ढंगार तखी, अर मल्यों की डार तखी / चल कल्याणी, रतनु की खाणी ऐंसु केदारनाथ। दिल्ली में श्री केदारनाथ के मंदिर और विग्रह की स्थापना को मैं देव पलायन के रूप में देखता हूं।



राजीव नयन बहुगुणा
पत्रकार

दिल्ली सत्ता, शोषण, संपत्ति और शक्ति संचय का एक केंद्र है। जिस तरह टिहरी में लाखों लोगों को डूबाकर वहां से गंगा का पानी अपने लॉन सींचने, कार धोने और टॉयलेट में बहाने के लिए दिल्ली ले गए, उसी तरह श्री केदार को भी दिल्ली ले जाया जा रहा है। ब्रिटिश काल में सभी राजाओं का एक ठिकाना दिल्ली में बनाया जाता था। वह किसी दूतावास की तरह था। उसी तरह दिल्ली दरबार में केदार बाबा की हाज़िरी क्यों न हो। जिस तरह देवदार, बांज, सेब और अखरोट के वृक्ष वास्ते सिर्फ भूमि नहीं, जलवायु भी चाहिए, उसी तरह देव विग्रहों को भी एक निश्चित वातावरण की दरकार होती है। अंग्रेजों ने जबरन दिल्ली में चीड़ के पौधे रोप दिए, जो संसद और नार्थ साउथ ब्लॉक की बगल में आज भी खड़े हैं, लेकिन वे बंध्या पेड़ हैं। उन पर न कभी फल आते हैं और न परागण होता है। दिल्ली के केदार भी ऐसे ही निस्तेज होंगे।

आखिर श्रीमद आद्य शंकराचार्य भी दुर्गम जगह की बजाय किसी सुविधाजनक स्थल पर केदारनाथ धाम क्यों नहीं बसाए होंगे? क्योंकि वह दिल्ली में केदार बसाने वाले वर्तमान धर्म ध्वजियों की भांति अमर्यादित और दंभी नहीं थे। दिल्ली की गर्मी, उमस, धूल, धुआं, शोर और आपधापी में श्री केदारनाथ जी कैसे रहेंगे? क्या वह वहां आरओ का छना मृत पानी पिएंगे? जाहिर है कि वह वहां नहीं जाएंगे। सिर्फ एक पाषाण विग्रह और सीमेंट कंक्रीट का भद्दा ढांचा होगा।

## एक नजर

### वीडियो बनाने के नाम पर अश्लीलता का आरोप

**अमरोहा, अमृत विचार :** रजबपुर में कॉमेडी वीडियो की आड़ में अश्लीलता फैलाई जा रही है। वीडियो वायरल होने के बाद ग्रामीणों ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। मामला अमरोहा के रजबपुर थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि शकरपुर मार्ग पर स्थित बैंक्वेट हाल में कुछ लड़कों द्वारा कॉमेडी वीडियो की आड़ में अश्लीलता फैलाई गई। कॉमेडी वीडियो बनाने वाले यूट्यूबर लाइक और व्यूज के लिए वीडियो में अश्लीलता कर रहे हैं। इन वीडियो को लेकर गांव वालों में काफी नाराजगी है। गांव वालों का कहना है कि इन वीडियो से माहौल खराब हो रहा है। जब यह वीडियो बच्चे देखते हैं तो बच्चों पर गलत प्रभाव पड़ता है। इन वीडियो को एक्स पर ट्वीट कर पुलिस से शिकायत की गई है। वहीं पुलिस भी पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

### भीषण गर्मी में किया शर्बत का वितरण

**रहरा, अमृत विचार :** भीषण गर्मी से राहत के लिए थाना क्षेत्र के कस्बा रहरा में हसनपुर गंवा मार्ग पर तीन स्थानों पर शर्बत का वितरण किया। बिहारी सिंह कन्या इंटर कॉलेज के पास शर्बत वितरण किया। इस अवसर पर कपिल, आकाश, जीतू, करन सिंह आदि मौजूद रहे। उधर, कस्बे में स्टैंड पर विवेक त्यागी, मोहित सैनी, महेंद्र सिंह, जितेंद्र कश्यप, बिजेंद्र सैनी आदि लोग मौजूद रहे। वहीं, भावली मोड पर 10 मोहर्रम पर राहगीरों को शर्बत बांटा गया। इस मौके पर मोनिश, आजम, दानिश, अरमान, असनेम, सनेआलम, असलम आदि मौजूद रहे।

### बग्घी हटाने को लेकर मारपीट, दो घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर में बरात की चढ़त से पहले बग्घी हटाने को लेकर चालक एवं बैंड वालों में कहासुनी और मारपीट हो गई। श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के निकट मंगलवार रात मोहल्ले में बरात की चढ़त करने के लिए बग्घी एवं बैंड बाजा आया था। चढ़त से पहले बैंड वालों ने बग्घी चालक से बग्घी हटाने को कहा, चालक ने कहा कि वह घोड़े की बेल्ट बांध रहा है, उसके बाद बग्घी हटा लेगा। इसके बाद बग्घी चालक एवं बैंडवालों के बीच कहासुनी और मारपीट होने लगी। मारपीट के दौरान दो लोग घायल हो गए। वहीं, मोहल्ले वासियों ने एकत्र होकर दोनों पक्षों में समझौता करा दिया गया। जिसके चलते किसी भी पक्ष के द्वारा कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि घटना की सूचना नहीं दी गई है।

# मैक्स नर्सिंग होम में नवजात की मौत, हंगामा

## परिजनों ने हाईवे पर लगाया जाम, बिना चिकित्सक के उपचार करता रहा स्टाफ

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** निजी अस्पताल में भर्ती नवजात की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सक व स्टाफ पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया और स्टेट हाईवे जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस के कार्रवाई के आश्वासन पर जाम खोल दिया गया।

थाना क्षेत्र के गांव पपसरा बांगर निवासी सोनू पुत्र धन सिंह ने बताया कि उसकी पत्नी अनू ने मंगलवार रात को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनौरा में पुत्री को जन्म दिया था। नवजात की हालत नाजुक होने पर उसे नगर के चांदपुर-गजरौला स्टेट हाईवे स्थित मैक्स नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल के स्टाफ ने बिना चिकित्सक की मौजूदगी के नवजात को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया। कुछ समय पश्चात ही इलाज के दौरान नवजात ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि वह लगातार चिकित्सक को बुलाने की बात करते रहे। लेकिन स्टाफ ने कोई बात नहीं सुनी और अस्पताल का स्टाफ नवजात का इलाज करता रहा। लापरवाही के चलते नवजात बच्ची की मौत हो गई है। परिजनों का आरोप है कि बुधवार सुबह पांच बजे से दोपहर तक कोई भी चिकित्सक बच्ची को देखने नहीं आया। बुधवार दोपहर करीब दो बजे नवजात की मौत हो गई। आरोप है कि चिकित्सक की लापरवाही के चलते नवजात की मौत हुई है। इससे गुस्साए परिजन मैक्स नर्सिंग होम के बाहर ही प्रदर्शन करने लगे। हंगामा करते हुए वह अस्पताल के सामने ही सड़क पर जाम लगाकर धरने पर बैठ गए। और चिकित्सक को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार व कस्बा चौकी प्रभारी सुभाष चौहान के आश्वासन पर परिजनों ने चांदपुर-गजरौला स्टेट हाईवे से जाम खोल दिया। इसके बाद भी परिजन मौके पर हंगामा करते हुए चिकित्सक को बुलाने की बात पर अड़े रहे।

वहीं, थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मैक्स नर्सिंग होम पर हंगामा की जानकारी मिली थी। मौके पर पहुंचकर परिजनों को शांत कराया। अब तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, तहरीर मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।



मंडी धनौरा में परिजनों को समझाते एसडीएम व सीओ। ● अमृत विचार



सीओ, एसडीएम की मौजूदगी में हॉस्पिटल सील कराते डॉ. सतीशचंद भास्कर।

### 29 जनवरी को भी प्रसूता की मौत हुई थी

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** बता दें कि 29 जनवरी को भी इसी अस्पताल में प्रसूता की मौत हो गई थी। जिस पर गुस्साए परिजनों ने स्टेट हाईवे जाम कर दिया था। उसके पश्चात भी स्वास्थ्य विभाग के लापरवाही के चलते अस्पताल लगातार संचालित रहा जिसका खामियाजा आज फिर नवजात शिशु को उठाना पड़ा और उसकी मौत हो गई।

### चिकित्सक आते तो बस सकती थी नवजात की जान

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नवजात शिशु के भर्ती होने के बाद लगातार परिजन चिकित्सक को बुलाने की मांग कर रहे थे। लेकिन स्टाफ ने परिजनों की एक नहीं सुनी और इलाज के दौरान नवजात शिशु की मौत हो गई।

> धनौरा क्षेत्र में मैक्स हॉस्पिटल के नाम से कोई पंजीकरण नहीं है। टीम भेज कर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। जनपद में कोई भी अवैध अस्पताल संचालित नहीं होने दिया जाएगा।
> – एसपी सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी

# पीएसी के सिपाही को पुलिस ने चांदपुर से किया बरामद

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** पीएसी में तैनात गुमशुदा सिपाही को पुलिस ने बरामद कर लिया। मुरादाबाद पीएसी की 24वीं बटालियन में तैनात सिपाही सुरेश मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव पपसरी खादर का निवासी है।

सुरेश ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर युवती पर उसे प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। वीडियो में सिपाही रोते हुए दिखाई दे रहा था। साथ ही युवती की प्रताड़ना से परेशान होकर बृजघाट गंगा में डूबने की बात कह रहा था। इसके बाद सिपाही सुरेश लापता हो गया था। पुलिस ने सिपाही की गुमशुदगी दर्ज करते हुए उसकी तलाश में जुट गई थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि सिपाही को चांदपुर में स्थित उसकी रिश्तेदारी से बरामद किया गया है। उसके खिलाफ नौकरी लगवाने के नाम पर रुपये हड़पने की रिपोर्ट दर्ज है। जिसके चलते उसे विभागीय अधिकारियों द्वारा निलंबित भी किया गया है। रुपये वापस नहीं लौटाने पड़े, इसलिए उसने वीडियो वायरल कर गंगा में डूबने का नाटक किया था।



गजरौला पुलिस की गिरफ्त में पीएसी का लापता सिपाही। ● अमृत विचार

# राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का क्रमिक अनशन तीसरे दिन भी जारी

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का क्रमिक अनशन तीसरे दिन भी जारी रहा। गंगदासपुर उपकेंद्र पर अनशन का नेतृत्व कर रहे प्रधान संजीव कुमार ने कहा किसान गरीब होता जा रहा है और पूंजीपति और अधिक अमीर होता जा रहा है। ये सरकारों की नीति और नियत में फर्क के कारण है।

अब खेती घाटे का सौदा हो गई है और नौजवान पलायन करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा सभी बिजलीघरों पर क्रमिक अनशन किसानों की मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा। इस दौरान शहबाजपुर कलां उपकेंद्र पर हरवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में क्रमिक अनशन आरम्भ हुआ। खादगूर्जर में रामकिशन सिंह के नेतृत्व में, गंगदासपुर में संजीव कुमार, दौलतपुर में प्रमोद कुमार, काफूरपुर में डालचन्द सिंह, जोजखेड़ा में साविन्द्र सिंह के नेतृत्व में क्रमिक अनशन रहा। इस मौके पर सतपाल सिंह ज्ञान सिंह, सोनू कुमार, रणवीर सिंह, बीरबल सिंह, कमल सिंह, नेपाल सिंह, बृजपाल सिंह मौजूद रहे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष चौधरी उपेन्द्र सिंह ने कहा कि सबका पेट भरने वाला किसान अब अपना और अपने परिवार की आजीविका चलाने और जरूरतें पूरी करने में असमर्थ है, मगर शासन प्रशासन का किसानों के उत्थान के प्रति कोई ध्यान नहीं है।



गजरौला के गंगदासपुर विद्युत उपकेंद्र पर क्रमिक अनशन में शामिल किसान।

# उपवन योजना को लागू करने के लिए पालिका ने तैयार किया प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने शासन की उपवन योजना को लागू करने के लिए नगर के पार्कों का निरीक्षण किया। इसके तहत प्रस्ताव भी तैयार करने के आदेश जारी कर दिए।

बुधवार को अधिशासी अधिकारी ने नगर के आवास विकास प्रथम स्थित पार्क एवं नगर पालिका की भूमि का निरीक्षण किया। वहां पर उपवन पार्क विकसित किए जाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के नगरों में तेजी के साथ बढ़ती जनसंख्या और नगर के क्षेत्रफल में हो रही वृद्धि के सापेक्ष उसे अनुपात में हरित क्षेत्र में बढ़ोतरी न होने के कारण वायुमंडल के तापमान में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि नगरों में नागरिकों द्वारा निरंतर मांग की जा रही है कि नगरों में पार्कों की स्थापना की जाए।

उन्होंने कहा लोगों की मांग एवं नागरिक क्षेत्र में हरित क्षेत्र को बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा प्रदेश के नगरों में हरित क्षेत्र एवं पार्कों की स्थापना किए जाने के लिए उपवन योजना आरंभ की गई है। निरीक्षण में अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार, सभासद संगीता चौहान, अवर अभियंता अरविंद कुमार, खलील अहमद, आलोक कुमार आदि उपस्थित रहे।



अमरोहा में पार्क का निरीक्षण करते ईओ व अन्य। ● अमृत विचार

### बंदरों से बचने की कोशिश में छत से गिरा बालक

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में छत पर खेल रहा बालक बंदरों से बचने की कोशिश में छत से गिरकर घायल हो गया। परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपलौती खुर्द में जावेद का परिवार रहता है। बुधवार को उनका नौ वर्षीय बेटा फैज छत पर खेल रहा था। उसी समय बंदरों का झुंड छत पर आ गया। बंदरों के घुड़की दिखाने पर वह छत से भागने लगा। इस दौरान वह छत से गिर गया। जिससे वह घायल हो गया। परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार चल रहा है। वहीं, ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बंदर दिनभर लोगों को परेशान करते हैं। जिससे ग्रामीण बहुत परेशान हैं। महिलाएं छत पर कपड़े सुखाने एवं खाना बनाते समय बंदरों से भयभीत रहती हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से बंदरों को पकड़वाने की मांग की है।



सुभासपा के अरविंद राजभर का स्वागत करते पूर्व जिला अध्यक्ष सत्यपाल तोमर।

# सदस्यता अभियान की समीक्षा की

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी पश्चिमी उप्र के सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक बुधवार को गाजियाबाद में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव व पूर्व मंत्री अरविंद राजभर रहे।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 22 जिलों से आए पदाधिकारियों एवं सदस्यता प्रभारी से सदस्यता अभियान की समीक्षा की। मुख्य अतिथि डॉ. अरविंद राजभर ने कहा कि आने वाली 27 जुलाई को फिर से समीक्षा बैठक होगी। उसमें संगठन को विस्तार देने के लिए समीक्षा की जाएगी। जिसमें जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत और ग्राम प्रधान पद के लिए पार्टी प्रत्याशी उतारेगी। बैठक में तेज सिंह, बल्ली चौधरी, डॉ. दयाराम भार्गव, अशोक अग्रवाल, रामपाल, प्रेमचंद कश्यप, दीपक चौहान, मान सिंह, सत्यपाल तोमर आदि रहे।

## सार-संक्षेप



हाईवे पर ताजियों का जुलूस निकालते अजादार। ● अमृत विचार

### पतई खालसा में निकाला ताजियों का जुलूस

**डिडौली, अमृत विचार :** गांव पतई खालसा में 10वें मोहर्रम पर ताजियों का जुलूस निकाले गए। इस दौरान पुलिस बल तैनात रहा। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पतई खालसा में पिछले साल मोहर्रम पर ताजियों का जुलूस निकालते समय हादसा हो गया था। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 50 से अधिक लोग झुलस गए थे। वहीं, इस बार पुलिस ने समय से व्यवस्था की थी। जिसके चलते बुधवार को पतई खालसा में ताजियों का जुलूस क्षेत्र के गांव ढकिया चमन में हाईवे से सकुशल सम्पन्न हो गया। इस दौरान मौके पर एसडीएम व सीओ मौजूद रहे।

### युवक को दी जान से मारने की धमकी

**रहरा, अमृत विचार :** कस्बा निवासी प्रवीन पुत्र देवेंद्र ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बस स्टेंड के पास दो युवक अलग-अलग अवैध रूप से अस्पताल चला रहे हैं। जानकारी के अनुसार दोनों अस्पताल संचालक बीते सोमवार को हरिद्वार गए थे। दोनों ने हरिद्वार में एक होटल में कमरा ले लिया। जिसकी जानकारी युवकों की पत्नियों को हो गई थी। आरोपियों ने पीड़ित पर उनकी पत्नियों को जानकारी देने का आरोप लगाते हुए मोबाइल पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया की अवैध अस्पताल संचालकों से मुझे जान का खतरा है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई मांग की है। थाना अध्यक्ष रमेश सहरावत ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। शहर के मोहल्ला मायापुरी निवासी संतोष और दिवाकर बुधवार सुबह बाइक से बृजघाट जा रहे थे। रास्ते में नेशनल हाईवे पर गांव शहवाजपुर डोर के पास पीछे से आई तेज गति की कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी चालक कार समेत मौके से फरार हो गया। हादसे बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। राहगीरों ने दोनों घायलों को पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने दोनों की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शिकायत के बाद भी लटके तारों को नहीं किया ऊंचा

**रहरा, अमृत विचार :** थाना रहरा क्षेत्र के गांव जयतौली निवासी कपिल यादव भाजपा के बूथ अध्यक्ष हैं। कपिल यादव ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करते हुए बताया कि बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। बिजली विभाग के अधिकारी लापरवाही की हदें पार कर रहे हैं। बताया कि गांव के जंगल में बिजली की हाईटेंशन लाइन नीचे लटकर रही हैं कि कोई बच्चा भी उसके नीचे नहीं गुजर सकता। जबकि जंगल में छुट्टा पशु भी घूमते रहते हैं। इससे लोगों एवं पशुओं को जान का खतरा बना हुआ है। विभागीय अधिकारियों एवं जेई से कई बार शिकायत करने के बावजूद भी हाईटेंशन लाइन को सही नहीं कराया गया है। यहां हमेशा हादसे की आशंका का बनी हुई है। लगातार तीन माह से जयतौली बिजली घर पर तैनात जेई से शिकायत की जा रही है। लेकिन रोज इधर-उधर की बातें बताकर टाला जा रहा है। कपिल यादव का आरोप है कि अगर इस हाई टेंशन लाइन से कोई भी हादसा हो गया। तो इसका जिम्मेदार बिजली विभाग होगा।

### ताजियों के जुलूस को लेकर कई क्षेत्रों की आपूर्ति बाधित

**अमरोहा, अमृत विचार :** मोहर्रम पर नगर के कई क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति को बंद रखा गया। इसके साथ विद्युत विभाग ने बिजली लाइनों को भी हटाया था। विद्युत वितरण खंड तृतीय के एसडीओ जीडी प्रजापति ने बताया कि बुधवार को मोहर्रम पर निकाो जाने वाले जुलूस को देखते हुए नगर के कुछ मोहल्लों की बिजली आपूर्ति को सुबह 10 बजे बंद कर दिया था। बिजली आपूर्ति बाधित होने से क्षेत्र के लोगों का उमस भरी गर्मी में बुरा हाल हो गया। एसडीओ ने बताया कि जिन मोहल्लों से और जिन मार्गों पर जुलूस को निकाला गया। उस क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को बंद रखा गया है। उन्होंने बताया कि मोहल्ला कुरैशी, तहसील रोड, वासुदेव मंदिर, कोर्ट चौराहा आदि मोहल्ला की बिजली आपूर्ति को देर रात तक सुचारू नहीं किया गया। इन मोहल्ले की बिजली लाइन को भी हटा दिया गया है। जिससे कि कोई हादसा घटित न हो। उन्होंने कहा कि जबकि नगर के कुछ मोहल्लों की बिजली आपूर्ति को सुचारु रखा गया है। बिजली आपूर्ति के बंद रखने की जानकारी विद्युत विभाग द्वारा पहले ही उपभोक्ताओं को दे दी गई थी।

### यूकेलिप्टस के 12 पेड़ काटकर ले गए चोर

**अमरोहा, अमृत विचार :** खेत की मेड़ पर खड़े एक लाख रुपये की कीमत के 12 यूकेलिप्टस के पेड़ काट लिए गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की है। पीड़िता ने चोरी की तहरीर दी है। मामला थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव तिलक सराय का है। यहां पर स्व. मनीष कुमार का परिवार रहता है। परिवार में उनकी पत्नी शरबती व बच्चे हैं। उनके खेत की मेड़ पर करीब एक लाख की कीमत के यूकेलिप्टस के 12 पेड़ खड़े थे। बताया जा रहा है कि मंगलवार रात अज्ञात लोगों ने 12 पेड़ काट लिए। बुधवार सुबह जब बच्चों के साथ खेत पर शरबती पहुंची तो पेड़ गायब थे। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने गांव में पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। पीड़िता ने पेड़ चोरी की तहरीर पुलिस को दी है।

### बाइकों की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**रहरा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव तीसरे मिल के निकट सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रहरा थाना क्षेत्र के गांव कसाईपुरा निवासी मंगल पुत्र यादराम, राकेश पुत्र राजपाल, मोहन पुत्र राम प्रसाद मेहनत मजदूरी करते हैं। बुधवार शाम अपने मजदूरी के पैसे लेने एक बाइक से तीनों कोतवाली क्षेत्र के गांव बाटीपुरा फतेहपुर जा रहे थे। तभी तीसरे मिल के निकट दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। जिनमें तीनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हसनपुर में स्थित महाराणा प्रताप अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# 16 दिन बाद भी हमजा का नहीं मिला सुराग, चार टीमें ढूंढ रहीं

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** दो जुलाई की शाम से लापता 13 वर्षीय हमजा बेग का आखिरकार पुलिस की चार टीमें भी कोई सुराग नहीं लगा पाई हैं। यूपी-नैनीताल की खाक छानने के बाद 16वें दिन भी पुलिस हमजा के गायब होने का राज नहीं जान पाई है।

दो जुलाई को आदर्श कॉलोनी निवासी 13 वर्षीय हमजा बेग घर से नाराज होकर शाम साढ़े छह बजे चला गया था और अपना मोबाइल भी बंद कर दिया। तीन जुलाई को तहरीर सौंपने के बाद प्रारंभिक जांच में पता चला कि साढ़े सात बजे के करीब हमजा रेलवे स्टेशन पर देखा गया है। उसके बाद से ही हमजा का 16वें दिन भी कोई सुराग नहीं लगा। मामले को गंभीरता से लेते हुए सीओ सदर निहारिका तोमर के आदेश पर पुलिस की चार टीमों का गठन किया गया। लापता होने के नौवें दिन ही पुलिस की टीम रामपुर, मुरादाबाद और नैनीताल के लिए रवाना हो गई।

पुलिस ने रेलवे स्टेशन, बस अड्डे के अलावा हर उस संभावित स्थानों के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जहां किशोर हमजा जा सकता है। बावजूद पुलिस को अभी तक हमजा का कोई भी सुराग हाथ नहीं लगा है। सीओ निहारिका तोमर ने बताया कि हमजा की सरगर्मी से खोजबीन की जा रही है। इसके अलावा भूरारानी गांव से गायब एक किशोरी व किशोर को पुलिस ने दो दिन बाद ही बरामद कर लिया था, लेकिन हमजा का कोई सुराग नहीं लगा। बावजूद पुलिस किशोर को जल्द बरामद करेगी।

# 450 रुपये प्रति क्विंटल हो गन्ने का मूल्य : ओमवीर

संवाददाता, आदमपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन शंकर की मासिक पंचायत थाना आदमपुर स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में हुई। इसकी अध्यक्षता ओमवीर सिंह जिला अध्यक्ष संभल ने की तथा संचालन ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. योगेंद्र ने किया। पंचायत में वक्ताओं ने क्षेत्र की तमाम समस्याओं पर विचार किया।

वक्ताओं ने कहा कि डॉ. स्वामीनाथन की रिपोर्ट के आधार पर किसान आयोग का गठन किया जाए। राशन कार्ड को पूर्णता ऑनलाइन किया जाए। बारिश के मौसम में किसानों की पशुशाला में पानी भर जाने के कारण किसान उसमें मिट्टी भराव के लिए अपने ट्रैक्टर-ट्राली से मिट्टी भरता है। पुलिस के द्वारा उसे प्रताड़ित न किया जाए। क्षेत्र में किसानों की फसलें छुट्टा पशुओं द्वारा बर्बाद कर दी गई हैं। जिले की गोशालाएं महज दिखावा बनी हुईं हैं।

डीजल व पेट्रोल को एमएसपी के दायरे में लाया जाए। आगामी पेराई सत्र में गन्ने का रेट 450 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया जाए। कुत्ते, बंदर व सांड के हमले में मरने वाले व्यक्ति को 10 लाख रुपये का मुआवजा दिलाया जाए। ग्राम पंचायत मुबरिजपुर में अपात्रों को शौचालय का वितरण मनमानी तरीके से किया है, इसकी जांच होनी चाहिए। साथ ही बताया कि 22 जुलाई को बड़ा मैदान बहजोई में संगठन की महापंचायत होगी। इस मौके पर योगेंद्र कुमार ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी, शीशपाल सिंह ब्लॉक उपाध्यक्ष, राकेश कुमार मीडिया प्रभारी, धनपत सिंह, भागमल सिंह, लल्लू सिंह, श्रीपाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



मासिक पंचायत में मौजूद किसान। ● अमृत विचार

### बिजली आपूर्ति नहीं मिलने से सूख रही फसल

**आदमपुर, अमृत विचार :** किसानों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ लापरवाही का आरोप लगाते हुए उपकेंद्र आदमपुर पर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने बताया कि पिछले तीन दिन से विद्युत आपूर्ति नहीं मिल रही। जिससे धान की फसल सूख रही है। इसी को लेकर दर्जनों किसानों ने विद्युत उपकेंद्र पर विरोध-प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि अब बारिश भी नहीं हो रही है और न ही पर्याप्त बिजली मिल पा रही है। जिससे सबसे ज्यादा नुकसान धान की फसल को हो रहा है। कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से कहा गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। प्रदर्शन करने वालों में धीरज कुमार, यशपाल सिंह, चमन सिंह, कैलाश, बिजेंदर, अशोक, जितेंद्र, कृष्ण, हरराज आदि मौजूद रहे।

### कॉलेज के हॉस्टल में दो छात्रों में मारपीट

**गजरौला, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे किनारे संचालित कॉलेज के हॉस्टल परिसर में दो छात्रों के बीच मारपीट हुई। कालेज प्रबंधक ने किसी तरह दोनों छात्रों को समझाकर शांत कराया।

क्षेत्र में संचालित कालेज में बीयूएमएस छात्रों के लिए हॉस्टल बना है। यहां बीयूएमएस प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष के दो छात्रों के बीच मंगलवार रात स्पीकर को लेकर विवाद हो गया था। वहीं, बुधवार दोपहर फिर से दोनों छात्रों के बीच विवाद हो गया। विवाद के बढ़ने पर मारपीट शुरू हो गई। कालेज प्रबंधक ने छात्रों को शांत कराया। मारपीट में एक छात्र के घायल होने की बात भी कही जा रही है। सूचना पर पहुंची बृजघाट चौकी पुलिस ने घटना की बाबत जानकारी की। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan
Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1lakh to 1Cr. Provided
Sumit Rahal Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001

डॉलफिन पैथोलॉजी सेन्टर
मुस्कान नर्सिंग होम के सामने
आशियाना फेस- 1
24 घन्टे
सुविधा उपलब्ध
सभी प्रकार की खून की जाँच
होम डिलीवरी की
सुविधा उपलब्ध
Mob:- 9027586572, 9927994700

## एक नजर

### बीएससी माइक्रोबायोलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी का परिणाम जारी

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएससी माइक्रोबायोलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी के प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष का परिणाम जारी कर दिया है। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर रिजल्ट देख सकते हैं। इससे पहले बीकॉम प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष का परिणाम भी जारी किया जा चुका है लेकिन अभी कई पाठ्यक्रमों का परिणाम प्रयोगात्मक और आंतरिक परीक्षा के अंक अपलोड न होने की वजह से अटका हुआ है। विश्वविद्यालय के बार-बार तिथि बढ़ाने के बावजूद कई महाविद्यालयों ने अंक नहीं अपलोड किए हैं।

### चालक को नशीला पदार्थ पिलाकर ऑटो लूटा

**बरेली, अमृत विचार :** चौपुला चौराहा से दो बदमाशों ने सवारी बनकर ऑटो बुक किया और चालक को नशीला पदार्थ पिलाकर ऑटो और नकदी लूट ली। इसके बाद चालक को अलीगंज चौराहे के पास फेंक दिया। होश आने पर चालक घर पहुंचा और परिजनों को जानकारी दी। थाना सुभाषनगर पुलिस ने दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सुभाषनगर के मोहल्ला गणेशनगर निवासी जितेंद्र ने बताया कि उन्हें 9 जुलाई को रात 10 बजे चौपुला चौराहा पर दो सवारियां मिलीं। दोनों ने अलीगंज जाने के लिए ऑटो बुक किया था। रामगंगा पहुंचकर दोनों सवारियों ने उन्हें कोल्डड्रिंक पिलाई। कुछ देर बाद वह बेहोश हो गए। जब उन्हें होश आया तो वह अलीगंज चौराहा के पास पड़े मिले। उनका ऑटो और नकदी गायब थी।

### नकदी व दो लाख के जेवर लेकर युवती फरार

**सीबीगंज, अमृत विचार :** एक युवती अपने घर में रखे डेढ़ लाख रुपये, दो लाख के जेवर और शैक्षिक प्रमाण पत्र लेकर फरार हो गई। युवती के पिता की तहरीर पर थाना सीबीगंज पुलिस ने चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। युवती के पिता के मुताबिक मंगलवार दोपहर 12 बजे उनकी 20 साल की बेटी घर में रखे डेढ़ लाख रुपये, दो लाख रुपये के जेवर और शैक्षिक प्रमाण पत्र लेकर चली गई। काफी तलाश के बाद पता चला कि उनकी बेटी को खलीलपुर निवासी मनोज कुमार बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया है।

# तय तारीख पर कराएंगे हिंदू युवाओं का सामूहिक निकाह

## कार्यक्रम स्थगन का सहमति पत्र देने वाले राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. नफीस समेत तीन पदाधिकारियों को किया निलंबित

कार्यालय संवाददाता, बरेली



**तौकीर का फिर एलान**

- बोले- मेरी मर्जी के बिना दिया सहमति पत्र, अब तक कर रहे हैं अनुमति का इंतजार
- हिंदू संगठनों के विरोध के बाद पुलिस ने दबाव बनाकर पदाधिकारियों की सहमति

**अमृत विचार :** हिंदू संगठनों की ओर से भारी विरोध के बीच आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने बुधवार को एलान किया कि हिंदू युवाओं के निकाह का कार्यक्रम तय तारीख पर ही होगा। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर उन्होंने कहा कि अब तक प्रशासन की अनुमति का इंतजार किया जा रहा है। उन्होंने यह भी साफ किया कि पुलिस को कार्यक्रम स्थगित करने का सहमति पत्र राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. नफीस समेत तीन पार्टी पदाधिकारियों ने उनकी अनुमति के बगैर दिया था जिन्हें उन्होंने निलंबित कर दिया है।

मौलाना तौकीर ने इससे पहले 23 हिंदू युवाओं का सामूहिक निकाह कराने का एलान किया था। कहा था कि पहले चरण में 21 जुलाई को पांच हिंदू युवाओं का निकाह खलील हायर सेकेंड्री स्कूल में कराया जाएगा जिसकी अनुमति के लिए प्रशासन के समक्ष आवेदन कर दिया गया है। मौलाना का यह बयान मीडिया में आने के बाद माहौल गरमाया तो मंगलवार को पुलिस ने आईएमसी के कुछ पदाधिकारियों से बातचीत कर ऐसा कोई आयोजन करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। इस पर उन्होंने पुलिस को लिखित तौर पर कार्यक्रम स्थगित करने की सहमति दे दी।

बुधवार को मौलाना इस प्रकरण में यूटर्न लिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हंगामा होने के बाद मंगलवार रात पुलिस ने उनकी पार्टी के पदाधिकारियों पर दबाव डालकर झूठा वादा करा लिया। उनकी अनुमति के बगैर पार्टी के तीन पदाधिकारी कार्यक्रम स्थगित करने का सहमत पत्र दे आए, लेकिन उनका इरादा अब तक उसी तारीख पर सामूहिक निकाह कराने का है जो उन्होंने घोषित की थी। मौलाना ने बताया कि निलंबित पदाधिकारियों में राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. नफीस खां, मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी और प्रदेश संगठन प्रभारी नदीम कुरैशी शामिल हैं। इन्हें नोटिस जारी कर एक सप्ताह में जवाब देने तक के लिए निलंबित किया गया है।

### मौलाना के दांव...

>> अनुमति नहीं दी तो प्रशासन को बताना होगा कारण
>> क्या दो कानून चल रहे हैं इस देश में

मौलाना तौकीर ने कहा कि अगर प्रशासन की ओर से सामूहिक निकाह की अनुमति नहीं दी जाती तो उन्हें उससे यह पूछने का हक है कि अनुमति क्यों नहीं दी गई। बाकी लोग जो बिना अनुमति लिए किसी का भी धर्म परिवर्तन कराते हैं, क्या उनके लिए कोई कानून नहीं है। वह दुनिया को बताना चाहते हैं कि हिंदुस्तान में दो कानून चल रहे हैं। एक कानून मुसलमानों का उत्पीड़न करता है और दूसरा गैर मुस्लिमों को खुली छूट देता है।

### डीएम के अधिकारों का हो रहा है हनन

कई मुस्लिम लड़कियों के पिछले दिनों हुए धर्म परिवर्तन का जिक्र करते हुए मौलाना ने बिना नाम लिए कई गैरमुस्लिम धर्मगुरुओं पर निशाना साधा। कहा, मंदिर में बैठकर मोहर लगाकर इस तरह धर्म परिवर्तन के सर्टिफिकेट जारी कर दिया जाता है। यह जिलाधिकारी के अधिकारों का हनन है। जो काम जिलाधिकारी का है, उन्हें करने देने दिया जाना चाहिए। उन्होंने एक मामूली सी अनुमति मांगी है, उस पर इतना हंगामा किया जा रहा है।

### धर्म परिवर्तन की बात नहीं कही थी मैंने

मौलाना तौकीर ने मीडिया पर भी ठीकरा फोड़ा। कहा कि मीडिया में उनके बयान को गलत ढंग से पेश किया गया। उन्होंने कहा था कि जिन हिंदू युवाओं का निकाह किया जाना है, उन्होंने पहले ही धर्म परिवर्तन कर इस्लाम कुबूल कर लिया है लेकिन इसके बाद भी आपस में बिना निकाह किए हुए लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे हैं। वह कोई धर्म परिवर्तन का कार्यक्रम नहीं कर रहे हैं, सिर्फ निकाह का कार्यक्रम करा रहे हैं।

# रामपुर में लिखी थी अपहरण की रिपोर्ट, जंक्शन पर मिली छात्रा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सूचना पर पुलिस के साथ पहुंचे परिजन, जीआरपी ने किया सुपुर्द

**अमृत विचार :** रामपुर से लापता हुई किशोरी बुधवार को बरेली जंक्शन पर मिली। उसके अपहरण का मुकदमा रामपुर के बिलासपुर थाने में लिखा गया था। जीआरपी की सूचना पर मढ़ीनाथ निवासी उसके रिश्तेदार व बिलासपुर से परिजन पुलिस के साथ पहुंचे। किशोरी को उनके हवाले कर दिया गया है। मामले की जांच रामपुर पुलिस कर रही है।

बिलासपुर निवासी विजय कुमार ने रामपुर के बिलासपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी बेटी 16 वर्षीय अंजलि डीएवी इंटर कॉलेज में कक्षा 11 की छात्रा है।

उसकी मां प्रीति रस्तोगी मंगलवार को उसे स्कूल छोड़कर आई थीं, लेकिन छुट्टी के बाद भी वह घर नहीं पहुंची। परिजनों ने अज्ञात पर बहला-फुसला कर ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। मंगलवार को वह बरेली जंक्शन पर बदहवास हालत में मिली। किशोरी जीआरपी थाने पहुंची तो सूचना मिलने पर बरेली में रहने वाले उसके मामा राजकुमार भी वहां पहुंच गए। उनके अनुसार उनकी भांजी ने बताया कि कोई नशा सुंघाकर उसे दिल्ली ले गया था। होश आने पर वह बरेली की ट्रेन में बैठ गई।

राकेश निवासी रुद्रपुर उसके सगे पिता हैं। विजय कुमार निवासी बिलासपुर उस के ताऊ हैं, जिन्होंने उसे गोद ले रखा है। वह उन के पास ही रहती है। उधर पुलिस लड़की की बताई कहानी को संदिग्ध मान रही है।

जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि किशोरी को परिजनों और बिलासपुर पुलिस के कर दिया गया है। स्थानीय पुलिस ही मामले की जांच कर रही है।

# महिलाओं में 60 प्रतिशत तेजी से बढ़ा एचआईवी संक्रमण

अंकित चौहान, बरेली

- 2023 में जनवरी से दिसंबर तक 40 महिलाएं मिली थीं एचआईवी संक्रमित, इस साल छह महीने में ही 32 हुई संख्या

**अमृत विचार :** जिले में एचआईवी संक्रमित महिलाओं की संख्या अप्रत्याशित रूप से बढ़ी है। पिछले साल की तुलना में इस साल अब तक लगभग 60 फीसदी एचआईवी संक्रमित हुई हैं। इनमें कई ऐसी हैं जिनमें पहली बार गर्भवती होने के बाद प्रसव से पहले हुई जांच में एचआईवी संक्रमण का पता चला है। यह भी आशंका जताई जा रही है कि जिले में एचआईवी संक्रमित स्त्री-पुरुषों की संख्या इससे कई गुना ज्यादा हो सकती है।

जिला महिला अस्पताल के प्रिवेंशन ऑफ पैरेंट्स टू चाइल्ड सेंटर यानी पीपीसी-टीसी के रिकॉर्ड के अनुसार वर्ष 2023 में जनवरी से दिसंबर तक करीब 40 महिलाओं को एचआईवी संक्रमण से ग्रसित पाया गया था लेकिन इस साल छह महीनों में ही उनकी गिनती 32 हो गई है। सेंटर के रिकॉर्ड के मुताबिक इससे पहले कभी एक साल में एचआईवी संक्रमित महिलाओं की संख्या 40 से पार नहीं हुई है, ऐसा पहली बार है जब छह महीने में इतने ज्यादा केस मिले हैं।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार इस साल एचआईवी संक्रमित मिलीं 32 महिलाओं में 12 ऐसी हैं जिन्हें शादी के शुरुआती साल में एचआईवी ग्रसित होने का पता लगा है। वह भी तब जब गर्भवती होने के बाद प्रसव से पहले उनकी एचआईवी समेत शरीर की सभी जांचें कराई गईं। कुछ ऐसी महिलाएं भी चिह्नित की गई हैं जिन्हें अपने पति से यह संक्रमण मिलने की बात साफ हुई है।

## आचार्य कैलाशानंद गिरि बोले, मौलाना तौकीर का काम समाज को बांटने वाला

**बरेली, अमृत विचार :** मौलाना तौकीर रजा ने धर्म परिवर्तन कराकर पांच हिन्दू कन्याओं का निकाह कराने का बयान देकर समाज को बांटने की कोशिश की है। उन्हें समझना चाहिए कि वह भी एक धर्मगुरु हैं और धर्मगुरु को ऐसा काम नहीं करना चाहिए कि माहौल खराब हो। मौलाना को रहना भारत में ही है। अगर वह पाकिस्तान भी चले जाएंगे तो वहां भी लोग इसे स्वीकार नहीं करेंगे। महामंडलेश्वर आचार्य कैलाशानंद गिरी ने बुधवार को गांधीनगर के एक मंदिर में बुधवार रात पत्रकारों से यह बात कही।

मुकेश अंबानी के बेटे के विवाह समारोह के बाद बरेली आए आचार्य ने मौलाना तौकीर को नसीहत देते हुए कहा कि वह सनातन के प्रचारक नहीं बन सकते, लेकिन तो विरोधी भी न बनें। मौलाना ऐसा क्यों करते हैं कि उन्हें देश में रहने का भी संकट पैदा हो।

# डर कर भागा महिला अस्पताल का स्टाफ

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- नवजात की मौत के बाद परिजनों ने किया हंगामा
- बाल रोग विशेषज्ञ के समझाने पर माने पीड़ित परिवार के लोग

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में प्रसव के कुछ समय बाद नवजात ने दम तोड़ दिया। इससे नाराज प्रसूता के परिजन हंगामा करने लगे। इसे देख मौके पर मौजूद स्टाफ भाग निकला। जानकारी होते ही बाल रोग विशेषज्ञ पहुंचे। उनके समझाने पर परिजन शांत हो गये।

नगर पंचायत सखानू निवासी धीरज ने अपनी पत्नी निर्मला को उसको तेज दर्द होने पर 13 जुलाई को जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया था। वह सात महीने की गर्भवती थीं। उसी दिन रात निर्मला ने पुत्र को जन्म दिया। कम समय में प्रसव होने के कारण निर्मला को काफी परेशानी हुई लेकिन प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा दोनों ठीक थे। नवजात का वजन मात्र 11 सौ ग्राम था।

> निर्मला के पेट में सात महीने का गर्भ था। उसका नियमित चेकअप नहीं किया गया था। गर्भस्थ शिशु कमजोर था। दर्द होने के कारण प्रसव कराना पड़ा। सात या आठ महीने के शिशु का वजन कम होता है। इसलिए उन्हें बचा पाना मुश्किल हो जाता है। सात महीने का प्रसव होने से उसे परेशानी हुई और शिशु को नहीं बचाया जा सका।
> –डा. कुमार वासु, बाल रोग विशेषज्ञ

कम वजन होने के कारण उसका स्वास्थ्य ज्यादा ठीक नहीं था। उसे मशीन में रखा गया तो उसकी धड़कन सामान्य रूप से चलने लगी। बुधवार को नवजात की मौत हो गई जिसके बाद परिजन हंगामा करने लगे। इसे देख अस्पताल का स्टाफ डर गया और इधर-उधर खिसक गया। जानकारी होते ही बाल रोग विशेषज्ञ मौके पर पहुंच गये। उन्होंने हंगामा कर रहे परिजनों को समझा कर शांत कराया।

### हर बार मौत पर हंगामा, फिर भी नहीं सुधरती व्यवस्था

जिला महिला अस्पताल में नवजातों की मौत का सिलसिला जारी है। मौत के बाद कई बार आरोप लगे कि स्टाफ को मुंह मांगी रकम नहीं दी गई जिसके चलते उसने लापरवाही बरती और प्रसूता तथा नवजात की देखभाल नहीं की। मई से लेकर जून तक आठ नवजातों की मौत हो चुकी है। नवजातों की मौत के बाद हर बार हंगामा होता है लेकिन अस्पताल प्रशासन व्यवस्था में सुधार नहीं कर पाता है।

## गुरुग्रंथ साहिब के स्वरूप की बेअदबी से रोष व्याप्त

**बाजपुर, अमृत विचार:** सितारगंज के गोठा स्थित गुरुद्वारा साहिब में पिछले दिनों हुई श्री गुरुग्रंथ साहिब के स्वरूप की बेअदबी की घटना से सिख समाज में रोष है। गुरुद्वारा साहिब में हुई बैठक में घटना के विरोध में निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही शासन-प्रशासन ने घटना के दोषियों को जल्द से जल्द कड़ी सजा देने की मांग की गई।

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बाजपुर के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह किंदा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें कहा गया कि सितारगंज की ग्रामसभा गोठा के गुरुद्वारा साहिब श्री गुरुनानक नगरी में पिछले दिनों श्री गुरुग्रंथ साहिब जी के पावन स्वरूप की बेअदबी की घटना हुई है।

# सरकारी भूमि पर निर्माण की जांच करेगी राजस्व विभाग की टीम

संवाददाता, बागेश्वर

- कपकोट से पुलिस व राजस्व विभाग की 17 लोगों की टीम देवीकुंड रवाना हुई
- देवीकुंड के पास अतिक्रमण हुआ पाया गया तो टीम उसे ध्वस्त करेगी

**अमृत विचार:** दानपुर सेवा समिति द्वारा देवीकुंड में बाल योगी आदित्य कैलाश द्वारा मंदिर निर्माण करके अतिक्रमण की शिकायत पर प्रशासन अब सक्रिय हो गया है। बुधवार को कपकोट से पुलिस व राजस्व विभाग की टीम देवीकुंड के लिए रवाना हो गई है। यदि वहां पर अतिक्रमण हुआ पाया गया तो टीम उसे ध्वस्त करेगी। टीम में 17 लोग शामिल हैं।


योगी आदित्य कैलाश।

बता दें कि बाल योगी आदित्य कैलाश द्वारा ग्लेशियर रेंज में देवीकुंड के पास रिजोर्ट नुमा कुटिया बनाने व देवीकुंड में स्नान करने की जानकारी मिलने के बाद दानपुर क्षेत्र के ग्रामीण आक्रोशित हो गए थे। उन्होंने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की। जिस पर जिलाधिकारी ने मामले की जांच के आदेश दिए थे। इधर जिलाधिकारी के आदेश पर बुधवार को कपकोट से तहसीलदार, पुलिस व वन विभाग की टीम ग्लेशियर क्षेत्र के देवीकुंड को रवाना हुई। टीम को पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी ने ब्रीफ किया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बताया गया है कि टीम वहां पर बने रिजॉर्ट नुमा कुटिया की भूमि का निरीक्षण करेगी तथा यदि वह प्रदेश या केंद्र सरकार की भूमि पर पाई गई तो उसे ध्वस्त करके लौटेगी। टीम में कुल 17 सदस्य शामिल हैं। सीओ अंकित कंडारी ने टीम को मौसम को देखते हुए सफर तय करने और सावधानी बरतने के निर्देश दिए।

## कुंडी के पानी में डूब कर बच्चे की मौत

**ओरछी (बदायूं), अमृत विचार :** पिता के साथ खेत पर गए तीन साल का बच्चा ट्यूबवेल की कुंडी के पानी में डूब गया। पिता ने उसे कुंडी से बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव खेड़ादास निवासी हरेंद्र सिंह धान की रोपाई कराने मंगलवार को अपने खेत पर गये थे। साथ में उनका तीन साल का बेटा सुमित भी चला गया था। वह सुमित को चकरोड पर बैठाकर स्वयं खेत में पौध रोपने लगे। सुमित वहीं खेलने लगा। खेलते-खेलते ट्यूबवेल के पास चला गया जिसकी कुंडी में पानी भरा था।

कुंडी के पानी में वह डूब गया। काफी देर तक नहीं दिखने पर हरेंद्र सिंह उसकी तलाश करने लगे। कुछ समय के बाद उन्हें कुंडी में उतराते दिखा। उसे बाहर निकालकर सीएचसी ले गये। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# आजाद नगर में फंदे पर लटका मिला टुकटुक चालक का शव

संवाददाता, रुद्रपुर

- सिडकुल की एक फैक्ट्री में टुकटुक चलाता था युवक

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर में टुकटुक चालक का शव फंदे से लटका हुआ मिला। ग्राम जगन्नाथपुर मिलक रामपुर यूपी व हाल निवासी थाना ट्रांजिट कैंप आजाद नगर का रहने वाला 20 वर्षीय संजय राठौर अपने मौसेरे भाई के यहां ट्रांजिट कैंप में किराए के मकान में रहता था और सिडकुल की एक फैक्ट्री में टुकटुक चलाता था। बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह सात बजे जब मौसेरा भाई ड्यूटी से लौटा तो संजय का कमरा बंद था। जब उसने आवाज दी तो कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। इस पर युवक ने खिड़की से देखा तो युवक फंदे पर लटका हुआ था। सूचना मिलते ही थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने मौका मुआयना किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### विवाहिता ने जहर खाया

**काशीपुर, अमृत विचार :** मिस्सरवाला निवासी 24 वर्षीय एक महिला ने बुधवार की दोपहर अज्ञात कारणों के चलते विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। इसके बाद परिजन उसको गंभीर हालत में रामनगर रोड स्थित एलडी भट्ट चिकित्सालय लेकर आए। जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक देख हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

## फेरी-ठेली वालों को जारी होंगे पहचान पत्र

**देहरादून, अमृत विचार :** राज्य में फेरी-ठेली वालों को शीघ्र ही पहचान पत्र प्रदान किए जाएंगे। शहरी विकास निदेशालय की ओर से राज्य के समस्त नगर आयुक्त, अधिशासी अधिकारियों को फेरी एवं ठेली वालों का विवरण जुटाने व पहचान पत्र जारी करने को पत्र लिखा गया है। साथ ही पहचान पत्र अनिवार्य रूप से ठेली/फड़ पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं।

शहरी विकास निदेशक नितिन सिंह भदौरिया की ओर से समस्त नगर निकायों के नगर आयुक्त, अधिशासी अधिकारियों को पत्र जारी कर अपेक्षा की गई है कि वे अपने क्षेत्र में कार्यरत फेरी व्यवसायियों की फेरी/ठेली में पहचान प्रदर्शित करने हेतु विवरण जुटाएं।

# बारिश के बाद कोहरे से ढकी सरोवर नगरी

संवाददाता, नैनीताल


सरोवर नगरी में छाये हल्के कोहरे की बीच नौकायन करते पर्यटक।

**अमृत विचार:** बीते एक सप्ताह से नैनीताल में तेज व लगातार बारिश पर तो विराम लग गया है लेकिन कभी कभी रिमझिम बारिश हो रही है। मानसून ने अपने पहले दौर में तबाही मचाई। बुधवार को भी सुबह से नगर में गुनगुनी धूप खिली रही और शाम पांच बजे अचनाक मौसम ने करवट बदली और रिमझिम बारिश शुरू हुई। वहीं बीते कुछ दिनों से बारिश पर लगे विराम के बाद नगर में एक बार फिर से सैलानियों की आमद बढ़ने लगी है।

शनिवार को भी नैनीताल पहुंचे सैलानियों ने रिमझिम बारिश में भीगते हुए नगर की नैसर्गिक सुंदरता का लुत्फ उठाया। मौसम केंद्र जीआईसी के अनुसार नगर में अधिकतम तापमान 18 डिग्री तो वहीं न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बता दें कि मानसून के आते ही अगस्त तक के लिए पर्यटन सीजन पर भी विराम लग जाता है। ऐसे में केवल वीकेंड पर आने वाले पर्यटकों पर स्थानीय व्यापारियों की निगाह टिकी रहती है।

### तीन घंटे में बरस गया 102 मिमी पानी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** काठगोदाम, रानीबाग और हल्द्वानी के एक बड़े हिस्से में बुधवार के तड़के मूसलाधार बारिश हुई। बारिश बहुत तेज थी और तीन घंटे तक लगातार होती रही। काठगोदाम, रानीबाग, दमुवाढूंगा, बमौरी, पॉलीशीट, कठघरिया, कमलुवागांजा आदि इलाकों में मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। बारिश सुबह करीब 5 :30 बजे तक चली। बारिश की बौछारें इतनी तेज थीं कि सुबह के समय राहगीरों का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया था। महज तीन घंटे के अंदर ही 102 मिमी बारिश हो गई।

### देवखड़ी नाले में बहने से बची कारें

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** तेज बारिश से नालों में फिर से उफान आ गया। देवखड़ी नाले में दो कारें बहने से बाल-बाल बचीं। हादसे के समय दोनों कार में लोग भी मौजूद थे। नाले के पास लगे बैरिकेडिंग में जब कारें फंस गईं तो कार से उतरकर सवारियों ने अपनी जान बचाई। बुधवार के तड़के अचानक मौसम बदला और कई क्षेत्रों में भारी बारिश शुरू हो गई। बारिश की वजह से एक बार फिर से देवखड़ी नाले में भी उफान आ गया। नहर कवरिंग रोड पर हाइडिल से कॉलटैक्स की तरफ नाले का बहाव दूसरी ओर मु0ड़ता है। नाले के उफान के दौरान दो कारें सड़क पर उफान में फंस गईं। दोनों कार के चालक बहाव में भी कार को चलाने की कोशिश कर रहे थे।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,**
**ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, मुरादाबाद**
**परिमण्डल–मुरादाबाद**

पत्रांक: 297/ग्रा०अ०वि०/निविदा पत्राली/पत्रावली सं0 /बाण्ड क्लर्क/2024–25 दिनांक 08.07.2024

**ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना**

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल मुरादाबाद के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ''ए'', ''बी'' एवं ''सी'' श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जी0एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिये निविदा दे सकता है।

**1– कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् हैं–**

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (जी0एस0टी0 सहित) (लाख में) | बिड सिक्योरिटी (इ0एम0डी0) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य अथवा निविदा फीस जी. एस.टी. सहित (यदि आव"यक हो) (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मुरादाबाद | विकास खण्ड मूढापाण्डे में बी0आर0सी0 सेन्टर का निर्माण कार्य। | 48.17 | 0.97 | 2354.00 | 08 माह |

2. वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि:– 20.07.2024 को प्रातः 10.00 बजे से।
3. बिड डाक्यूमेन्ट डाउन लोडिंग प्रारंभ करने की तिथि एवं समय:–20.07.2024 को प्रातः 10.00 बजे से।
4. प्रि बिड मीटिंग की तिथि एवं समय:– 23.07.2024 को प्रातः 11.00 बजे से।
5. ई निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारंभ तिथि/समय 20.07.2024 को प्रातः 10.00 बजे से।
6. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय 12.08.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक।
7. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 12.08.2024 को अपरान्ह 12:30 बजे।
8. टेण्डर प्रकिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नही होगा।
9. निविदा ऑन–लाइन वैब साइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
10. उपलब्ध धनराशि के अन्तर्गत कार्य उपयोगिता स्तर तक कराया जायेगा।
11. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है. जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।

सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है कि बिड समिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली–भांति पढ ले।

UP – 217376 दिनांक : 15/07/2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(विनय कुमार) अधीक्षण अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
परिमण्डल–मुरादाबाद।
श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से।



प्रवेश प्रारम्भ

**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट**
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :–
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)



प्रवेश प्रारम्भ

**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**

**फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज**
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

**रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स–रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :–
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# काम नहीं तो वेतन नहीं का सिद्धांत अस्वीकार्य

## बहाली से पहले निष्कासन के दौरान वेतन भुगतान मामले में हाईकोर्ट की टिप्पणी

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बर्खास्तगी की अवधि के दौरान राज्य सरकार के कर्मचारियों के वेतन और भत्ते की पात्रता पर विचार करते हुए कहा कि बर्खास्तगी या निष्कासन के आदेश को रद करने के बाद बहाली पर कर्मचारियों को उस अवधि के लिए पूरे वेतन और भत्ते से वंचित नहीं किया जा सकता है, जब तक वह सेवा में नहीं था। ऐसी स्थिति में 'काम नहीं तो वेतन नहीं' का सिद्धांत लागू नहीं होता है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय की एकलपीठ ने दिनेश प्रसाद की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। दरअसल, याची यूपी पुलिस में अनुचर (फॉलोवर) के रूप में कार्यरत था। यूपी पुलिस अधीनस्थ अधिकारी (दंड एवं अपील) नियम 1991 के नियम 14 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई के बाद उन्हें अपने अधिकारियों को सूचित किए बिना तथा अनुमोदित अवकाश के बिना ड्यूटी से अनुपस्थित रहने के आरोप में 9 जनवरी 2020 को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था।

हालांकि उनकी अपील को पुलिस उपमहानिरीक्षक, गोरखपुर परिक्षेत्र ने स्वीकार कर लिया और उन्हें सभी आरोपों से मुक्त कर 29 सितंबर 2020 को पुनः सेवा में बहाल कर दिया गया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक, देवरिया ने याची को एक कारण बताओ नोटिस जारी किया, जिसके बाद उन्हें "काम नहीं तो वेतन नहीं" सिद्धांत के आधार पर बर्खास्तगी की अवधि का वेतन भुगतान नहीं किया गया। कोर्ट ने मामले पर विचार करते हुए कहा कि विपक्षियों द्वारा यह सिद्ध नहीं किया गया है कि याची जिस अवधि में सेवा से बाहर था, उस दौरान वह कहीं और किसी रोजगार के माध्यम से जीविकोपार्जन कर रहा था। अतः याची उस अवधि के लिए पूर्ण वेतन और भत्ते का हकदार था, जब उसे सेवा से बाहर किया गया था। अंत में कोर्ट ने पुलिस अधीक्षक, देवरिया द्वारा पारित आदेश को रद करते हुए याची को उक्त अवधि के लिए पूर्ण वेतन और भत्ते के साथ-साथ ब्याज के भुगतान का आदेश दिया।

### एम्स जैसे संस्थानों की स्थापना को लेकर मांगा जवाब

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से पूछा कि क्या प्रयागराज में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की तरह एक प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान स्थापित करने की केंद्र सरकार की कोई योजना है या नहीं? न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की पीठ ने सहज-सारथी फाउंडेशन और एक अन्य संस्थान द्वारा दायर जनहित याचिका पर यह सवाल पूछा। जनहित याचिका में नगर में स्वास्थ्य सुविधाओं और आधारभूत ढांचे की कमी उजागर की गई। याचिकाकर्ता ने अदालत में दलील दी कि वर्ष 2011 की जनगणना के मुताबिक, 59 लाख से अधिक की आबादी वाले इस नगर को तत्काल सुदृढ़ स्वास्थ्य सुविधाओं की जरूरत है। याचिका में बताया गया कि नगर में इलाहाबाद उच्च न्यायालय, मंडलायुक्त कार्यालय और कई केंद्र एवं राज्य सरकार के प्रतिष्ठान हैं और यह नगर एक प्रमुख प्रशासनिक और शैक्षणिक केंद्र है। याचिकाकर्ता के मुताबिक, इन सबके बावजूद प्रयागराज में चिकित्सा सुविधाओं की भारी कमी है, क्योंकि मौजूदा मेडिकल कॉलेज और टीबी सप्रू अस्पताल में स्तरीय सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं।

## तीस साल की सेवा के बाद कर्मचारी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का हकदार

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) लाभ की पात्रता को स्पष्ट करते हुए कहा कि सीसीएस (पेंशन नियम) 1972 के नियम 48 के तहत एक सरकारी कर्मचारी को 30 साल की सेवा पूरी करने के बाद वीआरएस पाने का अधिकार है। बशर्ते उसे सेवाकाल के दौरान निलंबित न किया गया हो।

कोर्ट ने कहा कि नियम 48ए (2) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की स्वीकृति को आवश्यक बताता है, जबकि नियम 48 में सेवानिवृत्ति के लिए नियोक्ता की अनुमति आवश्यक नहीं है। वर्तमान मामले में याची के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई वीआरएस की प्रभावी तिथि के काफी बाद शुरू की गई थी। याची ने सितंबर 2013 को वीआरएस का अनुरोध किया था, जबकि विभागीय आरोप पत्र अक्टूबर 2013 को जारी किया गया था।

## हाईटेंशन तार से ताजिया छूने से 4 की मौत, 9 झुलसे

**लखनऊ, अमृत विचार :** गोंडा, प्रतापगढ़ व संत कबीरनगर जिले में मोहर्रम जुलूस के दौरान ताजिया के हाईटेंशन तार के संपर्क में आने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 से ज्यादा लोग झुलसे हैं। गोंडा में रेलवे क्रासिंग पर हाईटेंशन तार की चपेट में आने से ताजिया जुलूस में शामिल मो. इलियास की मौत हो गई।

इसी जिले के उमरी बेगमगंज क्षेत्र के पकवान गांव में दोपहर बाद ताजिया जुलूस निकालते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से अशरफ अली (14) की मौत हो गई, जबकि इटियाथोक थाना क्षेत्र में सात लोग झुलस गए। मोहर्रम के जुलूस का वीडियो बना रहे महारानीगंज घोसियाना निवासी नूर आलम (30) पुत्र हनीफ की करंट लगने से मौत हो गई। प्रतापगढ़ के कुंडा में ताजिया का झंडा हाइटेंशन तार में छू गया, जिससे वासिफ अंसारी (32) पुत्र अब्दुल वाहिद की भी मौत हो गई।

## सार-संक्षेप

### राजस्व अधिकारियों के खिलाफ दाखिल याचिका खारिज

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तथ्यों को छिपाकर जनहित याचिका के नाम पर निजी हित में दाखिल याचिका को खारिज करते हुए न्यायिक प्रणाली के ऐसे दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त की और याचिका को दुर्भावनापूर्ण बताते हुए याची को चेतावनी दी कि वह ऐसा दोबारा ना करे। अन्यथा उसे भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की खंडपीठ ने राम प्रताप कसौधन की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। दरअसल, याचिका में ग्राम ओरन, तहसील अतर्रा, बांदा के राजस्व अभिलेखों में की गई कथित अवैध प्रविष्टियों की जांच करने और गलत आदेश पारित करने तथा जाली प्रविष्टियों में शामिल राजस्व अधिकारियों को दंडित करने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति गठित करने का निर्देश देने की मांग की गई।

### एमडीएस : च्वाइस भरने के बाद सीट लॉक करना जरूरी

**लखनऊ, अमृत विचार :** नीट एमडीएस-2024 की ऑनलाइन काउंसिलिंग में मनपसंद कॉलेज की प्राथमिकता भरने के बाद सीट लॉक करना जरूरी है। अन्यथा सीट आवंटन प्रक्रिया से स्वतः बाहर कर दिया जाएगा। यह निर्देश नीट एमडीएस (मास्टर आफ डेंटल सर्जरी) की प्रथम चरण की चल रही ऑनलाइन काउंसिलिंग में च्वाइस फिलिंग व दाखिले को लेकर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने दिए हैं। नीट एमडीएस की परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों की मेरिट सूची जारी करने के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने निर्देशों में स्पष्ट किया है कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया संबंधित विश्वविद्यालय में ही संपन्न होगी, जबकि निजी डेंटल कॉलेजों की सीटों पर आवंटित अभ्यर्थियों के दाखिले संबंधित नोडल सेंटर पर संपन्न होगी। इसलिए सीट आवंटन के बाद अभ्यर्थियों को संबंधित नोडल सेंटर पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है।

### नर्सिंग ऑफिसर की परीक्षा में सॉल्वरों की घुसपैठ

**सीतापुर, अमृत विचार :** प्रदेश में आरओ और एआरओ की परीक्षा के बाद अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में भी साल्वर गैंग की घुसपैठ की कोशिशें लगातार जारी है। वहीं तालगांव कोतवाली इलाके में स्थित केपी सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी कॉलेज में एसजीपीजीआई लखनऊ की नर्सिंग ऑफिसर की भर्ती के लिए आयोजित परीक्षा में भी सॉल्वर गैंग की घुसपैठ के बाद परीक्षा रद कर दी गई है। परीक्षा में सम्मिलित छात्रों ने परीक्षा के दौरान नकल की सूचना पर हंगामा किया। इसके बाद पुलिस ने 8 सॉल्वरों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हालांकि पुलिस अधिकारी इस मामले पर कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं।

### कुंभ मेले की बैठक में शामिल होने के लिए संत रवाना

**अयोध्या, अमृत विचार :** अखिल भारतीय श्री पंच रामानंदी अखाड़ा हनुमानगढ़ी अयोध्या के साधु-संतों का जत्था मंगलवार को आगामी कुंभ मेले की बैठक के लिए प्रयागराज रवाना हुआ, जिसमें निवाड़ी अनी अखाड़ा के श्रीमहंत मुरली दास, महासचिव सत्य देवदास और नंद रामदास के साथ पूर्व अखाड़ा परिषद अध्यक्ष के उत्तराधिकारी महंत संजय दास, पुजारी हेमंत दास हनुमान गढ़ी के गद्दीनशीन प्रेमदास के उत्तराधिकारी डॉ. महेश दास, अभिषेक दास, राजेश दास, पहलवान रामकृष्ण दास, पहलवान केशव दास समेत हनुमानगढ़ी के लगभग एक दर्जन से अधिक साधु संत शामिल रहे। महंत संजय दास ने बताया कि 13 अखाड़े की पहली बैठक में शामिल होने के लिए सभी अखाड़ों के साधु संत प्रयागराज पहुंच रहे हैं।

### युवतियों से गैंगरेप के 3 आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**गोरखपुर, एजेंसी।** दो युवतियों से सामूहिक दुष्कर्म करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि 16 और 17 जुलाई की दरमियानी रात ऑर्केस्ट्रा में काम करने वाली 20 वर्ष की दो लड़कियां कुशीनगर में एक कार्यक्रम के बाद गोरखपुर स्थित अपने घर लौट रही थीं। पुलिस के मुताबिक, इस दौरान नीरज, कल्लू और अजय समेत पांच लोगों ने उनका पीछा किया और एकला तटबंध के पास उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

## डिजिटल अटेंडेंस पर फैसला टालना भाजपा की चाल : अखिलेश यादव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश सरकार की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर उठाए सवाल



**अमृत विचार:** सपा के अखिलेश यादव ने कहा कि शिक्षकों के डिजिटल अटेंडेंस व्यवस्था को स्थगित करने और शहर के कुछ आवासीय स्थलों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई टाल देने में भाजपा की चाल है। उपचुनावों के मद्देनजर ही वह पीछे हटी है। यह निर्णय टालकर सभी को धोखा दिया गया है।

सपा प्रमुख बुधवार को पार्टी कार्यालय में शिक्षकों के डिजिटल अटेंडेंस निर्णय स्थगन के सवाल पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के अंदर मंत्रियों में सीट को लेकर लड़ाई चल रही है, शासन-प्रशासन ठंडे बस्ते में चला गया है। आपसी खींचतान की वजह से जनता के लिए सोचने वाला भाजपा में कोई नहीं है। इन लोगों को चिंता है कि कहीं उपचुनाव में सभी 10 सीटों पर ही चुनाव न हार जाएं। तोड़फोड़ की राजनीति का जो काम भाजपा दूसरे दलों में करती थी, अब वही काम वह अपने दल के अंदर कर रही है।

## पूर्व जिपं अध्यक्ष समेत कई प्रधानों ने ली सपा की सदस्यता

**लखनऊ, अमृत विचार :** सपा के अखिलेश यादव की मौजूदगी में बुधवार को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष और वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य विजय बहादुर यादव ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही इस मौके पर विकास खण्ड बीकेटी के कई दर्जन प्रधानों ने भी सपा की सदस्यता ली। सपा मुख्यालय में सदस्यता ग्रहण करने वालों का पार्टी में स्वागत करते हुए सपा प्रमुख अखिलेश ने कहा कि सपा में लोगों के शामिल होने से संविधान बचाने के लिए पीडीए की लड़ाई में मदद मिली है और मोहनलालगंज सीट पर ऐतिहासिक विजय मिली है।

## पुष्पवर्षा से कांवड़ियों का अभिनंदन करेगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने कहा, अगले 72 घंटे में पूरा कराएं कांवड़ यात्रा मार्गों की मरम्मत का शेष कार्य



**अमृत विचार:** राज्य सरकार पुष्पवर्षा से कांवड़ यात्रियों का अभिनंदन करेगी। श्रद्धालुओं के लिए रास्ते में पेयजल व शिकंजी की भी व्यवस्था होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सिलसिले में अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अगले 72 घंटे में कांवड़ यात्रा मार्गों की मरम्मत का शेष कार्य पूरा कराया जाए। मुख्यमंत्री बुधवार को 22 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा मार्ग की ड्रोन से निगरानी कराई जाय और प्रमुख अवसरों पर पुष्पवर्षा भी कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे कांवड़ यात्रा रूट की साफ-सफाई कराई जाए। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट हो, साथ ही पूरे कांवड़ यात्रा मार्ग पर अच्छी प्रकाश व्यवस्था होनी चाहिए। इसके लिए अतिरिक्त स्ट्रीट लाइटें लगवाई जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए यह उचित होगा कि यात्रा मार्ग पर आम लोगों की सहायता के लिए शिविर लगाए जाएं। शिविर लगाने में सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाना चाहिए। बैठक में जलशक्ति, नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री और पीडब्ल्यूडी विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### तय मानकों के साथ बजाया जाए डीजे

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांवड़ यात्रियों की ओर से तय मानकों के साथ डीजे बजाया जाना चाहिए, लेकिन डीजे की ऊंचाई एक तय सीमा से अधिक न हो। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद, मेरठ, बरेली, अयोध्या, बस्ती, प्रयागराज, काशी, बाराबंकी आदि के नगरीय क्षेत्रों में आस्था के केंद्र शिवालयों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, ऐसे में स्थानीय प्रशासन की ओर से मंदिर प्रबंधन से संपर्क-संवाद कर शिवालयों में भीड़ प्रबंधन कर लिया जाए।

## ढाई हजार निवेशकों से 150 करोड़ की ठगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सुरक्षित निवेश का वादा कर खोलते थे डीमैट अकाउंट, 4 गिरफ्तार

**अमृत विचार:** शेयर बाजार में सुरक्षित निवेश और अच्छे रिटर्न का झांसा देकर प्रदेश के 2500 निवेशकों के साथ 150 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले एक गिरोह के 4 सदस्यों को एसटीएफ और कमिश्नरेट पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।

इसमें एक महिला भी शामिल है। यह गिरोह वर्ष 2018 से लोगों को ठग रहा था। गिरफ्तार शातिरों में नासिर अली, निवासी आजाद नगर, जाकिर अली, सलमा बानो और सौरभ बाबू निवासी गोपाल नगर, लखनऊ शामिल हैं। इनके पास से 5 सीपीयू, 4 लैपटॉप, 8 हार्ड डिस्क और एक पैन ड्राइव भी पुलिस ने जब्त की है।

एडीसीपी शशांक सिंह के मुताबिक, नासिर अली व अन्य लोगों को शेयर बाजार में सुरक्षित निवेश का विश्वास दिलाते हुए तीन दिन में निवेश की गई रकम की वापसी और हर महीने निवेश की गई रकम का दस फीसदी रकम निवेशक के खाते में जमा करने का झांसा देते थे। शक न हो, इसके लिए गूगल प्ले स्टोर पर एक एप 'फैन कैपिटल सर्विसेस' बना रखा था, जिसका एडमिन नासिर अली था। इस एप के माध्यम से निवेशकों की डिटेल लेकर उनका डीमैट एकाउंट खोला जाता था।

## अयोध्या पहुंची बौखनाग की पालकी यात्रा



**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तराखंड के हिमालय से 1200 किलोमीटर की यात्रा कर प्राचीन देवाधिदेव बाबा बौखनाग देव की पालकी यात्रा बुधवार को अयोध्या पहुंची। यात्रा में शामिल दो हजार से अधिक भक्तों ने रामलला का दर्शन किया।

इसके पहले यह यात्रा श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा स्थापित तीर्थ क्षेत्र पुरम पहुंची, जहां ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। यात्रा में उत्तराखंड से पहुंचे सभी श्रद्धालुओं के ठहरने के इंतजाम तीर्थ क्षेत्र पुरम में किए गए हैं। बाबा बौखनाग उत्तरकाशी जिले के यमुना घाटी के आराध्य ईष्टदेव ग्राम देवता हैं।

## अबूधाबी से दिल्ली जा रही उड़ान लखनऊ डायवर्ट

**लखनऊ, अमृत विचार:** दिल्ली एयरपोर्ट के ऊपर कई चक्कर लगाने के बाद अबूधाबी की उड़ान लखनऊ डायवर्ट हो गई। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार दिल्ली एयरपोर्ट पर एक ही समय कई विमान आ जाने के कारण यह स्थिति बनी। लखनऊ एयरपोर्ट पर एतिहाद एयरवेज की उड़ान संख्या ईवाई 2010 शाम को 4.08 बजे लखनऊ उतरी। दिल्ली एटीसी से मंजूरी मिलने के बाद फ्लाइट वापस यहां से रवाना हुई। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार अबूधाबी से आ रही इस फ्लाइट को दिल्ली में लैंड करने की अनुमति नहीं मिल पा रही थी।

# बादलों की आवाजाही के बीच बिजली गिरने का अलर्ट

## 20 से मानसून में आएगी तेजी, 30 से अधिक जनपदों में जोर पकड़ेगा मानसून

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार:** लखनऊ और आसपास इलाके के अधिकतर स्थानों पर जुलाई के पहले सप्ताह में अच्छी बारिश हुई। लखीमपुर, पीलीभीत जैसे जनपदों में बाढ़ जैसे हालत हुए, लेकिन बीते चार-पांच दिनों से मानसून कमजोर हो गया। जिसका असर तापमान पर पड़ा।

लखनऊ और निकट जनपदों में तेज धूप से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में तीन-चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। बुधवार को बादलों की आवाजाही के बीच धूप में तेजी रही। मौसम अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक, अगले दो दिनों में बारिश के आसार कम हैं। 20 जुलाई से मानसून में तेजी आएगी, जिससे तेज बारिश की संभावना है। लखनऊ सहित 30 से अधिक जनपदों में तेज बारिश की संभावना है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में बारिश शुरू होगी। लखनऊ में अधिकतम तापमान 34.4 रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

**गरज और चमक के साथ वज्रपात की संभावना:** दो दिनों बाद राजधानी सहित कई इलाकों में गरज-चमक के साथ वज्रपात की संभावना है। इसको लेकर मौसम विभाग की ओर से चेतावनी जारी की गई है। कानपुर, बरेली, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, पीलीभीत, रामपुर, शाहजहांपुर, कन्नौज, मैनपुरी, इटावा, आगरा, फिरोजाबाद, औरैया, पीलीभीत, शाहजहांपुर और ललितपुर जनपदों के लिए अलर्ट जारी किया गया है।

### बरेली में उमस ने किया बेहाल, तापमान में वृद्धि

बरेली शहर में सुबह से शाम तक बादलों की आवाजाही रही, लेकिन उमस ने लोगों को बेहाल किया। बढ़ती उमस के बीच दिन के तापमान में तेजी से वृद्धि हुई। अनुमान है कि ये स्थिति 20 जुलाई तक ऐसी ही बनी रहेगी। 21 जून से वर्षा की शुरुआत हो सकती है। यहां का अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस के करीब रहा। न्यूनतम तापमान 28.6 रहा।

## वर्ग पहेली-134

**बाएं से दाएं**

1. बहुत भारी वस्तु को ऊपर उठाने वाला यंत्र या उपकरण, उत्तंभ, उत्थापक, (क्रेन)।

4. ख़ुशामद, ठकुर-सुहाती।

5. 1. दल, समूह, जत्था 2. गिरोह, टोली 3. वर्ग, श्रेणी 4. अनुचर, सेवक 5. किसी समान उद्देश्य वाले लोगों का समूह 6. शिव के दूत या सेवकों का दल 7. समानता के आधार पर किसी व्यक्ति

6. 1. जिसपर कलंक लगा हो 2. अपयशी, कुख्यात 3. बदनाम 4. कलंकी।

8. 1. किसी भारी वस्तु के गिरने से होने वाली ध्वनि 2. धरती पर दबाव डालकर चलने से पैदा होने वाला शब्द 3. धमाका धड़ाम, धप।

10. एक पेड़ जिसके बीजों से चिरौंजी निकलती है।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. रक्षा, देख-रेख, रख वाली 2. पालन-पोषण।

3. कैंची या सरौते आदि से किसी चीज़ को काटना, काट-छांट करना।

5. 1. झटके से कुछ खा जाना, चटपट निगलना 2. झूठ बोलना।

7. 1. भाड़ा, वह धन जो किसी की कोई वस्तु काम में लाने के बदले उस वस्तु के मालिक को दिया जाए, (रेंट) 2. रेल

9. मद्य, मदिरा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 |
| ■ | ■ | 4 | | | |
| 5 | | ■ | | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| 6 | | 7 | | ■ | ■ |
| | ■ | | ■ | 8 | 9 |
| ■ | 10 | | | ■ | |

### वर्ग पहेली-133 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ख | ग | हा | ■ | 2 दे | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 3 स | हि | क |
| ■ | 4 अं | गा | र | क | ■ |
| ■ | त | ■ | प | ■ | 5 जो |
| ■ | रा | ■ | 6 ट | के | त |
| 7 झाँ | व | र | ■ | ■ | दा |
| ■ | धि | ■ | 8 व | ज़ी | र |

## सुडोकू-47

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | | 2 | | 5 |
| 9 | | 5 | | | 8 | | 4 | 7 |
| | 2 | | 3 | 6 | | 8 | | |
| 8 | | 6 | | | 4 | | | |
| | 1 | | | | | | 7 | |
| | | | 2 | | | 6 | | 3 |
| | | 7 | | 8 | 1 | | 5 | |
| 4 | 5 | | 6 | | | 1 | | 9 |
| 6 | | 1 | | | 3 | | | |

### सुडोकू-46 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 7 | 1 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 9 | 7 |
| 8 | 3 | 1 | 2 | 9 | 7 | 5 | 6 | 4 |
| 3 | 1 | 8 | 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 2 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 6 | 5 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 | 8 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 3 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 1 | 7 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 जुलाई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 20.44 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- ज्येष्ठा 19 जुलाई 03.25 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष:** आज आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके सहयोगी आपके कामों में पूरा साथ देंगे। आप अपने आस-पास रह रहे लोगों से सावधान रहें।

**वृष:** आज नौकरी में किसी अधीनस्थ से निकटता बढ़ेगी। व्यापार में किए गए परिवर्तन लाभकारी सिद्ध होंगे। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को निवेश करने से अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

**मिथुन:** आज घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आप किसी को बहुत ही सोच विचार कर धन उधार दें। किसी जोखिम पूर्ण कार्य को करने में कामयाब होंगे। राजनीति में आपके कुशल नेतृत्व से महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी।

**कर्क:** आज बहुराष्ट्रीय कंपनीयों में कार्यरत लोगों को अपने उच्चाधिकारियों से निकटता का लाभ मिलेगा। व्यापार में अपनी योजना को विरोधियों को पता न चलने दें अन्यथा योजना में विभिन्न बाधा आ सकती है। वाहन सुख में वृद्धि होगी।

**सिंह:** आज आप धन का कुछ हिस्सा दानपुर के कार्यों में भी लगाएंगे। चुस्ती एवं स्फूर्ति के साथ अपने कार्य को पूरे मनोयोग से ध्यान देना होगा। विदेश यात्रा पर जाना पड़ सकता है। संतान को नई नौकरी की प्राप्ति होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**कन्या:** आज कोर्ट कचहरी के मामले में आपके खिलाफ निर्णय आ सकता है। परिवार में कठोर वाणी का प्रयोग न करें। कार्यक्षेत्र में सरकारी विभाग द्वारा कुछ बाधा उत्पन्न हो सकती है। यदि आपको कोई धन संबंधी समस्या चल रही थी तो वह भी दूर होगी।

**तुला:** आज का दिन मिलाजुला रहेगा। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की आयोजना हो सकती है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन सहायता प्राप्त होगा। धन प्राप्ति में बाधाएं दूर होंगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा व्यय हो सकता है।

**वृश्चिक:** आज का दिन प्रतिकूल रहेगा। किसी व्यक्ति से व्यर्थ विवाद हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। चिंता तथा तनाव रह सकता है। आय में कमी हो सकती है। लोगों से अधिक अपेक्षा न करें।

**धनु:** आज जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे तथा समस्या बढ़ सकती है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। बाहर जाने की योजना बनेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग कार्य में आसानी देगा। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**मकर:** आज का दिन अधिक सुख एवं उन्नति कारक रहेगा। धार्मिक क्रियाकलापों में अभिरुचि बढ़ सकती है। अपने बॉस से निकटता का लाभ मिलेगा। मजदूर वर्ग को रोजगार प्राप्त होगा। कृषि संबंधी कार्य में आई बाधा सरकारी मदद से दूर होगी।

**कुंभ:** आज ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा। परीक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। राजनीतिक पद एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मशीनरी उद्योग से जुड़े लोगों को अच्छी सफलता मिलेगी। शासन-प्रशासन के कार्य में अधिक व्यवस्था रहेगी।

**मीन:** आज जल्दबाजी से काम में बाधा उत्पन्न होगी। दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। बनते कामों में देरी होगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- चोरी मेरा काम — सुबह : 10.16
- मेला — रात : 07.00

&pictures
- मक्खी — सुबह : 10.24
- ये साली आशिकी — रात : 08.00

Sony Pix
- वाइट हाउस डाउन — सुबह : 10.17
- 65 — रात : 09.00

Zee Cinema
- मिली — सुबह : 09.35
- स्टेट ऑफ सीज — शाम : 05.49

Colors Cineplex
- दिल विल प्यार व्यार — सुबह : 11.30
- दोस्ताना — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पुत्र – मां मैं भी तालाब में तैरना चाहता हूं।
मां – नहीं ! बेटा डूब जाओगे
पुत्र – लेकिन पिताजी तो घंटे-भर से तालाब में तैर रहे हैं।
मां – बेटा तुम्हारे पापा का बीमा हो चुका है।

चिंटू- आज मैंने एक स्पेशल डिश बनाई है, जिसे खाते ही गर्मी गायब हो जाएगी।
पिंटू- ऐसा क्या बना दिया तुमने यार?
चिंटू- नवरत्न तेल में पकौड़े।

## सुमित नागल व ड्रेजेविक की जोड़ी नॉर्डिया ओपन से बाहर

**बस्ताड (स्वीडन), एजेंसी**

ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल और पोलैंड के उनके जोड़ीदार करोल ड्रेजेविक को नॉर्डिया ओपन टूर्नामेंट के पुरुष युगल में सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा।

नागल और ड्रेजेविक की जोड़ी 59 मिनट तक चले मुकाबले में एलेक्जेंडर मुलर और लुका वान असचे की फ्रांसीसी जोड़ी से 3-6, 4-6 से हार गई। भारत के 26 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि एकल वर्ग में अपनी चुनौती बरकरार रखी है। नागल का अगला मुकाबला अर्जेंटीना के दुनिया के 36वें नंबर के खिलाड़ी मारियानो नवोन से होगा। इस बीच रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी का जर्मनी में हैम्बर्ग ओपन में जैकब श्नाटर और मार्क वॉलनर की जर्मन जोड़ी के खिलाफ पुरुष युगल के पहले दौर का मैच गुरुवार के लिए स्थगित कर दिया है। बोपन्ना और बालाजी पेरिस ओलंपिक के लिए भी जोड़ी बनाएंगे। हैम्बर्ग ओपन में भाग ले रही एक अन्य जीवन नेदुनचेझियान और विजय सुंदर प्रशांत ने दूसरे दौर का क्वालीफाइंग मैच जीतकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई।



<< एलेक्जेंडर मुलर और लुका वान असचे के खिलाफ शॉट खेलते सुमित नागल।

### विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप

## शौर्य बावा ने जीता कांस्य पदक



**ह्यूस्टन।** भारत के शौर्य बावा ने टेक्सास के ह्यूस्टन में आयोजित वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत लिया है। भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने बॉयज एकल सेमीफाइनल मुकाबले में मिस्त्र के मोहम्मद जकारिया से 0-3 से हारने के बाद उन्हें कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा। शौर्या बावा को 41 मिनट तक चले इस रोमांचक मुकाबले में 5-11, 5-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। बावा ने राउंड ऑफ 32 में संयुक्त राज्य अमेरिका के रस्टिन वाइजर को हराया। इसके बाद उन्होंने अर्जेंटीना के सेगुंडो पोर्टबिल्स को हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया था। बावा ने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में मलेशिया के लो वा सर्न को 2-11, 11-4, 10-12, 11-8, 12-10 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। गौरतलब है कि यह विश्व जूनियर चैंपियनशिप में किसी भारतीय पुरुष स्क्वैश खिलाड़ी द्वारा हासिल किया गया दूसरा पदक है।

## अंतिम के कोचों के नाम नहीं, उषा ने लगाई फटकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पंघाल के कोचों के नाम शामिल न करने पर डब्ल्यूएफआई की तदर्थ पैनल की कड़ी आलोचना





भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने बुधवार को निलंबित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का प्रबंधन करने वाले तदर्थ पैनल की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि समिति ने पेरिस ओलंपिक खेलों के आयोजकों को भेजी गई लंबी सूची में पहलवान अंतिम पंघाल के कोचों के नाम नहीं दिए। आईओए की प्रतिक्रिया खेलों के लिए अंतिम के पसंदीदा कोचों को वीजा मंजूरी मिलने में देरी के मद्देनजर आई है।

हिसार में प्रशिक्षण लेने वाली 19 साल की पंघाल पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय पहलवान थीं। उन्होंने 2023 में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक में जगह बनाई थी। अंतिम चाहती हैं कि उनके कोच भगत सिंह और विकास तथा फिजियोथेरेपिस्ट हीरा उनके साथ यात्रा करें। उषा ने कहा अंतिम ने बेलग्रेड में विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर सितंबर 2023 की शुरुआत में ही भारत को ओलंपिक कोटा दिला दिया था। कुश्ती का संचालन करने वाली तदर्थ समिति ने अपनी समझदारी से ओलंपिक खेल आयोजन समिति को भेजे गए नामों की लंबी सूची में अंतिम के कोच या फिजियोथेरेपिस्ट का नाम शामिल नहीं करने का फैसला किया। पहलवानों को तीन अगस्त को पेरिस पहुंचना है और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को दो अगस्त को बायोमेट्रिक्स के लिए समय मिला है।

आईओए ने दिसंबर 2023 में अपनी कार्यकारी समिति के सदस्य भूपेंद्र सिंह बाजवा को तदर्थ पैनल का प्रमुख नियुक्त किया था जबकि एमएम सोमाया तथा मंजूषा कंवर इसके अन्य सदस्य हैं। आईओए अध्यक्ष ने पर्याप्त ध्यान नहीं देने के लिए साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) पर भी परोक्ष रूप से कटाक्ष किया। उषा ने कहा यह अजीब बात है कि जिन जिम्मेदार अधिकारियों ने खिलाड़ियों, कोचिंग और सहयोगी स्टाफ की लंबी सूची को मंजूरी दी थी उन्होंने भगत सिंह या हीरा या विकास को शामिल करने की सिफारिश करना उचित नहीं समझा। कुछ दिन पहले अंतिम के पिता आईओए में आए, उसके बाद ही मैंने मंत्रालय से उन्हें मंजूरी दिलवाई।

इस बीच आईओए के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि पंघाल को वीएफएस के पास जाने के बजाय आईओए से हस्तक्षेप के लिए संपर्क करना चाहिए था। अधिकारी ने कहा अगर वह हमारे पास आती तो हम फ्रांसीसी दूतावास से अनुरोध करते और यह आसानी से हो जाता क्योंकि दूतावास बहुत सहायक है। हम हस्तक्षेप करते और समाधान की तलाश करते लेकिन मुझे लगता है उन्हें किसी ने गुमराह किया है। आईओए प्रमुख ने समर्थन के लिए फ्रांसीसी दूतावास की सराहना की।

# पेरिस ओलंपिक : पदकों के सफर को हैं तैयार हम

### 117 भारतीय खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के 140 सदस्यों की सूची जारी, निशानेबाजी दल के प्रमुख होंगे गगन नारंग, आभा बाहर

PARIS 2024

**ओलंपिक 8 दिन शेष**

- **72** अतिरिक्त कोच और अन्य सहायक कर्मचारियों को दी गई है मंजूरी
- **17** सदस्य शामिल हैं एथलेटिक्स के सहयोगी स्टाफ में
- **72** सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को सरकार के खर्चे पर मिली है मंजूरी
- **67** सहयोगी स्टाफ के सदस्य ही खेल गांव में रुक सकते हैं जिनमें आईओए के 11 अधिकारी भी हैं शामिल
- **29** खिलाड़ी सर्वाधिक एथलेटिक्स के हैं जिनमें 11 महिला और 18 पुरुष
- **11** महिला और 10 पुरुष खिलाड़ी निशानेबाजी दल में हैं शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पेरिस ओलंपिक में भारत के 117 खिलाड़ी भाग लेंगे। खेल मंत्रालय ने इसके अलावा सहयोगी स्टाफ के 140 सदस्यों को भी मंजूरी दी है जिसमें खेल अधिकारी भी शामिल हैं। सहयोगी स्टाफ के 72 सदस्यों को सरकार के खर्चे पर मंजूरी मिली है। ओलंपिक के लिए जिन खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया था उनमें से केवल गोला फेंक की एथलीट आभा खटुआ का नाम सूची में नहीं है।

विश्व रैंकिंग के जरिए कोटा हासिल करने वाली आभा खटुआ का नाम हटाने को लेकर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। कुछ दिन पहले विश्व एथलेटिक्स की ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सूची से उनका नाम हटा दिया गया था। अभी तक इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि चोट लगने, डोपिंग उल्लंघन या किसी अन्य तकनीकी समस्या के कारण उनका नाम हटाया है। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले अन्य खिलाड़ियों को उम्मीद के अनुरूप मंजूरी मिल गई। लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूर्व निशानेबाज गगन नारंग को दल प्रमुख बनाया गया है। नारंग भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) में उपाध्यक्ष भी हैं। खेल मंत्रालय की ओर से आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा को लिखे गए पत्र में कहा गया है ओलंपिक खेल 2024 की आयोजन समिति के मानदंडों के अनुसार सहयोगी स्टाफ के 67 सदस्य ही खेल गांव में रुक सकते हैं जिनमें आईओए के 11 अधिकारी भी शामिल हैं। अधिकारियों में पांच सदस्य चिकित्सा दल के हैं।

पत्र में कहा गया है कि खिलाड़ियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार की लागत पर 72 अतिरिक्त कोच और अन्य सहायक कर्मचारियों को मंजूरी दी गई है और उनके ठहरने की व्यवस्था होटल-खेल गांव के बाहर के स्थानों में की गई है। आभा खटुआ का नाम शामिल नहीं होने के बावजूद खिलाड़ियों की सूची में सर्वाधिक 29 (11 महिला और 18 पुरुष) खिलाड़ी एथलेटिक्स के हैं। उनके बाद निशानेबाजी (21) और हॉकी (19) का नंबर आता है। टेबल टेनिस में भारत के आठ जबकि बैडमिंटन में पीवी सिंधु सहित सात खिलाड़ी भाग लेंगे। कुश्ती (6), तीरंदाजी (6) और मुक्केबाजी (6) में छह-छह खिलाड़ी ओलंपिक में अपनी चुनौती पेश करेंगे। इसके बाद गोल्फ (4), टेनिस (3), तैराकी (2), सेलिंग (2) का नंबर आता है। घुड़सवारी, जूडो, रोइंग और भारोत्तोलन में एक-एक खिलाड़ी भाग लेंगे। निशानेबाजी दल में 11 महिला और 10 पुरुष खिलाड़ी शामिल हैं। टेबल टेनिस में पुरुष और महिला दोनों वर्ग में चार-चार खिलाड़ी शामिल हैं।

मीराबाई चानू दल में शामिल एकमात्र भारोत्तोलक हैं। तोक्यो ओलंपिक में नीरज चोपड़ा का भाला फेंक में जीता गया ऐतिहासिक स्वर्ण पदक भी शामिल है। चोपड़ा पेरिस में अपने खिताब का बचाव करने के लिए उतरेंगे। दल में शामिल में 21 अधिकारियों में 11 खेल गांव में रुकेंगे जबकि बाकी अधिकारी खेल गांव के बाहर होटल में ठहरेंगे। इनका खर्च सरकार वहन करेगी।

एथलेटिक्स में सहयोगी स्टाफ के 17 सदस्य शामिल हैं। उसके बाद कुश्ती (12), मुक्केबाजी (11), हॉकी (10), टेबल टेनिस (9), बैडमिंटन (9), गोल्फ (7), घुड़सवारी (5), तीरंदाजी (4), नौकायन (4), भारोत्तोलन (4) टेनिस (3), तैराकी (2) और जूडो (1) का नंबर आता है। मंत्रालय के पत्र में कहा गया है कि पेरिस में भारतीय दूतावास में एयर अताशे पद पर कार्यरत एयर कमोडोर प्रशांत आर्य ओलंपिक अताशे होंगे, जिनके पास मान्यता पत्र होगा तथा वह दूतावास की सहायता और हस्तक्षेप की आवश्यकता वाले किसी भी मुद्दे का समाधान करने के लिए खेल गांव और प्रतियोगिता स्थलों का दौरा करेंगे।



## दक्षिण एशिया के लिए दीपा प्रतिनिधि नियुक्त



- लैंगिक विविधता और खिलाड़ियों के नेतृत्व के लिए एशियाई पैरालंपिक समिति ने लिया फैसला

**नई दिल्ली।** भारत की पहली महिला पैरालंपिक पदक विजेता दीपा मलिक को एशियाई पैरालंपिक समिति (एपीसी) ने दक्षिण एशिया के लिए उप क्षेत्रीय प्रतिनिधि नियुक्त किया है। एपीसी की 34वीं कार्यकारी बोर्ड बैठक के दौरान इस नियुक्ति की पुष्टि की गई। यह नियुक्ति पैरा खेलों में लैंगिक विविधता और खिलाड़ियों के नेतृत्व के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। दीपा मलिक तुरंत पद की जिम्मेदारी संभालेंगी।

भारत की पूर्व पैरालंपिक समिति प्रमुख की नियुक्ति से कार्यकारी बोर्ड में महिला प्रतिनिधियों की संख्या पांच हो गई है जो एपीसी के इतिहास में बोर्ड में महिलाओं का सबसे अधिक प्रतिनिधित्व है। एपीसी के अध्यक्ष माजिद रशीद ने कहा हमारे कार्यकारी बोर्ड की बैठकों में महिलाओं की संख्या में इजाफा होना सकारात्मक कदम है, विशेषकर जब डॉक्टर दीपा मलिक के अनुभव, कौशल और जानकारी रखने वाली कोई महिला इसमें शामिल हो। दीपा की भूमिका में दक्षिण एशियाई देशों का प्रतिनिधित्व करना और इस क्षेत्र में पैरा खेलों के विकास और इन्हें प्रोमोट करने की वकालत करना होगा। दीपा ने कहा दक्षिण एशिया का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है और मेरे लिए शानदार मौका है। भारत लंबे समय से 'वसुधैव कुटुम्बकम' का नेतृत्वकर्ता रहा है और अब इस बड़े परिवार में योगदान देने के लिए आगे बढ़ने का सही समय है।

## मेयर ने सफाई दिखाने के लिए सीन नदी में लगाई डुबकी

**पेरिस।** पेरिस की मेयर ऐनी हिडाल्गो ने महीनों पहले किए गए अपने वादे को पूरा करते हुए नौ दिन बाद शुरू होने वाले 2024 ओलंपिक के दौरान तैराकी स्पर्धाओं की मेजबानी के मद्देनजर सीन नदी की स्वच्छता दिखाने के लिए बुधवार को इसमें डुबकी लगाई। वेटसूट पहनकर हिडाल्गो ने अपने कार्यालय सिटी हॉल और नोट्रे डेम कैथेड्रल के पास नदी में छलांग लगाई। पेरिस 2024 के प्रमुख टोनी एस्टांगुएट और पेरिस क्षेत्र के शीर्ष सरकारी अधिकारी मार्क गिलियूम भी उनके साथ शामिल थे। हिडाल्गो ने नदी से बाहर निकलते हुए कहा पानी बहुत अच्छा है। थोड़ा ठंडा है, लेकिन इतना खराब नहीं है। यह 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों से पहले नदी की स्वच्छता दिखाने का प्रयास है जिसमें सीन नदी पर नावों पर खिलाड़ियों की परेड भी शामिल है। जून के शुरू में जल गुणवत्ता जांच में ई कोलाई बैक्टीरिया का असुरक्षित स्तर मिला था जिसके बाद हाल ही में सुधार हुआ। नदी की स्वच्छता के लिए डेढ़ अरब डॉलर का खर्चा किया गया है। जिससे हर दिन नदी के पानी की जांच की जा रही है और हाल में जांच के परिणामों में सुधार दिखा है।

## ओलंपिक में स्वच्छंद होकर खेलें : कपिल



- भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर के अध्यक्ष ने खिलाड़ियों को दी सलाह
- ट्रिनिटी गोल्फ चैंपियन्स लीग का दूसरा सत्र दो से सात सितंबर तक होगा

**नई दिल्ली।** भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान और भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) के अध्यक्ष कपिल देव ने ओलंपिक जाने वाले भारतीय खिलाड़ियों को 26 जुलाई से शुरू हो रहे खेलों के महाकुंभ में स्वच्छंद होकर खेलने की सलाह दी और उम्मीद जताई कि देश पेरिस में दोहरे अंक में पदक जीतेगा। पेरिस में भारत का प्रतिनिधित्व 117 सदस्यीय दल करेगा और देश को तोक्यो में जीते सात पदकों की संख्या को बेहतर करने की उम्मीद है।

ट्रिनिटी गोल्फ चैंपियन्स लीग (टीजीसीएल) के दूसरे सत्र की घोषणा के मौके पर कपिल ने कहा मैं किसी खिलाड़ी के लिए कुछ नहीं कह सकता, लेकिन मैं उन्हें शुभकामनाएं दे सकता हूं और उम्मीद करता हूं कि हम इस साल और अधिक पदक जीतेंगे और यह महत्वपूर्ण है। सभी को मेरी सलाह होगी कि वे जाएं और खुद को जाहिर करें, स्वच्छंद होकर खेलें। हम क्यों उम्मीद नहीं करेंगे कि हम दोहरे अंक में पदक जीतेंगे। कपिल ने हालांकि भारतीय क्रिकेट और नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर पर टिप्पणी करने से परहेज किया। अगर गौतम गंभीर वह पद संभाल रहे हैं तो मैं उन्हें और टीम को शुभकामनाएं देता हूं। मुझे उम्मीद है कि वे पहले से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। मैं भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देना चाहता हूं।

## ओलंपिक से पहले ग्रीक एथलीट का डोपिंग टेस्ट पॉजिटिव

**एथेंस।** पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाली ग्रीस की टीम का एक एथलीट डोपिंग टेस्ट में पाजिटिव पाया गया है। ग्रीस के राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संगठन (ईओकेएएन) के सूत्रों के अनुसार, टीम के फ्रांस की राजधानी पेरिस के लिए रवाना होने से पहले किए गए परीक्षणों के बाद महिला ट्रैक और फील्ड एथलीट के सकारात्मक परीक्षण की पुष्टि की गई थी। एथलीट के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। नियमों के अनुसार आरोपी एथलीट दूसरे नमूना परीक्षण के लिए कह सकता है। कुल 101 ग्रीक एथलीटों ने 26 जुलाई से शुरू होने वाले आगामी खेलों के लिए टिकट कटाया है। ट्रैक और फील्ड टीम में 14 एथलीट शामिल हैं, जिनमें से 10 महिलाएं हैं।

## बॉलीवुड हलचल



### वॉर 2 में खुफिया एजेंट बनेंगी कियारा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी फिल्म वॉर 2 में खुफिया एजेंसी के एजेंट का किरदार निभाती नजर आ सकती हैं। वर्ष 2019 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म वॉर में ऋतिक रौशन और टाइगर श्रॉफ ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फैंस इस फिल्म के सेकेंड पार्ट का इंतजार कर रहे हैं। वॉर-2 में ऋतिक रोशन के साथ साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर नजर आएंगे। इस फिल्म में कियारा आडवाणी भी नजर आएंगी। ऋतिक रौशन और जूनियर एनटीआर ने वॉर 2 के फर्स्ट शेड्यूल की शूटिंग मुंबई में मार्च के महीने से शुरू की थी। दोनों ने मई के महीने में वॉर 2 के फर्स्ट शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली थी। वॉर 2 के सेकेंड शेड्यूल की शूटिंग हैदराबाद में रामोजी फिल्म सिटी में होगी, जहां एक्शन सीन्स की शूटिंग होगी। इस शूटिंग में ऋतिक और जूनियर एनटीआर के साथ कियारा भी होंगी। कहा जा रहा है कि कियारा आडवाणी वॉर 2 खुफिया एजेंसी से जुड़े किसी एजेंट की भूमिका निभा सकती हैं।यह फिल्म अगले साल रिलीज होगी।

### विक्रम भट्ट की फिल्म ब्लडी इश्क का ट्रेलर रिलीज




**मुंबई।** बॉलीवुड निर्देशक विक्रम भट्ट की आने वाली हॉरर फिल्म ब्लडी इश्क का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। डिज्नी हॉट स्टार और महेश भट्ट प्रस्तुत ब्लडी इश्क में अविका गौड़ और वर्धन पुरी मुख्य किरदार में नजर आएंगे। विक्रम भट्ट निर्देशित यह फिल्म 26 जुलाई को डिज्नी हॉट स्टार पर रिलीज होगी। ब्लडी इश्क का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ब्लडी इश्क के ट्रेलर की शुरुआत एक सुनसान आईलैंड और उस पर बने एक हवेली से होती है। इसके बाद अविका की आवाज सुनाई देती है, जहां वह वर्धन से पूछती हैं कि इस आईलैंड पर और कौन रहता है? वर्धन जवाब देते हैं, कोई नहीं। ट्रेलर के आखिर में इसकी पुष्टि भी हो जाती है। एक लड़की आत्मा अविका से कहती है कि यह भुतहा हवेली है। लेकिन अब सवाल ये है कि ये लड़की कौन है? उसकी आत्मा क्यों भटक रही है? और वह अविका के पीछे क्यों पड़ी है?

### बजरंगी भाईजान के प्रदर्शन के नौ साल पूरे, बीटीएस वीडियो रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की फिल्म बजरंगी भाईजान के प्रदर्शन के नौ साल पूरे होने पर इस फिल्म का एक बिहाइंड द सीन (बीटीएस) वीडियो रिलीज किया गया है। कबीर खान के निर्देशन में बनी फिल्म बजरंगी भाईजान 17 जुलाई 2015 को प्रदर्शित हुयी थी। बजरंगी भाईजान में सलमान खान, करीना कपूर और हर्षाली मल्होत्रा ने मुख्य भूमिका निभाई थी। बजरंगी भाईजान के नौ साल के सफर को याद करते हुए मेकर्स ने एक बीटीएस वीडियो रिलीज किया है। यह वीडियो दोस्ती और इस खास फिल्म को बनाने में लगी मेहनत को दर्शाता है। इस वीडियो में हल्के-फुल्के तरीके और मजाक मस्ती के बीच बनी फिल्म की झलकियां देखने को मिल रही हैं।

## श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया की टीम करेगी न्यूजीलैंड का दौरा

**क्राइस्टचर्च।** आगामी सत्र में श्रीलंका, पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया की टीम न्यूजीलैंड का दौरा करेगी। इसके अलावा इंग्लैंड के साथ तीन मैचों की टेस्ट मैचों की सीरीज की घोषणा पहले ही हो चुकी है। न्यूजीलैंड की पुरुष टीम घरेलू सीजन के दौरान छह वनडे और आठ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलेगी, जबकि महिला टीम छह वनडे और छह टी-20 में भाग लेगी। गर्मियों के दौरान न्यूजीलैंड सिर्फ इंग्लैंड के साथ ही टेस्ट सीरीज़ खेलेगा जबकि सितंबर और दिसंबर के बीच न्यूजीलैंड की टीम अफगानिस्तान (एक टेस्ट), श्रीलंका (दो टेस्ट) और भारत (तीन टेस्ट) के साथ टेस्ट सीरीज खेलेगी।

2025-26 सीजन में न्यूजीलैंड को घरेलू धरती पर केवल वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैच खेलना है। इंग्लैंड सीरीज के बाद न्यूजीलैंड की पुरुष टीम दिसंबर के अंत से जनवरी के मध्य तक श्रीलंका के साथ टी-20 और वनडे सीरीज खेलेगा। इसके बाद उनकी टीम पाकिस्तान में एक त्रिकोणीय सीरीज खेलने के लिए रवाना होगी, जो 19 फरवरी से शुरू होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए एक तैयारी की तरह होगी। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वे मार्च के अंत और अप्रैल की शुरुआत में सीजन के अंतिम चरणों के दौरान पाकिस्तान की मेजबानी पांच टी-20 और तीन वनडे मैचों के लिए करेंगे, जो मैच संभवतः आईपीएल के साथ ओवरलैप होगा। न्यूजीलैंड की महिला टीम क्रिसमस से कुछ समय पहले ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगी।

## आईसीसी ने छह देशों को आईसीसी डेवलपमेंट पुरस्कार के लिए चुना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

International Cricket Council

- 2023 के वैश्विक विजेताओं में शामिल हैं मेक्सिको, ओमान, नीदरलैंड, यूएई, नेपाल और स्कॉटलैंड

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को आईसीसी डेवलपमेंट पुरस्कार 2023 के वैश्विक विजेताओं की घोषणा जिसमें छह उभरते हुए देश मेक्सिको, ओमान, नीदरलैंड, यूएई, नेपाल और स्कॉटलैंड शामिल हैं। पिछले कैलेंडर वर्ष के दौरान शानदार प्रदर्शन के अलावा महत्वपूर्ण पहल के लिए 21 उभरते हुए देशों में से छह को पुरस्कारों के लिए चुना गया और इनका चयन एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा किया गया।

इस साल विजेताओं का चयन अप्रैल में घोषित क्षेत्रीय पुरस्कार विजेताओं की सूची से किया गया जिसे आईसीसी के पूर्ण सदस्य अधिकारियों, पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों और आईसीसी वैश्विक भागीदारों के एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा चुना गया जिसमें प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया की वरिष्ठ खेल पत्रकार मोना पार्थसारथी भी शामिल हैं। आईसीसी डेवलपमेंट (विकास) पुरस्कार 2002 में शुरू किये गये थे जो एसोसिएट सदस्य देशों में खेल को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए किये गये काम के लिए दिए जाते हैं। मेक्सिको क्रिकेट संघ को अग्रणी परियोजानओं के लिए आईसीसी डेवलपमेंट इनिशिएटिव ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया जिसने भारत में स्ट्रीट चाइल्ड क्रिकेट विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए अपनी एक टीम भेजी थी। साथ ही उन्होंने मेक्सिको में कैदियों के पुनर्वास और उनके जीवन में बदलाव के लिए क्रिकेट सत्र आयोजित किए।

ओमान क्रिकेट को क्रिकेट4हर कार्यक्रम के लिए 100% क्रिकेट फीमेल क्रिकेट इनिशिएटिव ऑफ द ईयर पुरस्कार दिया गया जो महिलाओं और लड़कियों को अवसर प्रदान करता है। नीदरलैंड को भारत में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने और प्रतिस्पर्धा करने के शानदार प्रयास के लिए आईसीसी एसोसिएट मेंबर पुरुष परफोरमेंस ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# विश्वास मत पर फैसला रविवार को

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली 21 जुलाई को संसद में संविधान के अनुसार आवश्यक विश्वास मत हासिल करेंगे। ओली (72) ने सोमवार को चौथी बार इस हिमालयी देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।

मायरिपब्लिका समाचार पोर्टल ने सीपीएन-यूएमएल के मुख्य सचेतक महेश बरतौला के हवाले से बताया कि ओली ने रविवार को विश्वास मत हासिल करने का फैसला किया है। नेपाल के संविधान के अनुसार, ओली को नियुक्ति के 30 दिन के भीतर संसद से विश्वास मत हासिल करना होगा। संभावना है कि ओली ऐसा आसानी से कर लेंगे, क्योंकि 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में सरकार बनाने के लिए न्यूनतम संख्या 138 है। नेपाल की सबसे बड़ी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता को रविवार को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने प्रधानमंत्री नियुक्त किया। ओली संसद में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस (एनसी) तथा अन्य छोटे दलों के साथ गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे।



● नियुक्ति के 30 दिन के भीतर संसद से ओली को विश्वास मत हासिल करना होगा

### सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

ओली के शपथ ग्रहण समारोह के कुछ ही घंटों के भीतर तीन अधिवक्ता – दीपक अधिकारी, खगेंद्र प्रसाद चापागेन और शैलेंद्र कुमार गुप्ता ने नेपाल के उच्चतम न्यायालय में एक रिट याचिका दायर करते हुए उनकी नियुक्ति को चुनौती दी। दलील दी कि यदि अनुच्छेद 76 (2) के अनुसार बनी सरकार प्रतिनिधि सभा में शक्ति परीक्षण में विफल रहती है तो राष्ट्रपति को अनुच्छेद 76 (3) के तहत नई सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में प्रारंभिक सुनवाई के लिए 21 जुलाई की तारीख तय की है।

## थाइलैंड के होटल में मृत मिले लोगों के रक्त में साइनाइड के अंश

**बैंकॉक।** बैंकॉक के एक होटल में संदिग्ध हालात में मृत मिले छह लोगों के शवों का पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सकों ने रक्त में साइनाइड के अंश मिलने की बुधवार को पुष्टि की। साइनाइड के सेवन के बाद बच पाना लगभग नामुमकिन है। चुलालोंगकोर्न विश्वविद्यालय के मेडिकल स्कूल में फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. कोर्नकियाट वोंगपाइसरनसिन ने कहा कि सिटी स्कैन में शवों पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं जिससे यह अनुमान पुष्ट होता है कि उन्हें जहर दिया गया। बैंकॉक के व्यस्त इलाके में स्थित ग्रैंड हयात इरावन होटल में मंगलवार को छह शव पाए गए थे।

# मॉरीशस के साथ भारत की अटूट प्रतिबद्धता

पोर्ट लुई, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को मॉरीशस के विपक्षी नेता अरविन बूलेल सहित वहां के शीर्ष राजनीतिक नेताओं से मुलाकात की और उनसे द्वीपीय राष्ट्र के साथ भारत की विशेष और स्थायी साझेदारी को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की।

जयशंकर मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे। विदेश मंत्री के रूप में अपने वर्तमान कार्यकाल में यह उनका पहला दौरा था। विदेश मंत्री ने मंगलवार को कहा था यह हमारे द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती और गहराई को रेखांकित करता है। यह मॉरीशस के साथ भारत की विशेष और स्थायी साझेदारी के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करने का भी अवसर है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बूलेल के साथ मॉरीशस-भारत संबंधों और हिंद महासागर क्षेत्र की समृद्धि और कल्याण के लिए महत्व पर चर्चा की।

● विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यात्रा के दौरान शीर्ष राजनीतिक नेताओं से मुलाकात की

● हिंद महासागर क्षेत्र की समृद्धि और कल्याण के लिए महत्व पर दोनों देशों के नेताओं ने चर्चा की



भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मॉरीशस के विपक्ष के नेता अरविन बूलेल से मुलाकात की। ● एजेंसी

### पूर्व प्रधानमंत्रियों से मिले

जयशंकर ने पूर्व प्रधानमंत्रियों पॉल बेरेन्जर और नवीन रामगुलाम से भी मुलाकात की। पूर्व प्रधानमंत्री पॉल बेरेन्जर से मिलकर अच्छा लगा। समकालीन वैश्विक मुद्दों पर जीवंत बातचीत हुई। भारत-मॉरीशस संबंधों के लिए उनके समर्थन की सराहना करता हूं। बेरेन्जर 2003 से 2005 तक मॉरीशस के प्रधानमंत्री रहे। जयशंकर ने एक्स पर लिखा बुधवार सुबह पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. रामगुलाम से मिलकर खुशी हुई। हमारी दीर्घकालिक द्विपक्षीय साझेदारी और आगे विकास की व्यापक इच्छा पर चर्चा की।

## एक नजर

### डेमोक्रेटिक पार्टी अगस्त में राष्ट्रपति को करेगी नामित

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति जो बाइडेन को डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनाने के लिए अगस्त के पहले सप्ताह में डेमोक्रेट्स ऑनलाइन मतदान कराने की कोशिश करेंगे। पार्टी में कुछ लोग बहस में खराब प्रदर्शन के बाद बाइडेन पर मैदान से हटने के लिए दबाव डाल रहे हैं। हालांकि दौड़ से हटने के इन लोगों के आह्वान को ठुकरा दिया है। डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन की नियम समिति शुक्रवार को अपनी योजनाओं पर चर्चा करने के लिए बैठक करेगी और अगले सप्ताह इन्हें अंतिम रूप देगी।

### अमेरिकी सीनेटर मेनेंडेज भ्रष्टाचार मामले में दोषी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की संघीय अदालत ने डेमोक्रेटिक सीनेटर बॉब मेनेंडेज को मंगलवार को भ्रष्टाचार के मामलों में दोषी करार दिया है। मेनेंडेज पर नकदी, सोने की छड़ें और एक मर्सिडीज-बेंज सहित हजारों डॉलर की रिश्वत लेने का आरोप था। न्यूयॉर्क में संघीय अभियोजकों ने आरोप लगाया कि विदेश संबंध समिति के प्रमुख रह सीनेटर ने विदेशी सरकारों की मदद करने के बदले में रिश्वत स्वीकार की।

### इराक में अमेरिकी सेना के हवाईअड्डे पर ड्रोन से हमला

**बगदाद।** इराक के पश्चिमी अनबर प्रांत में अमेरिकी सेना के ऐन अल-असद हवाईअड्डे पर मंगलवार को दो ड्रोन ने हमला किया। इराकी सेना के अधिकारी ने बताया कि ड्रोन ने हवाईअड्डे की परिधि पर हमला किया। हमले में कोई हताहत नहीं हुआ। इराकी बलों ने अपना अलर्ट स्तर बढ़ा दिया है। किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### चीन ने हथियार नियंत्रण वार्ता स्थगित की

**बीजिंग।** चीन ने बुधवार को कहा कि उसने अमेरिका के साथ हथियार नियंत्रण एवं अप्रसार वार्ता स्थगित कर दी है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि स्वशासित ताइवान को अमेरिका हथियारों की बिक्री जारी रखे हुए है। चीन, ताइवान के एक बागी प्रांत होने का दावा करता है। लिन ने कहा चीन हथियार के मुद्दे पर अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखने का इच्छुक है। लेकिन इस शर्त पर कि उसके मूल हितों का सम्मान हो।

# ट्रंप के खिलाफ सच बोलना जारी रखूंगा

## राष्ट्रपति बाइडेन ने राजनीतिक बयानबाजी में कड़वाहट कम करने का किया आह्वान

लास वेगास, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक बार फिर राजनीतिक बयानबाजी में कड़वाहट कम करने का आह्वान किया। हालांकि, उन्होंने राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव में अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि ऐसा करने का यह मतलब नहीं है कि हम सच बोलना बंद कर दें।

लास वेगास में एनएएसीपी सम्मेलन को संबोधित करते हुए बाइडेन ने कहा कि देश में राजनीतिक हिंसा से निपटने का मतलब हर तरह के खूनखराबे पर लगाम लगाना, पुलिस की क्रूरता का बेहतर मुकाबला करना और ट्रंप पर बीते सप्ताहांत हुए हमले में इस्तेमाल एआर-स्टाइल राइफल जैसे हथियारों पर प्रतिबंध लगाना होना चाहिए। देश में एक महत्वपूर्ण चर्चा का समय आ गया है। हमारा राजनीतिक परिदृश्य बहुत गरमा गया है। और चार साल के नारों के बीच उन्होंने कहा सिर्फ इसलिए कि हमें अपनी राजनीतिक बयानबाजी में कड़वाहट कम करनी चाहिए, क्योंकि यह हिंसा से संबंधित है, इसका मतलब यह नहीं है कि हमें सच बोलना बंद कर देना चाहिए। सम्मेलन में राष्ट्रपति अश्वेत मतदाताओं के लिए अपने प्रशासन के समर्थन को प्रदर्शित करते नजर आए, जो डेमोक्रेटिक पार्टी का बड़ा वोट बैंक होने के साथ ही उनके दृढ़ समर्थक भी माने जाते हैं। उन्होंने राष्ट्रपति के पद पर ट्रंप के कार्यकाल को अश्वेत अमेरिकियों के लिए नर्क करार दिया। बाइडेन ने कोरोना वायरस महामारी के कुप्रबंधन, लॉकडाउन के दौरान बढ़ी बेरोजगारी और अश्वेत इतिहास को मिटाने के कथित प्रयासों को लेकर भी ट्रंप प्रशासन पर निशाना साधा।



### ट्रंप को हेली का समर्थन

**मिलवाउकी।** रिपब्लिकन पार्टी की भारतीय मूल की नेता निक्की हेली ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन किया है। हेली (52) ने रिपब्लिकन पार्टी की ओर से 2024 के राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए ट्रंप (78) के खिलाफ प्रचार किया था।

### बीमारी पर पद की दौड़ से हो सकते हैं बाहर

**वाशिंगटन।** अमेरिका में डेमोक्रेट्स के बीच पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में पद छोड़ने की बढ़ती मांग के परिप्रेक्ष्य में जो बाइडेन ने हाल ही में एकमात्र ऐसी बात का खुलासा किया है जो उन्हें 2024 के राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर कर देगी। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार डेमोक्रेट्स ने 81 वर्षीय बाइडेन से जून में 78 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ बहस में उनकी आलोचना को लेकर किए गए प्रदर्शन के मद्देनजर राष्ट्रपति पद की दौड़ छोड़ने का आग्रह किया है। बाइडेन ने पद छोड़ने से इनकार कर दिया है और उन अफवाहों को खारिज कर दिया है कि वह अगले राष्ट्रपति के पद के लिए अयोग्य हो सकते हैं।

### बाइडेन 14 प्रमुख राज्यों में खो रहे समर्थन

**वाशिंगटन।** निवर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन 14 प्रमुख राज्यों में समर्थन खो रहे हैं। इन राज्यों के लोग नवंबर के चुनावों से पहले धीरे-धीरे अपने पूर्ववर्ती और प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप की ओर रुख कर रहे हैं। सीएनएन ने बुधवार को पोल डेटा का हवाला देते हुए यह रिपोर्ट दी। ब्लूलैब्स पोलस्टर द्वारा आयोजित, अमेरिकी डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा वित्त पोषित और सीएनएन द्वारा प्राप्त सर्वेक्षण में पाया गया कि ट्रंप एरिजोना, जॉर्जिया, मिशिगन, पेंसिल्वेनिया और विस्कॉन्सिन में बाइडेन से आगे निकल रहे हैं, जिसे मौजूदा राष्ट्रपति 2020 के चुनाव में अपने पक्ष में करने में कामयाब रहे थे।

## ट्रंप की हत्या की साजिश में संलिप्तता से किया इनकार

**तेहरान।** ईरान ने डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की साजिश संबंधी आरोपों को खारिज किया लेकिन साथ ही एक प्रतिष्ठित जनरल की 2020 में की गई हत्या के लिए पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का संकल्प जताया। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नसीर कनानी के हवाले से कहा कि इस्लामिक गणराज्य शहीद जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या के अपराध में ट्रंप की सीधी भूमिका के लिए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

सुलेमानी, ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कोर कुद्स फोर्स के कमांडर थे और जनवरी 2020 में बगदाद में अमेरिका के ड्रोन हमले में मारे गए थे। अमेरिका के दो अधिकारियों ने मंगलवार को कहा था कि शनिवार को पेनसिल्वेनिया में हुई रैली से कुछ दिनों पहले ईरान से ट्रंप की जान को खतरे के कारण उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा मुहैया कराई गई थी लेकिन इसका रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की हत्या की कोशिश से कोई संबंध नहीं है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अमीर सैयद इरावनी ने मंगलवार को आरोपों को निराधार बताया था।

# संयुक्त राष्ट्र की बैठक में भिड़े रूस-अमेरिका

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिका पर पश्चिमी देशों को हथियार का डर दिखाकर अपने पाले में रखने और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में बाधा डालने का मंगलवार को आरोप लगाया।

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत ने इसे रूस का पाखंड करार देते हुए कहा कि अपने पड़ोसी यूक्रेन पर हमला करने वाला देश वैश्विक सहयोग की बात कर रहा है। यह आरोप-प्रत्यारोप इस महीने रूस द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की अध्यक्षता के दौरान आयोजित एक कार्यक्रम में हुआ। इसका विषय था अधिक न्यायपूर्ण, लोकतांत्रिक और टिकाऊ विश्व व्यवस्था के लिए बहुपक्षीय सहयोग।

रूस के विदेश मंत्री लावरोव बैठक की अध्यक्षता करने के लिए मास्को से संयुक्त राष्ट्र आए। बैठक से ठीक पहले, संयुक्त राष्ट्र में यूक्रेन के राजदूत सर्जी किस्लित्स्या ने अमेरिका समेत करीब 50 देशों की ओर से एक बयान पढ़ा। संयुक्त बयान में कहा गया कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता के रूस द्वारा घोर उल्लंघन और उसके द्वारा बहुपक्षीय व्यवस्था के संरक्षक के रूप में खुद को प्रस्तुत करने के कुटिल प्रयास से विचलित नहीं होना चाहिए।

देशों ने यूक्रेन के विरुद्ध रूस की कार्रवाई, संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हुए रूस को उत्तर कोरिया द्वारा सैन्य सहायता देने तथा संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों के प्रभावी रहने के दौरान ईरान की ओर से नियमों के उल्लंघनों की निंदा की। बयान में कहा गया रूस की निरंतर अवैध कार्रवाइयां और घोर पाखंड बहुपक्षीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को कमजोर करते हैं और क्षेत्रीय तनाव को बढ़ाते हैं, तथा अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को खतरे में डालते हैं।




● रूस की वैश्विक सहयोग पर संयुक्त राष्ट्र की बैठक को अमेरिका ने बताया पाखंड

● रूस ने पश्चिमी देशों को बताया अमेरिकी बंधक

# एलन मस्क स्पेसएक्स और एक्स के मुख्यालय को करेंगे स्थानांतरित

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

उद्योगपति एलन मस्क ने कहा कि वह स्पेसएक्स तथा सोशल मीडिया मंच एक्स का मुख्यालय कैलिफोर्निया से टेक्सास स्थानांतरित कर रहे हैं। एक्स पर मस्क ने लिखा कि वह स्पेसएक्स को कैलिफोर्निया के हॉथोर्न से टेक्सास के स्टारबेस ले जाने की योजना बना रहे हैं। सैन फ्रांसिस्को से ऑस्टिन स्थानांतरित किया जाएगा।

कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने सोमवार को एक नए कानून पर हस्ताक्षर किए जिसके बाद मस्क ने यह फैसला किया है। यह नया कानून जिला स्कूलों के कर्मचारियों को बच्चों की लैंगिक पहचान बदलने के बारे में उनके माता-पिता को जानकारी देने की आवश्यकता पर रोक लगाता है। मस्क ने लिखा मैंने करीब एक वर्ष पहले गवर्नर न्यूसम को स्पष्ट कर दिया था कि इस प्रकार के कानून कंपनियों तथा परिवारों को अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए कैलिफोर्निया छोड़ने के लिए मजबूर करेंगे। वाहन विनिर्माता कंपनी टेस्ला का कॉर्पोरेट मुख्यालय भी 2021 में कैलिफोर्निया के पालो ऑल्टो से ऑस्टिन स्थानांतरित कर दिया गया था। उद्योगपति ने कहा कि उन्होंने अपना आवास भी कैलिफोर्निया से टेक्सास स्थानांतरित कर लिया है, जहां कोई राज्य व्यक्तिगत आयकर नहीं है।



● कैलिफोर्निया के हॉथोर्न से टेक्सास के स्टारबेस ले जाने की योजना बना रहे

### व्हाट्सएप हेतु स्पीड डायल जैसी सुविधा की घोषणा

**वाशिंगटन।** मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने हाल ही में व्हाट्सएप के लिए एक नई सुविधा का अनावरण किया जो स्पीड डायल की तरह काम करता है और उपयोगकर्ताओं को अपने संचार को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। डब्ल्यूएबेटाइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, नया फीचर एक पसंदीदा फिल्टर है जो उपयोगकर्ताओं को इंस्टेंट मैसेजिंग एप के भीतर महत्वपूर्ण चैट, ग्रुप और कॉल को प्राथमिकता देने में सक्षम बनाये रखेगा। जुकरबर्ग (40) ने अपने आधिकारिक व्हाट्सएप चैनल के माध्यम से यह घोषणा की।

## कोविड टीकों से जुड़े समझौतों की नहीं दी पर्याप्त जानकारी

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ की सामान्य अदालत ने बुधवार को कहा कि यूरोपीय आयोग ने जनता को दवा कंपनियों से कोविड-19 रोधी टीकों की खरीदारी के संबंध में हुए समझौतों के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं दी। यह फैसला यूरोपीय संसद में होने वाले एक महत्वपूर्ण मतदान से एक दिन पहले आया है, जिसमें यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन एक बार फिर इस पद पर निर्वाचित होने की उम्मीद कर रही हैं। ईयू के सांसदों के एक समूह ने कोरोना काल में दवा कंपनियों और यूरोपीय आयोग के बीच कोविड-19 रोधी टीकों की खरीद को लेकर हुए समझौतों के बारे में पर्याप्त जानकारी देने से आयोग के इनकार के बाद अदालत का रुख किया था। महामारी ने ईयू और बड़ी दवा कंपनियों के बीच टीकों की खरीदारी को लेकर होने वाली बातचीत में पारदर्शिता के मुद्दे पर प्रकाश डाला है।

# महाराजा के अभिभाषण से संसद शुरू

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के ऐतिहासिक आम चुनाव के कुछ दिन बाद, बुधवार को महाराजा चार्ल्स तृतीय ने संसद को संबोधित किया और आगामी वर्ष के लिए लेबर पार्टी की नयी सरकार की विधायी योजनाओं की रूपरेखा पेश की। नई सरकार के संसदीय एजेंडे को निर्धारिते करने वाले अभिभाषण में करीब 40 विधेयकों और अन्य नीतिगत प्राथमिकताओं का जिक्र था जिन्हें प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर लागू करना चाहते हैं।

अभिभाषण के मुख्य आकर्षण आर्थिक विकास, गृह निर्माण और रेलवे के राष्ट्रीयकरण जैसे मुद्दे रहे। इसके साथ ही इसमें देश में धन का सृजन और कामकाजी लोगों के जीवन स्तर में सुधार पर जोर दिया गया है। सरकार द्वारा तैयार भाषण को पढ़ते हुए 75 वर्षीय महाराजा ने कहा मेरी सरकार का विधायी कार्यक्रम मिशन-आधारित होगा और सुरक्षा, निष्पक्षता और सभी के लिए अवसर के सिद्धांतों पर आधारित होगा। महाराजा चार्ल्स तृतीय ने कहा आर्थिक विकास सुरक्षित करना बुनियादी मिशन होगा।



लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स में संसद के राजकीय उद्घाटन पर अभिभाषण से पहले राजा चार्ल्स ।।। और रानी कैमिला अपने सिंहासन पर बैठते हुए।

### कई दिनों तक होगी चर्चा

नए संसदीय सत्र की औपचारिक शुरुआत हुई। दोनों सदनों- कॉमन्स और हाउस ऑफ लॉर्ड्स – में अभिभाषण पर कई दिनों तक चर्चा होगी और उसके बाद मतदान कराया जाएगा। सरकार का जोर देश के हर हिस्से को बेहतर बनाने में मदद करने पर है।

### प्रीति बन सकती हैं नेता

**लंदन।** ब्रिटेन की पूर्व गृह मंत्री प्रीति पटेल (52) संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में विपक्ष के नेता के रूप में कंजर्वेटिव पार्टी में दावा पेश कर सकती हैं। सुनक इस्तीफे के बाद संसद के राजकीय उद्घाटन समारोह में अंतरिम विपक्षी नेता के रूप में शामिल होंगे।

# किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों पर कार्रवाई की सिफारिश

पुणे, एजेंसी

## पोर्श कार हादसा

● नाबालिग को जमानत देने के मामले में प्रक्रियागत खामी को लेकर कार्रवाई की तैयारी

चर्चित पोर्श कार हादसे के आरोपी नाबालिग को जमानत देने के मामले में किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के दो सदस्यों के आचरण की जांच के लिए गठित समिति ने प्रक्रियागत खामी को लेकर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की है। एक अधिकारी ने बुधवार को जानकारी दी।

पुणे के कल्याणी नगर इलाके में 19 मई को कथित तौर पर शराब पीकर तेज रफ्तार से लग्जरी पोर्श कार चला रहे नाबालिग ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी जिससे दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी। जेजेबी सदस्य एलएन दानवडे द्वारा 300 शब्दों में सड़क सुरक्षा पर आलेख लिखने सहित मामूली शर्तों पर आरोपी को जमानत दिए जाने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर हंगामा शुरू हो गया था।

इसके बाद महाराष्ट्र के महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग ने आरोपी नाबालिग को जमानत देने वाले जेजेबी के दो सदस्यों के आचरण की जांच करने के लिए समिति का गठन किया। समिति ने अपनी रिपोर्ट में प्रक्रियागत खामियों, कदाचार और नियमों का अनुपालन नहीं किए जाने जैसे विषयों पर प्रकाश डाला। डब्ल्यूसीडी द्वारा गठित समिति ने जांच के तहत जेजेबी के दोनों सदस्यों के बयान को भी दर्ज किया ।

**खगोल विज्ञान** | दिलचस्प सुपर-अर्थ दुनिया में जीवन बसाने की है उम्मीद

# ब्रह्मांड में मिल गई एक और नई सागर से भरी दुनिया

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** एक ऐसी दुनिया का पता चला है, जो बर्फ से घिरे अकूत पानी के सागर से लबालब है। हूबहू पृथ्वी जैसे सागरों की मौजूदगी ने वैज्ञानिकों को चौंका दिया है। इस ग्रह पर जीवन की संभावना हो सकती है।

एक अदद जीवनयोग्य धरती की तलाश में खगोलविद संघर्षरत हैं और उनका संघर्ष किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की आस का ढांढस बंधाती है। पिछले करीब तीन दशक के अंतराल में पांच हजार से अधिक बाहरी ग्रहों पता लगाने में खगोलविद सफल रहे हैं। जिनमें से कई पर जीवन बसाने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है, लेकिन इस दिशा में लंबा समय लगना है। जिसमें दशकों ही नही बल्कि सदी भी लग सकती है। मगर जरूरी है कि अभी से प्रयास किए जाएं और यही हमारा वैज्ञानिक वर्ग कर भी रहा है। अब जो दुनिया मिली है, उसका नाम एलएचएस 1140 बी दिया है। यह ग्रह हमसे लगभग 48 प्रकाश वर्ष दूर है और पृथ्वी की तरह अपने तारे की परिक्रमा कर रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह ग्रह एक सुपर अर्थ महासागरीय दुनिया है। संभवतः बर्फ से घिरि हुई है या फिर बर्फ से ढकी भी हो सकती है। तरल जल इस धरती पर जीवन की संभावना को प्रबल बल देता है। अभी तक के अध्ययन से पता चलता है कि यह एक्सोप्लैनेट रहने योग्य क्षेत्र में है। यह सम्भवना भी जताई जा रही है कि यह बृहस्पति के चंद्रमा यूरोपा या शनि के चंद्रमा एन्सेलाडस के समान हो सकता है। बहरहाल आगे के अवलोकन करने के बाद इसकी वास्तविकता का सही पता चलेगा। माना जा रहा है कि यह हमारे सौर मंडल के बाहर पाया जाने वाला पहला संभावित रहने योग्य समुद्री संसार वाला ग्रह होगा।



पृथ्वी के साथ सुपर अर्थ ग्रह की प्रतीकात्मक तस्वीर।

### एलएचएस 1140 बी खोज

मॉन्ट्रियल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप और अन्य अंतरिक्ष आधारित दूरबीनों के सहयोग से एलएचएस 1140 बी खोज हुई है। इसका वातावरण पृथ्वी की तरह नाइट्रोजनयुक्त है। साथ ही हाइड्रोजन भी है। 10 जुलाई को द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में ये निष्कर्ष प्रकाशित किया गया है।

# गरीब देशों को वित्तीय मदद की सख्त जरूरत

बाकू (अजरबैजान), एजेंसी

अजरबैजान में नवंबर में होने वाली जलवायु वार्ता के लिए मनोनीत अध्यक्ष मुख्तार बाबायेव ने बुधवार को विश्व नेताओं से कहा कि गरीब और आपदाग्रस्त देशों के लिए एक नया वित्तीय सहायता पैकेज बहुत जरूरी है।

अजरबैजान के पारिस्थितिकी मंत्री मुख्ता बाबायेव ने कहा अगर समय बीत गया तो न जान बचेगी, न आजीविका और न ही हमारी धरती। संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष जलवायु अधिकारी सिमोन स्टील ने ग्रेनेडा में तूफान से ध्वस्त अपने गृहनगर कैरियाकौ में बढ़ते अनियंत्रित जलवायु नरसंहार के खिलाफ लड़ाई तेज करने की एक भावुक अपील की। विश्व नेताओं को लिखे पत्र में बाबायेव ने कहा कि अमीर से गरीब देशों के लिए जलवायु वित्तीय सहायता का नया अंतर्राष्ट्रीय लक्ष्य सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। उन्होंने लिखा कि किसी प्रकार के नए वित्तीय समझौते के लिए जमीनी काम करने के वास्ते जर्मनी में जून में हुई बैठकों में आवश्यक प्रगति नहीं हुई।




● संरा जलवायु वार्ता प्रमुख ने कहा समय बीत गया तो न जान बचेगी, न आजीविका और न ही धरती